माघ कृष्ण पक्ष, अष्टमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

कानपुर
शनिवार, 3 फरवरी 2024
वर्ष 2, अंक 163, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





पूछ के समान बीटा पिक्टोरिस तारे की हुई खोज 16

देश प्रेम और गर्व की भावना जगाता है गाना दुआ 2







## एक नजर

### मॉडल एवं अभिनेत्री पूनम पांडे का कैंसर से निधन



**मुंबई।** मॉडल एवं अभिनेत्री पूनम पांडे का सर्वाइकल कैंसर से शुक्रवार को निधन हो गया। वह 32 वर्ष की थी। पूनम की मैनेजर निकिता शर्मा ने इस खबर की पुष्टि की है। निकिता ने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने पोस्ट में लिखा कि यह सुबह हमारे लिए कठिन है। मुझे आपको यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि हमने सर्वाइकल कैंसर के कारण अपनी प्यारी पूनम को खो दिया है। वह अपने संपर्क में आने वालों से प्रेम से मिलती रही। हम उसे उनकी हर बात के लिए प्यार से याद करेंगे। वर्ष 2011 में किंगफिशर कैलेंडर में शामिल मॉडलों में पूनम भी शामिल थीं। अपनी विवादास्पद टिप्पणियों के लिए जानी जाने वाली पूनम को आखिरी बार कंगना रनौत के होस्ट वाली रियलिटी टीवी शो 'लॉक अप' में देखा गया था।

### असम में बहुविवाह पर प्रतिबंध को आएगा बिल

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि सरकार राज्य में बहुविवाह प्रथा को समाप्त करने के लिए विधानसभा के बजट सत्र में एक विधेयक लाएगी। शर्मा ने संवाददाताओं से कहा कि विधेयक के मसौदा की अभी कानून विभाग द्वारा जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने के लिए हम विधानसभा के बजट सत्र के दौरान एक कानून लाने की तैयारी कर रहे हैं। शर्मा ने कहा कि उनकी सरकार समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर कानून बनाने को लेकर आशान्वित है जिस पर पांच फरवरी से विधानसभा के चार दिवसीय एक विशेष सत्र के दौरान विचार किया जाएगा।

# ज्ञानवापी : हाईकोर्ट का व्यास जी के तहखाने में पूजा पर रोक से इनकार

## मुस्लिम पक्ष को फिलहाल राहत नहीं, 6 फरवरी को फिर होगी मामले में सुनवाई

## अदालत ने राज्य सरकार को दिया क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** ज्ञानवापी परिसर के दक्षिण की ओर तलगृह (व्यास जी का तहखाना) में पूजा की अनुमति देने के वाराणसी जिला न्यायालय के आदेश के खिलाफ अंजुमन इंतजामिया मसाजिद प्रबंधन समिति को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से शुक्रवार को फिलहाल कोई फौरी राहत नहीं मिली।

समिति ने गुरुवार को दायर अपने आवेदन में 31 जनवरी की स्थिति को बहाल करने का अनुरोध किया था। अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख छह फरवरी तय की है। इस दौरान आवेदन पर नए सिरे से सुनवाई होगी। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ ने समिति के वकील से कहा कि वे पहले निचली अदालत के 17 जनवरी के आदेश को चुनौती दें जिसमें वाराणसी के जिला मजिस्ट्रेट को रिसीवर नियुक्त किया गया था और उन्होंने 23 जनवरी को ज्ञानवापी परिसर का कब्जा ले लिया था। कोर्ट ने राज्य सरकार को इलाके में कानून व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार की ओर से पेश महाधिवक्ता अजय कुमार ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना सरकार की जिम्मेदारी है और वाराणसी के जिलाधिकारी स्थिति पर नजर रख रहे हैं। कोर्ट ने कमेटी के वकील सैयद अहमद फैजान से पूछा कि 17 जनवरी के मूल आदेश को चुनौती क्यों नहीं दी गई। वकील ने कहा कि उन्होंने 31 जनवरी को पारित आदेश के कारण अदालत का दरवाजा खटखटाया क्योंकि डीएम ने उसी रात तैयारी की और नौ घंटे के भीतर पूजा शुरू कर दी गई। उन्होने कहा कि वे मूल आदेश को भी चुनौती देंगे। अदालत ने कहा कि वादी पक्ष की ओर से इस आधार पर अपील की पोषणीयता पर प्रारंभिक आपत्ति उठाई गई है कि मूल आदेश को चुनौती नहीं दी गई है। गौरतलब है कि वाराणसी जिला कोर्ट ने वाराणसी डीएम को ज्ञानवापी परिसर के दक्षिण की ओर स्थित तलगृह के अंदर विराजमान मूर्तियों की पूजा की व्यवस्था करने का निर्देश दिया था।

### वाराणसी की अदालत ने जल्दबाजी में फैसला सुनाया

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) ने शुक्रवार को दावा किया कि वाराणसी जिला अदालत ने ज्ञानवापी मस्जिद के परिसर में स्थित तहखाने में पूजा करने की अनुमति देने संबंधी फैसला जल्दबाजी में सुनाया है और कहा कि वह न्याय पाने के लिए इस मामले को उच्चतम न्यायालय तक ले जाएगा। मुस्लिम संगठनों ने यह भी कहा कि देश में उत्पन्न होने वाले विवादों को रोकने के लिए पूजा स्थल अधिनियम, 1991 को अक्षरशः लागू किया जाना चाहिए। बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी ने कहा कि मस्जिद में पूजा की अनुमति देने से न केवल मुसलमानों को बल्कि धर्मनिरपेक्षता में विश्वास रखने वाले अन्य धर्मों के लोगों को भी दुख हुआ है। कहा कि यह धारणा गलत है कि मस्जिद बनाने के लिए मंदिर को तोड़ा गया था। रहमानी ने कहा कि अदालत ने मुस्लिम पक्ष को विस्तार से दलीलें रखने का मौका नहीं दिया।



नई दिल्ली में प्रेसवार्ता करते मुस्लिम संगठनों के पदाधिकारी।

### जुमे पर पहले की तुलना में दोगुना नमाजी पहुंचे

**वाराणसी।** ज्ञानवापी परिसर के तहखाने में हिंदू पक्ष को पूजा का अधिकार मिलने के बाद शुक्रवार (जुमा) को बड़ी संख्या में नमाजी ज्ञानवापी पहुंच गए। इतनी बड़ी संख्या में नमाजियों के पहुंचने पर पुलिस को उन्हें वापस भेजना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पहले की तुलना में दोगुने से भी ज्यादा लोग नमाज पढ़ने पहुंचे। कोर्ट के आदेश के मद्देनजर ज्ञानवापी परिसर के तहखाने में पूजा शुरू होने के बाद, जुमे की नमाज के मौके पर जिले में हाई अलर्ट घोषित किया गया था।

**तहखाना देखने के लिए भी लग रही श्रद्धालुओं की लंबी कतार :** वाराणसी। काशी विश्वनाथ मंदिर में आने वाले श्रद्धालु ज्ञानवापी परिसर में स्थित तहखाने को देखने के लिए भी कतार में लग रहे हैं। काशी विश्वनाथ मंदिर के पीआरओ पीयूष तिवारी ने बताया कि श्रद्धालु तहखाने में पूजा करने के लिए उत्साहित हैं। फिलहाल, जिला प्रशासन के निर्देश पर हमने झांकी दर्शन कराने की व्यवस्था की है। तिवारी ने कहा कि व्यवस्था के तहत काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद बाहर निकलने वाले श्रद्धालु मस्जिद परिसर की सीमा पर लगाए गए अवरोधकों के पास से एक झरोखे से तहखाने को देख सकते हैं। पहले यह क्षेत्र टिन की चादरों से ढका हुआ था।

# चंपई सोरेन ने झारखंड के 12वें मुख्यमंत्री के रूप में ली शपथ

- कांग्रेस के आलमगीर आलम और राजद के सत्यानंद भोक्ता बने मंत्री

रांची, एजेंसी

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विधायक दल के नेता चंपई सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल सीपी. राधाकृष्णन ने उन्हें यहां राजभवन में पद की शपथ ग्रहण कराई।

चंपई सोरेन के अलावा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलमगीर आलम और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता सत्यानंद भोक्ता ने मंत्री के रूप में शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन के वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। आदिवासी नेता चंपई सोरेन (67) राज्य के 12वें मुख्यमंत्री हैं। वह झारखंड के कोल्हान क्षेत्र से छठे मुख्यमंत्री हैं। कोल्हान क्षेत्र में पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिले शामिल हैं। चंपई सोरेन को राज्यपाल ने गुरुवार को मुख्यमंत्री नियुक्त किया था। चंपई सोरेन ने शपथ लेने के बाद कहा कि हम हेमंत सोरेन द्वारा शुरू की गई कल्याणकारी योजनाओं को आगे बढ़ाएंगे। प्रदेश के विकास के लिए प्रतिबद्ध हूं। हम आदिवासियों और अन्य लोगों के सर्वांगीण विकास के लिए 'जल, जंगल, जमीन' की लड़ाई जारी रखेंगे।



### पांच दिन के लिए ईडी की हिरासत में हेमंत सोरेन

**रांची।** झारखंड की एक विशेष पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) अदालत ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शुक्रवार को पांच दिन के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया। अधिवक्ताओं ने यह जानकारी दी। ईडी ने गुरुवार को सोरेन को दस दिन की हिरासत में देने का अनुरोध किया था। तब अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष को एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। सोरेन को धन शोधन मामले में ईडी ने सात घंटे तक पूछताछ के बाद 31 जनवरी की रात गिरफ्तार किया था।

### गठबंधन के विधायक हैदराबाद पहुंचे

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विधायक दल के नेता चंपई सोरेन के राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के कुछ देर बाद झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन के विधायक विमान से हैदराबाद के लिए रवाना हो गए। सत्तारूढ़ गठबंधन के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि विधायकों को कांग्रेस शासित तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में स्थानांतरित करने का निर्णय यह देखते हुए लिया गया कि विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उन्हें लुभाने की कोशिश कर सकती है। वरिष्ठ नेता ने कहा कि बहुमत साबित करने के लिए हमें 10 दिन का समय दिया गया है। हम इस दौरान कोई जोखिम नहीं उठा सकते। गठबंधन के मुख्य घटक कांग्रेस के विधायक बन्ना गुप्ता ने कहा कि गठबंधन के 38 विधायकों ने हैदराबाद के लिए उड़ान भरी।

### शीर्ष कोर्ट ने सोरेन को हाईकोर्ट जाने को कहा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झटका देते हुए धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उनकी गिरफ्तारी को लेकर हस्तक्षेप करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया और उन्हें उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को कहा। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ ने सोरेन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ताओं कपिल सिब्बल और अभिषेक सिंघवी से राहत के लिए उच्च न्यायालय जाने को कहा। सिब्बल ने कहा कि इस प्रकार के मामलों में इस अदालत को एक संदेश भेजने की जरूरत होती है। यह एक मुख्यमंत्री से जुड़ा मामला है, जिसे गिरफ्तार किया गया है।

# दिन दहाड़े मां-बेटा और चचेरे भाई की गोली मारकर हत्या

संवाददाता, लखनऊ/ मलिहाबाद

- मलिहाबाद थाना क्षेत्र के मोहम्मद नगर इलाके में दोपहर 3.30 बजे हुई वारदात
- वारदात के बाद गांव में पुलिस तैनात हत्यारोपी पिता-पुत्र की तलाश में दबिश

**अमृत विचार :** मलिहाबाद का मोहम्मदनगर शुक्रवार दोपहर करीब 3.30 बजे गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा। जमीन के विवाद में लल्लन खां व उसके बेटे फराज ने फरहीन (40) और उसके बेटे हंजला खान (20) और चचेरे भाई मुनीर खां उर्फ ताज (50) की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात के बाद से पूरे गांव में दहशत है। उधर, घटना की जानकारी होने पर फरहीन के पति फरीद को हार्ट अटैक पड़ गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। देर शाम को पुलिस ने थार चालक अशरफ को गिरफ्तार कर लिया है।

मोहम्मदनगर में फरीद परिवार के साथ रहते हैं। परिवार में पत्नी फरहीन और बेटा हंजला है। उनका जमीन को लेकर भाई लल्लन खां के साथ काफी दिनों से विवाद है। शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे लल्लन खां अपने बेटे फराज के साथ थार पर सवार होकर फरीद के घर पहुंचा और कहासुनी शुरू कर दी। सिटी स्टेशन के पास रहने वाला फरीद का चचेरा साला मुनीर उर्फ ताज भी वहां मौजूद था।

कहासुनी बढ़ने पर लल्लन ने लाइसेंसी रायफल से फायरिंग की। मुनीर ने बीच बचाव करने का प्रयास किया। इस बीच मुनीर को गोली लग गई और वह लहूलुहान होकर गिर गया। वहीं फराज ने रायफल से घर के अंदर मौजूद फरहीन और उसके बेटे हंजला को गोली मार दी। हंजला की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि फरहीन और मुनीर को परिजन सीएचसी लेकर गए। जहां दोनों की मौत हो गई।

# खुदरा बाजार में 29 रुपये किलो चावल बेचेगी सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार आम आदमी को राहत देने के लिए अगले सप्ताह से खुदरा बाजार में 'भारत चावल' 29 रुपये प्रति किलोग्राम पर बेचेगी। साथ ही व्यापारियों को चावल के भंडारण का खुलासा करने का निर्देश दिया गया है। सरकार ने कीमतों को नियंत्रित करने के अपने प्रयासों के तहत ये कदम उठाए हैं।

- कारोबारियों को पोर्टल पर भंडारण का खुलासा करने को कहा गया

केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा कि विभिन्न किस्मों के निर्यात पर पाबंदियों के बावजूद पिछले एक साल में चावल की खुदरा और थोक कीमतों में करीब 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने दो सहकारी समितियों भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नाफेड) और भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ (एनसीसीएफ) के साथ-साथ केंद्रीय भंडार के जरिए खुदरा बाजार में रियायत वाले 'भारत चावल' को 29 रुपये प्रति किलोग्राम पर बेचने का फैसला किया है।' ई-वाणिज्य मंच भी भारत चावल बेचेंगे।

# कोटा में बीटेक कर रहे गोंडा जिले के छात्र ने फंदा लगाकर जान दी

कोटा, एजेंसी



- पीजी में रहकर कर रहा था ऑनलाइन कोचिंग, 12 दिन में तीसरी आत्महत्या

राजस्थान के कोटा में बीटेक अंतिम वर्ष के छात्र नूर मोहम्मद (27) ने अपने पीजी (पेइंग गेस्ट) के कमरे में छत के पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। वह उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले का रहने वाला था।

पुलिस के अनुसार छात्र ने बुधवार को किसी समय यह कदम उठाया, हालांकि उसका शव गुरुवार की रात विज्ञान नगर इलाके में स्थित पीजी के उसके कमरे से बरामद किया गया। कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। दो सप्ताह में कोटा में यह तीसरी आत्महत्या है। पुलिस के मुताबिक, नूर मोहम्मद चेन्नई की एसआरएम यूनिवर्सिटी से बीटेक की पढ़ाई कर रहा था और यहां पेइंग गेस्ट के तौर पर रहता था। विज्ञान नगर के पुलिस उपाधीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि मोहम्मद ने 2016 से 2019 तक प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए कोटा के कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई की और एसआरएम विश्वविद्यालय में दाखिला लेने के बाद वह अपने कोटा के पीजी से ऑनलाइन कक्षाएं लेता था। सिंह ने बताया कि उसने बुधवार को छत में लगे पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। धर्मवीर सिंह ने बताया कि मेस के एक लड़के ने गुरुवार की शाम को मोहम्मद के कमरे के बाहर एक बिना उपयोग वाला टिफिन बॉक्स देखा और पीजी मालिक को सूचित किया। पुलिस को घटना की जानकारी गुरुवार की रात करीब 8 बजे दी गई।

### बीते साल 26 छात्रों ने की थी आत्महत्या

बीते आठ दिनों में कोटा में तीन विद्यार्थी आत्महत्या कर चुके हैं। 29 जनवरी को जेईई परीक्षा की तैयारी कर रही 18 वर्षीय निहारिका सिंह ने, जबकि 23 जनवरी को, 19 वर्षीय मोहम्मद जैद ने फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली थी। पिछले साल कोटा में 26 छात्रों ने आत्महत्या की थी। कोटा में देश भर से बच्चे शीर्ष इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश के लिए जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आते हैं।

# ओबीसी आयोग का पश्चिम बंगाल सरकार को नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने केंद्रीय ओबीसी सूची में 87 जातियों को शामिल करने के लिए संबंधित जानकारी नहीं देने पर पश्चिम बंगाल सरकार को नोटिस जारी किया है और राज्य सरकार के मुख्य सचिव को आठ फरवरी को आयोग के समक्ष उपस्थित होने के लिए समन जारी किया गया है। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि पिछले वर्ष छह सितंबर को पश्चिम बंगाल राज्य सरकार से 87 जातियों को केन्द्रीय ओबीसी सूची में शामिल करने हेतु उनके सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक स्थिति संबंधी ताजा जानकारी और आंकडे मांगे गए थे जिसकी जानकारी आयोग को नहीं दी गई है।

# बच्चे की गर्दन में फंसा मांझा, चली गई जान

संवाददाता, प्रयागराज

- बाइक से पिता की दुकान पर जाते समय हादसे का शिकार
- प्रयागराज के गंगापार इलाके में हंडिया तहसील का मामला

**अमृत विचार :** जिले के गंगापार इलाके के सरायइनायत थाना क्षेत्र के कुआडीह में चाइनीज मांझे की चपेट में आने से दस वर्षीय किशोर की गर्दन कट गई। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। घटना के बाद घरवाले आनन-फानन किशोर को अस्पताल ले गए। जहां भर्ती कर उसका इलाज शुरू किया गया लेकिन उपचार के दौरान ही उसकी मौत हो गई। किशोर की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

प्रयागराज में गंगापार इलाके के हंडिया-सैदाबाद के अजोराव गांव निवासी शंकरलाल यादव की ससुराल सराय इनायत थाना क्षेत्र के कुआडीह गांव में विजय यादव के यहां है। शंकरलाल का इकलौता बेटा सचिन 10 वर्ष से ननिहाल में ही रह कर पढ़ाई करता था। शुक्रवार की शाम सचिन अपने मौसेरे भाई सत्यम के साथ बाइक से सराय इनायत बाजार में अपने पिता की दुकान पर जा रहा था। दोनों थाने के निकट पहुंचे ही थे कि अचानक सचिन के गले में पतंग का मांझा फंस गया। इससे उसकी गर्दन कट गई। सूचना मिलते ही परिजन आनन-फानन में बच्चे को लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया जिसके बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई।

# जगद्गुरु रामभद्राचार्य की तबीयत बिगड़ी



**आगरा।** हाथरस में रामकथा कह रहे तुलसी पीठाधीश्वर जगदगुरु रामभद्राचार्य महाराज की शुक्रवार सुबह तबीयत बिगड़ गई। सीने में दर्द की शिकायत पर उन्हें आगरा के पुष्पांजलि हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। मुख्यमंत्री योगी ने रामभद्राचार्य के उत्तराधिकारी को फोन करके उनका हालचाल जाना। दिल्ली गेट स्थित पुष्पांजलि हॉस्पिटल के मेडिकल ऑफिसर डॉ. राकेश शर्मा ने शुक्रवार को बताया कि उनकी जांच की जा रही है। डॉ. नवनीत शर्मा उनका इलाज कर रहे हैं। बेहतर इलाज के लिए देर शाम उनको एयर एंबुलेंस से देहरादून शिफ्ट किया गया है।

**हंगामा** विपक्ष की नारेबाजी के बीच राज्यपाल ने पढ़ा अभिभाषण, रामनामी फटका धारण कर पहुंचे एनडीए के विधायकों ने किया जयश्रीराम का उद्घोष

# हंगामें के बीच शुरू हुआ विधानसभा का बजट सत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विपक्षी विधायकों के हंगामें के बीच शुक्रवार को विधानसभा के बजट सत्र की शुरूआत हुई। मुख्यपमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ रामनामी फटका धारण कर विधानसभा में प्रवेश करते ही एनडीए विधायकों ने जय श्रीराम का उद्घोष किया। इसके बाद जैसे ही संयुक्त सदन में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल का अभिभाषण शुरू हुआ, विपक्षी सदस्य राज्यपाल वापस जाओ के नारे लगाने लगे। भारी शोर और नारेबाजी के बीच राज्यपाल ने अपना अभिभाषण जारी रखा, उनका फोकस सरकार की उपलब्धियों समेत राम मंदिर पर था। कहा कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के रूप में राष्ट्र मंदिर की स्थापना देश के सांस्कृतिक गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा है। सत्र शुरू होने से पहले ही शुक्रवार सुबह सपा विधायकों ने सरकार विरोधी नारे लिखे बैनर और तख्तियां लेकर सदन के गेट पर प्रदर्शन किया। अभिभाषण देने आईं राज्यपाल आनंदी बेन पटेल को स्पीकर सतीश महाना और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, विधानपरिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह सदन तक ले गए। इस दौरान सपा विधायक सरकार विरोधी नारे लिखे बैनर और तख्ती लहराते हुए लगातार राज्यपाल गो बैक के नारे लगाते हुए वेल में आ गए। मुख्यनमंत्री योगी आदित्यसनाथ ने विधायकों से चर्चा में सकारात्मक रूप से भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि सर्वदलीय बैठक और एडवाइजरी कमेटी की बैठक में तय कार्ययोजना के अनुसार सरकार ने तैयारी की है।



बजट सत्र के मौके पर विधानसभा परिसर में पत्रकारों से वार्ता करते मुख्यमंत्री योगी।

### आधी आबादी को विस - संसद पहुंचने से कोई नहीं रोक सकता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी ने भाजपा के शक्ति वंदन अभियान में कहा कि अब शक्ति वंदन अधिनियम के बाद कोई भी राजनीतिक दल महिलाओं को विधानसभा और देश की संसद में पहुंचने से नहीं रोक सकता है। प्रधानमंत्री जनधन खाता, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मातृ वंदना, जीवन ज्योति बीमा योजना समेत तमाम योजनाएं आधी आबादी के सम्मान को दर्शाती हैं। प्रदेश में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से 17 लाख बेटियां जुड़ी हैं जबकि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 3 लाख से अधिक बेटियों का दहेज मुक्त विवाह संपन्न हुआ है। बेटियों की सुरक्षा के लिए एंटी रोमियो स्क्वायड का गठन किया गया, इससे महिला संबंधी अपराध को कम करने में सफलता मिली है।

**अखिलेश की ब्रेकिंग**

**मोदी को छोड़ सभी का टिकट काटेगी भाजपा :** विधानसभा भवन में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि अभी-अभी मुझे ब्रेकिंग मिली है कि भाजपा केवल एक सीट (नरेंद्र मोदी की वाराणसी) को छोड़कर अपने सांसदों के टिकट काटने जा रही है। कहा कि उम्मीद है कि पीडीए ही एनडीए को हराएगा। भाजपा के 10 साल के कार्यकाल में भी भ्रष्टाचार, महंगाई कम नहीं हुई।



# घूमने नहीं... अच्छा टेनिस खेलने आए हैं : जीशान अली

## इस्लामाबाद में पकिस्तानी मीडिया के अटपटे सवालों पर बोले भारतीय डेविस कप टीम के कप्तान

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान दौरे पर गई भारत के डेविस कप टीम के कप्तान जीशान अली से शुक्रवार को पाकिस्तानी मीडिया ने कई अटपटे सवाल पूछे। जब उनसे पाकिस्तान में शॉपिंग और सैर-सपाटा के बारे में पूछा गया तो उन्होंने जवाब दिया कि वे यहां टेनिस खेलने आए हैं न कि घूमने।

दरअसल करीब 60 साल बाद भारतीय टीम डेविड कप खेलने के लिए पाकिस्तान गई। भारतीय टीम अब तक अपने होटल से बाहर कड़ी सुरक्षा में सिर्फ इस्लामाबाद खेल परिसर में अभ्यास के लिए ही गई है। शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में जीशान अली पाकिस्तानी मीडिया से मुखातिब हुए तो उनसे शॉपिंग के बारे में पूछे गया इस पर उन्होंने जब दिया कि हम कहीं बाहर नहीं गए हैं, उम्मीद है कि कुछ समय के लिए बाहर जाने की व्यवस्था की जा सकती है। भारतीय कोच एवं कप्तान की भूमिका निभा रहे जीशान अली ने कहा कि खेल के लिहाज से हमारा यहां आना इस क्षेत्र में टेनिस के लिए बहुत अच्छा होगा। अगर अधिक बच्चे इस खेल को अपनाएंगे तो इससे टेनिस को फायदा होगा और यही हमारा मुख्य इरादा है।



### पीटीएफ के हस्तक्षेप पर बदला सवालों का रुख

जीशान को तब और आश्चर्य हुआ जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि पाकिस्तान में सुरक्षा कोई मुद्दा है क्योंकि भारतीय क्रिकेट टीम को 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए यहां आना है। उनसे यह भी पूछा गया कि दोनों देशों के बीच सभी खेलों में द्विपक्षीय शृंखलाएं क्यों नहीं होती हैं। पाकिस्तानी पत्रकार अपनी धरती पर भारतीय टीम को देखने के लिए काफी उत्साहित थे, क्योंकि उनमें से कई पिछले साल आईसीसी वनडे विश्व कप के लिए भारत दौरे पर नहीं जा सके थे। इस पर पीटीएफ के एक अधिकारी को हस्तक्षेप करना पड़ा और मीडियाकर्मियों से अपने सवालों को केवल डेविस कप मुकाबले तक सीमित रखने के लिए कहा गया।

### टीम के मन में बाहर न जा पाने की निराशा नहीं

जीशान ने कहा कि भारतीय टेनिस महासंघ की सुरक्षा चिंताओं के बीच यहां जो आतिथ्य सत्कार मिला वह शानदार है। खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन ने भी यही भावना व्यक्त की, इससे भांबरी भी सहमत थे। रामकुमार शनिवार को ऐसाम-उल-हक कुरेशी से भिड़ेंगे। जीशान ने कहा कि अगर वे बाहर नहीं जा सकते हैं तो भी निराश नहीं होंगे क्योंकि वह और उनकी टीम यहां घूमने के लिए नहीं बल्कि देश के लिए अपना काम करने आए है। पाकिस्तान आने का फैसला भारत सरकार को लेना होता है। हमारा काम टेनिस खेलना है।

# इंग्लैंड लायन्स को भारत ने 199 पर समेटा

**अहमदाबाद, एजेंसी**

**आकाशदीप ने 4 और यश दयाल ने 2 विकेट लेकर मैच में भारत की कराई शानदार वापसी**

तेज गेंदबाज आकाश दीप के चार और यश दयाल के दो विकेट की मदद से भारत ए ने इंग्लैंड लायन्स पर तीसरे और अंतिम अनौपचारिक टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को मैच में शानदार वापसी की। इंग्लैंड लायन्स की पहली पारी को 199 रन पर समेटने के बाद भारत ने अपनी दूसरी पारी में 3 विकेट पर 148 रन बना लिए जिससे उसकी कुल बढ़त 141 रन की हो गई।

भारत की दूसरी पारी में तिलक वर्मा (46) दिन की आखिरी गेंद पर आउट होकर अर्धशतक से चूक गए, जबकि साई सुदर्शन 54 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी की।

भारत की पहली पारी 192 रन पर सिमटी थी, जिसके बाद इंग्लैंड ने पहले दिन एक विकेट पर 98 रन बनाकर अपना दबदबा बनाया था लेकिन शुक्रवार को भारतीय तेज गेंदबाजों का दिन रहा। जहां आकाश और दयाल ने आपस में 7 विकेट साझा किए।

यश दयाल ने ओलिवर प्रिंस (31) को पगबाधा कर भारत को दिन की पहली सफलता दिलाई। उन्होंने इसके बाद सलामी बल्लेबाज एलेक्स लीस (64) को चलता किया। आकाशदीप ने इसके बाद कप्तान जोश बोहानन (10) को आउट कर टीम का स्कोर चार विकेट पर 136 रन कर दिया।

इंग्लैंड के बल्लेबाज इसके बाद भारतीय गेंदबाजों का डटकर सामना नहीं कर सके। मुंबई के बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी ने भी इस दौरान दो विकेट चटकाए। भारत ए की दूसरी पारी में जेम्स कोलेस ने तीनों विकेट लिए। कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन (22) एक बार फिर अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सकें तो वहीं देवदत्त पडिक्कल भी 27 गेंद में 21 रन ही बना सके।

## डब्ल्यूपीजीटी में हिताशी ने खत्म किया खिताबी सूखा



**कोलकाता, एजेंसी।** शानदार लय में चल रही हिताशी बख्शी ने एक अंडर 69 के कार्ड के साथ शुक्रवार को हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के तीसरे चारण को जीतकर 22 महीने के खिताबी सूखे को खत्म किया। हिताशी ने 2022 में तीन खिताब जीते थे लेकिन 2023 में वह एक भी सफलता हासिल नहीं कर सकी। हालांकि इस दौरान वह काफी समय तक चोटिल भी थी। उन्होंने अंतिम दौर में दो बर्डी के मुकाबले एक बोगी की जिससे उनका कुल स्कोर दो अंडर 208 रहा। हिताशी के अलावा केवल जैस्मिन शेखर ही इस दौर में 69 का कार्ड खेल सकी। वह कुल दो ओवर 212 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रही। अनन्या गर्ग तीसरे जबकि रिद्धिमा दिलावड़ी चौथे स्थान पर रही।

# यशस्वी के नाबाद 179, भारत ने बनाए 336 रन

## आज भारत की स्कोर 500 तक पहुंचाने पर होगी नजर ताकि इंग्लैंड के बल्लेबाजों को दबाव में ला सके

**विशाखापत्तनम, एजेंसी**

यशस्वी जायसवाल की नाबाद 179 रन की पारी की बदौलत भारत ने शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन 6 विकेट के नुकसान पर 336 रन बनाए। यशस्वी जायसवाल का यह दूसरा टेस्ट शतक है। 10 टेस्ट पारी में उनके नाम दो शतक और दो अर्धशतक हो गए हैं।

यशस्वी ने पिछले साल कैरेबियाई सरजमीं पर टेस्ट पदार्पण करते हुए 171 रन बनाए थे। वहीं अन्य भारतीय बल्लेबाज मुफीद परिस्थितियों का फायदा नहीं उठा सके। स्टंप तक आर अश्विन पांच रन बनाकर दूसरे छोर पर यशस्वी जायसवाल का साथ निभा रहे थे। पहला अंतर्राष्ट्रीय टेस्ट मैच खेल रहे इंग्लैंड के शोएब बशीर और रेहान अहमद ने 2-2 विकेट झटके, जबकि पदार्पण कर रहे रजत पाटीदार 72 गेंद में 32 रन बनाकर लेग स्पिनर रेहान अहमद की गेंद पर बोल्ड हो गए।

5 मैच की शृंखला में 0-1 से पिछड़ रही भारतीय टीम दूसरे दिन इस स्कोर को कम से कम 500 रन तक पहुंचाना चाहेगी ताकि इंग्लैंड के बल्लेबाजों को ऐसी पिच पर दबाव में ला सके जिस पर तीसरे दिन से उछाल आने की उम्मीद है।



**6** विकेट गिर चुके हैं भारत के दूसरे टेस्ट मैच की पारी में पहले दिन

**2-2** विकेट झटके इंग्लैंड के बशीर और रेहान ने

### यशस्वी ने दूसरे सत्र में बदला पारी का रुख

यशस्वी जायसवाल ने दूसरे सत्र में आकर्षक स्ट्रोक्स खेलकर पारी का रुख ही बदल दिया, जिसमें भारत ने 32 ओवर में 122 रन जुटाए। श्रेयस अय्यर 59 गेंद में 27 रन बनाकर दोपहर के सत्र में आउट होने वाले एकमात्र बल्लेबाज रहे। जायसवाल की पारी की सबसे खास बात उनकी सहजता से मैदानी और हवा में शॉट लगाना रही। टॉम हार्टले पर लांग आन में छक्का लगाकर अपने शतक तक पहुंचने से उनका बेखौफ रवैया साफ दिखाई दिया। जायसवाल ने अपनी पारी के शुरू में स्पिनरों के खिलाफ काफी कट शॉट खेले लेकिन दूसरे सत्र में उन्होंने ड्राइव और उठाकर लगाये गये शॉट से रन बनाए।

### टॉम हार्टले के एक ओवर में जड़े तीन चौके

यशस्वी जायसवाल ने पहले दिन टॉ हार्टले को निशाना बनाया और 45वें ओवर में उनकी गेंदों पर लगातार तीन चौके जमाए। उन्होंने जो रूट की गेंद पर भी शानदार छक्का जड़कर अपने हौसले जाहिर कर दिए। जायसवाल ने अय्यर के साथ 90 रन की भागीदारी निभाई लेकिन अय्यर एक बार फिर शुरूआत का फायदा उठाने में असफल रहे। हार्टले की गेंद को कट करने का प्रयास में अय्यर स्टंप के पीछे बेन फोक्स को कैच दे बैठे। उनके आउट होने के बाद रजत पाटीदार उतरे और वह वह 27 रन के निजी स्कोर पर हार्टले का शिकार बने। भारत ने सपाट पिच पर टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। रोहित और यशस्वी जायसवाल ने धीमी शुरुआत की। पहले 16 ओवर में सिर्फ 40 रन बने। रोहित 18वें ओवर में आफ स्पिनर बशीर की गेंद पर ओली पोप को कैच दे बैठे। गिल को एंडरसन ने दूसरे स्पैल में विकेट के पीछे लपकवाया।

## खेल डायरी

### मुक्केबाजी: अमित, इशनीत व सचिन सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाज अमित कुमार (63 .5 किग्रा) और इशमीत सिंह (75 किग्रा) ने जीत दर्ज करते हुए स्पेन के ला नुसिया में खेले जा रहे बॉक्साम अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सचिन कुमार (80 किग्रा) गुरुवार को स्पेन के पाब्लो कॉय बर्नाल से वॉकओवर मिलने के बाद अंतिम चार चरण में पहुंच गए हैं। अमित ने मेक्सिको के मिगुएल एंजेल मार्टिनेज पर 3-2 के विभाजित फैसले में जीत हासिल की, जबकि प्रतिद्वंद्वी मुक्केबाज लाइट वेल्टरवेट वर्ग में पहले ही पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं। अब अमित का सामना सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान के रूसलान अब्दुलाएव से होगा। इशमीत ने क्वार्टरफाइनल में स्थानीय मुक्केबाज डिडाक लोपेज गोमेज को 4-1 से मात देकर अंतिम चार में जगह बनाई, जिसमें उनकी भिड़ंत पोलैंड के मिचाल जारलिंस्की से होगी। हालांकि बिलाल मोहम्मद, दीक्षयंत दहिया और रूबल सिंह ढांडा का क्वार्टरफाइनल में मिली हार के बाद सफर खत्म हो गया।

### मर्सडीज छोड़कर फेरारी से जुड़ेंगे लुईस हैमिल्टन

**लंदन।** लुईस हैमिल्टन ने मर्सडीज छोड़कर फेरारी में जाने का फैसला लेकर मोटर स्पोटर्स जगत को हैरान कर दिया है। हैमिल्टन ने अगस्त के आखिर में मर्सडीज के साथ करार दो साल के लिए बढ़ाया था लेकिन नए करार में उन्होंने रिलीज का प्रावधान रखा था, जिससे वह 2025 में फेरारी से जुड़ सकेंगे। उनकी टीम ने कहा कि इस टीम के साथ 11 साल बेहतरीन रहे हैं। उन्हें इस पर गर्व है। वह जब 13 साल के थे, तभी से मर्सडीज उनके जीवन का हिस्सा है। वह यहीं बड़े हुए और इसे छोड़ने का फैसला काफी कठिन था लेकिन उनके लिए यह जरूरी था। वह नई चुनौती लेकर काफी रोमांचित हैं। हैमिल्टन ने सात में से छह फार्मूला वन खिताब मर्सडीज के साथ जीते हैं।



### भारत ने सैफ अंडर-19 में भूटान को हराया

**फुटबॉल**

**ढाका।** पूजा के चार गोल की मदद से भारत ने शुक्रवार को सैफ अंडर-19 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप में भूटान को 10-0 से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। पूजा ने मैच के 31वें, 58वां, 59वां और स्टॉपेज समय (90 चार मिनट) में गोल किए, जबकि शिवानी देवी (आठवां, 19वां और 36वां) भी गोल की हैट्रिक लगाने में सफल रही। भारत के लिए स्ट्राइकर सुलंजना राउल (53वें), मेनका लॉरेम्बम (61वें) और अरीना देवी (73वें) गोल करने वाले खिलाड़ियों में शामिल रही। गोलकीपर अनिका देवी और अरीना ने शुक्रवार को अपना जूनियर अंतर्राष्ट्रीय में पदार्पण किया। भारत अपना अगला मैच रविवार को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा।

### तुर्की महिला कप फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारतीय सीनियर महिला टीम 21 से 27 फरवरी तक अलान्या में तुर्की महिला कप में भाग लेगी। भारत के अलावा एस्टोनिया, कोसोवो और हांगकांग की टीमें राउंड-रॉबिन प्रारूप में आयोजित किए जाने वाले इस टूर्नामेंट का हिस्सा है। टूर्नामेंट में प्रत्येक टीम एक-दूसरे से एक बार भिड़ेगी और राउंड-रॉबिन चरण के अंत में तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम को विजेता घोषित किया जाएगा। भारत अपने अभियान का आगाज 21 फरवरी को एस्टोनिया के खिलाफ करेगा। टीम इसके बाद हांगकांग (24 फरवरी) और कोसोवो (27 फरवरी) से भिड़ेगी। भारत तीसरी बार तुर्की महिला कप 2019 और 2021 के बाद भाग लेगा, जो फीफा महिला अंतर्राष्ट्रीय विंडो के दौरान आयोजित किया जा रहा है। भारत की नई मुख्य कोच लैंगम चाओबा देवी की देखरेख में 10 फरवरी से भुवनेश्वर में टीम का एक सप्ताह का शिविर लगेगा। इसमें अंशिका, एलंगबाम पंथोई चानू, मोनालिसा देवी मोइरंगथम, श्रेया हुडा, आशालता देवी लोइटोंगबम, अस्तम ओरांव, डालिमा छिब्बर, जूली किशन, ममता, रंजना चानू सोरोखैबम, शिल्की देवी हेमम, अंजू तमांग, इंदुमति काथिरेसन, काजोल डिसूजा, कार्तिका अंगमुथु, कृतिना देवी थौनाओजम, मनीषा, पवित्रा मुरुगेसन, प्रियंगका देवी नाओरेम, संगीता बासफोर, ग्रेस डांगमेई, ज्योति, करिश्मा पुरूषोत्तम शिरवोइकर समेत 30 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

# आर्यन-करन के शतक से यूपी का स्कोर 319

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**ग्रीनपार्क में असम के खिलाफ रणजी ट्राफी मैच का पहला दिन**

**अमृत विचार :** ग्रीनपार्क स्टेडियम में रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप के लिए शुक्रवार से शुरू हुए चार दिवसीय मुकाबले में यूपी की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए असम के खिलाफ पहले दिन 80 ओवर में दो विकेट खोकर 319 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

यूपी के विकेट कीपर आर्यन जुयाल और करन शर्मा ने शानदार शतक जड़े। आर्यन 234 गेंद पर 16 चौकों और एक छक्के की मदद से 162 रन बनाकर नाबाद हैं तो करन भी 108 रन बनाकर उनके साथ क्रीज पर डटे हैं। हालांकि आर्यन के साथ ओपनिंग करने उतरे समर्थ सिंह शून्य पर एलबीडब्ल्यू हो गए, जबकि प्रिंस यादव 46 रन बनाकर एलबीडब्ल्यू हुए। 79 रन पर दो विकेट गिरने के बाद आर्यन और करन ने असम के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया। असम के गेंदबाज मुख्तार हुसैन और एम दत्ता को एक-एक विकेट मिला। अन्य कोई गेंदबाज प्रभाव नहीं छोड़ सका।



### भुवनेश्वर कुमार को टीम में नहीं मिली जगह

यूपी टीम में तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को जगह नहीं मिली। प्रियम गर्ग और कार्तिक त्यागी जैसे स्टार खिलाड़ी भी टीम में नहीं थे, जबकि असम टीम में रियान पराग को स्थान नहीं मिला। अंक तालिका के लिहाज से यूपी टीम पांचवें तो असम की टीम आखिरी पायदान पर है। यूपी की टीम ने पिछले मैच में कप्तान नितीश राणा के शतक और बल्लेबाजों के बेहतर प्रदर्शन से मुंबई को हराया था।

## अस्मिता चालिहा थाईलैंड मास्टर्स के सेमीफाइनल में

**बैंकॉक, एजेंसी।** भारत की अस्मिता चालिहा ने शुक्रवार को इंडोनेशिया की ईस्टर नुरूमी वार्डोयो को सीधे गेम में हराकर थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मिथुन मंजूनाथ के पुरुष एकल क्वार्टरफाइनल, त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद के महिला युगल के अंतिम चरण में हारने के बाद चालिहा ही सुपर 300 टूर्नामेंट में एकमात्र भारतीय बची हैं। चालिहा ने क्वालीफायर से मुख्य ड्रा में प्रवेश किया था। उन्होंने मुकाबले में वार्डोयो को 21-14, 19-21, 21-13 से पराजित किया। अब वह सेमीफाइनल में चौथी वरीय थाईलैंड की सुपानिडा काटेथोंग और चीनी ताइपे की वेन चि सु के बीच होने वाले मैच की विजेता से भिड़ेंगी। त्रिशा और गायत्री की जोड़ी को इंडोनेशिया की फेब्रियाना द्वीपुजी कुसुमा और अमालिया काहाया प्राटिवी से हार का सामना करना पड़ा। पुरुष एकल में मंजूनाथ को 43 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल में नीदरलैंड के मार्क कालिजोऊ से 19-2, 15-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

## ड्रैग फ्लिकर की कमी महिला हॉकी के लिए चिंताजनक

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** मुख्य कोच यानेक शॉपमैन ने कहा कि भारतीय महिला हॉकी टीम की पेनल्टी को गोल में बदलने की खराब दर की असली वजह टीम में ड्रैग फ्लिक खिलाड़ियों की कमी है। देश में प्रतिभा विकास कार्यक्रमों में इस पर जोर दिए जाने की जरूरत है।

पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने की नाकामी भारतीय महिला टीम के लिए पिछले कुछ समय से परेशानी का सबब बना हुआ है। इसके कारण टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने से चूक गई। शॉपमैन ने चीन के खिलाफ भारत के एफआईएच प्रो लीग मैच की पूर्व संध्या पर कहा कि शीर्ष 10 में किसी अन्य देश को देखें तो उनके पास 5 से 6 ड्रैग फ्लिकर हैं, जबकि हमारे पास ऐसा नहीं हैं। शॉपमैन ने कहा कि ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में टीम की विफलता से वह आहत है लेकिन प्रो लीग में मिलने वाले मौका का वह फायदा उठाना चाहती है। उन्होंने कहा कि अब ओलंपिक क्वालीफिकेशन हासिल नहीं कर सकते लेकिन हमारे पास आगे बढ़ने के अलावा कोई चारा नहीं है। इसके लिए मजबूती के साथ खेलना होगा।



# बॉलीवुड हलचल

## मानव स्वभाव की उलझी भावनाओं का प्रतीक है कैकेयी

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित शो श्रीमद् रामायाण में कैकेयी का किरदार निभाकर शिल्पा सकलानी बेहद रोमांचित है। इसमें शिल्पा सकलानी ने रानी कैकेयी की भूमिका निभायी है, जो अपनी सुंदरता, बुद्धिमत्ता और राजनीतिक कौशल के लिए जानी जाती हैं। शिल्पा सकलानी ने कहा कि रानी कैकेयी एक दुर्जेय किरदार है। वह एक ऐसी रानी हैं जो अपने पति से प्रेम करती हैं लेकिन वह मंथरा द्वारा पैदा की जा रही असुरक्षाओं से नहीं लड़ पाती और ऐसा विकल्प चुनती हैं जो उनके परिवार को तोड़ देता है। कैकेयी मानव स्वभाव की उलझी हुई भावनाओं का प्रतीक है और दर्शाती हैं कि दूसरों के उद्देश्यों के लिए असुरक्षाओं का उपयोग कैसे किया जा सकता है, और यह रामायण की सबसे बड़ी शिक्षाओं में से एक है। योद्धा, राजनयिक और सबसे पसंदीदा रानी, कैकेयी एक नकारात्मक किरदार के अलावा भी बहुत कुछ है।



### फिल्म निरहुआ हाजिर हो का पहला लुक जारी



भोजपुरी स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ की फिल्म निरहुआ हाजिर हो का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। इस फिल्म के निर्माता उमाशंकर प्रसाद और सह निर्माता आयुष राज गुप्ता हैं, जबकि लेखक और निर्देशक मनोज नारायण हैं। निरहुआ ने बताया कि यह फिल्म जनता और सिस्टम के बीच की कहानी है। निर्माता उमाशंकर प्रसाद ने कहा कि यह एक नायक के संघर्ष की कहानी है जिसको हमने बड़े पैमाने पर बनाया है। इस फिल्म में निरहुआ के साथ-साथ तमाम कलाकारों ने अपना शत प्रतिशत योगदान दिया है। निरहुआ जमीन से जुड़े कलाकार हैं और उतने ही बेहतरीन इंसान भी हैं। उनकी यह खूबसूरती उनके अभिनय में भी नजर आती है।

## देश प्रेम और गर्व की भावना जगाता है आर्टिकल 370 का गाना दुआ

अभिनेत्री यामी गौतम की आने वाली फिल्म आर्टिकल 370 का पहला गाना दुआ रिलीज किया गया है। इस गाने को जुबिन नौटियाल और शाश्वत सचदेव ने स्वरबद्ध किया है। शाश्वत ने ही गाने का म्यूजिक तैयार किया है। गाने के बोल कुमार ने लिखे हैं, जबकि फीमेल वॉइस प्रियांशी नायडू ने दी है। यामी गौतम ने कहा कि जब उन्होंने पहली बार गाना सुना तो बेहद भावुक हो गई थी। गाने के बोल इतने दमदार हैं कि वह दिल को छू जाते हैं। साथ ही इसे गाने को कश्मीर के बहुत ही खूबसूरत इलाकों में शूट किया गया है, जो इसे और भी प्रभावी बनाता है। यह उन सभी लोगों के लिए समर्पित है जो निस्वार्थ भाव से देश की सेवा करते हैं।

निर्देशक आदित्य सुहास जांभले ने कहा कि हम हमेशा से एक ऐसा एंथम बनाना चाहते थे जो देश की भावनाओं से जुड़ा हो। हम चाहते थे कि यह एक ऐसा एहसास हो, जो कभी नहीं बदलता, चाहे चीजें कैसे भी विकसित हों। मुझे लगता है कि शाश्वत यह काम बहुत ही खूबसूरती से करने में सक्षम हैं। भारत के बारे में यह गाना बनाने के पीछे हमारी सोच यह थी कि हम सभी तथ्य को छुएं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हमारे देश ने क्या झेला है, लेकिन पूरा देश आज भी एकजुट है। यह गाना उसी के लिए हमारी ओर से है। दुआ हमारी ओर से भारतीयों और उनकी अमर भावना को दिया गया ट्रिब्यूट है। जुबिन नौटियाल ने कहा कि इस गाने में इतनी ताकत है कि प्रत्येक भारतीय के गहरे इमोशन को उजागर करेगा, जैसे कि मुझमें था। दिल को छू जाने वाले इस गाने के बोल और मधुर संगीत गाने में एक रूहानी क्वालिटी लेकर आते हैं। यह गाना सभी संगीत प्रेमियों के लिए है। इसके अलावा राष्ट्र के लिए गाना मेरे दिल में खास जगह रखता है। यह गाना निश्चित रूप से देश के प्रति हमारे साझा प्रेम में एकता और गर्व की भावना जगाएगा।



## प्यार, धोखा और राजनीति की कहानी है हीरामंडी

बॉलीवुड फिल्मकार संजय लीला भंसाली की आने वाली वेबसीरीज हीरामंडी : द डायमंड बाजार का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। हीरामंडी में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा और संजीदा शेख जैसे कलाकार शामिल हैं। हीरामंडी का फर्स्ट लुक रिलीज करते हुए नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा है कि निर्माता संजय लीला भंसाली की हीरामंडी वेब सीरीज वेश्याओं और उनकी जिंदगी को लेकर बुनी गई है। वर्ष 1940 के दशक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि पर आधारित, हीरामंडी कोठों में प्यार, विश्वासघात, उत्तराधिकार और राजनीति की कहानी को बयां करती है।



### ढैन टेनेन गाने से कमीने में गुड्डू का रोल समझने में मदद मिली : शाहिद कपूर

शाहिद कपूर ने बताया कि ढैन टेनेन गाने से उन्हें फिल्म कमीने में गुड्डू का रोल समझने में मदद मिली। एक रियलटी शो में शाहिद कपूर ने बताया कि कमीने करने से पहले, जब वी मेट पूरी की थी और फिल्म के क्षेत्र को लेकर उलझन में था। यह भारत में अब तक पेश की गई चीजों से अलग थी, इसलिए यकीन नहीं था कि इसे कैसे देखा जाए। उन्हें याद है कि वे विशाल के ऑफिस में कॉस्टयूम और अन्य चीजों पर चर्चा कर रहे थे जब उन्होंने हेडफोन देकर यह गाना सुनने के लिए कहा। तभी पहली बार ढैन टेनेन सुना और इससे समझ में आया कि उन्हें फिल्म में क्या करना है। विशाल और इस गाने की वजह से वह गुड्डू की भूमिका निभा सके।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# गैंगस्टर एक्ट में चार लोगों को सात साल का कठोर कारावास

## कोर्ट ने एक को सुनाई पांच साल की साज, पत्रकार नवीन गुप्ता की हत्या में थे आरोपी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात



**अमृत विचार।** बिल्हौर थाना क्षेत्र के छह साल पुराने गैंगस्टर के मामले में सुनवाई पूरी होने के बाद विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट की अदालत ने शुक्रवार को सभी पांचों आरोपियों को दोष सिद्ध करते हुए सजा सुनाई। चार दोषियों को सात साल का कारावास और एक दोषी को पांच साल की सजा सुनाई गई है। सभी पर अर्थदंड भी लगाया है।

विशेष लोक अभियोजक अमर सिंह भदौरिया ने बताया कि बिल्हौर कस्बे में पत्रकार नवीन गुप्ता की हत्या में आरोपी बिल्हौर निवासी पंकज उर्फ गोलू यादव, अशफाक उल्ला नगर के ताज बाबू , मुराद नगर के कैलाश उर्फ छंगा, राधेश्याम और सत्तू का नगला बेवर, मैनपुरी के राजू बहेलिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पुलिस ने इन सभी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की थी। पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए सभी आरोपियों के खिलाफ हत्या, शस्त्र अधिनियम व हत्या के प्रयास आदि के मुकदमे दर्ज होने के आपराधिक इतिहास के साथ आरोप पत्र अदालत में दाखिल किया था।

मामले की सुनवाई स्पेशल जज (गैंगस्टर एक्ट) दुर्गेश की कोर्ट में चल रही थी। अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी पंकज उर्फ गोलू, ताज बाबू, राजू बहेलिया और छंगा उर्फ कैलाश को सात साल के कठोर कारावास व 50-50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा नहीं करने पर चारों को 6-6 माह का अतिरिक्त कारावास काटना होगा। पांचवें आरोपी राधेश्याम को पांच साल के कठोर कारावास के साथ दस हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड अदा नहीं करने पर दो माह के अतिरिक्त कारावास के आदेश दिए हैं।

### किशोरी को ले जाने में आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**कानपुर देहात।** डेरापुर क्षेत्र के एक गांव से किशोरी को बहलाकर ले जाने के मामले में आरोपी की ओर से दाखिल की गई जमानत विशेष न्यायालय एससी-एसटी एक्ट ने शुक्रवार को खारिज कर दी। सहायक शासकीय अधिवक्ता आशीष कुमार तिवारी ने बताया कि डेरापुर क्षेत्र के एक गांव की रहने वाले अनुसूचित जाति के व्यक्ति ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी इसमें बताया था कि 2 सितंबर 2023 को मेरी भतीजी शौच के लिए खेतों पर गई थी ।जहां पहले से मौजूद क्षेत्र के फरीदपुर निटैरा का रहने वाला जगदीश उर्फ जनार्दन यादव अपने सहयोगियों कुलदीप व योगेन्द्र के सहयोग से उसकी भतीजी को बहला फुसलाकर कहीं अपने साथ ले गया है ।मामले में पुलिस ने विवेचना करते हुए किशोरी की खोज कर आरोपी जगदीश उर्फ जनार्दन यादव को जेल भेज दिया था ।आरोपी की ओर अदालत में जमानत अर्जी दाखिल की गई थी जिसकी सुनवाई विशेष न्यायाधीश एस सी एस टी एक्ट रजत सिन्हा की अदालत में चल रही थी ।शुक्रवार को अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के आरोपी जगदीश उर्फ जनार्दन यादव की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया।

### कोर्ट के आदेश पर गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज

**कानपुर देहात।** थानहमीरपुर के एक व्यक्ति ने तीन सगे भाइयों के विरुद्ध कोर्ट के आदेश पर कुत्ता से कटवाकर बेटे की हत्या करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। थान हमीरपुर निवासी सेठू ने आरोप लगाया कि 30 नवंबर 2020 को उसका 6 वर्षीय बेटा कपिल घर के बाहर खेल रहा था, तभी गांव के ही लल्लन, सुरेंद्र व बाबा ने अपना पालतू कुत्ता उसके बेटे की तरफ हमलावर करवा दिया। कुत्ते के हमले से बेटे की हालत गंभीर हो गई। इलाज के लिए कानपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 18 दिसंबर को मौत हो गई। सेठू ने आरोप लगाया कि उसने पोस्टमार्टम कराने के बाद रसूलाबाद थाने में रिपोर्ट दर्ज करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन पुलिस ने उसकी कोई सुनवाई नहीं की तब उसने जब जुलाई 2023 को सीएम पोर्टल में शिकायत की लेकिन वहां से भी नतीजा से सिफर रहा । थाना प्रभारी मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि कोर्ट के आदेश से मामले में गैरइरादतन हत्या की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी ।

# बलवंत हत्याकांड: वादी से बचाव पक्ष की जिरह पूरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- आठ फरवरी को बलवंत के पिता व चाचा की होगी गवाही
- एडीजे कोर्ट में हाजिर रहे सभी आरोपित पुलिस कर्मी

**अमृत विचार:** बहुचर्चित बलवंत हत्याकांड में एडीजे कोर्ट में वादी से आरोपित तत्कालीन एसओजी प्रभारी के वकील ने जिरह पूरी की। कोर्ट में सभी आरोपित पुलिस कर्मी मौजूद रहे। अब कोर्ट ने बलवंत के पिता व चाचा की गवाही के लिए आठ फरवरी की तारीख नियत की है।

शिवली क्षेत्र के लालपुर सरैंया गांव के बलवंत सिंह की एक मामले में हिरासत में लेकर रनियां थाने में हुई मारपीट में 12 दिसंबर 2022 को मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम में उसके शरीर पर 31 चोटें मिली थीं। उनके चाचा अंगद सिंह ने शिवली के तत्कालीन कोतवाल व एसओजी प्रभारी आदि के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमे की सुनवाई एडीजे दुर्गेश की कोर्ट संख्या- 5 में चल रही है। मुकदमे में आरोपित तत्कालीन एसओजी प्रभारी प्रशांत कुमार गौतम के वकील ने जिरह पूरी की। आरोपित तत्कालीन शिवली कोतवाली प्रभारी राजेश सिंह, मैथा के तत्कालीन चौकी प्रभारी ज्ञान प्रकाश पांडेय सहित सभी आठ आरोपित कोर्ट में मौजूद रहे। वादी के वकील जितेंद्र सिंह चैहान ने बताया कि हाईकोर्ट ने आरोपित सोनू यादव की जमानत निरस्त करने के साथ ही मुकदमें की जल्द सुनवाई का आदेश दिया है। कोर्ट ने बलवंत के पिता मुन्ना सिंह व चाचा बलवीर की गवाही के लिए आठ फरवरी की तारीख नियत की है।

# गोली चलाने में होटल मालिक गिरफ्तार

**रूरा।** कस्बे के गेस्ट हाऊस में गुरुवार रात तिगाई के वैभव द्विवेदी का तिलक था। गेस्ट हाउस से दो बाइकें चोरी होने और सीसीटीवी कैमरा दिखाने की मांग पर गोली चलाने वाले गेस्ट हाउस मालिक को गिरफ्तार किया गया है। पीड़ित का आरोप है कि सीसीटीवी कैमरा दिखाने को कहने पर गेस्ट हाउस संचालक ने तमंचे से फायर किया। चौकी प्रभारी राकेश सिंह ने तमंचा के साथ मालिक विश्ववीर भदौरिया को गिरफ्तार किया है। तहरीर पर आठ से दस अज्ञात लोगों पर हत्या के प्रयास, मारपीट व आर्म्स एक्ट मे मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

## सार-संक्षेप



कथा व्यास को माला पहनाते विधायक राहुल बच्चा सोनकर। अमृत विचार

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**रसूलाबाद :** क्षेत्र के सिठऊपुरवा में सुंदर मइया मन्दिर में श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस कलश यात्रा के पश्चात आचार्य कृष्ण मुरारी जी द्वारा धुंधकारी की कथा का सुंदर दृष्टांत सुनाया गया। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा ऐसी कथा है। जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी भागवत होती है। इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक ऊर्जा से सशक्त हो जाता है। इस दौरान कथा पंडाल में पहुंचे बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने कथा व्यास को अंग वस्त्र व माला पहना कर उनका आशीर्वाद ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान की वह नदी है, जिससे व्यक्ति अपने पापों को धोकर प्रभु के चरणों में स्थान पा सकता है। इस मौके पर परीक्षित गौरव सिंह, रानी सिंह, सर्वेश कुशवाहा, राघव बाजपेयी, ग्राम प्रधान सौरभ रावत, ग्राम प्रधान मोहनलाल सोनकर, अन्नू कमल, विश्वनाथ आदि रहे।




बार काउंसिल उपाध्यक्ष का स्वागत करते अधिवक्ता। अमृत विचार

### बार काउंसिल के उपाध्यक्ष का मैथा तहसील में स्वागत

**शिवली।** मैथा तहसील में सुलह अधिकारी बनाए जाने पर शुक्रवार को तहसील प्रांगण में अधिवक्ताओं द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बार काउंसिल के उपाध्यक्ष ने शिरकत की। उनका माल्यार्पण करते हुए प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया। तहसील के अधिवक्ता अंकित सिंह चंदेल को तहसील का सुलह अधिकारी नियुक्त किए जाने पर शुक्रवार को अधिवक्ताओं द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बार काउंसिल के उपाध्यक्ष अनुराग पांडेय उपस्थित हुए। स्वागत समारोह के दौरान अधिवक्ताओं द्वारा नवनियुक्त सुलह अधिकारी फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया तथा प्रतीक चिन्ह भेंट किए गए। स्वागत समारोह में प्रमुख रूप से अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह महामंत्री राजा तिवारी गीतेश अग्निहोत्री ब्रज बिहारी द्विवेदी राजीव दीक्षित अनुराग स्वर्णकार देवेंद्र सिंह मोनू पांडेय सत्येंद्र सिंह रणविजय भरत सेंगर आदि रहे।

### परिनिर्वाण दिवस को लेकर बैठक में बनी रूपरेखा

**कानपुर देहात।** उत्तर भारत के पेरियार, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ललई सिंह यादव के 7 फरवरी को परिनिर्वाण दिवस को लेकर ट्रस्ट के पदाधिकारियों की एक बैठक हुई। पेरियार ललई सिंह यादव चैरिटेबल ट्रस्ट ऑफ इंडिया के प्रपौत्र व ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललई बृजेंद्र सिंह यादव ने बैठक के बाद जानकारी दी कि कार्यक्रम में आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य, नीरज भाई पटेल, प्रोफेसर लक्ष्मण यादव, राजेंद्र यादव, निर्देश सिंह, कमलेश कुशवाह शामिल होंगे।

### महर्षि दयानंद सेवा आश्रम में वार्षिकोत्सव मनाया गया

**रनियां।** क्षेत्र के गांव बिलई स्थित महर्षि दयानंद सेवा श्रम में महर्षि दयानंद की 200वीं जयंती के उपलक्ष में वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया, जिसका उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष नीरज रानी व चेयरमैन कंचौसी राजू सिंह ने किया। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक जगरूप सिंह ने सभी को सत्यार्थ प्रकाश के नाम की पुस्तक भेंट की। सभी लोगों ने महर्षि दयानंद जी पर प्रकाश डाला। इस मौके पर राकेश द्विवेदी पूर्व प्रधान, संदीप यादव, रंजीत आर्य, स्वामी अग्निवेश, रणधीर, सुग्रीव, संजय आदि मौजूद रहे।

### चौकी इंचार्ज से मारपीट में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**मंगलपुर।** मंगलपुर चौकी इंचार्ज से मारपीट करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी नरेंद्र सिंह उर्फ बऊआ को पुलिस ने शुक्रवार को हवासपुर तिराहे के पास से गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस को उसकी सरगर्मी से तलाश थी।



पोस्टमार्टम हाउस में गमगीन बैठे परिजन। अमृत विचार

# ट्रेन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत

संवाददाता, रूरा/मंगलपुर

- रूरा और मंगलपुर क्षेत्र में हुए हादसे एक युवक की अभी नहीं हो सकी शिनाख्त



सर्वेश कुमार।

**अमृत विचार:** अलग -अलग थाना क्षेत्रों में ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक और एक अधेड़ की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रारंभिक छानबीन के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कंचौसी के पास हादसे का शिकार हुए अधेड़ की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी है।

### मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत

रूारा थाना क्षेत्र के अड़रे पुरवा गांव निवासी प्रमोद (45) गुरुवार की दोपहर ससुराल जाने की बात कहकर घर से निकला था। शुक्रवार की भोर पहर उसका जगदीशपुर

**हादसा 01**

गांव के पास डीएफसी ट्रैक के डाउन लाइन में खंभा नंबर 1053/20 के पास शव पड़ा मिला। स्टेशन मास्टर के मेमो पर पहुंचे चौकी इंचार्ज जसवीर सिंह ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पति की मौत से पत्नी सीमा देवी का रो-रो कर बुरा हाल है। थाना प्रभारी अजय पाठक ने बताया कि ट्रेन की चपेट में आने से मौत प्रतीत हो रही है। मामले की जांच की जा रही है।

### कंचौसी में ट्रेन की चपेट में आया अधेड़

मंगलपुर थाना क्षेत्र के कंचौसी रेलवे क्रॉसिंग के अप लाइन पर खंबा नंबर 561/11 के समीप एक 58 वर्षीय व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे

**हादसा 02**

चौकी प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। उसकी जेब से एक पर्ची मिली, जिस पर हिंदी में बलवीर सिंह यादव लिखा था। अंग्रेजी में बी सिंह के हस्ताक्षर थे। सफेद पैंट, सफेद शर्ट, नीली जॉकेट और स्लेटी रंग के गोल्ड स्टार के जूते पहने था। थाना प्रभारी जनार्दन प्रताप सिंह ने बताया कि ट्रेन की चपेट में आने से मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

# अप्रैल से ऑनलाइन दर्ज करनी होगी हाजिरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार:** सूबे के परिषदीय विद्यालयों में 12 रजिस्टरों का डिजिटलाइजेशन किया जाना है। इससे शिक्षकों को जल्द ही रजिस्टरों से मुक्ति मिल जाएगी। इस बावत महानिदेशक स्कूली शिक्षा कंचन वर्मा ने सूबे के सभी बीएसए को पत्र लिखा है। रजिस्टरों के रखरखाव के संबंध में जरूरी निर्देश भी दिए गए हैं। आदेश के बाद से विद्यालयों में तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

वर्तमान में विद्यालयों में प्रयुक्त की जा रही भौतिक पंजिकाओं के अनुरूप ही रजिस्टरों का डिजिटल प्रारूप तैयार किया जाना है। इस बाबत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धी पाण्डेय ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। एक अप्रैल से जिले में भी परिषदीय एवं कस्तूरबा गांधी विद्यालय के शिक्षक व विद्यार्थी रियल टाइम उपस्थिति दर्ज कराएंगे। शिक्षकों को 15 मिनट और छात्रों को एक घंटे का समय उपस्थिति दर्ज कराने के लिए दिया जाएगा। वहीं रजिस्टर ऑनलाइन किए जाएंगे।

जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) ने बताया कि माध्याह्न भोजन, पुस्तकालय खेलकूद, बालगणना, पत्र व्यवहार, निरीक्षण, बैठक, आय-व्यय एवं चेक इश्यू पंजिका के अलावा स्टॉक, समेकित निःशुल्क सामग्री वितरण, कक्षावार उपस्थिति और प्रवेश समेत 12 पंजिकाओं का डिजिटिलीकरण किया जाएगा। इससे परिषदीय व कस्तूरबा विद्यालयों में शिक्षक व छात्रों की उपस्थिति पर नजर रखने के साथ ही सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

हालांकि प्रदेश के सात जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर इसे लागू करने के बाद शिक्षकों ने विरोध किया था। अब इसे नए सत्र से पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा। इसके लिए जिले में भी टैबलेट वितरित किए जा चुके हैं। प्रेरणा एप के जरिये व्यवस्थाएं सुचारू करने के लिए परियोजना कार्यालय से अहम दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। नए शैक्षणिक सत्र एक अप्रैल से व्यवस्था पूरी तरह से प्रभावी होगी।

### एक अप्रैल से बदलेगी समय सारिणी

परिषदीय विद्यालयों में एक अप्रैल से 30 सितंबर तक सुबह आठ से नौ बजे विद्यार्थी की उपस्थिति दर्ज कराई जाएगी। मध्याह्न भोजन के लिए 12 बजे का समय दिया गया है। एक अक्तूबर से 31 मार्च के बीच नौ से दस बजे के बीच छात्र अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। डेढ़ बजे के बीच मध्याहन भोजन की सूचनाएं अपडेट करनी होंगी।

### सभी पंजिका होंगी ऑनलाइन

शासन के निर्देश पर सभी पंजिका ऑनलाइन की जाएंगी। शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज होगी। इससे परिषदीय विद्यालयों में पठन-पाठन को बेहतर बनाने के साथ ही सरकारी योजनाओं को लागू करने में मदद मिलेगी। इससे पूरी तरह से लागू कराया जा रहा है।

### हाजिरी के लिए 15 मिनट का मिलेगा समय

अधिकारियों ने बताया कि एक अप्रैल से 30 सितंबर तक सुबह 7 से 8 बजे आने और दोपहर 2 बजे जाने की उपस्थिति दर्ज करानी होगी। एक अक्तूबर से 31 मार्च तक सुबह 8 से 9 बजे आने और दोपहर 3 बजे जाने की उपस्थिति दर्ज कराएंगे। इसके बाद विद्यालय आने पर गैरहाजिर माने जाएंगे।

# बाइक सवार बदमाशों ने दंपती से एक लाख लूटे, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार:** कानपुर-इटावा हाईवे पर बारा टोल प्लाजा के पास बदमाशों ने बाइक सवार दंपती व उनकी बेटी को झपट्टा मार कर गिरा दिया और रुपयों भरा बैग छीनकर फरार हो गए। पुलिस ने तीनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। लूट की रिपोर्ट दर्ज हुई है।

अकबरपुर में स्वास्थ्य केंद्र के पास रहने वाले धर्मेंद्र सिंह गुरुवार रात पत्नी मिथलेश व बेटी रिया के साथ बाइक से अपने गांव चिराना रनियां जा रहे थे। बारा टोल के आगे बाइक सवार लुटेरों ने ओवरटेक कर उन्हें रोकने के साथ दूसरी बाइक से आए बदमाश ने बेटी व पत्नी को धक्का देकर गिरा दिया। इसके बाद उनके हाथ से रुपयों वाला बैग छीनकर बदमाश भाग निकले। धर्मेंद्र ने बताया की बैग में एक लाख रुपए थे, जो 17 फरवरी को बेटी रागिनी की शादी के इंतजाम के लिए खेत बेच कर जुटाए थे। रनियां थाना प्रभारी महेंद्र सिंह ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश की जा रही है।

# फुट ओवरब्रिज के लिए टीम ने किया सर्वे

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचार।** नगर पंचायत रनियां में फुटओवर ब्रिज बनाने की कवायद शुरू हो गई है। शुक्रवार को एनएचएआई और राजस्व टीम ने सर्वे किया है। जगह की तलाश की जा रही है।

रनियां हाईवे के दोनो ओर बसा हुआ है। लोगो को हाईवे से इधर से उधर आने जाने के लिए कैच बैरियर फांद कर जाना पड़ता है। हाईवे पार करने के दौरान कई लोगो की जाने जा चुकी है। स्थानीय लोगो ने रनियां में ओवरब्रिज के निर्माण के लिए शासन को पत्र भेजा था।



फुट ओवरब्रिज बनाने के लिए जमीन देखते एसडीएम एके सिंह। अमृत विचार

इसके बाद रनियां में एनएचएआई की ओर से कई बार सर्वे हुआ है। हाईवे के दोनो ओर अतिक्रमण होने के कारण जगह नहीं मिल सकी। ओवरब्रिज बनने की कवायद सात वर्षो से चल रही है। पिछले दो दिनों से एनएचएआई व राजस्व की टीम हाईवे का निरीक्षण कर रही है। अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमण हटाने के लिए निर्देशित कर रहे है। शुक्रवार को सदर एसडीएम एके सिंह, तहसीलदार रणविजय सिंह, लेखपाल प्रदीप गौड़, एनएचएआई के अधिकारी शिवम सिंह ने रनियां ने ओवरब्रिज के स्थान पर फुट ओवरब्रिज के निर्माण के लिए जगह की तलाश की। आबादी से एक किलो मीटर जगह की तलाश की है। एनएचएआई के अधिकारी शिवम सिंह ने बताया कि ओवरब्रिज के लिए अतिक्रमण का हटना जरूरी है। बताया कि जब तक हाईवे के दोनो ओर अतिक्रमण नहीं हटेगा। ओवरब्रिज नही बन सकता है।

पुरस्कार बांटे गए

चेतना पार्क को इको टूरिज्म घोषित कराने के लिए वन विभाग जल्द ही प्रदेश शासन को भेजेगा प्रस्ताव

# वेटलैंड्स जंतु ही नहीं, पौधों के लिए समृद्ध तंत्र : डीएम

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचार:** इंदिरा गांधी वन चेतना पार्क में शुक्रवार को वर्ल्ड वेटलैंड डे मनाया गया। जिलाधिकारी और डीफओ ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। दोनों अधिकारियों ने लोगों को इसका महत्व बताया और बच्चों को पुरस्कार भेंट किए।

मैथा तहसील क्षेत्र के औनाहा वन चेतना पार्क में शुक्रवार को वर्ल्ड वेटलैंड डे के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी आलोक सिंह और डीएफओ एके द्विवेदी ने दीप प्रज्ज्वलित कर बच्चों के कार्यक्रम को देखा। उन्होंने इसके महत्व को बताते हुए कहा कि फरवरी माह की दो तारीख को विश्व आर्द्रभूमि दिवस यानी वर्ल्ड वेटलैंड डे के रूप में मनाया जाता है। पहली बार यह 1997 में मनाया गया था। वेटलैंड पानी को प्रदूषण मुक्त बनाए रखने का काम करती है।



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते डीएम आलोक सिंह। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि वेटलैंड्स जंतु ही नहीं, बल्कि पौधों के लिए भी एक समृद्ध तंत्र है, जहां कई उपयोग वनस्पतियां और औषधीय पौधे प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। इनका इस्तेमाल कई आवश्यक चीजों में किया जाता है। वेटलैंड यानी नम भूमि या आद्रभूमि का वह हिस्सा है, जहां पानी और भूमि आपस में मिलते हैं। उसे वेटलैंड कहा जाता है। वेटलैंड डे का इतिहास नदियों, झीलों, तालाबों आदि की खराब होती स्थिति को देखते हुए 2 फरवरी 1971 में ईरान के रामसर में वेटलैंड कन्वेंशन को अपनाया गया था। रामसर स्थल ऐसे वेटलैंड्स हैं, जिन्हें अंतरराष्ट्रीय महत्व प्राप्त हैं।

इस मौके पर डीएफओ ने बताया की ऐसी जमीन जो सालभर या साल के ज्यादातर महीने जल से भरी रहती है। वेट लैंड या आर्द्रभूमि की मिट्टी किसी झील, नदी, तालाब के किनारे का वह हिस्सा है, जहां बहुत ज्यादा मात्रा में नमी पाई जाती है। कानपुर देहात में मघई झील और इटैली झील के किनारे स्थित इंद्रा गांधी वन चेतना पार्क को इको टूरिज्म घोषित करवाने के लिए वह शासन को प्रस्ताव भेजेंगे।



कार्यकम्र के दौरान बच्चों ने अपने हुनर का जलवा बिखेरा। अमृत विचार

उप प्रभागीय वनाधिकारी अमित सिंह ने विश्व वेटलैण्ड दिवस एवं वर्ल्ड फेस्टिवल के बारे में छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित जन सामान्य से जल संरक्षण एवं वन्यजीवों के संरक्षण करने हेतु अपील की। कार्यक्रम के मुख्य संचालक नवीन दीक्षित एवं अर्चना मिश्र एवं विभिन्न विद्यालयों के अध्यापक तथा मीडिया के बन्धू उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वन विभाग की ओर से समस्त क्षेत्रीय वन अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अपनी सहभागिता सुनिश्चित की गई।

# कंपोजिट ग्रांट से संवरेंगे विद्यालय

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार:** बेसिक के स्कूलों को सजाने-संवारने के लिए सरकार ने कंपोजिट ग्रांट दे दी है। कंपोजिट ग्रांट किन कामों पर खर्च की जा सकती है यह पहले से ही निर्धारित है। वहीं इस बार शिक्षक मोबाइल सिम रिचार्ज के लिए इस ग्रांट से 1500 रुपये प्रति मोबाइल तक खर्च कर सकते हैं। कंपोजिट ग्रांट स्कूलों में छात्र-छात्राओं की संख्या के अनुसार दी गई है। जनपद को कंपोजिट ग्रांट की 50 फीसदी 6 करोड़ 28 लाख 55 हजार रुपए की धनराशि दी गई है।

बेसिक के स्कूलों को सजाने संवारने के लिए हर साल छात्र संख्या के अनुसार स्कूलों को कंपोजिट ग्रांट दी जाती है। जिले के 1913 परिषदीय स्कूलों में कंपोजिट ग्रांट के लिए 6 करोड़ 28 लाख 55 हजार रुपये दिए गए हैं। इस ग्रांट में से 10 प्रतिशत धनराशि स्कूलों की स्वच्छता एवं स्वास्थ्य पर खर्च की जाएगी। इसमें टायलेट क्लीनर, साबुन, झाड़ू, फिनायल, दवाइयां आदि खरीदा जा सकेगा। वहीं शौचालय में टूट फूट की रिपेयरिंग भी कराई जा सकती है। फर्स्ट एड बाक्स, अग्निशमन यंत्रों की रिफलिंग सहित अन्य उपकरण खरीदे जा सकते हैं।

स्कूलों की रंगाई पुताई, दरवाजे खिड़कियों व ग्रिल की पेंटिंग कराई जाएगी। इसके अलावा स्मार्ट क्लास को लेकर उपकरण खरीदे जा सकते हैं। जारी आदेश में यह भी कहा गया है कि अगर पिछले साल की धनराशि शेष है तो वह भी इस साल की धनराशि के साथ खर्च कर सकते हैं। सभी खर्चों के बिल बाउचर तैयार करके प्रेरणा पोर्टल पर दर्ज कराना होगा। साथ ही वित्तीय एवं भौतिक प्रगति रिपोर्ट पीएमएस पोर्टल पर अपलोड करनी होगी।

बीएसए रिद्धी पाण्डेय ने बताया कि परिषदीय स्कूलों को टेबलेट्स दिए गए हैं। टैबलेट संचालन के लिए सिम व रिचार्ज के लिए धनराशि कंपोजिट ग्रांट से खर्च की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि जारी आदेश के अनुसार एक टैबलेट के लिए मार्च तक के लिए 1500 रुपये खर्च किए जा सकते हैं। वहीं जहां दो टेबलेट हैं वहां तीन हजार रुपये खर्च किए जा सकते हैं। यह धनराशि मार्च तक के लिए दी गई है। सिम की खरीद स्थानीय कनेक्टिविटी के अनुसार की जाएगी। बताते चलें कि ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर टेबलेट मिलने के बाद शिक्षक डाटा व सिम की मांग कर रहे थे। कंपोजिट ग्रांट में इसकी व्यवस्था की गई है। वित्त एवं लेखाधिकारी आशुतोष त्रिपाठी ने बताया कि कंपोजिट ग्रांट की 50 फीसदी धनराशि मिल गई है। तीन दिन में खातों में धनराशि भेज दी जाएगी।

### इस आधार पर मिलती ग्रांट

- 1 से 30 तक 10 हजार
- 31 से 100 तक 25 हजार
- 101 से 250 तक 50 हजार
- 251 से 1000 तक 75 हजार

### किस स्कूल को कितनी ग्रांट

जनपद के 148 स्कूलों को दस हजार रुपये, 1133 स्कूलों को 25 हजार रुपये, 574 स्कूलों को 50 हजार रुपये, 58 स्कूलों को 75 हजार रुपये की दर से कुल 1913 स्कूलों को 6 करोड़ 28 लाख 55 हजार रुपये की धनराशि भेजी गई है।

## एक नजर

### 25 हजार का इनामी हत्यारोपी गिरफ्तार

**कानपुर।** जूही परमपुरवा निवासी हिस्ट्रीशीटर और हत्याकांड में फरार 25 हजार के हत्यारोपी को क्राइम ब्रांच व जूही पुलिस ने गिरफ्तार किया। जूही, परमपुरवा निवासी हिस्ट्रीशीटर शालू को पांच अक्टूबर 2022 को उसके साथियों ने घर से उठाने के बाद पीट-पीट कर हत्या कर दी थी। इसके बाद शव रावतपुर स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया था। परिजनों ने 10 लोगों के खिलाफ जूही थाने में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस नौ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। मामले में आरोपी फजलगंज, दर्शनपुरवा निवासी आशीष मसीह फरार था। शुक्रवार को क्राइम ब्रांच प्रभारी जनार्दन सिंह व जूही पुलिस ने आशीष को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### बंद मकान से लाखों का माल किया पार

**कानपुर।** खाड़ेपुर, बजरंग विहार में चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाकर लाखों का माल पार कर दिया। पड़ोसियों ने गेट खुला देख मकान मालिक को जानकारी दी। पीड़ित ने बर्रा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बर्रा थानाक्षेत्र के बजरंग विहार निवासी सुनील कुमार त्रिपाठी परिवार के साथ मुंबई में रहते हैं। सुनील ने बताया कि 26 जनवरी को पड़ोसियों ने चोरी की जानकारी दी। पता चला कि कमरे व अलमारियों के लॉक टूटे पड़े थे। सुनील 28 जनवरी को मुंबई से घर आए तो पता चला कि दो अंगूठियां, चेन, चांदी के जेवरात, एलईडी टीवी, इनवर्टर, बैट्री, कपड़े समेत पांच हजार नकदी चोरों ने पार कर दी थी। बर्रा इंस्पेक्टर दिनेश सिंह बिष्ट ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# सरकारी नौकरी लगी तो प्रेमी शादी से मुकर गया, प्रेमिका ने दे दी जान

## परिजनों का आरोप, लड़के के जीजा ने घर में घुसकर माता पिता को किया था बेइज्जत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- तीन साल से प्रेम संबंध थे युवक-युवती में
- शिवली के ग्राम बढ़ईपुरवा का निवासी है परिवार

**अमृत विचार।** सरकारी नौकरी लगते ही युवक ने प्रेमिका से शादी करने से इन्कार कर दिया। लड़के और उसके जीजा ने अपनी हैसियत का हवाला देकर माता-पिता की जमकर बेइज्जती की। जिससे दुखी होकर युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह जिला पंचायत सदस्य की भतीजी थी।



संध्या पाल।

कानपुर देहात के थाना शिवली के ग्राम बढ़ईपुरवा निवासी राजमिस्त्री अरविंद पाल अपनी पत्नी राजन देवी, बेटी संध्या और बेटे संदीप के साथ हनुमंत विहार थानाक्षेत्र में संजय गांधी नगर में रहते हैं। इकलौती बेटी 21 वर्षीय संध्या प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही है। संध्या का पिछले तीन वर्षों से फतेहपुर के थाना जहानाबाद के ग्राम बेहटा गांव निवासी विवेक पाल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। उसने शादी का वादा किया था। तब विवेक की नौकरी नहीं लगी थी।



रोती बिलखती संध्या की मां राजन देवी। अमृत विचार

विवेक उनके पड़ोसी श्यामपाल का साला है। उन लोगों को कुछ महीने पहले दोनों के प्रेम प्रसंग के बारे में जानकारी हुई।

एक वर्ष पूर्व विवेक की एनटीपीसी में नौकरी लग गई थी। आरोप लगाया कि उसके बाद से विवेक का रुख बदल गया। पिता अरविंद पाल ने बताया कि 21 जनवरी को श्यामपाल घर आया और बेटी संध्या की शादी विवेक से करने की बात भूल जाने को कहा। आरोप है कि विवेक और श्यामपाल ने दहेज में 35 लाख से ज्यादा मांगा। संध्या के परिजनों ने इतनी क्षमता न होने की बात कही तो आरोप है इस पर श्यामपाल ने माता पिता को गालीगलौज कर बेइज्जत किया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया है। भाई संदीप ने आरोप लगाया कि तीन वर्ष तक विवेक बहन का शारीरिक शोषण भी करता रहा। लेकिन जब शादी करने की बात आई तो वह मुकर गया। भाई के अनुसार शादी तोड़ने और माता-पिता की बेइज्जती से बहन काफी दिन से अवसाद में चल रही थी। गुरुवार शाम संध्या घर में अकेली थी तभी उसने दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। संध्या के चाचा ज्ञान सिंह पाल जगनपुर रूरा कानपुर देहात से जिला पंचायत सदस्य हैं। हनुमंत विहार पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ मामले की जांच की। घटना के बाद मां राजन देवी बदहवास हो गईं। इस संबंध में थाना प्रभारी उदय प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की जांच कर एफआईआर दर्ज की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग की पुष्टि हुई है।

### रिंग सेरेमनी की भी चर्चा

परिजनों में चर्चा थी कि दोनों ने कुछ लोगों की मौजूदगी में रिंग सेरेमनी भी की थी। इस सारी बातों की जानकारी परिजनों को चार महीने पहले हुई थी। परिजनों को कुछ फोटो संध्या के मोबाइल में मिले थे। परिजनों ने बताया कि विवेक की नौकरी लगने के बाद उसने शादी न करने का मन बना लिया। उसके जीजा श्यामपाल ने उसे और भड़का दिया।

# मार्शल व ट्रैफिक पुलिस तैनात होंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नौबस्ता-हमीरपुर हाईवे का जाम खत्म करने की कवायद
- एसीपी ट्रैफिक ने निरीक्षण करके बनाई व्यवस्था

**अमृत विचार।** नौबस्ता-हमीरपुर हाईवे पर जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए 34 मेट्रो मार्शल व 14 ट्रैफिक पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। हाईवे पर ट्रकों को खड़ा कर सोने वाले ड्राइवरों को जगाने की ड्यूटी भी इनकी ही होगी, जिससे हाईवे पर जाम न लग सके। साथ ही अगर हाईवे पर कोई ट्रक खराब हुआ तो उसे हटाने के लिए मेट्रो हाइड्रा उपलब्ध कराएगा।

नौबस्ता-हमीरपुर हाईवे पर मेट्रो निर्माण कार्य के कारण लोगों को भारी जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। नौबस्ता बाईपास से गल्लामंडी तक रोजाना थोड़ी-थोड़ी देर में वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। इससे निजात दिलाने के लिए शुक्रवार को एसीपी ट्रैफिक सृष्टि सिंह ने मेट्रो अधिकारियों के साथ हाईवे का निरीक्षण किया। निरीक्षण में बताया गया कि हाईवे पर जाम की प्रमुख समस्या सुबह व शाम के समय होती है। देर रात ट्रैफिक लोड कम होने पर ट्रक चालक हाईवे किनारे वाहन खड़ा कर सो जाते हैं, जिससे सुबह हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। इसके साथ ही कई बार वाहनों के खराब होने से भी राहगीरों को जाम की समस्या से रूबरू होना पड़ता है। इसके साथ ही हाईवे से जुड़ी लिंक रोड से आने वाले ट्रैफिक के कारण भी हाईवे पर जाम लग जाता है। जाम से निपटारे के लिए हाईवे पर लिंक रोड वाले पांच स्थानों को चिह्नित किया गया है। प्रत्येक चिह्नित स्थानों पर ट्रैफिक पुलिसकर्मियों, होमगार्डों के साथ मेट्रो मार्शलों की भी तैनाती की जाएगी। इसके साथ ही हाईवे किनारे खड़े ट्रकों को हटाने के लिए मेट्रो मार्शलों व दो शिफ्ट में चार ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाएगी। मेट्रो मार्शलों को बाइक व लाउड हेलर के साथ पेट्रोलिंग करेंगे और ट्रक खराब होने की स्थिति में मेट्रो से संपर्क कर हाइड्रा लेकर खराब वाहन को हाईवे से किनारे करेंगें।



नौबस्ता-हमीरपुर हाईवे का निरीक्षण करतीं एसीपी ट्रैफिक। अमृत विचार

> 34 मेट्रो मार्शल व 14 ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की हाईवे पर तैनाती की गई है। साथ ही मेट्रो मार्शल व दो शिफ्ट में ट्रैफिक पुलिसकर्मी हाईवे पर पेट्रोलिंग करेंगे। सभी मार्शल व ट्रैफिक पुलिसकर्मी नौबस्ता टीएसआई को रिपोर्ट करेंगे। नौबस्ता टीएसआई हाईवे की मॉनिटरिंग करेंगें। -सृष्टि सिंह, एसीपी ट्रैफिक

# युवती का अश्लील वीडियो किया वायरल, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हनुमंत विहार थाना क्षेत्र का मामला

**अमृत विचार।** युवती से रेप व वीडियो वायरल करने के आरोप में जेल गए युवक ने जेल से आने के बाद एक बार फिर फर्जी आईडी बनाकर अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। युवती के पिता ने एडीसीपी साउथ से शिकायत की। आरोपी के खिलाफ हनुमंत विहार थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई।

हनुमंत विहार निवासी युवती के पिता ने बताया कि हनुमंत विहार निवासी अर्पित पांडेय ने 27 दिसंबर 2022 को उनकी बेटी के साथ रेप किया। इस दौरान आरोपी ने उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। घटना के बाद आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने उसे जेल भेजा था। बीते आठ दिसंबर को अर्पित जेल से छूट कर आया था। इसके बाद उसने बेटी के नाम से इंस्टाग्राम आईडी बनाकर अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए और फोन कर धमकी भी दी। हनुमंत विहार थाना प्रभारी उदय प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी जेल से जमानत पर रिहा होने के बाद मुंबई चला गया है। वहीं से वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर रहा है। रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

# पुराने मतों की समीक्षा कर भाजपाई बनाएं चुनाव में जीत की रणनीति

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भाजपा उत्तर जिले के सभी 14 मंडलों में शुक्रवार को गांव चलो अभियान की कार्यशालाएं हुईं। रायपुरवा मंडल की कार्यशाला माथुर वैश्य धर्मशाला देव नगर में हुई। मंडल अध्यक्ष गौरव पांडेय की अध्यक्षता में हुई बैठक में जिला अध्यक्ष दीपू पांडेय ने कहा कि सभी बूथ अध्यक्षों को बूथ समिति की बैठक पन्ना प्रमुखों के साथ करनी है।

इस दौरान मतदाता सूची को वाचन कर हर मतदाता के घर पहुंचकर सम्पर्क संवाद करना है। विगत चुनाव मे बूथ पर पड़े मतों की समीक्षा करनी है, और इस चुनाव से अधिक मत मिले इसकी योजना बनानी है।





बैठक को संबोधित करते भाजपा उत्तर जिलाध्यक्ष दीपू पांडेय। अमृत विचार

- 14 मंडलों में गांव चलो अभियान की कार्यशालाएं

दीपू पांडेय ने कहाकि सभी मतदाताओं के घर जाकर उनको नमो एप को भी डाउनलोड कराना है। और भारत एम्बेसडर अभियान की जानकारी भी देना है। क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने कहा की बूथ प्रवास के समय लाभार्थी सूची लेकर उनसे सम्पर्क करें और मोदी जी कार्यकाल पर उसके घर पर चाय के साथ विस्तार से चर्चा करें।

कार्यशाला में प्रमुख रूप से आनंद मिश्रा कपिल गुप्ता, राम अवतार सेंगर, सह मीडिया प्रभारी अंकित बाजपेई, वीरेंद्र श्रीवास्तव, अंकित मिश्रा, प्रशांत पाल, वाच्य त्रिपाठी, सुमित पाव, दीपक शुक्ला, अभिमन्यु सक्सेना, करण यादव, योगेश पांडे, रमाशंकर अग्रहरि, वैभव खंडेलवाल, राजेश जोशी, चंचल सिंह भदौरिया आदि रहे।

## गांवों में रात बिताएंगे सांसद, विधायक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भाजपा गांव-गांव पहुंचकर पार्टी का जनाधार बढ़ाएगी। पार्टी गांव चलो अभियान के तहत 4 से 11 फरवरी तक गांव गांव और शहरी क्षेत्र में बूथों पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराएगी। जनप्रतिनिधि और संगठन के पदाधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों में किसी न किसी एक गांव और शहरी क्षेत्रों में बूथों पर रात्रि विश्राम करेंगे। किसानों के बीच अपनी पहुंचे और पैठ बढाने के लिए भाजपा गांवों में प्रवास करेगी। शुक्रवार को भाजपा दक्षिण जिले के सभी मंडलों में गांव चलो अभियान की मण्डल कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने कहा कि अभियान के दौरान सांसद, विधायक, प्रदेश सरकार के मंत्री, विधान परिषद सदस्य, जिला पंचायत अध्यक्ष, महापौर सहित पार्टी के सभी प्रदेश, क्षेत्रीय, जिला एवं मंडल पदाधिकारी, मोर्चा पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता किसी न किसी गांव में 24 घंटे प्रवास करेंगे। शहरी क्षेत्र में बूथ स्तर पर प्रवासी कार्यकर्ता प्रवास करेंगे। इस मौके पर राम बहादुर यादव, विनोद मिश्रा जसविंदर सिंह, विनय मिश्रा, राकेश तिवारी, मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी, राजन चौहान, गणेश शुक्ला, अर्जुन बेरिया, बीडी राय एवं गौरव तिवारी, सन्नी जायसवाल, सहित सभी मंडल अध्यक्ष मौजूद रहे।

# सैनिक कल्याण निगम आफिस में हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सेवानिवृत्त फौजी ने बंदूक तानने की बात कही
- कर्मचारियों ने पिस्टल दिखा धमकाने का आरोप लगाया

**अमृत विचार।** रावतपुर थानाक्षेत्र के विकास नगर में उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक कल्याण निगम के कार्यालय में जमकर हंगामा हुआ। शुक्रवार दोपहर बाद नौकरी लेने के लिए पहुंचे एक सेवानिवृत्त फौजी ने कार्यालय में मौजूद स्टॉफ पर बंधक बनाकर अभद्रता करने का आरोप लगाकर बंदूक तानने की बात कही।

वहीं कार्यालय के कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त फौजी पर पिस्टल दिखाकर धमकाने की बात कही। दोनों पक्षों में जमकर हंगामा हुआ तो पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले आई। दोनों पक्षों ने देर शाम चौकी में तहरीर दी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद कार्रवाई की बात कह रही है।

विकास नगर में उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक कल्याण निगम का क्षेत्रीय कार्यालय स्थित है। जहां सेवानिवृत्त फौजियों के लिए नौकरी दिलाने में मदद की जाती है। चकेरी के बंगाली कॉलोनी निवासी सेवानिवृत्त सूबेदार गोविंद सिंह ने 21 अक्टूबर 2022 को कार्यालय में रजिस्ट्रेशन कराया था।

शुक्रवार को गोविंद सिंह उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक कल्याण निगम के कार्यालय पहुंचे और नौकरी न देने का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे। पुलिस पहुंची तो गोविंद सिंह ने पुलिस को बताया कि उसे छह बार बुलाया गया लेकिन उसे नौकरी नहीं दी गई। आरोप लगाया कि यहां खास और सांठगांठ वालों को नौकरी आसानी से मिल जाती है। वहीं कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि केस्को में टेक्निकल पद पर नौकरी निकली थी, जबकि गोविंद सिंह नॉन टेक्निकल रहे हैं। गोविंद सिंह ने बंधक बनाकर मारपीट का आरोप लगाते हुए बंदूक दिखाकर धमकी देने की बात कही। इस संबंध में रावतपुर इंस्पेक्टर अशोक कुमार सरोज ने बताया कि दोनों पक्षों ने आरोप लगाया है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# एग्रीमेंट जल्द, 10 दिन में आ जाएगी कंसल्टेंट कंपनी भी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गोल चौराहा से रामादेवी तक 10.85 किलोमीटर लंबी एलिवेटेड रोड निर्माण के लिए चयनित की गई हैदराबाद की कंसल्टेंट कंपनी का एग्रीमेंट अंतिम चरण पर है। कंसल्टेंट कंपनी के 10 दिनों के भीतर एलिवेटेड रोड के सर्वे करने आने वाली है। कंपनी एलिवेटेड रोड गुजरने वाले स्थानों का निरीक्षण कर बाधाओं को दूर कर डीपीआर तैयार करेगी।

शहर के बीच से निकल रही जीटी रोड पर अनवरगंज से मंधना तक 18 रेलवे क्रॉसिंग हैं। जिससे लोगों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। शहर के बीचों-बीच जाम को खत्म करने के लिए पीडब्ल्यूडी एनएच (राष्ट्रीय राजमार्ग) ने गोल चौराहा से रामादेवी तक एलीवेटेड रोड बनाये जाने की योजना तैयार की थी। केंद्र सरकार ने केंद्रीय बजट 2022 के तहत एलिवेटेड सड़क के निर्माण के लिए 1000 करोड़ का बजट आवंटित किया था। सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने इसका शिलान्यास भी कर दिया था। जिलाधिकारी विशाख जी अय्यर ने एलिवेटेड रोड के प्रस्ताव को वित्तीय वर्ष 2022-23 की कार्य योजना में शामिल करने के लिए पीडब्ल्यूडी मुख्यालय को प्रस्ताव भेजा था। जिसके बाद एलिवेटेड रोड की डीपीआर तैयार करने के लिए टेंडर प्रक्रिया की शुरूआत की थी। हैदराबाद की हेक्सा कंपनी को डीपीआर तैयार करने के लिए दिल्ली मुख्यालय से चयन किया गया था। दिल्ली मुख्यालय में कंपनी की एग्रीमेंट प्रक्रिया अंतिम चरण में है। एग्रीमेंट होते ही करीब 10 दिनों के भीतर कंपनी शहर आने वाली है। कंसल्टेंट टीम शहर में एलिवेटेड रोड गुजरने वाले स्थानों का सर्वेक्षण करेगी। देखेगी कि किन स्थानों पर पर्याप्त जगह है और कहां जगह की आवश्यकता है।



एलिवेटेड रोड बनने से जाम से मिलेगी निजात। अमृत विचार

- गोल चौराहे से रामादेवी तक एलिवेटेड रोड निर्माण
- हैदराबाद की कंसल्टेंट कंपनी का किया गया है चयन
- एलिवेटेड रोड के गुजरने वाले स्थानों का होगा सर्वे

> कंसल्टेंट कंपनी के एग्रीमेंट की कार्रवाई लगभग अंतिम चरण में है। 10 दिनों के भीतर कंसल्टेंट टीम के शहर आने की संभावना है। टीम के आते ही एलिवेटेड रोड के कार्य में तेजी लाई जाएगी।
> -अरुण कुमार जयंत, अधिशासी अभियंता, पीडब्ल्यूडी (एनएच)

**लापरवाही** अस्थायी तौर पर क्लीनिक चालू की गई, एक चिकित्सक-फार्मासिस्ट को अतिरिक्त चार्ज

# आधुनिक पॉली क्लीनिक को अभी करें और इंतजार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पॉली क्लीनिक रावतपुर के चालू होने में अभी स्टाफ की अड़चनें बरकरार हैं। आधुनिक पॉली क्लीनिक बनकर तैयार है, मगर शासन से अभी पशु चिकित्सकों समेत अन्य स्टाफ की तैनाती नहीं हुई है। जिस कारण अस्थायी तौर पर क्लीनिक को चालू किया गया है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि शासन को डॉक्टरों की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव भेजा है। जल्द पॉली क्लीनिक को विधिवत चालू कराया जाएगा।

रावतपुर में राज्य निर्माण संस्था ने करोड़ों की लागत से आधुनिक पॉली क्लीनिक तैयार किया है। जुलाई 2023 में विभाग ने इसे हस्तांतरित भी कर लिया है। सितंबर 2023 को पशु चिकित्सालय चालू होने की संभावना जताई जा रही थी, मगर शासन से चिकित्सकों की तैनाती न होने से अभी पॉली क्लीनिक का शुभारंभ लटका है।

फिलहाल अस्थायी रूप से पॉली क्लीनिक को चालू किया गया है। विजयनगर पशु चिकित्सालय के प्रभारी डा. नीरज सचान व फार्मासिस्ट सत्य प्रकाश को अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। उनकी देखरेख में बेजुबानों का इलाज किया जा रहा है। डा. नीरज सचान ने बताया अस्पताल भवन को खाली देखकर अराजक जमावड़ा लगाते थे, जिसे देखते हुए उन्हें भवन संरक्षक के रूप में यहां काम करने को कहा गया है।



पॉली क्लीनिक पूरी तरह शुरू नहीं हो सकी है।

- पशु चिकित्सकों की तैनाती के लिए शासन को भेजा पत्र
- सितंबर 2023 में पूरी तरह शुरू होनी थी

### स्टाफ होगा तैनात

आधुनिक पॉली क्लीनिक में एक सुपरिटेंडेंट, चार पशु चिकित्सक, एक फार्मासिस्ट, एक लैब तकनीशियन सहित चतुर्थ श्रेणी कर्मी तैनात किया जाएगा। यहां गाय, भैंस, बकरी, भेड़, मुर्गा, सुअर, कुत्ता, पक्षियों का इलाज हो सकेगा।

### एक्सरे-सीटी स्कैन भी

पॉली क्लीनिक में आधुनिक लैब में पशुओं के सभी रोगों की जांच होगी। पशु-पक्षियों का एक्सरे, सीटी स्कैन के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। बांझपन, कृत्रिम गर्भाधान, सीटी स्कैन, एक्सरे, अल्ट्रा सोनोग्राफी, ऑपरेशन के लिए रावतपुर स्थित आधुनिक पॉली क्लीनिक परिपूर्ण होगा। जरूरत पर यहां पशुओं को भर्ती भी किया जा सकेगा।

### फार्मासिस्ट नहीं होने से संकट

विजयनगर पशु चिकित्सालय के फार्मासिस्ट सत्य प्रकाश के पास नवाबगंज का अतिरिक्त चार्ज है। इसी तरह कई चिकित्सक भी अतिरिक्त चार्ज पर हैं। उन्होंने बताया कि नगर में 32 पशु चिकित्सालय हैं। जहां पर सिर्फ 16 फार्मासिस्टों की तैनाती है।

# मनमानी खोदाई, पाइप तोड़ दिया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हैलट का मामला, जलकल ठेकेदार पर दर्ज होगा मुकदमा
- मेडिकल कॉलेज प्राचार्य ने निरीक्षण में जताया गुस्सा

**अमृत विचार।** हैलट अस्पताल में पाइप लाइन डालने के लिए जलकल विभाग के ठेकेदार अनस ने बाल रोग अस्पताल से लेकर इमरजेंसी तक मनमाने तरीके से सड़क खोद दी। नाराज प्राचार्य ने एफआईआर दर्ज कराने की बात कही है।

खोदाई के दौरान हैलट में पहले से लगे पाइप को ठेकेदार ने तोड़ दिया और उनको जोड़ने के बजाये ऐसे ही टूटा छोड़ दिया, जिस वजह से हैलट परिसर में कुछ जगहों पर जलभराव व पानी की समस्या हो गई है। अपनी यह करतूत छिपाने के लिए ठेकेदार ने गड्ढे को गलत तरीके से भरकर ऊपर से सीमेंट लगा दी, जिस वजह से एंबुलेंस, कार आदि वाहन उस गड्ढे में फंस भी सकते हैं। शुक्रवार को हैलट इमरजेंसी का मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला व प्रमुख अधीक्षक डॉ.आरके सिंह ने निरीक्षण किया तो ठेकेदार की करतूत सामने आई।

प्राचार्य ने घटिया निर्माण व जगह-जगह पाइप तोड़कर छोड़ देने पर नाराजगी जाहिर की। प्राचार्य के मुताबिक ठेकेदार ने हैलट परिसर में गलत तरीके से पाइप लाइन डाली है। जगह-जगह लगे हैलट के पाइपों को तोड़ भी दिया है। बुलाने पर ठेकेदार मौके पर भी नहीं आया। इस बातों से नाराज प्राचार्य ने ईएमओ व पुलिस को बुला कर ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की बात कही है।



जलकल विभाग के कार्य का निरीक्षण करते प्राचार्य व प्रमुख अधीक्षक। अमृत विचार

# बदरी छाये देख अन्नदाता की बढ़ी धड़कन

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- सर्दी में आई कमी, बारिश हुई तो गेहूं को बड़ा फायदा
- कोहरे एवंभीषण सर्दी पड़ने से फसलों में लग रहा रोग

**अमृत विचार।** विकराल सर्दी के बाद एक बार फिर से मौसम में बदलाव दिख रहा है। आसमान में बदली छाने से धूप कमजोर पड़ गई है। हालांकि लगातार कई दिन से तेज धूप के कारण तापमान में काफी बढ़ोत्तरी हुई है। जिससे सर्दी में गिरावट आई है। बारिश की संभावना से फसलों में होने वाले नुकसान को देखते हुए किसानों की चिंता बढ़ गई है।

जनवरी माह में अत्यधिक सर्दी रही है। तापमान में गिरावट के साथ गलन और कोहरे में सुबह के वक्त लोगों का निकलना मुश्किल रहा है। पिछले सप्ताह से ही मौसम खुला है। कोहरा व गलन की वजह से फसलों को नुकसान की संभावना बढ़ गई थी, क्योंकि ज्यादातर रबी की फसलों में फूल आने का समय है। इधर कई दिन से तेज धूप के साथ मौसम खुलने के कारण फसलों को फायदा देख किसानों के चेहरे खिलने लगे थे। अब एक बार फिर मौसम में बदलाव देखने को मिला है। बादलों की वजह से धूप हल्की होने से अब बारिश की संभावना को देखते हुए किसानों की धड़कनें तेज हो गई हैं। आशंका है कि इस बीच बारिश हुई तो रबी की फसलों को नुकसान होगा। जिससे अन्नदाता की मेहनत में पानी फिर जाएगा।

### फसलों को धूप भी जरूरी

किसानों का कहना है कि तापमान बढ़ने की वजह से बारिश की संभावना रहती है। इस समय फसलों को धूप की बहुत ही जरूरत है। इस वक्त ज्यादातर फसलों में फूल के साथ दाना पड़ रहा है, लेकिन जिस तरह से तेज धूप के चलते तापमान में बढ़ोत्तरी हुई है, उससे मौसम बिगड़ने की संभावना है। अचानक तापमान में बढ़ोत्तरी के बाद बारिश हो सकती है।

### इनका होगा नुकसान

यदि बारिश हुई तो सरसों, चना, मसूर, मटर को कुछ नुकसान हो सकता है। गेहूं की फसल के लिए फायदा ही रहेगा। इस वर्ष अच्छी सर्दी पड़ने से गेहूं की फसल बेहतर है। फिलहाल अभी कोई नुकसान की संभावना नहीं है।

## गांधी चौराहे के पास मिला विक्षिप्त का शव

**बिंदकी।** बिन्दकी चौराहे के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव देखा गया तो लोगों में हडकंप मच गया। देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक मृतक विक्षिप्त था।

नगर के गांधी चौराहे में एक व्यक्ति (40) का शव देखा गया तो हड़कंप मच गया। मौके पर भारी भीड़ लग गई। वहीं सूचना मिलने पर कस्बा इंचार्ज नीरज कुशवाहा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# भामसं के महासचिव बने जयशंकर

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



नव मनोनीत पदाधिकारी का स्वागत किया गया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर के मुख्य डाकघर में शुक्रवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय मजदूर संघ की जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। संघ का जिला महासचिव के रूप में जयशंकर गुप्ता को मनोनीत किया गया। कर्मचारियों ने जहां उनका स्वागत करते हुए बधाई दी है, वहीं मनोनीत पदाधिकारी ने कर्मचारियों के हित में संघर्ष करने की बात कही गई।

भारतीय मजदूर संघ का जिला महासचिव जयशंकर गुप्ता के निर्वाचित होने पर प्रधान डाकघर में कर्मचारियों ने माल्यार्पण कर खुशी व्यक्त की एवं एक दूसरे को लड्डू खिलाकर मुंह मीठा कराया। इस मौके पर शत्रुघ्न लाल पोस्टमास्टर, राहुल सिंह खजांची, संजय मिश्रा, बीडी द्विवेदी, राजकुमार, सुनील कुमार श्रीवास्तव, गिरीश श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, धीरज कुमार, प्रणव पाठक, संदीप कुमार, कौशल, अवधेश सूर्यवंशी, शैलेन्द्र पाल, कन्हैया रस्तोगी, जावेद, हरिबल मिश्रा, मनोरमा सिंह, प्रदीप, इन्द्रभान सिंह, कुलदीप रस्तोगी सहित अन्य तमाम कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष का हुआ जोरदार अभिनंदन

**फतेहपुर।** सस्ता गला परिषद के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष दिनेश सिंह का जनपद में पहला आगमन हुआ। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि प्रदेश सह संगठन मंत्री भरत साहू भी रहे। वहीं खजुआ ब्लॉक अध्यक्ष भरत सिंह, शहर के कोटेदार अनिल साहू, गोलू पुरवार, सौरभ गुप्ता, पिंटू गुप्ता, केतन गुप्ता और सर्वेश कुमार सिंह, चंदन मौर्य समेत तमाम कोटेदारों ने उनका अभिनंदन असनी पुल पर किया।

### दामाद पर दर्ज कराई रिपोर्ट

**बिंदकी।** जाफरगंज थाना क्षेत्र के प्रतापपुर निवासी शिवलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बेटी रूबी की शादी दस साल पहले सदर कोतवाली के बरेठर बुजुर्ग गांव निवासी अमित के साथ हुआ था। वहीं आये दिन बेटी के साथ मारपीट करता है। गुरुवार की सुबह उसने बेटी के साथ मारपीट की जिससे वह घायल हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बाइकें भिड़ीं, एक घायल

**फतेहपुर।** ललौली थाना क्षेत्र के दतौली गांव निवासी सिद्ध गोपाल सिंह का पुत्र रवीन्द्र पाल सिंह बाइक से खेत जा रहा था। तभी सामने से तेज रफ्तार से आए दूसरी बाइक सवार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दिया। हादसे में रवीन्द्र पाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। एंबुलेंस के जरिए घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

# अब परिषदीय विद्यालयों में भी धूमधाम से मनेगा वार्षिकोत्सव

## परिषदीय विद्यालयों को कॉन्वेंट जैसा बनाने पर विभाग की तरफ से दिया जा रहा जोर

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर





- वार्षिकोत्सव के दिन ही स्कूल में होगी शिक्षक-अभिभावक मीटिंग

**अमृत विचार।** कॉन्वेंट स्कूलों की तर्ज पर अब परिषदीय विद्यालयों में भी वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जाएगा। उसी दिन शिक्षक-अभिभावक मीटिंग भी होगी। जिसमें अभिभावक अपने पाल्यों की शिक्षा को लेकर शिक्षकों से मंथन भी करेंगे। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम बड़े स्तर से सभी स्कूलों में मनाया जाएगा।

परिषदीय विद्यालयों को कॉन्वेंट जैसी तर्ज पर संचालन को बेसिक शिक्षा विभाग लगातार कदम बढ़ा रहा है। पहले स्कूलों का कायाकल्प और अब बेसिक शिक्षा विभाग ने एक और कदम आगे बढ़ाते हुए जिले के सभी परिषदीय विद्यालयों में हर साल वार्षिकोत्सव मनाने के निर्देश दिए हैं। बेसिक शिक्षा विभाग आरटीई के दाखिलों में बच्चों के नामांकन बढ़ाने, स्कूलों में उपस्थिति बढ़ाने, गृह कार्य और बच्चों के अधिगम स्तर में वृद्धि के उद्देश्य से रणनीति तैयार की है। विभाग ने जनवरी के चौथे सप्ताह में परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कंपोजिट और कस्तूरबा विद्यालयों में वार्षिकोत्सव मनाए जाने को कहा है। हालांकि कड़ाके की सर्दी और मौसम न खुलने के कारण स्कूलों के अवकाश के चलते जनवरी माह में वार्षिकोत्सव मनाना संभव नहीं हो सका। अब फरवरी माह की 7 तारीख से लेकर 9 फरवरी तक वार्षिकोत्सव और शिक्षक-अभिवावक मीटिंग का आयोजन किया जाएगा। वार्षिकोत्सव के जरिए बच्चों और अभिभावकों को शिक्षा की योजनाओं के बाबत भी कई जानकारियां दी जाएगी।

### पुरातन छात्रों को आमंत्रित करेंगे

परिषदीय विद्यालयों के वार्षिकोत्सव में अभिभावकों, पुरातन छात्रों, प्रतिनिधि पंचायत राज, अधिकारी ऑगनबाड़ी कार्यकत्री, स्थानीय प्रभावशाली व्यक्तियों आदि को भी आमंत्रित किया जाएगा। इससे कामयाब लोग बच्चों और अभिभावकों को अपने जीवन से जुड़े सुझाव साझा करेंगे।

### खेल को भी दिया जाएगा बढ़ावा

वार्षिकोत्सव में खेलकूद से संबंधित सामग्री की व्यवस्था की जाएगी। दौड़ प्रतियोगिता के लिए ट्रैक बनाए जाएंगे। इसके अलावा सांस्कृतिक व अन्य गतिविधियों संगीत, चित्रकला, कविता, कहानी, सृजनात्मक लेखन का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

### नामित किए जाएंगे नोडल

वार्षिकोत्सव और अभिभावक-अध्यापक बैठक की तिथियों का निर्धारण कर प्रत्येक विकास खंड के लिए अलग-अलग नोडल अधिकारियों को नामित किया जाएगा, जो वार्षिकोत्सव और बैठक कराने के लिए उत्तरदायी होंगे। नोडल अधिकारी विकास खंड के समस्त विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक कर योजना को बीएसए को उपलब्ध कराएंगे।

> जिले के समस्त परिषदीय विद्यालयों और कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में वार्षिकोत्सव मनाया जाएगा। इसके लिए 7 से 9 फरवरी तिथि निर्धारित की गई है।
>
> -पंकज यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी

## सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता बनने पर किया स्वागत

**फतेहपुर।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष जगदीश सिंह चौहान उर्फ जालिम सिंह एडवोकेट को पार्टी का राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोनीत किया है। शुक्रवार को समाजवादी अधिवक्ता सभा ने सिविल बार हाल में सम्मान कार्यक्रम किया। सपा जिलाध्यक्ष जगनायक सचान, सुरेन्द्र सिंह यादव, नगर पालिका चेयरमैन राजकुमार मौर्य, बार के पूर्व अध्यक्ष बलिराज उमराव, बाबू सिंह यादव समेत अधिवक्ता एवं सपाई रहे।

# आग जला कर सो रहे बुजुर्ग की जलकर मौत

संवाददाता औंग

- चारपाई के पास तसले में आग जलाकर सोया था बुजुर्ग, परिवार में कोहराम

**अमृत विचार।** चारपाई के पास तसले में आग जलाकर सोए एक बुजुर्ग की रात में जलकर मौत हो गई। सुबह घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मचा रहा। वहीं पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना क्षेत्र के शिवराजपुर के मजरे सगुनापुर निवासी नन्हें यादव पुत्र कल्लू यादव गांव में खेत किसानी करते थे। परिजनों ने बताया गुरूवार की शाम खेतों का काम निपटाकर वापस घर लौटे थे और खाना खाकर घर के पास मड़ैया में सो गए थे। सोने से पहले तसला में आग जलाकर चारपाई के पास रख दी थी और कम्बल ओढ़कर सो गए थे। सुबह जब परिजनों ने देखा तो वहां धुआं निकल रहा था। अन्दर देखा तो उनकी जलकर मौत हो चुकी

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें



## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, अमौली-फतेहपुर

पत्रांक- 2064/ राज्य वित्त/ पदहवाँ वित्त/2023-24/दिनांक- 30/-24

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत सामग्री आपूर्ति कर्ता फर्मो को सूचित किया जाता है कि राज्य वित/पद्रहचवॉ वित्त के अर्न्तगत क्षेत्र पंचायत अमौली फतेहपुर की निम्नलिखित स्वीकृत परियोजना पर प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कार्यवार सामग्री आपूर्ति हेतु निविदायें दिनांक 13.02.2024 को पूर्वान्ह 12: 00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है जो उसी दिन अपरान्ह 2: 00 बजे तक उपस्थिति सामग्री आपूर्ति कर्ता फर्म के प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी निविदा प्रपत्र दिनांक-12.02.2024 अपरान्ह 2: 00 बजे तक निर्धारित शुल्क जमाकर क्षेत्र पंचायत कार्यालय से कम किये जा सकते है निविदाओं के साथ 02 प्रतिशत जमानत की धनराशि किसी भी राष्ट्रीय बैंक की एफ0डी0आर0 एन0एस0सी0/के0वी0पी0 अथवा पोस्ट ऑफिस के पासबुक के माध्यम से खण्ड विकास अधिकारी अमौली के पक्ष में बन्धक कर संलग्न करना अनिवार्य होगा सशर्त टेण्डर मान्य न होगें विभाग के सक्षम अधिकारी को बिना कारण बताये किसी भी निविदाओं को अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार होगा प्रस्तावति कार्यो का विवरण निम्नवत् है।

| क्र0 सं0 | ग्राम पंचायत का नाम | कार्य का विवरण स्थल सहित | सामग्री की लागत लाख रू0 में | जमानत धनराशि रू0 में | आपूर्ति की जाने वाली सामग्री | सामग्री की आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुन्देरामपुर | कुन्देरामपुर में रामचन्द्र वर्मा के घर से ओमकार वर्मा के घर तक सी0सी0) रोड निर्माण | 6.55 | 13100 | प्राक्कलन के अनुसार | 6 माह |

निविदा फार्म शर्ते एवं विवरण की जानकारी हेतु 500 / रू0 के बैंक ड्राफ्ट को खण्ड विकास अधिकारी अमौली फतेहपुर के नाम राष्ट्रीयकृत बैंक से देय हो अथवा नगद कार्यालय में जमा कराकर दिनांक 12.02.2024 तक निर्धारित कार्यालय समीप अपरान्ह 2: 00 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं।

**अवर अभियन्ता**
आर0ई0डी0

**खण्ड विकास अधिकारी**
अमौली- फतेहपुर


# थरियांव थाना प्रभारी प्रवीण सिंह समेत कई पुलिसकर्मियों पर रिपोर्ट

अमृत विचार फॉलोअप

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** हत्या के मामले में एक युवक को थाना के अंदर जबरन जुर्म कबूल करने के लिए पुलिस कर्मियों ने थर्ड डिग्री दिया था। जिससे आहत युवक ने फांसी लगाने से पहले पुलिस प्रताड़ना की बात बताकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। गुरूवार को सैकड़ों ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई करने की मांग की थी। उच्चाधिकारियों के आदेश पर थरियांव थानाध्यक्ष समेत हसवा चौकी के पुलिसकर्मियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है।

शहर के नहर कॉलोनी में गुरूवार को मृतक युवक रामरूप को इंसाफ दिलाने के लिए परिवार के लोगों के साथ सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण पहुंचे थे। पिता अनोखे लाल लोधी ने सीएम, डीजीपी, डीएम और आईजी प्रयागराज के नाम प्रार्थना पत्र भेज कर दोषी पुलिसकर्मियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज करने और सीबीआई जांच की मांग की थी। वहीं पुलिस ने देर रात थरियांव थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार समेत हसवा चौकी के पुलिसकर्मियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। वहीं मामले में एसपी उदय शंकर सिंह ने बताया कि मामले की जांच अपराध निरीक्षक हेमंत कुमार मिश्रा को सौंपी गई है।

### जान लीजिए यह था पूरा मामला

थरियांव थाना क्षेत्र के सेमरा गांव में कल्लू की हत्या दो माह पहले हुई थी। पुलिस खुलासे के लिए छानबीन कर रही थी। पुलिस ने हुसेनगंज निवासी रामरूप जो शहर में रहता था। दो जनवरी को गांव गया था। इस बीच थरियांव थाना की पुलिस ने दो बार उसे थाना बुलाकर मारपीट के साथ मानसिक प्रताड़ना दी थी। 27 जनवरी को घर से पुलिस पकड़कर ले गई। यहां तक कि बेटी को पानी तक नही देने दिया। थाना में जबरन हत्या का जुर्म कबूल करने के लिए मारा पीटा गया और पैसा की मांग की गई। जुर्म कबूल न करने और पैसा न देने पर हत्या के मामले में फर्जी मुकदमा लिखकर जेल भेजने की बात कही थी। रामरूप को 29 जनवरी के दिन फिर से थाना बुलाया था। 28 जनवरी की सुबह उसने ने खेत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इससे पहले रामरूप ने पुलिस प्रताड़ना की बात कहते हुए अपना एक वीडियो बनाया था।

## लापता पुत्र की तलाश के लिए चक्कर लगा रही मां

**फतेहपुर।** पिछले पचास दिनों से लापता बेटे की खोजबीन के लिए एक मां अधिकारियो की चौखट के चक्कर काट रही हैं। इसके बावजूद मां की कहीं सुनवाई नहीं हो रही हैं। गुरुवार को पीड़िता ने मामले की एसपी से शिकायत की हैं।

सदर कोतवाली क्षेत्र के पूर्वी पनी निवासी खुर्शीदा बेगम ने शिकायती पत्र में बताया कि पुत्र मोहम्मद आफाक का विवाह 19 दिसंबर को कानपुर बेगमगंज में होना तय किया था। 8 दिसंबर को मोहम्मद आफाक एक विवाह समारोह में खाना बनाने के लिए घर से लालबाबू निवासी कड़े धाम जनपद कौशांबी के साथ घर से गया था लेकिन आज तक वापस नहीं आया।

पीड़िता ने बताया कि उसके दूसरे बेटे के मोबाइल पर एक महिला ने फोन आया। मिहला ने बेटे मोहम्मद आफाक को बंधक बनाकर अपने पास रखने की बात कही। फोन करने वाली ने मोहम्मद आफाक की शादी कहीं और करने पर सभी लोगों को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी। बेटे के साथ कोई अनहोनी न हो इसके लिए पीड़ित मां ने महिला पर पुत्र को गायब करने का आरोप लगाया हैं और एसपी से कार्यवाही करने की मांग की हैं।

### आयकर विवरणी प्रस्तुत करें पेंशनर्स

**फतेहपुर।** वरिष्ठ कोषाधिकारी ने बताया कि पेंशनर व पारिवारिक पेंशनर जो आयकर की परिधि में हैं, वे अपना आयकर विवरणी वित्तीय वर्ष 2023-24 कर निर्धारण वर्ष 2024-25 से संबंधित आयकर विवरणी प्रपत्र कोषागार में 15 फरवरी तक जमा कर दें। पैन नम्बर की फोटोप्रति देना आवश्यक है।





**सेहत का ख्याल** — स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर अभियान शुरू, 5 फरवरी को मापअप राउंड में भी खा सकते हैं दवा

# कुपोषण से बचाव के लिए कृमि मुक्ति की दवा जरूरी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** आंत में रहने वाले कृमि, बच्चों और किशोर किशोरियों में कुपोषण के साथ साथ एनीमिया का भी कारक बनते हैं। इससे बचाव के लिए कृमि मुक्ति की दवा का सेवन अनिवार्य है। इसी उद्देश्य से एक फरवरी को पूरे जिले के स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान का शुभारम्भ किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि जिले में बच्चों और किशोरों को कृमि मुक्ति की दवा यानी पेट से कीड़े निकालने की दवा खिलाने के उद्देश्य से यह अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि किसी कारण पहले दिन जो बच्चे दवा नहीं खा पाए हैं। उनको 5 फरवरी को चलने वाले मॉपअप राउंड में दवा खिलाई जाएगी। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि वह अपने बच्चों को पेट के कीड़े मारने की दवा अवश्य खिलाएं। उन्होंने कहा कि इस दवा के सेवन से स्वास्थ्य और पोषण स्तर में सुधार के साथ-साथ रोग प्रतिरोधक क्षमता में भी बढ़ोत्तरी होगी। समुदाय में कृमि संक्रमण की व्यापकता में कमी लाने में इस कार्यक्रम का अहम योगदान है। कृमि से बचाव की दवा बच्चों और वयस्कों दोनों के लिए सुरक्षित है। दवा से किसी भी प्रकार का कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता है। बीएसए पंकज यादव ने बताया कि सभी परिषदीय स्कूलों के बच्चों को दवा खिलाने के लिए खंड शिक्षाधिकारियों को निर्देशित किया गया है।



प्राथमिक विद्यालय राजारामपुर में बच्चों को दवा खिलाते अध्यापक। अमृत विचार

### बीमार बच्चों को नहीं दी जाएगी डोज

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार बीमार बच्चे को कृमि मुक्ति की दवा नहीं खिलाई जाएगी। यदि किसी भी तरह उल्टी या मिचली महसूस होती है तो घबराने की जरूरत नहीं। पेट में कीड़े ज्यादा होने पर दवा खाने के बाद सिरदर्द, उल्टी, मिचली, थकान होना या चक्कर आना महसूस होना एक सामान्य प्रक्रिया है। दवा खाने के थोड़ी देर बाद सब सही हो जाता है।

### पहले दिन ही बच्चों ने खाई दवा

**असोथर।** विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत जरौली के प्राथमिक विद्यालय राजारामपुर में शिक्षारत छात्र-छात्राओं को कृमिनाशक दवा अध्यापकों के द्वारा खिलाई गई। स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग द्वारा यह कार्यक्रम चलाया गया है। बच्चों के स्वास्थ्य संवर्धन के लिए माह अगस्त में बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलाई गई थी। गुरुवार को उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई। इसके पहले अध्यापकों ने एल्बेंडाजोल की दवा खाकर छात्रों को आश्वस्त किया, कि यह दवा स्वास्थ्य को नुकसान नहीं पहुंचाती है बल्कि पेट संबंधी बिकार को नष्ट करती है। इस दवा का सेवन आवश्यक है। इंचार्ज प्रधानाध्यापक हेमंत कुमार ने बताया कि विद्यालय में 95 छात्र छात्राएं पंजीकृत हैं। जिनमें से 65 उपस्थित छात्रों को एबेंडाजोल की दवा खिलाई गई। शेष बच्चे को अगले दिनों में दवा से लाभान्वित किया जाएगा। वहीं ग्राम पंचायत रामनगर कौहन के कंपोजिट विद्यालय में भी प्रधानाध्यापक मनोज कुमार द्वारा 107 पंजीकृत बच्चों में से उपस्थित 80 फीसदी छात्रों को अल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई।

# 90 करोड़ से बनेगा गाजीपुर-विजयीपुर मार्ग

## तमाम धरना प्रदर्शन और आंदोलन को मिला विराम, शासन से मिली हरी झंडी तो क्षेत्रीय लोग खुशी से झूमे

संवाददाता, असोथर फतेहपुर

**अमृत विचार।** यमुना कटरी की लाइफलाइन कहे जाने वाले गाजीपुर-विजयीपुर मार्ग के दिन अब बहुरने वाले हैं। करीब 20 साल से टूटी सड़क का दर्द सह रहे लोगों को जल्द ही चकाचक सड़क मिल सकेगी। सीएम योगी आदित्यनाथ की हरी झंडी मिलते ही 89.94 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क की प्रगति अंतिम मुकाम में पहुंच गई है। अयाह-शाह विधायक के सालों के प्रयास के बाद यह सफलता हासिल हुई तो सड़क संघर्ष समिति व क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। जानकारी मिलते ही क्षेत्रवासियों ने सीएम समेत जिले की सांसद, विधायक को बधाई दी और साथ ही लोकसभा चुनाव के पहले सड़क के निर्माण कार्य को पूरा करने की मांग की।

मौजूदा समय में 34 किमी का सफर वाहन चालकों के लिए खासा कष्टकारी साबित हो रहा है। मार्ग से मौरंग लदे ट्रक, किसानों के ट्रैक्टर और फतेहपुर, गाजीपुर, असोथर, नरैनी, विजयीपुर तक चलने वाली बसों का आवागमन इस मार्ग से होता है। बारिश के दिनों में गड्ढों में पानी भर जाता है और चालक को अनुमान नहीं होता है। जो दुर्घटना का कारण बन जाता है। मजबूरी में लोग फतेहपुर, गाजीपुर, असोथर और नरैनी, विजयीपुर जाने के लिए गांवों के संपर्क मार्गों को चुनते रहे हैं। सड़क निर्माण को लेकर क्षेत्रीय लोगों ने धरना प्रदर्शन, खून से पत्र लिखकर जनप्रतिनिधियों को कटघरे में खड़ा किया है। इसके बाद भी 20 साल से हिचकोले वाली सड़क का साथ नहीं छूट पाया था।


मौजूदा समय में मनावा गांव में गाजीपुर विजयीपुर मार्ग पर कीचड़युक्त सड़क।

**सड़कः एक नजर में**

| | |
|---|---|
| मार्ग का नाम | गाजीपुर-विजयीपुर |
| मार्ग की लंबाई | 33 किलोमीटर |
| पूर्व निर्मित वर्ष | 1995 |
| लागत | 20 लाख रुपये |
| तब चौड़ाई | 3 .5 मीटर |
| अब चौड़ाई | 7 मीटर |

**पुलिया और चौड़ीकरण में खप गए 34 करोड़**

योजना के तहत गाजीपुर विजयीपुर मार्ग को 34 करोड़ रुपये की धनराशि प्राप्त हुई थी। विधायक विकास गुप्ता कहते हैं कि सड़क की लंबाई अधिक है और पुलिया तथा बिजली के खंभे दूसरी जगह लगाने में 34 करोड़ रुपये खप गए।

- मौजूदा समय में 34 किमी का सफर बेहद कष्टकारी
- बारिश में पानी भर जाता है जो दुर्घटना का कारण बनता

**अयाह-शाह विधानसभा का प्रमुख मार्ग**

अयाह शाह विधानसभा में यूं तो कई मार्ग है, लेकिन सभी संपर्क मार्ग हैं। एक भी स्टेट और नेशनल हाईवे इस विधानसभा से होकर नहीं गुजरता है। हालांकि इसी मार्ग को जिले की सांसद साध्वी निरंजन ज्योति द्वारा 2022 में राज्य मार्ग का दर्जा दिलाया गया था। गाजीपुर विजयीपुर मार्ग भी संपर्क मार्ग की श्रेणी में है। प्रमुख मार्ग होने के चलते यहां से भारी संख्या में वाहनों की आवाजाही होती है। पहले यह सड़क साढ़े तीन मीटर की निर्मित हुई थी। भारी आवागमन के चलत सड़क को कायाकल्प और चौड़ीकरण योजना में शामिल किया गया था। जिसकी चौड़ाई बढ़ाकर सात मीटर कर दी गई है। आठ साल पहले तत्कालीन लोक निर्माण मंत्री और उप मुख्यमंत्री ने चौड़ीकरण योजना में शामिल करके 34 करोड़ रुपये की योजना को हरी झंडी दी थी।

"प्रकरण को लेकर लंबे समय से गंभीर था। 34 करोड़ रुपये शासन से दिलवाए लेकिन सड़क निर्माण का नंबर ही नहीं आया। इसके बाद दूसरी पत्रावली तैयार करवाई। जिले से लेकर सीएम आफिस तक पैरवी में जुटा रहा। मुख्यमंत्री से मिलकर सड़क निर्माण के लिए 89 .94 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दिला दी। फरवरी माह के अंत तक शासनादेश और टेंडर की प्रक्रिया पूरी करवाकर निर्माण कार्य शुरू करवा दिया जाएगा।

–विकास गुप्ता, विधायक अयाह शाह

## सड़क हादसों में दो लोगों की मौत

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों के दौरान दो लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

हथगाम थाना क्षेत्र के रामपुर हिस्सी गोकुलपुर निवासी मेवालाल का पुत्र अजय सुल्तानपुर घोष थाने में पेटिंग का काम कर रहा था। बताया गया कि देर शाम काम खत्म कर बाइक से घर लौट रहा था। जैसे ही वह पलिया गांव के पास पहुंचा तभी सामने से आ रही जेसीबी ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। इसी प्रकार ललौली थाना क्षेत्र के चक पैगम्बरपुर गांव निवासी रामधनी बाल्मीकि का पुत्र हीरालाल बाल्मीकि बस्तापुर गांव स्थित गेस्ट हाउस में शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। जैसे ही वह गेट के सामने पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे चार पहिया वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दिया जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## महिला समेत दो ने फांसी लगा कर खत्म की जिंदगी

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में गुरूवार की रात एक महिला समेत दो लोगों ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के डीघ गांव निवासी महेश पासवान की पत्नी पूनम देवी ने गुरूवार की देर शाम घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं मृतक के पिता रामदास ने बताया कि गुरूवार की शाम उसकी पुत्री चारा काटने गई थी। तीन बोछा लाने के बाद पति से लाने की बात कही। इसी बात को लेकर दामाद ने पिटाई कर दी। जिससे क्षुब्ध होकर उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

इसी तरह मलवां थाना क्षेत्र के गाजीखेड़ा गांव निवासी रामदास के पुत्र राज ने गुरूवार की शाम पांच बजे गांव से कुछ दूर खेत में पहुंच नीम के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

**महिला का शव फांसी के फंदे से लटका मिला**

**बिंदकी।** घर के एक कमरे में पंखे के कुंडे से संदिग्ध अवस्था में एक महिला का शव लटका देखा गया तो हड़कंप मच गया। मौके पर भारी भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के डीघ गांव में गुरुवार की रात को पूनम देवी पुत्री रामदास पासवान का शव घर के एक कमरे के अंदर संदिग्ध अवस्था में फांसी के फंदे में लटका मिला। लोगों ने देखा तो हड़कंप मच गया। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई तो पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उतारकर कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि मृतक महिला पूनम देवी की शादी गांव में ही महेश के साथ हुई थी। मामले में सब इंस्पेक्टर अमरनाथ ने बताया कि मृतका के पिता ने तहरीर दी है, तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल की जा रही है।

**एक नजर**

**आज बिंदकी में होगा सम्पूर्ण समाधान दिवस**

**फतेहपुर।** तहसील बिंदकी में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन आज यानि 3 फरवरी को सुबह 10 बजे से 2 बजे तक जिलाधिकारी सी .इंदुमती की अध्यक्षता में होगा। सभी जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे। वहीं तहसील सदर में मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना एवं तहसील खागा में अपर जिलाधिकारी अविनाश त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित होगा।

**दुष्कर्म के आरोपी को दबोचा**

**फतेहपुर।** जहानाबाद पुलिस ने चांदपुर थाना क्षेत्र के भगौनापुर गांव निवासी शमी पुत्र स्व. रसूल और दयाशंकर उर्फ गुड्डू रैदास पुत्र कालीदीन के खिलाफ दुष्कर्म, पाक्सो समेत एससी एसटी की रिपोर्ट दर्ज की थी। जिसके बाद से वह फरार चल रहे थे। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपियों को बस स्टैंड जहानाबाद से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है।

**फरार आरोपी गिरफ्तार**

**फतेहपुर।** राधानगर पुलिस ने कोतवाली के पक्का तालाब मसवानी निबहरा निवासी संदीप उर्फ पिंटू कोरी के खिलाफ चोरी, धोखाधड़ी समेत कई धाराओं में मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से आरोपी फरार था।

## जीएसटी, आयकर स्लैब न बदलने से व्यापारी दुखी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** अंतरिम बजट को लेकर दूसरे दिन शुक्रवार को भी शहर मुख्यालय से लेकर कस्बों में लोग चर्चा करते रहे। कोई बजट की सराहना करता नजर आया तो कोई सरकार को कोसता रहा। खासकर व्यापारियों ने जीएसटी व आयकर स्लैब में बदलाव की आस लगाए थे लेकिन दोनों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। व्यापारियों ने अंतरिम बजट को निराशाजनक बताया है। व्यापारी नेताओं ने अंतरिम बजट से पहले वित्त मंत्री को 12 सूत्रीय मांग पत्र भी भेजा था।

**क्या बोले व्यापारी**



"जिले के व्यापारी टैक्स देकर सरकार की आय बढ़ाते हैं लेकिन बजट में व्यापारी हित को तवज्जों नहीं दी गई। व्यापारियों ने जीएसटी टर्नओवर 40 लाख से 50 लाख किए जाने की मांग की थी। इसके अलावा 10 लाख तक की आय इनकम टैक्स से मुक्त रखने की मांग उठाई थी।

–अश्वनी गुप्ता



व्यापारियों के अलावा ट्रांसपोर्टरों ने भी टोल टैक्स, डीजल पेट्रोल को जीएसटी के दायरे में लाने की मांग उठाई थी। नेशनल परमिट के शुल्क में कमी किए जाने का मांग पत्र भेजा था। अंतरिम बजट में ट्रांसपोर्टरों को भी झटका लगा है। सरकार को इन सब बातों को ध्यान रखना चाहिए था।"

–शरद गुप्ता

## ज्ञानवापी और जुमे की नमाज को लेकर रहा हाई अलर्ट

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** जनपद में ज्ञानवापी मामले और जुमे की नमाज को लेकर शुक्रवार को पुलिस अलर्ट मोड में रही। मस्जिदों के बाहर जहां पुलिस बल को तैनात किया गया तो वहीं मिश्रित इलाकों में बड़ी संख्या में पुलिस ने फ्लैगमार्च किया। जिम्मेदार अफसर खुद पूरे जिले का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लेते रहे। दरअसल दो दिन पहले कोर्ट द्वारा वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद के तहखाने में पूजा की अनुमति दी गई है। इस कारण जुमे की नमाज को लेकर जनपद की पुलिस पूरी तरह से अलर्ट रही।

एसपी उदय शंकर सिंह के निर्देश पर जिले की सभी थानों की पुलिस अपने अपने इलाको में फ्लैग मार्च करती रही। इसके साथ ही संवेदनशील इलाकों में भी पुलिस और पीएसी को तैनात किया गया है। इसके साथ ही जिले की अलग-अलग मस्जिदों और नमाज स्थल पर पुलिस प्रशासन पूरी तरीके से अलर्ट मोड पर रही। बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को मस्जिदों के बाहर तैनात किया गया। नमाज को लेकर मस्जिदों के बाहर पुलिस बल को तैनात किया गया। एसपी ने कहा कि ज्ञानवापी फैसला आने के बाद पूरे प्रदेश में संवेदनशीलता बनी हुई है। इसी को लेकर जनपद के सभी थानों को अलर्ट किया गया था। सभी थाना प्रभारी संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल के साथ फ्लैगमार्च कर रहे हैं। इसके साथ ही मुस्लिम बाहुल्य इलाकों और मस्जिदों के बाहर पुलिस बल को तैनात किया गया है। इसी तरह हसवा कस्बा में भी सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए।


शहर के चौक चौराहे पर लगी पुलिस फोर्स। अमृत विचार


असोथर में मस्जिद में तैनात पुलिस फोर्स।

**अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई**

औंग। थानाध्यक्ष ने क्षेत्रीय ग्राम प्रधानों, संभ्रांत लोगों के साथ बैठक की। जहां एसओ कान्ती सिंह ने सबसे शांति की अपील की। कहा कि अफवाह फैलाना, सोशल मीडिया में भड़काऊ बयान पोस्ट करना अपराध की श्रेणी में आता है। पूरे कस्बे में एसओ ने पुलिस बल के साथ फ्लैगमार्च निकाला और क्षेत्र में माहौल का जायजा लिया। इस फ्लैगमार्च में एसआई सुरेश, सरोज, हरिनाथ सिंह, गुलाम मौर्य, कांस्टेबल कुरशीद खां, राम, चन्दन, राजेश, जितेन्द्र, सरस्वती समेत तमाम पुलिस कर्मी शामिल रहे।

**असोथर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च**

असोथर। थाना प्रभारी विनोद कुमार मौर्य ने ज्ञानवापी के फैसले को लेकर फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च असोथर नगर मस्जिद में जुमा की नमाज़ होने वाली सहित थाना क्षेत्र के टीकर, सराय खालिस, अंदीपुर, सेमरी, कौंडर, मनावा, सरकंडी, बुधरामऊ, जागेश्वर धाम, जानिकपुर, सुसवन, मल्हीपुर समेत कई गांवों की मस्जिदों और गांवों में पहुंचकर लोगो से बातचीत कर शांति-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि अफवाहों में पर ध्यान न दे। असुविधा होने पर या अराजक तत्वों की जानकारी पुलिस को तुरंत दे।

**खखरेरु में पैदल मार्च**

**खागा फतेहपुर।** ज्ञानवापी फैसले को लेकर पुलिस प्रशासन इस वक़्त अलर्ट मोड़ पर दिखाई दे रहीं है। शुक्रवार को खखरेरु थाना क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन गांव में खागा तहसील का पुलिस प्रशासन हाई अलर्ट मोड पर दिखाई दिया तथा पैदल मार्च कर धार्मिक स्थलों का गहनता के साथ निरीक्षण करते नजर आए। एसडीएम नंद प्रकाश मौर्य, खागा सीओ ब्रज मोहन शुक्ल व खखरेरु थाना प्रभारी प्रमोद कुमार राव ने ज्ञानवापी के फैसले को लेकर खखरेरु कस्बा समेत कई गांव में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च करते समय कोट गांव की जामा मस्जिद में जुमा की नमाज़ के दौरान स्थानीय लोगों से शांति व्यवस्था बनाएं रखने की अपील की गई। इस दौरान थाना क्षेत्र के समस्त गांवों शामिल रहे। जिनमें खखरेरु कस्बा, कोट, रहमतपुर, कुल्ली, शिवपुरी, इत्यादि मस्जिदों और गांवों में पहुंचकर लोगों से बातचीत कर शांति-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। इस बीच प्रशासन ने स्थानीय लोगों से फैल रहीं अफवाहों में पर ध्यान न देने की बात कही। साथ ही कहा कि क्षेत्र में कहीं भी असुविधा होने पर अथवा अराजक तत्वों की जानकारी पुलिस को तत्काल दें।

## शिशु रोगियों की भरमार, दवा का अकाल

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** ओपीडी की लंबी कतारें बदलते मौसम की एक तस्वीर है। युवाओं, बुजुर्गों के साथ खासकर छोटे बच्चे बड़ी संख्या में बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। दुखद पहलू यह कि जिला अस्पताल में बच्चो की वैक्सीन एवं जरूरी दवाएं न होने से तीमारदार परेशान हैं।

जिला अस्पताल में रोजाना करीब 14 सौ नए मरीजों की ओपीडी हो रही है। दिन में गर्मी रात में सर्दी से सभी आयु वर्ग के लोग बीमार हो रहे हैं। वही नौनिहाल वायरल फीवर, सर्दी-जुकाम, पेट दर्द, उल्टी, दस्त, निमोनिया की चपेट में आ रहे हैं। शिशु रोग चिकित्सक डा. मूलचंद्र के अनुसार बदलते मौसम की वजह से औसतन 80 नए बाल मरीज ओपीडी में आते हैं। मौसम के उतार चढ़ाव से बच्चों पर निमोनिया जैसी खतरनाक बीमारी का खतरा बढ़ गया है। ऐसे में न्यूमोकोकल कंजूगेट वैक्सीन(पीसीवी) का जिला अस्पताल में कमी है। स्टाफ की माने तो करीब एक माह से वैक्सीन नहीं है। रोज बड़ी तादाद में बच्चे लौटाए जा रहे हैं। वहीं जिला महिला अस्पताल की सीएमएस डा. रेखा रानी ने कहा कि वैक्सीन की उपलब्धता के लिए वह सीएमओ से बात करेंगी, जल्द व्यवस्था होगी।



जिला अस्पताल में औषधि कक्ष के बाहर लगी मरीजों की कतार। अमृत विचार

## सेंध काट कर हजारों की चोरी

**असोथर।** चोरों ने एक कारखाने में गुरूवार की सेंध काट दी और दुकान में रखी हजारों की नगदी व सामान चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी पर सुबह हड़कंप मच गया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के बेरूई गांव निवासी आशीष पांडेय ने बताया कि गुरुवार रात को कारखाना बंद क घर चला गया था। शुक्रवार सुबह वह कारखाने पहुंचा तो एक ओर से दीवार कटी थी। अन्दर जाकर देखा तो कारखाने से एक साइकिल, दो बोरी लाही, 15 लीटर तेल सहित अलमारी में रखे करीब 20 हजार रूपये की नगदी चोरों ने पार कर दी।

## नशे में दूल्हे को आ गई नींद बारात बिना दुल्हन लौटी

संवाददाता थरियांव

**अमृत विचार।** अपनी ही बारात में अधिक शराब पी लेने से दूल्हा अधिक नशे में हो गया और जनवासे में सो गया। इस दौरान लड़की पक्ष ने शादी से इंकार कर दिया। सुबह पुलिस पहुंची तो दोनों पक्षों ने आपसी समझौता कर लिया। इसके बाद बिना शादी के बारात लौट गई।

थरियांव थाना क्षेत्र के सेमरैया गांव निवासी चुन्नी लोधी ने बताया कि उसने बेटी पूजा की शादी गाजीपुर क्षेत्र के दरौली गांव निवासी शेरा लोधी के पुत्र कमल सिंह से तय की थी। तय तारीख के मुताबिक गुरूवार की शाम बारात गांव में पहुंची थी। अगवानी के समय दूल्हा कमल शराब के नशे में था। उसे जनवासे में पहुंचाया गया। जहां दूल्हा चारपाई मिलते ही सो गया।


जनवासे में सोता रह गया दूल्हा।

**सार-संक्षेप**

**सपाइयों ने सरकार को बताया जन विरोधी**

**धाता फतेहपुर।** विकास खण्ड के सैदपुर ग्राम सभा में शुक्रवार को पीडीए पखवाड़ा के अंतर्गत समाजवादी पार्टी द्वारा एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें वर्तमान सरकार की जन विरोधी नीतियों को उजागर किया गया। पीडीए पखवाड़ा में जिला उपाध्यक्ष अजीत सिंह पटेल ने कहा कि पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यकों व अन्य समाज को जोड़कर आगामी लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को मजबूत करने का काम करें। वहीं अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य महेश फौजी ने कहा कि प्रत्येक बूथ से समाजवादी पार्टी की ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए कार्यकर्ताओं को एकजुट होना होगा। वहीं दूसरी ओर सपा विधानसभा अध्यक्ष प्रवीण सिंह पटेल ने कहा कि आम जनमानस सरकार की नीतियों से परेशान हैं। समाजवादी पार्टी के युवा नेता विजय यादव ने कहा किसान, युवा, व्यापारी सहित हर तबका परेशान है। सेक्टर अध्यक्ष गणेश नामदेव, रोहित निषाद, छेदी लाल, रमेश, छेद्दू आदि रहे।


कार्यक्रम में पदाधिकारियों का हुआ स्वागत। अमृत विचार

**गांव चलो अभियान में मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर**

**जहानाबाद।** कस्बे में गांव चलो अभियान के अंतर्गत बैठक हुई। जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष विकास दुबे ने गांव चलो अभियान के तहत वर्ष 2019 के 37 प्रतिशत मतदान को बढ़ाकर 51 फीसदी के लिए जोर दिया गया। बैठक में प्रधानमंत्री की उपलब्धियां एवं योजनाओं के बारे में बताया। मंडल अध्यक्ष नितिन ओमर, विमल गुप्ता, डॉ ओम प्रकाश पाल, अनिल, राजेश बाजपेई, नीरज निषाद, रामकरण सिंह, मुकुंद गोपाल गुप्ता, रामचंद्र सोनकर, नीरज निषाद, सावन गुप्ता, शिवकुमार त्रिवेदी रहे।

**कामिल एवं फाजिल परीक्षाएं 13 से**

**फतेहपुर।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित सेकेण्डरी, सीनियर सेकेण्डरी, कामिल एवं फाजिल परीक्षाएं 13 से 21 फरवरी के बीच होंगी। प्रथम पाली सुबह 8 बजे से 11 बजे तथा सीनियर सेकेण्डरी, कामिल एवं फाजिल की परीक्षायें द्वितीय पाली अपरान्ह 2 बजे से 5 बजे के मध्य होंगी।

**बंदरों ने दौड़ाया तो छत से गिरकर महिला घायल**

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के औढ़ेरा गांव निवासी राम बाबू की पत्नी सुषमा शुक्रवार सुबह छत पर कपड़े फैलाने गई थी। इसी बीच बंदरों ने उसे दौड़ा लिया। तभी उसने बचने के चक्कर में छत से नीचे गिरकर घायल हो गयी। परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसे भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया गया।

**'बच्चों ने ठाना है नशा मुक्त समाज बनाना है'**

**फतेहपुर।** उच्च प्राथमिक विद्यालय नौगांव एवं मां राधिका जूनियर हाई स्कूल मवई में शुक्रवार को सभी विद्यार्थियों को तंबाकू व इससे बने उत्पाद से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी गई। डॉक्टर अपर्णा पाठक ने बच्चों को बताया कि तंबाकू या इससे बने उत्पादों के सेवन से कैंसर, टीवी, लकवा, नपुंसकता जैसी बीमारी जन्म ले सकती हैं। वहीं विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें मां राधिका पब्लिक जूनियर हाई स्कूल से आकाश कुमार ने प्रथम स्थान हासिल किया।

**प्रशासनिक अव्यवस्था** सड़क पर ई-रिक्शा की संख्या ज्यादा होने से लगता जाम, , नगर क्षेत्र में इनकी मनमानी से दुर्घटनाएं भी होती

## रूट न पार्किंग, मनमाने ढंग से सड़क पर दौड़ रहे ई-रिक्शा

संवाददाता, असोथर फतेहपुर

**अमृत विचार।** सड़कों पर तेजी से ई-रिक्शा की संख्या बढ़ रही है। रूट व पार्किंग की कोई व्यवस्था न होने से नगर में जाम की समस्या उत्पन्न हो गई है। तीन पहिया वाहनों की तुलना में आधे से अधिक ई-रिक्शा सड़कों पर दौड़ रहे हैं। प्रशासन या परिवहन विभाग की तरफ से ई-रिक्शा का न तो कोई रूट निर्धारित किया गया है और न ही पार्किंग का ही इंतजाम किया गया है।

जिले में 3000 के लगभग ऑटो का पंजीकरण है, जबकि नगर पंचायत असोथर में लगभग 100 ई-रिक्शा हैं। वाहन स्टैंड की बात करें तो नगर में ऑटो व अन्य वाहनों के लिए प्राइवेट स्टैंड की व्यवस्था तो की गई है, लेकिन ई-रिक्शा के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। जिसके चलते यह हर दिन फर्राटे से मुख्य मार्ग के साथ ही नगर की गलियों में भी दौड़ते हैं। सड़क पर ई-रिक्शा की संख्या ज्यादा होने के चलते और चौराहों पर आड़े तिरछे खड़े करने से जाम की समस्या भी उत्पन्न हो जाती है। जिससे आए दिन राहगीरों समेत नगरवासियों से प्रत्येक दिन झड़प होती है। वहीं किसी-किसी दिन स्थानीय पुलिस कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति करती हुई नजर आती है। फिर भी ई -रिक्शा चालकों पर कोई भय नहीं रहता है।


बस स्टॉप के पास कठौता रोड पर आड़े तिरछे खड़े ई-रिक्शा। अमृत विचार

**इसलिए नहीं निर्धारित है इनका रूट**

ई-रिक्शा का व्यवसायिक पंजीकरण तो होता है, लेकिन वर्तमान में परमिट व्यवस्था लागू नहीं है। जिसी वजह से इनके चलने के लिए कोई रूट निर्धारित नहीं किया गया है। यह मनमानी कर अपने रूट निर्धारित कर चलते हैं।

**नगर में 5 से 10 रुपये निर्धारित है किराया**

नगर में चल रहे ई-रिक्शा का नगर पंचायत क्षेत्र में कम से कम पांच से दस रुपये किराया निर्धारित है। नगर में विभिन्न मार्गों पर चलने वाले ई-रिक्शा का किराया दस रुपये दिया जाता है। खास बात यह है कि सख्ती न होने के चलते इसमें से अधिकांश बिना ड्राइविंग लाइसेंस के ही फर्राटा भर रहे हैं। बहुत से बच्चे भी ई-रिक्शा चलाते हुए नजर आ जाते हैं।

**रूट का होना चाहिए निर्धारण**

रूट व पार्किट का इंतजाम होना चाहिए। रूट निर्धारित न होने से आए दिन ई-रिक्शा चालकों और क्षेत्रवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नगर के बस स्टॉप से कठौता होते हुए फूलबाग चौराहा, फूलबाग चौराहा से मैकुवापुर होते हुए लक्ष्मणपुर-सैंबसी, फूलबाग चौराहा से मुंजी कुंआ होते हुए सरकंडी, मुंजी कुंआ से होते हुए बर्रा बगहा वाया मनावा गांव जाते हैं। वहीं असोथर से थरियांव मार्ग पर भी फर्राटा भरते नजर आते हैं।

"ई-रिक्शा के लिए नगर में अभी तक कोई रूट निर्धारित नहीं है। जल्द ही ई-रिक्शा चालकों की बैठक आयोजित कर रूट निर्धारित किया जाएगा।

–पुष्पांजलि मित्रा गौतम, एआरटीओ प्रशासन

## सफाई मजदूरों ने अपने हक को बनाई रणनीति

**फतेहपुर।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के तत्वावधान में खागा नगर पंचायत में सफाई कर्मचारियों के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि धीरज कुमार पूर्व सभासद प्रदेश उपाध्यक्ष अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ रहे। बैठक की अध्यक्षता राम मनोहर ने की और संचालन दिनेश कुमार वाल्मीकि ने किया।

बैठक में सफाई मजदूरों को अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ की सदस्यता की शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि धीरज कुमार ने कहा कि संघ का उद्देश्य सफाई कर्मचारियों की समस्याओं का निदान करना है। धीरज कुमार पूर्व सभासद दिनेश वाल्मीकि, संजय कुमार, आनंद कुमार, राकेश साजन, कमलेश, राजाराम, भीम, राजेश कुमार, दीपू बालकृष्ण, सचिन, बालराज, लवकेश रहे।

# कोर्ट परिसर में हत्यारोपी पर तमंचे से फायर, अफरातफरी

## हत्या के मुकदमे में न्यायालय में तारीख पर आया था युवक, वादी ने किया फायर, वकीलों ने आरोपी को तमंचा समेत दबोचा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** पिता की हत्या का प्रतिशोध लेने के लिए युवक ने न्यायालय परिसर में ही तारीख पर आए हत्यारोपी के ऊपर तमंचे से फायर झोंक दिया, जिससे वह बाल-बाल बच गया। कोर्ट परिसर में गोली चलने से वकीलों और वादकारियों में अफरा-तफरी मच गई। वकीलों ने तमंचा लेकर भाग रहे आरोपी को दबोच लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस घटना की जांच कर रही है और कोर्ट परिसर में भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया है।


जानकारी देता हत्यारोपी चंदन यादव।


कचहरी परिसर में घटना के बाद एकत्रित अधिवक्ता। अमृत विचार

शुक्रवार को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में उस समय हड़कंप मच गया, जब फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय के पास बने पुस्तकालय की तरफ से एक युवक ने कोर्ट में तारीख पर आए हत्यारोपी ग्राम भगतगाढ़ा निवासी चंदन यादव पुत्र कृपाल सिंह के ऊपर 315 बोर के तमंचे से फायर कर दिया। फायर के दौरान चंदन जमीन पर लेट गया और गोली सामने दीवार में जा धंसी।

गोली चलने से कोर्ट परिसर में हड़कंप मच गया और अधिवक्ता अपने कक्षों से बाहर निकल आए। वकीलों ने गोली चलाने वाले आदेश यादव पुत्र पिंटू निवासी कटरा को तमंचा समेत पकड़ लिया और उसकी जमकर धुनाई कर दी। उसके पास से एक जीवित कारतूस और एक खोखा भी मिला है। भागते समय आदेश एक वकील की मेज से टकराकर गिर गया था। घटना की जानकारी पाकर सीओ सिटी कमलेश कुमार, प्रभारी निरीक्षक विष्णुकांत तिवारी व कचहरी चौकी प्रभारी जसवंत सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी आदेश को पकड़ कर कोतवाली ले आए। हत्यारोपी चंदन ने बताया कि वह एफटीसी कोर्ट से तारीख लेकर अधिवक्ता चेंबर की तरफ जा रहा था, उसी समय उसके ऊपर जानलेवा हमला किया गया। प्रभारी निरीक्षक विष्णुकांत तिवारी ने बताया कि आरोपी को तमंचा समेत गिरफ्तार किया गया है, तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

### वकीलों और पुलिस में हुई नोकझोंक

हमलावर आदेश यादव को पकड़ने के बाद अधिवक्ताओं ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। मौके पर जब सीओ सिटी पहुंचे तो अधिवक्ताओं ने उन्हें घेर लिया और खरीखोटी सुनाई। बार एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष शिवांक बाजपेयी ने कहा कि 25 जनवरी को उन्होंने न्यायालय परिसर में सुरक्षा को लेकर एसपी को ज्ञापन दिया था, लेकिन उन्होंने कोई सुनवाई नहीं की। यहां तक कि कोर्ट में लगा मेटल डिटेक्टर भी खराब है। ऐसे में वकीलों और वादकारियों की सुरक्षा भगवान भरोसे हैं। घटना के बाद वकीलों ने प्रभारी जिला जज लोकेश वरुण से मिलकर न्यायालय की सुरक्षा की मांग उठाई। वकीलों ने चेंबर परिसर में और गेट पर पुलिस बल तैनात करने की मांग की। इससे पहले वकीलों की पुलिस से काफी नोकझोंक हुई थी।

### पिता की हत्या का बदला लेना चाहता था आदेश

कोर्ट परिसर में तमंचे से फायर करने वाला आरोपी आदेश यादव अपने पिता पिंटू यादव की हत्या का बदला लेना चाहता था। पुलिस के मुताबिक 24 मई 2023 को सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कटरा निवासी पिंटू यादव और ग्राम भगतगाढ़ा निवासी कृपाल सिंह के बीच झगड़ा हो गया था। इस घटना में मारपीट व फायरिंग हुई, जिसमें पिटाई से पिंटू की मौत हो गई थी। आदेश ने कृपाल सिंह के चारों बेटों शेखर, कल्लू, मुल्लू और चंदन के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इनमें तीन को जमानत मिल गई है, जबकि मुल्लू जिला कारागार में बंद है। इसी मामले में चंदन तारीख पर आया था तो आदेश ने बदला लेने के लिए घात लगाकर तमंचे से फायर कर दिया, जिससे वह बाल-बाल बच गया।


कर्मी को निर्देश देते एसडीएम उमाकांत तिवारी। अमृत विचार

# चुनाव तैयारियों में लगे कर्मियों को एसडीएम ने दिए निर्देश

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** शुक्रवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में आगामी लोकसभा चुनाव तैयारी को लेकर उपजिलाधिकारी उमांकात तिवारी ने कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की। एसडीएम ने जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट, बूथ निरीक्षकों व पुलिस कर्मियों से चुनाव तैयारी पर चर्चा की और दिशा निर्देश दिए।

एसड़ीएम उमाकांत तिवारी ने सभी जोनल, सेक्टर मस्ट्रिटों को रूट चार्ट, मैप आदि तैयार करने के निर्देश दिए। कहा कि बूथ संबंधी अभिलेखों को कर्मी अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर जल्द पूर्ण करें और समय से उपलब्ध कराए। पोलिंग बूथों का बारीकी से निरीक्षण कर निकट के कम से कम 10 लोगों के मोबाइल नंबर प्राप्त करें। बूथों तक आने-जाने के रास्ते, कक्षों में दरवाजे, खिड़कियां, प्रकाश, रैंप, पेयजल, छाया आदि की व्यवस्था पूर्ण होना आवश्यक है। अपेक्षित सूचनाएं जल्द से जल्द उपलब्ध कराने व क्रिटिकल बूथों को चिंहित कर जानकारी देने के निर्देश दिए। जो पहले के मतदानों एवं चुनाव कार्यों को प्रभावित करते रहे हैं, अथवा अभी भी ऐसे लोगों से मतदान प्रभावित करने की आशंका बनी हुई है। ऐसे लोगों को चिह्नित करने के निर्देश दिए।

# बच्चों के अधिकारों के प्रति किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- तिर्वा तहसील में लगाया गया जागरुकता शिविर

**अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कन्नौज के तत्वाधान में तहसील तिर्वा में दो फरवरी को बच्चों के अधिकार के सम्बन्ध में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

अपर जिला जज एवं सचिव लवली जायसवाल की देखरेख में आयोजित जागरूकता शिविर में पराविधिक स्वयं सेवक जगदीश यादव व नितिन सक्सेना ने बताया कि समाज में बच्चों के प्रति बढ़ते अपराध के चलते आज बाल अधिकारों की व्यवस्था करना समय की आवश्यकता बन चुकी है। भारत में बाल मजदूरी बाल, विवाह, कन्या भ्रूण हत्या, बच्चों की तस्करी, शारीरिक दुर्व्यहार की समस्याओं के चलते बाल अधिकार की जानकारी होना आवश्यक है। बाल अधिकारों के तहत जीवन का अधिकार, भोजन, पोषण, स्वास्थ्य, विकास, शिक्षा, मनोरंजन, परिवार और पारिवारिक पर्यावरण, सुरक्षा, बदसलूकी, कानूनी व्यापार इत्यादि का विस्तृत चर्चा की गयी। आये दिन पांच व छह साल की बच्चियों के साथ अपराध की खबरे आती रहती हैं। ऐसी ही घटनाओं के सारक्षण हेतु बाल अधिकार और संरक्षण आयोग भी बनाये गये हैं ताकि बालकों के बचपन को तबाह होने से रोका जाये। प्रत्येक बालक को जीने का अधिकार है। अपनी पसंद व मांग को माता-पिता के समक्ष रखने का अधिकार है। वह स्वतंत्र रूप से अपनी इच्छा के खेल तथा गतिविधियों में सम्मिलित होने का भी अधिकार है।

# निजी अस्पताल में प्रसूता की मौत

**सौरिख,कन्नौज।** लापरवाही से नगर के निजी अस्पतालों में गर्भवती महिलाओं की मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरूवार की शाम निजी अस्पताल के डाक्टर की लापरवाही से महिला की मौत हो गई।

क्षेत्र के कबीरपुर गांव के रहने वाले आस्कार की पत्नी शमां के प्रसव पीड़ा होने पर गांव की आशा ने नगर के निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। प्रसव के बाद अत्यधिक रक्तस्राव होने पर हालत बिगड़ने पर अस्पताल के डाक्टर ने फर्रुखाबाद के लिए रेफर कर दिया।परिजनों ने गंभीर हालत में फर्रुखाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया हालत में सुधार न होने पर वहां से कानपुर रेफर कर दिया गया इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में शमां की मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया परिजनों ने नगर के निजी अस्पताल के डाक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया।

# ब्लॉक स्तर पर विद्यालयों में क्विज प्रतियोगिता पांच को

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत 50 प्रश्नों की प्रतियोगिता तीन चरणों में होगी

**अमृत विचार।** जिलेभर के सभी उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों में पांच फरवरी को क्विज प्रतियोगिता होगी। इसमें राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत प्रथम चरण की प्रतियोगिता के लिए विद्यालय स्तर पर प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक को जिम्मेदारी दी गई है।

बीएसए उपासना रानी वर्मा ने निर्देश दिए हैं कि विज्ञान/गणित के शिक्षकों की ओर से प्रश्न पत्र बनाए जाएं। साथ ही परिणाम तैयार कर दो दिनों के अंदर ब्लॉक स्तर पर विज्ञान/गणित एआरपी/ब्लॉक नोडल को भेजे जाएं। कक्षा छह से एक, कक्षा सात से दो, कक्षा आठ से तीन या किन्हीं दो कक्षाओं से कुल छह छात्र-छात्राओं का चयन किया जाएगा। उसकी सूची बीआरसी पर दी जाएगी। बताया गया है कि एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता तीन चरणों में होगी। पहले चरण में विज्ञान/गणित के 20 बहुविकल्पीय प्रश्न 20 नंबरों के होंगे। सभी को 30 मिनट में हल करना होगा। दूसरे चरण में उनको शामिल किया जाएगा जो पहले चरण में पास हो चुके हैं। बहुविकल्पीय 10 प्रश्न व तीन लघु उत्तरीय प्रश्न कुल 25 अंकों के होंगे। इसमें लघुउत्तरीय पांच-पांच अंकों के हैं इन सभी 13 प्रश्नों के भी 30 मिनट में उत्तर देने होंगे। दूसरे चरण में पास बच्चों को तीसरे चरण में शामिल किया जाएगा। साक्षात्कार व विषय आधारित बिंदु पर व्याख्या होगी। अधिकतम दो प्रश्न पांच अंकों के होंगे। तीनो चरण 50 अंकों में समाहित किए गए हैं।

# 11 शिक्षक किए गए सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- छात्रवृत्ति परीक्षा में तीन या अधिक छात्रों के चयन वाले स्कूलों से बुलाए अध्यापक
- बेसिक शिक्षा अधिकारी ने आगे भी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में तीन या इससे अधिक विद्यार्थियों के चयन में मुख्य भूमिका निभाने वाले 11 शिक्षकों का बीएसए ने सम्मान किया। साथ ही आगे भी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

वर्ष 2022-23 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों के शिक्षकों को गुरुवार को बीएसए कार्यालय सभागार में बुलाया गया। बीएसए उपासना रानी वर्मा ने सभी अध्यापकों को प्रमाण पत्र देकर उत्साहवर्धन किया। जनपद नोडल आशुतोष दुबे ने बताया कि राज्य स्तर से प्राप्त मेडल एवं प्रमाण पत्र बीएसए ने शिक्षकों को दिए। जिन बच्चों का चयन हुआ है उनको कक्षा नौ से 12 तक 1000 रुपये प्रतिमाह के हिसाब से लगातार छात्रवृत्ति मिलेगी।

उच्च प्राथमिक विद्यालय चचियापुर तालग्राम के शिक्षक गौरव कुमार, भुलभुलियापुर उमर्दा के कृष्ण मुरारी, सिरसा के परवेज आलम, ब्राह्मिपुर हसेरन के बृजपाल सिंह भदौरिया, निजामपुर हसेरन के दिनेश प्रताप सिंह, कंपोजिट स्कूल बझेड़ी सौरिख के अवधेश पाल व आदेश कुमार, यूपीएस हुसेपुर करन सौरिख के अरुणेश, जसपुरापुर सरैया जलालाबाद के राम कुमार, गौरियापुर जलालाबाद के मनीष कुमार व कंपोजिट विद्यालय चंदरपुर छिबरामऊ के आदर्श दुबे को सम्मानित किया गया।


शिक्षक आदर्श दुबे को सम्मानित करतीं बीएसए उपासना रानी वर्मा। अमृत विचार

# ड्रोन से की मंदिरों और मस्जिदों की निगरानी


ड्रोन कैमरे से मस्जिद की निगरानी। अमृत विचार


पुलिस के साथ पैदल गश्त कर रहीं विशुनगढ़ थाना प्रभारी पारुल चौधरी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिले की पुलिस ने ज्ञानवापी परिसर वाराणसी के संबंध में कोर्ट के फैसले को देखते हुए जिले भर के थाना क्षेत्रों में ड्रोन कैमरों से मंदिरों और मस्जिदों की निगरानी की गई। संवेदनशील क्षेत्रों में चेकिंग अभियान चलाया गया।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देशानुसार जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षकों, थानाध्यक्षों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों में स्थित मन्दिरों-मस्जिदों एवं अन्य संवेदनशील स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया। जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में ड्रोन कैमरे से प्रमुख चौराहो, तिराहों, बाजारों, सार्वजनिक स्थानों व मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में निगरानी की जा रही है। शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान सभी मस्जिदों के निकट पुलिस मुस्तैद रही। इससे पहले पुलिस ने कस्बों में नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिया।

**तिर्वा प्रतिनिधि** के अनुसार, क्षेत्र मे शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसडीएम अशोक कुमार, सीओ प्रियंका बाजपेयी के नेतृत्व में जुमे की नमाज सम्पन्न कराई गई। इस दौरान पुलिस ने ड्रोन कैमरे से मस्जिदों की निगरानी कराई। नमाज के बाद सीओ और एसडीएम ने सभी नामाजियों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

**छिबरामऊ प्रतिनिधि** के अनुसार, सार्वजनिक जगह मंदिरों, मस्जिदों तथा संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती कर ड्रोन कैमरे से नजर रखी जा रही थी। जामा मस्जिद के पास एडिशनल एसपी डॉ. संसार सिंह व क्षेत्राधिकारी ओमकारनाथ शर्मा के साथ भारी पुलिस बल तैनात रहा।

# शहीद मेले में सेनानी पौत्र को किया गया सम्मानित

**छिबरामऊ, कन्नौज।** बेवर में आयोजित ऐतिहासिक शहीद मेले के 51वें स्थापना दिवस के अवसर पर प्रादेशिक स्तर का स्वतंत्रता सेनानी सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें सेनानी एवं उनके उत्तराधिकारियों का जमावड़ा लगा। सम्मेलन में अतिथि वक्ता के तौर पर शहर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. जुगल किशोर सक्सेना के पौत्र हिमांशु सक्सेना को विशिष्ट वक्ता के तौर पर आमंत्रित किया गया था। सम्मेलन में बरेली, सहारनपुर, फर्रुखाबाद, मैनपुरी, इटावा, कानपुर तथा आगरा से सैकड़ों की तादाद में स्वतंत्रता सेनानी परिजनों ने शिरकत की। कार्यक्रम के अंत में प्रबंधक राज त्रिपाठी,अध्यक्ष निर्मल गुप्ता ने फूलमाला पहनाकार व शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर हिमांशु सक्सेना का सम्मान किया।


हिमांशु सक्सेना को सम्मानित करते लोग। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### शक्तिपीठ में सद्भावना खिचड़ी भोज आज

**छिबरामऊ, कन्नौज।** शनि देव की कृपा प्राप्त करने के लिए शनिवार को हनुमान जी को चमेली के तेल से चोला चढ़ाना और प्रसाद रूप में उर्द की दाल से बनी खिचड़ी खाना बहुत ही पुनीत होता है। इसलिए शक्तिपीठ गमा देवी मंदिर में आज शनिवार 3 फरवरी को 11:00 बजे से सद्भावना खिचड़ी का कार्यक्रम है। गमादेवी मंदिर के पुजारी पंडित बनारसी दास शास्त्री ने सभी श्रद्धालुओं से शनि देव महाराज का प्रसाद पाने के लिए अपील की है।

### नशीले पदार्थ सहित दो गिरफ्तार

**छिबरामऊ।** प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक अभिनेश मय हमराह फोर्स ने शुक्रवार की सुबह 10:30 बजे पूर्वी बाईपास तिराहा से मोहल्ला कस्सावान निवासी रियाज पुत्र सनाउल्ला तथा जिला फिरोजाबाद थाना रामगढ़ के ग्राम लालपुर निवासी शिबू पुत्र मुन्नेलाल को पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से 1 किलो 30 ग्राम नशीला पदार्थ बरामद किया गया।

### 25 हजार के इनामी दुष्कर्म के आरोपी को दबोचा

**गुरसहायगंज।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देश पर कोतवाल जयप्रकाश शर्मा, निरीक्षक जयंती प्रसाद गंगवार, उपनिरीक्षक रामसेवक वर्मा, कांस्टेबल सत्यप्रकाश व विनय कुमार ने छापेमारी करते हुए दुष्कर्म के आरोपी फर्रुखाबाद जनपद के थाना मऊ दरवाजा, मोहल्ला अंगूरीबाग निवासी संतोष कुमार पुत्र लक्ष्मीनरायन को दबोच लिया। कोतवाल ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी बीते दो वर्षों से फरार चल रहा था। पुलिस को इसकी तलास थी। इसके बाद भी गिरफ्त में नहीं आ रहा था। इसी लिये संबंधित पर 25 हजार रुपये का इनाम भी है। कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई कर उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा है।

### इमरजेंसी की ओटी तैयार, मरीजों को मिलेगा लाभ

**तिर्वा।** मेडिकल कालेज की इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को अब तत्काल लाभ मिल सकेगा। इसके लिए प्राचार्य ने इमरजेंसी की ओटी को तैयार कराकर सभी उपकरणो से लैस कर दिया है। राजकीय मेडिकल कालेज की इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को अभी तक तत्काल सर्जरी व आपरेशन की सुविधा नही मिल पाती थी। क्योंकि रात में इमरजेंसी में आने वाले मरीजों के आपरेशन नही हो पाते थे। उन्हें सुबह ओटी में ले जाकर आपरेशन किए जाते थे। मरीजों की परेशानियों को देखते हुए प्राचार्य डा. सीपी पाल ने इमरजेंसी में बंद पड़ी ओटी की साफ सफाई करवाकर वहां पर आपरेशन के सभी उपकरणों का इंतजाम कराकर ओटी तैयार करा दी।

### एक्सप्रेस वे के नीचे गिरा ट्रेलर, हादसा टला

**तिर्वा।** बिहार से आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे होते हुए धान लाद कर हरियाणा जा रहा ट्रेलर जैसे ही ठठिया थाना क्षेत्र के पिपरौली गांव के सामने पहुंचा उसी समय ट्रेलर का टायर फट गया। इससे चालक नियंत्रण खो बैठा और ट्रेलर एक्सप्रेस वे के नीचे जा गिरा। उसपर सबार चालक महबूब व परिचालक बब्लू बाल-बाल बच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। थानाध्यक्ष अजय कुमार अवस्थी ने बताया कि हादसे मे कोई घायल नहीं हुआ था।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दंपति घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के नगला मान कसावा गांव निवासी शिशुपाल पुत्र मिजाजीलाल शुक्रवार को अपनी पत्नी पदमा चौहान के साथ बाइक से कैरदा गांव स्थित रिश्तेदारी में जा रहे थे। जब वह लोग सौरिख रोड पर जाफराबाद गांव के पास पहुंचे, तभी तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दंपति उछल कर सड़क पर जा गिरे और घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से घायलों को सौ शैय्या अस्पताल ले जाया गया। यहां प्राथमिक इलाज के बाद शिशुपाल की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### दंपति सहित महिला से मारपीट, दी धमकी

**गुरसहायगंज।** नगर के मोहल्ला सूबेदार नगर निवासी गुलशन बेगम का कहना है कि बीते गुरुवार की सुबह 10 बजे मोहल्ला गांधी नगर निवासी तीन लोग रंजिशन घर आए और गाली गलौज की। मना करने पर उसे व उसके पति हसरूद्दीन को मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। ग्राम महोना निवासी राहुल का कहना है कि गांव के चार लोग 30 जनवरी की सुबह 08 बजे दरवाजे पर आए और गाली गलौज की। मना करने पर उसकी पत्नी को मारपीट कर घायल कर दिया।

विचार-विमर्श

अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना कानपुर प्रांत की बैठक में की गई चर्चा

# इतिहास के पन्नों में दर्ज होगा कन्नौज का वैभवशाली अतीत

अमृत विचार विशेष

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- कन्नौज के इतिहास संकलन के लिए होगा जिला इकाई का गठन, होगा इतिहास दिवस

**अमृत विचार।** ऐतिहासिक शहर कन्नौज का वास्तविक इतिहास पन्नों में दर्ज होगा और लोगों को इसके वैभवशाली अतीत के बारे में बताया जाएगा। अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना कानपुर प्रांत की बैठक में जिले में एक इकाई के गठन के बारे में विचार विमर्श किया गया। इसमें एक समिति बनाई जाएगी, जो कन्नौज परावैभव काल की घटनाओं को संकलित कर लिपिबद्ध करेगी और इसके बाद संग्रह को पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया जाएगा।


इतिहास संकलन की बैठक में प्रोफेसर व शोध छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

शुक्रवार को राजकीय महिला महाविद्यालय में अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना कानपुर प्रांत की बैठक की गई, जिसमें जनपद कन्नौज की सभी प्रमुख ऐतिहासिक घटनाओं और तथ्यों के संकलन की रणनीति तैयार की गई। इतिहास विभाग की प्राध्यापक डॉ. सुमन शुक्ला बाजपेयी ने बताया कि बैठक में दस अकादमिक आयामों पर चर्चा की गई, जिसमें जनपद कन्नौज के इतिहास का पुनर्लेखन, कृषि आधारित आर्थिक परंपरा, भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं का इतिहास, जनजातियों के इतिहास, संघर्ष और प्रतिरोध का इतिहास आदि विषयों पर विचार विमर्श किया गया। उन्होंने बताया कि इसके अलावा जिले में इतिहास दिवस के आयोजन की रूपरेखा भी तैयार की गई। इतिहास संकलन और लेखन के लिए एक जिला इकाई का गठन भी किया जाएगा। बैठक में भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय के इतिहास विभाग डॉ. संजय कुमार सिंह, पीएसएम कालेज से डॉ. वरुण वशिष्ठ, चौधरी चंदन सिंह महाविद्यालय से इतिहास विभाग के डॉ. सुदीप चौधरी, शोध छात्र बागीशधर राय, शिव मोहन द्विवेदी, एमके गिरि, चंद्रशेखर पाल व भैयालाल उपस्थित रहे।

### सह संगठन सचिव संजय श्रीहर्ष ने उठाया बीड़ा


संजय श्रीहर्ष।

अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना कानपुर प्रांत के सह संगठन सचिव संजय श्रीहर्ष ने ऐतिहासिक शहर कन्नौज के इतिहास के पुनर्लेखन का बीड़ा उठाया है, जिसमें उन्होंने रामसहाय डिग्री कॉलेज बैरी शिवराजपुर की इतिहास विभाग की प्राध्यापक डॉ. सुमन शुक्ला बाजपेयी को जिम्मेदारी दी है। डॉ. सुमन इससे पहले राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर कन्नौज में भी रह चुकीं हैं। वहीं, जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने भी जनपद कन्नौज का गजेटियर प्रकाशित करने की योजना तैयार की है, जिसकी जिम्मेदारी भी डॉ. सुमन शुक्ला को दी गई है।

# पुरानी पेंशन के लिए कल लखनऊ जाएंगे कर्मचारी

**कन्नौज।** अटेवा जिलाध्यक्ष प्रवीण पाठक ने बताया कि चार फरवरी को लखनऊ में रन फॉर ओपीएस कार्यक्रम है। इसमें जिले से अधिक से अधिक लोग जाएंगे। इसे लेकर रूप रेखा बनाई गई है। अम्बेडकर पार्क गोमतीनगर लखनऊ में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के लिए सुबह सात बजे तक कन्नौज तिर्वा क्रॉसिंग पर एकत्र होकर सभी कर्मचारी जाएंगे। पुरानी पेंशन बहाली लिए आंदोलन जारी रहेगा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस वर्ष के बजट से निराशा हाथ लगी है। शिक्षकों व कर्मचारियों को देश के इस बार के बजट से किसी प्रकार की कोई राहत नहीं दी गई जो बहुत ही निराशाजनक है। इस मौके पर रैली प्रभारी ओमप्रकाश, राममहेश पाल, सत्यप्रकाश शाक्य, जितेंद्र सिंह कुशवाह व रोहित मिश्र उपस्थित थे।

# 350 करोड़ की परियोजनाओं का होगा शिलान्यास-लोकार्पण

## मुख्यमंत्री आज सुबह साढ़े 11 बजे बोर्डिंग मैदान में पहुंचेंगे, कार्यक्रम स्थल पर कई अधिकारियों ने किया निरीक्षण

तैयारियां पूरी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तीन फरवरी यानि शनिवार की सुबह साढ़े 11 बजे शहर के बोर्डिंग ग्राउंड पर पहुंचेंगे। वह करीब 350 करोड़ रुपये की लागत वाली योजनाओं-परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण भी करेंगे। उनके स्वागत को लेकर अफसरों के बीच रूपरेखा भी बन गई है। कार्यक्रम स्थल पर भी अधिकारियों की बीफ्रिंग हुई।

तहसील तिर्वा क्षेत्र के ठठिया के निकट स्थित करीब 30 एकड़ जमीन में बने इत्र पार्क को यूपी सीडा की ओर से बनाया गया है। इसके अलावा तालग्राम क्षेत्र में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे के निकट बनी विधि विज्ञान प्रयोगशाला (फॉरेंसिक लैब) का उद्घाटन बहुप्रतीक्षित है। भरोसेमंद सूत्रों की माने तो दोनों ही भवनों का मुख्यमंत्री लोकार्पण करेंगे। बताया गया है कि जिले में करीब 50 योजनाओं व परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास होगा। इसका खाका बन गया है। कार्यक्रम को लेकर कई अधिकारियों की ड्यूटी भी लगा दी गई है। एक दिन पहले ही बोर्डिंग ग्राउंड पर आलाधिकारियों ने विकास महकमे के अफसरों समेत अन्य लोगों को कार्यक्रम को लेकर जानकारी दी। किस तरह अपनी जिम्मेदारी निभानी है, इस पर भी बात रखी। इस बाबत प्रभारी सीडीओ/डीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी ने बताया कि मुख्यमंत्री का कार्यक्रम तय हो गया है। करीब 50 परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण भी होगा।

**50** परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण होगा



तालग्राम क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे किनारे बनी फॉरेंसिक लैब। अमृत विचार




तहसील तिर्वा क्षेत्र के ठठिया के पास बना इत्र पार्क। अमृत विचार

### सीएम मंच पर 10 लाभार्थियों को कर सकते हैं सम्मानित

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंच पर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, मत्स्य विकास विभाग और वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के 10 लाभार्थियों को मंच पर सम्मानित कर सकते हैं। अधिकारियों के बीच में इसका खाका तय हो चुका है। बताया गया है कि सरकारी योजनाओं से जिन लाभार्थियों को शामिल किया गया है उनको ही मुख्यमंत्री प्रमाण पत्र, स्वीकृति पत्र व प्रतीकात्मक चेक आदि देंगे।



# समूह की महिलाएं, आंगनबाड़ी कार्यकत्री बढ़ाएंगी सभा में भीड़

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- नारी शक्ति वंदन में करीब 10 हजार महिलाओं को सम्मानित करने का रखा लक्ष्य

**अमृत विचार।** शहर के बोर्डिंग ग्राउंड पर आज होने वाले मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में करीब 10 हजार महिलाओं का सम्मान करने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें स्वयं सहायता समूह, आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिकाओं को भी आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा महिला प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यों समेत कई जनप्रतिनिधियों व संविदा कर्मियों को बुलाया गया है। कहा जा रहा है कि इन महिलाओं की ही भीड़ अधिक दिखेगी।

जनपद के कई अफसरों ने मिलकर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए महिलाओं को बुलाने का किसी न किसी रूप में सहयोग शुरू कर दिया है। बताया गया है कि सांसद की ओर से भेजे गए उनकी फोटो वाले करीब 500 पहचान पत्र जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय से ब्लॉकों को दिए गए हैं। यहां से ही महिला प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों को जारी किए गए हैं। इसी तरह एनआरएलएम के सहयोग से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को बुलाया गया है। बाल विकास एवं सेवा पुष्टाहार विभाग के तहत काम करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं को भी कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। आशा बहुओं को भी बुलाने की बात कही गई है, हालांकि मांगों को लेकर उनका धरना चल रहा है। कनौजी माटी वंश समागम कार्यक्रम में नारी शक्ति वंदन के तहत महिलाएं सम्मानित की जाएंगी।

# जीटी रोड से गुजरेगा सीएम का काफिला हटाये गये ब्रेकर



सीएम आगमन को लेकर यूपीटी के निकट जीटी रोड के ब्रेकर हटाते कर्मचारी। अमृत विचार

**कन्नौज।** पूर्व विधायक व एमएलसी रहे दिवंगत बनवारी लाल दोहरे के आवास मकरंदनगर सीएम का काफिला जायेगा। इसको लेकपर जीटी रोड यूपीटी के निकट बने दो स्थानों के ब्रेकर को कर्मचारियों ने हटा दिया है। संबंधित स्थान को पूरी तरह से समतल कर दिया गया, जिससे सीएम का काफिला आसानी से गुजर सके। इसके अलावा जीटी रोड समेत पूरे सरायमीरा व कार्यक्रम स्थल पर बीते दो दिनों से लगातार सफाई चलती रही।

## एक नजर

### जुमा को लेकर अलर्ट रही पुलिस

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शुक्रवार को कोतवाल जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में जुमा की नमाज को लेकर नगर सहित क्षेत्र की मस्जिदों में पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस की मौजूदगी में जुमा की नमाज अदा कराई गई। इसमें नगर के तिराहा स्थित जामा मस्जिद, गांधी नगर, तिर्वा रोड पर पुलिस बल तैनात रहा। जबकि मझपुर्वा, डुंडवाबुजुर्ग, इस्माइलपुर, समधन, सौसरापुर आदि स्थानों पर भी पुलिस कर्मी नजर बनाएं रहे। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण तरीके से जुमा की नमाज संपन्न कराई गई। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर उप निरीक्षक विनय शर्मा, आनंद मिश्रा, कमलेश कुमार, कांस्टेबल सुधीर चौहान, डेविड, दीपांशु गंगवार, जीतू, जितेंद्र सिंह मौजूद रहे।

### देश की जनता को गुमराह कर रही भाजपा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** समाजवादी पार्टी की ओर से पीडीए पखवाड़ा जन पंचायत का कार्यक्रम लगातार जारी है। इसके तहत शुक्रवार को सिकंदरपुर के ग्राम रायपुर में आयोजित जन पंचायत में पूर्व सपा विधायक अरविंद यादव ने कहा कि भाजपा सरकार झूठे सपने बेचकर देश की जनता को गुमराह करना चाहती है। हम समाजवादी इस मंसूबे को सफल नहीं होने देंगे। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष उमेश पाल, पूर्व महासचिव प्रभाकर, बॉबी, देवकांत दुबे, अनुसूचित जाति जिलाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह दिवाकर, मुस्ताक अली, वैभव पांडे, अमर सिंह यादव फौजी, अब्दुल कलाम, अंकुर सिंह यादव, भारत सिंह शाक्य, तेजराम शाक्य, संजीव कुमार शाक्य, सुशांत शाक्य, प्रखर द्विवेदीन मुकेश कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

### कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन चार फरवरी को

**कन्नौज।** जनपद स्तरीय संवाद कार्यशाला एवं कार्यकर्ता सम्मेलन चार फरवरी को होगा। यह जानकारी कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव नीलांशु चतुर्वेदी मौजूद रहेंगे। जिला स्तरीय संवाद कार्यशाला कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन जिला शहर कांग्रेस कमेटी एवं वरिष्ठ कांग्रेस जनों के संयुक्त तत्वाधान में चार फरवरी रविवार को समय 11:00 बजे गोमती देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज मकरंद नगर कन्नौज में आयोजन होगा।

# जिला अस्पताल में नहीं मुख्यमंत्री का ब्लड ग्रुप एबी पॉजिटिव

अमृत विचार विशेष

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ब्लड ग्रुप एबी प्लस है। आज वह इत्रनगरी में आ भी रहे हैं। एक दिन पहले तक उनका ब्लड ग्रुप जिला अस्पताल में नहीं था। हालांकि स्वास्थ्य विभाग कुछ लोगों को ब्लड डोनेट करने के लिए राजी करने में जुट गए थे। समाचार लिखे जाने तक व्यवस्था नहीं हुई थी।

जिले से जो सरकारी कार्यक्रम जारी हुआ है उसमें कहा गया है कि मुख्यमंत्री का रक्त एबी पॉजिटिव है। कन्नौज भ्रमण को लेकर एक एंबुलेंस आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं आदि के साथ तीन फरवरी को सुबह सात बजे रिपोर्ट करेगी। मेडिकल कॉलेज में भी दो कक्ष आपातकाल के लिए आरक्षित करने को कहा गया है।

- आपातकाल से निपटने को व्यवस्था में जुटे जिम्मेदार

खास बात यह है कि जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में एबी पॉजिटिव रक्त नहीं है। इससे स्वास्थ्य महकमे में अफरा-तफरी का माहौल हो गया है। प्रशासनिक अफसर भी सकते में आ गए हैं। भरोसेमंद लोगों की माने तो जिम्मेदारों ने एबी पॉजिटिव ब्लड की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

- ब्लड डोनेट करने के लिए लोगों को कर रहे हैं राजी

ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ. विभांशु चतुर्वेदी ने बताया कि ब्लड नहीं है लेकिन उसके इंतजाम के प्रयास हो रहे हैं। डोनर की तलाश जारी है।

### मुख्यमंत्री का दोपहर में यह है कार्यक्रम

- 12.25 बजे बोर्डिंग ग्राउंड में उतरेगा सीएम का हेलीकॉप्टर।
- 12.30 बजे सीएम एमएलसी रहे स्व. बनवारी लाल दोहरे के आवास पर परिजनों से मिलेंगे।
- 12.45 बजे मुख्यमंत्री कार से शहर के बोर्डिंग ग्राउंड पर पहुंचेंगे।
- 01.30 बजे तक सीएम विकास योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। साथ ही सांसद सुब्रत पाठक के पिता की पुण्य स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।
- 01.40 बजे सीएम का हेलीकॉप्टर से संत कबीर नगर के लिए रवाना हो जाएंगे।

# आम जनता को न होने पाए कोई परेशानी



बोर्डिंग मैदान पर ब्रीफिंग करते पुलिस महानिरीक्षक जोगिंदर कुमार व अन्य अधिकारी।



कार्यक्रम स्थल पर ब्रीफिंग में मौजूद बाहर से आए पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- कानपुर जोन के पुलिस महानिरीक्षक ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण
- बोर्डिंग मैदान पर ब्रीफिंग कर पुलिस कर्मियों को दिए सतर्कता बरतने के निर्देश

**अमृत विचार।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज शहर के बोर्डिंग मैदान में आएंगे, जहां वह जिले में विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे। जिला एवं पुलिस प्रशासन ने मुख्यमंत्री की सुरक्षा का खाका तैयार किया है और कानपुर जोन के पुलिस महानिरीक्षक जोगिंदर कुमार ने बोर्डिंग मैदान एवं हैलीपैड पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा पुलिस कर्मियों की ब्रीफिंग की। इस दौरान उन्होंने मातहत अधिकारियों और कर्मचारियों को विशेष सतर्कता के निर्देश भी दिए।

शुक्रवार को आईजी जोगिंदर कुमार, डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल, एसपी अमित कुमार आनंद, एडीएम आशीष कुमार सिंह, सीडीओ नरेंद्रदेव द्विवेदी, एएसपी डॉ. संसार सिंह ने बोर्डिंग मैदान का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इसके बाद आईजी ने बाहर से आने वाली तथा जिले की पुलिस फोर्स व अधिकारियों के साथ ब्रीफिंग की।

आईजी ने कहा कि आम जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर लें। वाहनों को पार्किंग में खड़ा कराएं तथा तलाशी के बाद ही अंदर जाने दें। ड्यूटी के दौरान आमजन से सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार करें। सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक नहीं होनी चाहिए।



टूर्नामेंट का उदघाटन करते पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी। अमृत विचार

# प्रतिभा को निखारकर आगे बढ़ें युवा

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** शुक्रवार को कस्बा समधन स्थित मैदान पर गौरी क्रिकेट टूर्नामेंट का पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने फीता काटकर व गेंद खेलकर उद्घाटन किया। पूर्व विधायक का आयोजकों व खिलाडियों ने फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। टूर्नामेंट में तिर्वा व फरिकापुर के बीच मैच खेला गया। जिसमें फरिकापुर की टीम ने तिर्वा को हराकर जीत दर्ज की।

पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने कहा कि खेलों से प्रतिभा में निखार आता है। यही प्रतिभाएं आगे चलकर जनपद, प्रदेश व देश का नाम रोशन करती है। लोगों को भी युवाओं का उत्साहवर्धन कर सहयोग करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि खेलों से युवाओं में शारीरिक व मानसिक विकास भी होता है। खेल सामाजिक सौहार्द व आपसी भाईचारे को बढ़ावा देता है। खेल क्षेत्रीय लोगों से मेलजोल भी बढ़ाता है। युवाओं को आगे आकर प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करना चाहिए और अपनी प्रतिभा को निखार कर जनपद का नाम रोशन करना चाहिए।

# एसपी ने सभा स्थल का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनपद आगमन को लेकर बोर्डिंग ग्राउंड सभा स्थल व पार्किंग के लिये चिन्हित स्थल का निरीक्षण किया। सुरक्षा व्यवस्था देखते हुए सदर कोतवाली क्षेत्र के सार्वजनिक स्थानों, बाजारों में पैदल भ्रमण कर कोतवाली प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

यातायात प्रभारी आफाक खान को यातायात व्यवस्था बेहतर बनाये रखने के लिये निर्देश दिये गये। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम को लेकर किसी तरह की चूक न हो जाये, इस संबंध में एसपी शुक्रवार को एसओजी टीम के साथ निकले। सबसे पहले उन्होंने यातायात व्यवस्था की जानकारी ली। मुख्यमंत्री के आगमन के दौरान शहर में कहीं जाम न लगे। इसके लिए निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने पार्किंग स्थल की क्षमता देखी कि संबंधित जगह पर कितने वाहन खड़े हो सकते हैं। इसके बाद वह सीधे बोर्डिंग मैदान कार्यक्रम स्थल पहुंचे। यहां पर भी उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली।



एसओजी टीम के साथ बोर्डिंग मैदान का निरीक्षण करते एसपी अमित कुमार आनन्द।

### शहर के मुख्य मार्ग पर बंद रहेगा यातायात

- मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर रूट डायवर्ट किया गया है। पश्चिमी बाईपास जीटी रोड पर जलालपुर पनवारा में बैरियर लगाकर भारी वाहनों को रोक दिया जाएगा तथा वाहनों को बाईपास से पाल चौराहा होते हुए भेजा जाएगा। इसी प्रकार जिला अस्पताल के पास पूर्वी बाईपास पर तथा हरदोई मोड़ अंडरपास पर भी वाहनों को शहर में नहीं घुसने दिया जाएगा। पाल चौराहा पर भी बैरियर लगाकर शहर में वाहनों का प्रवेश रोका जाएगा। केवल छोटे वाहनों को गोलकुआं तक आने-जाने की अनुमति दी जाएगी।

## सार-संक्षेप

### छात्र-छात्राओं में वितरित किए गए जूता-मोजा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** गौतम बुद्ध एजूकेशन सेन्टर बढ़ेपुर में बोधगया से पधारे विक्रमशिला फाउन्डेशन ऑफ इंडिया के लामा कर्मा वज्रा, सेरिंग ज्ञात्सो (योगजीत) व लामा कर्मा थपसे ने सभी छात्र छात्राओं में जूता मोजा वितरित किए। कार्यक्रम में सर्व प्रथम बुद्ध वन्दना की गई। इसके उपरान्त आए हुए अतिथियों का प्रबंधकारिणी समिति के पदाधिकारियों ने माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर संस्थापक रमेश बाबू बौद्ध, संरक्षक धर्मपाल शाक्य, प्रबंधक शिव प्रताप सिंह शाक्य एडवोकेट, अशोक कुमार, प्रधानाध्यापक कृष्ण मुरारी शाक्य, राहुल प्रताप सिंह, डॉ राजीव शाक्य, अतुल प्रताप सिंह, विक्रम सिंह यादव, मानव शाक्य, निशान्त, नीलेश, रबी, हिना शाक्य, सुमन शाक्य व प्रिया शाक्य आदि उपस्थित रहे।

### पांच को आएंगे नए सीडीओ, नायब तहसीलदार ने दी आख्या

**कन्नौज।** नए सीडीओ रामकृपाल चौधरी की तैनाती का आदेश आने के बाद कहा जा रहा है कि वह पांच फरवरी को कार्यभार ग्रहण करेंगे। लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का दो फरवरी को कार्यक्रम था। इसमें एनआरएलएम व अन्य महिलाओं को बुलाया गया था। नए सीडीओ बनाकर भेजे जा रहे रामकृपाल चौधरी वर्तमान में संयुक्त मिशन निदेशक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन में तैनात हैं। उसी विभाग का ही कार्यक्रम था। इसके अलावा तीन फरवरी को मुख्यमंत्री का कन्नौज में कार्यक्रम है। अगले दिन रविवार है। इस वजह से सोमवार यानि पांच फरवरी को ही सीडीओ पद पर ज्वाइन करेंगे। दूसरी ओर कानपुर देहात से आए नायब तहसीलदार अतुल हर्ष ने जिले में योगदान आख्या दे दी है। उनकी तैनाती का आदेश जल्द जारी होगा। दरअसल, छिबरामऊ में इकलौते नायब तहसीलदार शिखर मिश्र का इटावा के लिए तबादला हो गया है। इस वजह से पद रिक्त है।

### बाबा मंगलेश्वर सरकार मंदिर में मना वार्षिकोत्सव

**कन्नौज।** ब्लॉक सदर क्षेत्र के पचोर गांव में बाबा मंगलेश्वर सरकार मंदिर पर वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। संगीतमय सुंदरकांड पाठ हुआ और उसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। भक्तों की मंदिर पर भीड़ रही। भजन-कीर्तन का भी सिलसिला चला।



प्रतिभागी बच्चों के साथ प्रधानाध्यापिका पूजा पांडेय। अमृत विचार

### बजाओ ढोल स्वागत में, मेरे घर राम आए हैं...

**छिबरामऊ, कन्नौज।** अंग्रेज़ी माध्यम प्राथमिक विद्यालय कल्यानपुर में आयोजित वार्षिकोत्सव में सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बजाओ ढोल स्वागत में मेरे घर राम आए हैं... गीत पर राम लक्ष्मण सीता के सामने बालिका के डांस ने सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने खेल, पढ़ाई और डांस आदि कार्यक्रमों में उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। बच्चों ने आओ करके सीखें निपुण से संबंधित खेल बहुत मन से खेला जिसमें तीन बच्चों को प्रतिभाग करना था और वर्णमाला से संबंधित शब्द एक लाइन में रखने थे। कक्षा 5 की रुचि ने शब्द एक लाइन में जल्दी रख दिए वह विनर घोषित हुई और उसको ट्रॉफी दी गई। इसके अलावा देव कक्षा तीन द्वितीय और सलोनी कक्षा तीन तृतीय रहीं। इस खेल से बच्चों में पढ़ाई के प्रति ध्यानाकर्षण होता है। बच्चों ने मेरे घर राम आए हैं... गीत पर बहुत सुंदर डांस की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका ने कहा वार्षिकोत्सव जैसे कार्यक्रम से बच्चों में नई ऊर्जा का संचार होने के साथ उनका सर्वांगीण विकास होता है। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में शिवप्रताप सिंह, सौरभ, मनीष, जितेंद्र, अनीता, नीतू, दीपमाला और प्रतापभान सिंह सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थिति रहा।

कार्रवाई | ग्राम पंचायत सचिव शरद के क्षेत्र का बताया गया है जोड़ा, छिबरामऊ में 30 जनवरी को सामूहिक विवाह में शामिल हुई थी महिला

# दोबारा शादी करने पहुंचे जोड़े के मामले में एडीओ किए गए तलब

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिलेभर में कन्नौज क्षेत्र को छोड़कर तालग्राम, सौरिख, छिबरामऊ व तिर्वा इलाके में 30 जनवरी को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 447 जोड़ों की शादियां व निकाह हुए थे। छिबरामऊ में एक जोड़ा दोबारा शादी करने पहुंच गया था। हालांकि जानकारी होने पर इस जोड़े को बाहर कर दिया गया था। इस मामले में एडीओ समाज कल्याण को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया गया है।

छिबरामऊ में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में एक जोड़ा ऐसा बैठा था जिसका ब्याह पहले ही हो चुका था। मामले की जानकारी महिला के पैरों में बिछिया देखकर लोगों को हो गई। अधिकारियों के बीच भी शिकायत पहुंची तो उस जोड़े को बाहर कर दिया गया। इस मामले में जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी का कहना है कि एडीओ पंचायत श्याम वरन से स्पष्टीकरण मांगा गया है कि आखिर पहले से शादी कर चुका जोड़ा समारोह में कैसे शामिल हुआ। बताया गया है कि ग्राम पंचायत सचिव शरद के क्षेत्र का जोड़ा है। उनके पास दो ग्राम पंचायतें हैं। आरोपी जोड़े को 10 हजार रुपये की सामग्री नहीं दी गई है। साथ ही 35 हजार रुपये की आर्थिक मदद भी अब महिला को नहीं मिलेगी। मामले की जांच हो रही है।

### बलिया में कार्रवाई पर सतर्क हुए अफसर

- सूबे के जिले बलिया में 25 जनवरी को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का आयोजन हुआ था। बताया गया है कि यह झूठा था। बिना दूल्हे के ही वधू पक्ष को 10 हजार रुपये की सामग्री दे दी गई और विवाह को मान्यता देते हुए 35-35 हजार रुपये भेजने की सहमति भी हो गई। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण सुनील यादव को निलंबित किया गया। साथ ही जांच के भी आदेश हुए। इसको लेकर जिले में भी सख्ती बरती जा रही है। जिला समाज कल्याण अधिकारी का कहना है कि कार्यक्रम वाले दिन जब पंजीकरण होता है तो वर-वधू का आधार कार्ड भी देखा जाता है। उसके बाद ही मंडप पर बैठाया जाता है।

# सामूहिक विवाहः अब 14 को बजेगी शहनाई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शादियां कराने का लक्ष्य समाज कल्याण विभाग ने तोड़ दिया है। कुल 1060 शादियों-निकाह के सापेक्ष अब तक 1309 जोड़ों के घर बस चुके हैं। अब 14 फरवरी को वसंत पंचमी के दिन कन्नौज शहर या उसके निकट बड़ा आयोजन होगा। इसमें 200 से 300 जोड़ों के शामिल होने की संभावना है।

समाज कल्याण विभाग का नाम सामूहिक विवाह योजना में दिसंबर 2023 की सूची में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के तहत सूबे में तीसरे नंबर पर है। रैंकिंग के मामले में योजना पहले नंबर पर चल रही है। जनवरी 2024 में भी 447 जोड़ों की शादियां व निकाह हो चुके हैं। इस वजह से रैंक और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। इसके अलावा माना यह जा रहा है कि लोकसभा क्षेत्र का चुनाव भी निकट आ रहा है, हालांकि अब तक औपचारिक ऐलान नहीं हुआ है। इस वजह से वसंत पंचमी को सामूहिक विवाह का अंतिम आयोजन हो सकता है। जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी ने बताया कि अब तक कुल 249 जोड़ों की शादियां लक्ष्य से अधिक हुईं हैं। अगला आयोजन कन्नौज में होगा।

### छह फरवरी तक ही ऑनलाइन आवेदन मान्य होंगे

- जिला समाज कल्याण अधिकारी का कहना है कि शादी की तारीख से सात दिन पहले तक के ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जाते हैं। इस वजह से छह फरवरी तक जो आवेदन आएंगे, उनको ही शामिल किया जाएगा। जो आवेदन बाद में आएंगे उनको आगे के समारोह में आमंत्रित किया जाएगा।

## एक नजर

### मार्ग दुर्घटना में हलवाई ने दम तोड़ा

**फर्रुखाबाद।** शमसाबाद थाना क्षेत्र में मार्ग दुर्घटना में हलवाई की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक ट्रैक्टर सहित भाग गया। थाना क्षेत्र के ग्राम कुइयां निवासी 35 वर्षीय दीपू मंझना बाजार से सब्जी खरीद कर बाइक से घर जा रहा था। दीपू शाम करीब 5 बजे मंझना में चतुर्वेदी प्रतिष्ठान के सामने से गुजर रहा था। उसी समय सामने तेजी से आए ट्रैक्टर चालक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी और ट्रैक्टर को बघार की ओर भगा ले गया। हादसे में दीपू की मौके पर ही मौत हो गई। सड़क पर पढे दीपू के शव को देखकर उसके परिवार की महिलाएं बिलखती रही। सूचना मिलने पर थाना नवाबगंज पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई की। बताया गया कि पुलिस ने चालक को पकडकर ट्रैक्टर कब्जे में ले लिया।

### इंटर प्रायोगिक परीक्षा हुई

**फर्रुखाबाद।** यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षा जनपद के 14 केंद्रों पर हुई। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में बने कंट्रोल रूम से परीक्षा केंद्रों की निगरानी की गई। प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए जनपद के 165 माध्यमिक विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। शुक्रवार को पहले दिन 14 केंद्रों पर परीक्षा शुरू हुई। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में बने कंट्रोल रूम से प्रयोगात्मक परीक्षा केंद्रों की निगरानी की गई। परीक्षा प्रभारी रामलखन पाल ने बताया कि पहले दिन 14 केंद्रों पर प्रयोगात्मक परीक्षा हुई थी। नौ फरवरी तक प्रैक्टिल चलेंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे के बीच 14 केंद्रों पर प्रैक्टिल शुरू हुए।

### एक ने पिया जहर

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** नगर के मोहल्ला बगिया निवासी कोमल ने संदिग्ध हालात मे कीटनाशक पदार्थ पी लिया। गंभीर हालत मे परिजन अस्पताल लाए। जहाँ प्राथमिक इलाज के बाद उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### मार्ग दुर्घटना मे तीन घायल

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** अलग अलग मार्ग दुर्घटना मे जनपद कासगंज के थाना पटियाली के गांव नगला मौजी निवासी सुमित, क्षेत्र के गांव नरसिंगपुर निवासी सुनील, पितौरा निवासी अली हसन घायल हो गए। सभी घायलों को लोगों ने अस्पताल भर्ती कराया।

### अस्पताल में 360 रोगी आए

**फर्रुखाबाद।** गंगा के पांचाल घाट पर लगे मेला रामनगरिया में एलोपैथिक अस्पताल में शुक्रवार को 360 रोगियों ने पर्चा बनवाकर दवा प्राप्त की। डॉ. नेहा गुप्ता के अनुसार मेले में बुखार, जुकाम और खांसी से पीड़ित रोजी ज्यादा आ रहे हैं।

# अलर्ट : पूजास्थलों पर पुलिस बल तैनात, सड़कों पर फ्लैग मार्च

## जिलाधिकारी व एसपी ने जुमे की नमाज शांतिपूर्वक अदा कराई, खुफिया तंत्र सक्रिय



कायमगंज में जामा मस्जिद के बाहर तैनात फोर्स। अमृत विचार



रूट मार्च करते डीएम वीके सिंह व एसपी विकास कुमार। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद**

**अमृत विचार।** वाराणसी में ज्ञानवापी के तहखाना में पूजा-अर्चना को लेकर मस्जिद बंद करने के ऐलान के साथ दुकाने व कारोबार बंद कर नमाज अता करने की अपील के बाद पहले से अलर्ट मोड पर चल रही पुलिस ने सक्रियता और बढ़ा दी। प्रशसान ने सभी पूजा स्थलों पर पुलिस फोर्स लगा दिया और स्थानीय खुफिया तंत्र को हर छोटी-बड़ी बात पर नजर रखने का निर्देश दिया।

प्रशासन व पुलिस के आला अधिकारियों ने सड़कों पर पैदल गश्त कर शांति व्यवस्था बनाए रखने का संदेश आमजन को दिया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने जुमे की नमाज को शांतिपूर्ण अदा कराई।

सुबह से शाम तक चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस कप्तान विकास कुमार ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेने के बाद पुलिस कर्मियों को दंगा नियंत्रण का प्रशिक्षण दिया और उन्होंने हर स्थिति से निपटने के पुलिस के तरीके बताए। इस अवसर पर एसपी ने परेड की सलामी भी ली। कुल मिलाकर प्रमुख पूजा स्थलों पर भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात है। शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। कायमगंज संवाददाता के अनुसार ज्ञानवापी मस्जिद की इंतजामिया कमेटी ने शुक्रवार को मस्जिद बंद करने का ऐलान किया तो प्रशासन चौकन्ना हो गया। इंतजामिया कमेटी ने एक पत्र जारी कर मुस्लिम समुदाय के लोगों से दुकानें और कारोबार बंद बंद रखकर नमाज अदा करने के आह्वान पर पुलिस ने फ्लैग मार्च कर अमन-चैन कायम रखने का संदेश दिया।

कस्बे में किसी भी प्रकार की अनहोनी न होने पाए जिसको लेकर कोतवाली प्रभारी राम अवतार सिंह ने अपने हमराहियों के साथ पुलगालिव लेकर श्याम गेट तक फ्लैग मार्च किया और शांति व्यवस्था को देखा। अपने अधीनस्थो को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी वीके सिंह व पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने भारी पुलिस बल के साथ लाल सराय से लेकर त्रिपोलिया चौक तक रूट मार्च किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने पैदल घूम घूम कर शांति व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ जिला स्तरीय अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## बंदर ने किशोरी को जगह-जगह काटा, मौत

**फर्रुखाबाद।** कमालगंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार को बंदर के बुरी कदर काटने से किशोरी की मौत हो गई।

थाना क्षेत्र के गांव अमाना वाद की रहने वाली नन्दनी (14) पुत्री शिवराम अपने घर के वाहर खेल रही थी। उसी समय वहां बहुत सारे बंदर आ गए। नन्दनी ने बंदरो को भगाने का प्रयास किया। इसी दौरान एक बंदर ने उसे बुरी तरह कई जगह काटा, जिससे वह बेहोश हो गई। परिजन उसे आननफानन सामुदायक स्वास्थ्य केंद्र कमालगंज ले गए। जहां डॉक्टर ने उसकी हालत गम्भीर देखते हुए लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। गम्भीर अवस्था पिता शिवराम नन्दनी को लोहिया अस्पताल लेकर आये ड्यूटी पर तैनात डॉ. वैभव यादव ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉ. वैभव यादव ने बताया कि नन्दनी को बंदर ने कई जगह बुरी तरह काटा था, जिससे अधिक खून बह जाने से उसकी मौत हो गई। बंदरो के हमले से किशोरी के गिरने से भी सिर में भी चोट लगी। सिर पर भी बंदर के काटने के निशान मौजूद थे। पिता शिव राम ने बताया कि गांव में बंदरों का आतंक है। उसकी बेटी की चीख सुन जब तक पड़ोसी मौके पर पहुंचे, तब तक बंदर ने उसे बुरी तरह से चबा डाला। बंदर के काटने से हुई नन्दनी की मौत से गांव में बंदरों को लेकर दहशत हो गई है।



संबोधित करते भाजपा नेता। अमृत विचार

## भाजपा ने शुरू किया गांव चलो अभियान

**कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद**

**अमृत विचार।** प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर भाजपाइयों ने शुक्रवार से गांव चलो अभियान की शुरूआत की। जनपद में जगह-जगह कार्यक्रमों के आयोजन किए गए।

भाजपा के फतेहगढ़ मंडल की ओर से मसेनी चौराहा स्थित एक गेस्ट हाउस में आयोजित गांव चलो अभियान को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि दिव्यांग प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक अभिषेक त्रिवेदी ने गांव चलो अभियान पर विस्तार से प्रकाश डाला। संचालन कर रहे शिवम दुबे ने सरकार की योजनाओं से लोगों को अवगत कराया। सभासद शशांक मिश्रा, अभिषेक बाजपेई, चित्रा अग्निहोत्री व रामभरोसे चक ने भी संबोधित किया। अध्यक्षता रामवीर सिंह ने की। आशू राठौर, दीपक कटियार, मनोज राजपूत, अरुण त्रिवेदी व रजनीश मिश्रा आदि मौजूद रहे। भाजपा कायमगंज नगर मंडल कार्यशाला का आयोजन डॉ. मिथलेश अग्रवाल के आवास पर हुआ।

डॉ. मिथलेश अग्रवाल ने पार्टी की रीति-नीति से मौजूद लोगों को अवगत कराया। भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. अरशद मंसूरी ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से लोगों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया जाएगा। इस अवसर पर अमरदीप दीक्षित, मंडल अध्यक्ष चेतन तिवारी, वरुण गंगवार, शिव कुमार शाक्य, उर्मिला सिंह, बविता वर्मा, हामिद हुसैन, मोहम्मद सिकंदर मंसूरी, सुमित कुमार कोरी, प्रदीप कुमार द्विवेदी व मनमोहन सिंह आदि मौजूद रहे।

## वांछित सूचना न देने पर 41 प्रधानाचार्यों को चेतावनी

**कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद**

- सरप्लस शिक्षकों की सूचना 30 तक देनी थी

**अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा परिषद के निर्देश के बावजूद जनपद के 41 अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों ने सरप्लस शिक्षकों की सूचना उपलब्ध नहीं कराई है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने इस पर नाराजगी जताई। उन्होंने प्रधानाचार्यों का वेतन रोकने की चेतावनी दी है।

माध्यमिक शिक्षा विभाग ने एडेड माध्यमिक विद्यालयों से 30 जनवरी तक सरप्लस शिक्षकों की सूचना मांगी थी। इसके बावजूद जनपद के 63 एडेड माध्यमिक विद्यालयों में से सिर्फ 22 ने ही सूचना उपलब्ध कराई। विभाग ने इसे गंभीरता से लिया है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने 41 एडेड विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को वेतन रोकने की चेतावनी दी है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने प्रधानाचार्यों को पत्र भेजकर कहा कि पांच फरवरी तक मांगी गई सूचना हर हाल में उपलब्ध करा दी जाए। जानकारी न देने वाले प्रधानाचार्य का जनवरी माह का वेतन अवरुद्ध कर दिया जाएगा। डीआईओएस नरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि जनपद में 63 माध्यमिक विद्यालय हैं, जिनमें 22 ने सूचना दी है। 41 प्रधानाचार्यों को नोटिस भेजे हैं। पांच फरवरी तक अगर सूचना न मिली तो वेतन रोकने की कार्रवाई की जाएगी।

## दुर्घटना में मौत पर चालक पर रिपोर्ट

**कायमगंज।** टेड़ीकोन रोड पर मवेशी कारोबारी की दुर्घटना में मौत के मामले में रोडवेज बस के अज्ञात चालक के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। 31 जनवरी को क्षेत्र के गांव रायपुर निवासी राशिद कुरैशी (45) गांव के ही अपने साथी रईस मिया, अबरार के साथ मवेशी भरकर पिकअप से चालक राजिक के साथ जा रहे थे। कायमगंज फर्रुखाबाद मार्ग स्थित टेड़ीकोन के पास तेज रफ्तार रोडवेज बस के चालक ने लापरवाही से टक्कर मार दी थी, जिसमें राशिद की मौत हो गई जबकि साथी समेत चालक घायल हो गए थे। पिकअप के चालक राजिक की तहरीर पर पुलिस ने रोडवेज चालक द्वारा लापरवाही से बस चलाने की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## बर्ड वॉच डे : पक्षियों को संरक्षित करने का आह्वान

**संवाददाता, अमृतपुर-फर्रुखाबाद**

**अमृत विचार।** मानव जीवन को संरक्षित करने के लिए पक्षियों का बहुत बड़ा योगदान है। इस लिए प्रत्येक व्यक्ति को पक्षियों को संरक्षित करने में योगदान देना चाहिए। यह जानकारी यहां क्षेत्रीय वन अधिकारी रत्लेश कुमार ने दी।

क्षेत्रीय वन अधिकारी कुठिला झील पर आयोजित बर्ड वाच डे पर बोल रहे थे। नेचर एंड बर्ड फेस्टिवल के तहत वन विभाग द्वारा 2 फरवरी को बर्ड वॉच डे मनाया जाता है। आज इसी क्रम में वन विभाग के अधिकारियों ने कुठिला झील पर पहुंचकर ग्रामीणों एवं संविलियन विद्यालय नगलाहूशा के छात्रों को कुठिला झील पर एकत्र कर कार्यक्रम के महत्व के विषय मे बताया।मानव जीवन के लिए पशु पक्षियों का क्या योगदान है। इसकी विस्तृत जानकारी दी। क्षेत्रीय वन अधिकारी रत्लेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया मानव जीवन को संरक्षित करने मे पक्षियों का बहुत बड़ा योगदान है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी बनती है कि मानव जीवन को बेहतर बनाने के लिए हम लोग पक्षियों को संरक्षित करें। कोई भी व्यक्ति पशु पक्षियों को किसी भी प्रकार की हानि पहुंचाने की कोशिश न करे।वन विभाग के अधिकारियों द्वारा झील पर मौजूद लोगों को कुठिला झील पर आए प्रवासी पक्षियों के विषय मे जानकारी दी गई। तथा प्रवासी पक्षियों की पहचान कराई गई।




पक्षियों को संरक्षित करने का संदेश देते स्कूली बच्चे। अमृत विचार

उप क्षेत्रीय वन अधिकारी राजकुमार ने बताया कुठिलाझील का सौंदर्यीकरण होने से इस बार अधिक मात्रा मे प्रवासी पक्षी आए हैं। जिसमे कोंच, पनडुब्बी, सारस आदि प्रजातियां हैं। प्रवासी पक्षियों के साथ साथ स्थानीय पक्षियों के विषय मे भी जानकारी दी। इस मौके पर संविलियन विद्यालय के प्रधानाध्यापक ओम दत्त शुक्ला, एसडीओ ओमप्रकाश, क्षेत्रीय वन अधिकारी रत्लेश कुमार श्रीवास्तव, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी राजकुमार, वन दरोगा मोहित कुमार, रामसनेही, सत्यम सिंह, राहुल कुमार आदि शिक्षक आदि मौजूद रहे।

## अनियंत्रित ट्रैक्टर ने आधा दर्जन भेड़ों की ले ली जान

**संवाददाता, फर्रुखाबाद**

- ट्रैक्टर कब्जे में लेकर पुलिस ने चालक को हिरासत में लिया
- भेड़ों को बचाने में बिजली के खंभे से भिड़ा ट्रैक्टर

**अमृत विचार।** राजेपुर थाना क्षेत्र में चालक ने भेड़ों के झुंड पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया, जिससे छह भेड़ों की मौत हो गई। ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गया।

थाना क्षेत्र के पश्चिमी कोटिया के निकट यह घटना घटी। ट्रैक्टर चालक रामनगरिया से मेला देखकर घर जा रहा था। चालक मुकेश पुत्र सौदान निवासी अमैयापुर थाना अमृतपुर ने बताया कि वह मेला रामनगरिया ट्रैक्टर ट्राली में सवारियां भरकर लौट रहा था। तभी सड़क पर चल रही भेड़ों को बचाने के चक्कर में बिजली के पोल से टकरा गया, जिससे भेड़ों पर ट्रैक्टर टढ़ गया। वहीं भेड़ों के मालिक बीरबल निवासी पश्चिमी गोटिया ने बताया कि वह भेड़ चराकर घर जा रहा था।

इसी दौरान चालक ने उसकी भेड़ों पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया, जिससे छह भेड़ों की मौके पर मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर थाना प्रभारी कामिल खान व उपनिरीक्षक राजीव कुमार मौके पर पहुंचे और चालक को हिरासत में ले लिया। पुलिस ट्रैक्टर को थाने ले आई। थाना प्रभारी ने बताया कि चालक को हिरासत में ले लिया गया है। तहरीर आने पर कार्रवाई की जाएगी। मृत भेड़ो के पोस्टमार्टम के लिए पशु चिकित्साधिकारी को सूचना भेज दी गई है।

## रिपोर्ट में कोताही पर जहानगंज थाना प्रभारी लाइन हाजिर

**फर्रुखाबाद।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने गुरुवार को देर रात सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट न लिखने पर जहानगंज थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह सोलंकी को लाइन हाजिर कर दिया। इंस्पेक्टर इंचार्ज योगेंद्र सिंह को ग्राम विजय नगला मुबारकपुर निवासी अर्जुन पुत्र गंगा प्रसाद की रिपोर्ट सही न लिखे जाने के कारण उनका चार्ज छिना। अर्जुन जाटव 24 जनवरी की शाम 4.30 बजे दोस्त किशन आदि के साथ कोचिंग पढ़ने जा रहा था। रास्ते में खरौआ नाला के पास मुबारकपुर निवासी धर्मवीर, दीवान, विमलेश पुत्रगण शिवराम यादव ने घेरकर लात घूसो से पिटाई कर जाति सूचक गालियां देकर अपमानित किया। पुलिस ने एनसीआर दर्ज की लेकिन दलित उत्पीड़न की धारा नहीं लगायी।

## तीन दिन में परिषदीय स्कूलों को भेजें कंपोजिट ग्रांट

**कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद**

- स्वीकृत हुआ 6.10 करोड़, आधी से से ज्यादा धनराशि अवमुक्त
- अनुमन्य कार्यों को कराने के बाद पोर्टल पर करें अपलोड

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग ने जनपद के परिषदीय विद्यालयों को दी जाने वाली कंपोजिट ग्रांट 50 प्रतिशत से ज्यादा भेज दी गई है। विभाग ने तीन दिन में कंपोजिट ग्रांट धनराशि स्कूलों को भेजने के निर्देश दिए हैं।

कंपोजिट ग्रांट के तहत मिलने वाली धनराशि से स्कूलों में व्याप्त अव्यवस्थाओं को दूर कराया जाता है। वर्ष 2023-24 के लिए जनपद को करीब 6.10 करोड़ कंपोजिट ग्रांट स्वीकृत की गई थी। शासन ने जनपद को 50 प्रतिशत से ज्यादा कंपोजिट ग्रांट के तहत लगभग 3.5 करोड़ की धनराशि भेज दी है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने निर्देश दिए हैं कि कंपोजिट स्कूल ग्रांट के अंतर्गत अवमुक्त धनराशि तीन दिन में सभी परिषदीय विद्यालयों के प्रबंध समिति खाते में हस्तांतरित कर दी जाए। इस धनराशि से प्रधानाध्यापक स्कूल में अनुमन्य कार्यों को कराकर वित्तीय एवं भौतिक प्रगति परमानेंट फायनेंशियल सिस्टम (पीएफएमएस) पोर्टल पर अपलोड कराएं। बीएसए गौतम प्रसाद ने बताया कि सभी खंड शिक्षाधिकारियों को निर्देशित किया जाएगा कि वह कंपोजिट ग्रांट की धनराशि स्कूल प्रबंध समिति खाते में हस्तांतरित कर दें। गौरतलब है कि जनपद में लगभग 1576 परिषदीय विद्यालय हैं।

## यूथ इलेविन को आठ विकेट से हराकर न्यू स्टार सेमीफाइनल में

**कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद**

**अमृत विचार।** ब्लॉक बढ़पुर के कसबा याकूतगंज मैदान में चल रहे स्व. एपीजे अब्दुल कलाम क्रिकेट टूर्नामेंट में न्यू स्टार फर्रुखाबाद ने यूथ इलेविन को आठ विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। अंकित कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

शुक्रवार को आयोजित क्वार्टर फाइनल मैच में यूथ इलेविन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी। टीम का यह निर्णय उस समय गलत साबित हुआ, जब तीन ओवर में ही उसके दो विकेट गिर गए। यूथ इलेविन के खिलाड़ियों ने टीम को संभालने का प्रयास किया, लेकिन कामयाब नहीं हो सके। पूरी टीम 18वें ओवर में महज 82 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। प्रियम ने सबसे ज्यादा 32 रनों की पारी खेली। ओजस ने 15 और प्रथम साध ने दस रन बनाए।




मैन ऑफ द मैच अंकित को पुरस्कृत देते अतिथि। अमृत विचार

न्यू स्टार क्लब के गेंदबाज अंकित ने तीन, विकास ने दो, रोहित व आयुष कुमार ने एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यू स्टार क्लब ने दसवें ओवर में ही दो विकेट खोकर मैच जीत लिया। हरिओम ने 45, आयुष ने 21 और शशिकांत ने 14 रन बनाए। अंकित कुमार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला प्रचारक प्रवीण ने मैन ऑफ द मैच की ट्राफी भेंट की। अंपायरिंग रफीकुल अंसारी व एमए खान ने की। स्कोरर मिंटू वर्मा रहे। इस अवसर पर सोनू ठाकुर, फज्जी खान, दानिश खान व राशिद खान आदि मौजूद रहे।

**मेला रामनगरिया** | ज्ञान ज्योति महोत्सव में संस्कार जागृति सम्मेलन का आयोजन, विद्वानों ने पक्ष में दिए तर्क

# संस्कारयुक्त समाज के निर्माण पर विचार करने की आवश्यकता

**कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद**

**अमृत विचार।** मेला रामनगरिया के वैदिक क्षेत्र चरित्र निर्माण शिविर में जिला आर्य प्रतिनिधि सभा द्वारा आयोजित ज्ञान ज्योति महोत्सव में शुक्रवार को संस्कार जागृति सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें विद्वानों द्वारा संस्कारों की उपयोगिता पर विचार प्रस्तुत किये गए। समाज के नीति नियंताओं को संस्कारयुक्त समाज के निर्माण पर विचार करना चाहिए।

कार्यक्रम में मुख्यवक्ता आगरा से आये आचार्य विवेक आर्य ने कहा कि संस्कार का सामान्य अर्थ निर्माण करना है। महर्षि दयानंद सरस्वती महाराज ने हिंदू जाति को जगाने के लिए संस्कारविधि नामक एक पुस्तक की रचना की और उसमें 16 संस्कारों का वर्णन किया। आज हिंदू समाज संस्कारों से विहीन होता जा रहा है। आज गिने-चुने तीन या चार संस्कार ही समाज मे देखने को मिलते हैं। शेष संस्कारों को हम भूल गए। हमने वृक्षों के संस्कार कर दिए। पत्थरों के संस्कार कर दिए। पशुओं के संस्कार कर दिए। जिसका संस्कार होना चाहिए था वह मनुष्य संस्कारों से अभी कोसों दूर है। खदानों से निकाले हुए पत्थर से तराशी हुई मूर्ति की कीमत लाखों में होती है।




मंच से संबोधित करते आचार्य। अमृत विचार

जबकि पत्थर की कीमत कुछ भी नहीं होती है। इसलिए संस्कारों को महत्व देने की जरूरत है। महर्षि दयानंद सरस्वती के बताए हुए रास्ते पर चलकर के यदि मनुष्य संस्कारों को अपने अंदर धारण करता है तभी वह मनुष्य कहलाने का अधिकारी है। आचार्य चंद्रदेव शास्त्री ने कहा कि 'माता निर्माता भवति' अर्थात बच्चे की प्रथम गुरु उसकी माता है। इसलिए बालक को संस्कारवान बनाना उसका पहला दायित्व है।

महर्षि दयानंद सत्यार्थप्रकाश में लिखते हैं कि वह संतान बड़ी भाग्यशाली है जिसके माता पिता व आचार्य धार्मिक व विद्वान हों परन्तु आज की वर्तमान शिक्षा प्रणाली का उद्देश्य केवल साक्षर करना है। संस्कारों से उसका कोई लेना देना नहीं यही कारण है की आज युवा पीढ़ी पतन के मार्ग पर जा रही है। आर्य समाज इस विकृति को दूर करना चाहता है। इसीलिए रामनगरिया के इस मेले में चरित्र निर्माण शिविर गत तेरह वर्षों से चल रहा है। इस शिविर का उद्देश्य मनुष्यों को संस्कारवान बनाना है। कन्या गुरूकुल नजीबाबाद की ब्रह्मचारिणी उदिता आर्या ने अपने गीतों के माध्यम से संस्कारों की महिमा बताई तथा महर्षि दयानंद की 200 वीं जयंती पर उनका गुणगान किया। प. राजेश आर्य, हरदेव आर्य, धनीराम बेधड़क आदि ने अपने भजनों द्वारा संस्कारवान राष्ट्र के निर्माण के सूत्र बताए। कार्यक्रम में स्वामी महेन्द्रानंद, स्वामी श्यामानंद, स्वामी संजीवनंद, डॉ रामकुमार कटियार, मंगलम आर्य, रामवीर आर्य, राजकुमार आर्य, उदयराज आर्य, शालिनी आर्या, रत्नेश द्विवेदी, अमृता पाण्डेय,आदि उपस्थित रहे।



लगा जाम। अमृत विचार

## तहसील रोड पर लगता अक्सर जाम

**संवाददाता, कायमगंज-फर्रुखाबाद**

**अमृत विचार।** क्षेत्र के मुख्य मार्ग तहसील रोड पर आएदिन जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इसके कारण बाजार जाने वाले ग्रामीणों को जाम में फंसना पड़ता है। अस्पताल आये मरीजो को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

तहसील रोड पर ही नगर पालिका, बीएसएनल का एक्सचेंज, डाकघर, तहसील मुख्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व कचहरी है। जाम लगने के कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजों को भी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कभी-कभी एंबुलेंस भी जाम में फंस जाती हैं। जाम लगने का कारण ई-रिक्शा व चार पहिया वाहन हैं। टीएसआई रजनेश यादव ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस को सक्रिय किया जाएगा।

षडेव तु गुणा : पुंसा न हातव्या : कदाचन।
सत्यं दानमनालस्यमनसूया क्षमा धृति : ॥

व्यक्ति को कभी भी सच्चाई, दानशीलता, निरालस्य, द्वेषहीनता, क्षमाशीलता और धैर्य – इन छह गुणों का त्याग नहीं करना चाहिए।

## संपादकीय

# अशांत हिंद महासागर क्षेत्र

हिंद महासागर क्षेत्र अशांत हो गया है, पश्चिम एशिया में युद्ध की गूंज भारत के आसपास के जल क्षेत्रों में भी देखने को मिल रही है जिसमें व्यापारिक जहाजों पर हमलों में वृद्धि और जहाजों के अपहरण का प्रयास भी शामिल है। माना जा रहा है कि गाजा में इजराइल के सैन्य हमलों के जवाब में मालवाहक जहाजों पर हमले किए जा रहे हैं। समुद्री डकैती, गाजा युद्ध और बढ़ती चीनी शक्ति नौसेना की क्षमताओं को बढ़ा रही है। भारत को अपने भू-राजनीतिक हितों की रक्षा करने और चीन की बढ़ती आक्रामकता का मुकाबला करने के लिए अपनी नौसैनिक क्षमताओं को बढ़ाने की आवश्यकता है। ध्यान रहे हूती विद्रोहियों द्वारा निशाना बनाए गए जहाजों की सहायता करने या छोटे जहाजों के अपहरण को रोकने के लिए भारतीय नौसेना को बार-बार बुलाया गया है। रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने शुक्रवार को लोकसभा में बताया कि भारतीय नौसेना की इकाइयां जिबूती, अदन की खाड़ी और सोमालिया के पूर्वी तट में तैनात की जा रहीं हैं। पिछले दिनों नौसेना के जहाज सुमित्रा ने सोमालिया के पूर्वी तट पर समुद्री डकैती के खिलाफ एक और सफल अभियान को अंजाम दिया है। भारतीय नौसेना ने मछली पकड़ने वाले जहाज अल नामी और उसके चालक दल को सोमालियाई समुद्री लुटेरों से बचाया है। इससे पहले भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा ने सोमाली समुद्री डाकुओं द्वारा अपहृत मछुआरों को बचाया था।

समुद्री डाकुओं ने ईरानी जहाज का अपहरण कर लिया था। अब समय आ गया है कि भारत अपनी नौसैनिक क्षमताओं में बढ़ोतरी के साथ व्यापारिक बेड़े के निर्माण की आवश्यकता पर बारीकी से विचार करे। इसके लिए उन्नत प्रौद्योगिकी और विशेषज्ञता तक पहुंच हासिल करने के लिए जहाज निर्माण के बुनियादी ढांचे और साझेदारी को बढ़ाने की आवश्यकता होगी। हालांकि भारत विदेशी सहयोगियों की मदद से समुद्री विमान और वाहक हासिल करने के लिए युद्ध स्तर पर काम कर रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत के पास वर्तमान में 132 युद्धपोत, 143 विमान और 130 हेलीकॉप्टर हैं। देश ने अब 2 लाख करोड़ रुपये के 68 युद्धपोतों और जहाजों का ऑर्डर दिया है। आने वाले वर्षों में, भारत को स्वदेशी रूप से तैयार किए गए नौसैनिक उपकरणों में से आठ कार्वेट, नौ पनडुब्बियां और पांच सर्वेक्षण जहाज भी हासिल करने की बात कही जा रही है। भारत निर्माण की धीमी गति, पुराने जहाजों के तेजी से सेवामुक्त होने और बजट की कमी से भी त्रस्त है। क्षेत्रीय जल क्षेत्र में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच चीन की ताकत का बढ़ना तय है। ऐसे में समुद्री क्षेत्र में भविष्य की चुनौतियों से पार पाने के लिए भारत को अपने विदेशी भागीदारों से मजबूत समर्थन की आवश्यकता होगी।

# रामचरितमानस में निहित धार्मिक-सांस्कृतिक परिदृश्य



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

यह सर्वविदित तथ्य है कि फ़िजी, ब्रिटिश गायना, ट्रिनिडाड और टोबैगो तथा मारिशस जैसे ब्रिटिश उपनिवेशों में भारत से 'गिरिमिटिया' मज़दूर बनकर जानेवाले अपने साथ रामचरितमानस की प्रतियां ज़रूर ले गए थे। फलस्वरूप इन देशों में रामचरितमानस तथा उसकी भाषा अवधी का प्रभूत प्रचार-प्रसार हुआ।

वाल्मीकि-विरचित रामायण में अनुस्यूत श्रीराम के उदात्त चरित्र तथा उनके द्वारा पारिवारिक-सामाजिक मर्यादाओं के पालन हेतु कठोरतम कष्ट उठाने का यह काव्यमय आख्यान धर्म, जाति, भाषा तथा क्षेत्र की सीमाओं को तोड़ कर भारत ही नहीं, एशिया के कोने-कोने में लोकप्रिय हो गया। मंगोलिया से लेकर चीन व जापान होते हुए कंबोडिया, थाईलैंड (बैंकाक), इंडोनेशिया तथा मलयेशिया तक कोई ऐसा देश नहीं, जहां इस महाकाव्य की कथाएं संबंधित देश की संस्कृति, लोककथाओं एवं इतिहास का अविच्छिन्न अंग बनकर पुष्पित-पल्लवित न हुई हों। अन्याय के विरुद्ध श्रीराम का संघर्ष, निर्बल वर्गों से उनकी आत्मीयता तथा नैतिक आदर्शों के लिए बड़ा से बड़ा त्याग करने की उनकी तत्परता ने उन्हें भारत ही नहीं, पूरे एशिया का अद्वितीय लोकनायक बना दिया। भारत एवं एशिया के मनीषी कवियों ने विगत दो हजार वर्षों के अंतराल में अपनी-अपनी भाषा में रामकथा लिखी। फ़ादर कामिल बुल्के के आकलन के अनुसार केवल भारत में पाठांतर सहित 300 रामाख्यान उपलब्ध हैं। संभवतः इसी के मद्देनज़र तुलसीदास जी को कहना पड़ा था- नानाभांति राम अवतारा। रामायन सत कोटि अपारा॥/कलप भेद हरिचरित सुहाए। भाँति अनेक मुनीसन्ह गाये॥ (रामचरितमानस, बालकांड, 32: 3-4)

वस्तुतः बौद्ध और जैन मत के प्रचारकों के सम्मुख रामकथा एवं सीता व राम के उदात्त चरित्र की व्यापक लोकप्रियता एक गंभीर चुनौती बनकर उपस्थित हुई। इसका प्रत्याख्यान लगभग असंभव था। इसकी काट में बौद्धों और जैनों ने रामकथा को चित्र-विचित्र आख्यानों से संवलित कर श्रीराम के चरित्र का बौद्धीकरण / जैनीकरण कर दिया और उन्हें बौद्ध / जैन महानायक के रूप में प्रस्तुत किया।

बौद्धों द्वारा जातक-कथाओं के भंडार में 'दशरथ जातक' नाम से रामकथा का एक विचित्र और अधूरा पाठ रच दिया गया (अनुमानतः तीसरी-चौथी शताब्दी)। इसके अनुसार वाराणसी के राजा दशरथ के सोलह हज़ार रानियां थीं। बड़ी रानी से उन्हें 'राम पंडित' और 'लक्खनकुमार' नाम के दो पुत्र और 'सीता देवी' नाम की एक पुत्री प्राप्त हुई। पहली रानी के देहांत के बाद दूसरी रानी से 'भरत'

बौद्ध इस 'दशरथ जातक' को चीन ले गए। चीन से यह कथा जापान पहुंची। कुछ संस्कृत-ग्रंथों के अनुवादों को मिलाकर जापान में बारहवीं शताब्दी में 'होबूत्शुशू' नामक रामकथा लिखी गई जिसमें श्रीराम का नाम 'तथागत शाक्यमुनि' रखा गया।

जैसी कि अपेक्षा थी, दशरथ जातक में गढ़ लिया गया कि वस्तुतः गौतम बुद्ध ही राम हैं, यशोधरा ही सीता हैं, दशरथ शुद्धोदन हैं और भरत हैं बुद्ध के शिष्य आनन्द। दो अन्य बौद्ध जातक कथाओं- 'अनामकं जातकं' और 'दशरथ कथानकं' में भी राम को बोधिसत्व के रूप में प्रस्तुत किया गया।

बौद्ध इस 'दशरथ जातक' को चीन ले गए। चीन से यह कथा जापान पहुंची। कुछ संस्कृत-ग्रंथों के अनुवादों को मिलाकर जापान में बारहवीं शताब्दी में 'होबूत्शुशू' नामक रामकथा लिखी गई जिसमें श्रीराम का नाम 'तथागत शाक्यमुनि' रखा गया। इसमें शाक्यमुनि के घर आए एक साधु ने उनकी पत्नी का अपहरण कर लिया। वह साधु वस्तुतः एक राक्षस था। इसके बाद इसमें जटायु की कथा और राम की वानरों के साथ मैत्री स्थापित करने से मिलती-जुलती कथाएं आती हैं।

एक दूसरे जापानी रामायण में श्रवणकुमार की कथा का अनुकरण करते हुए सेमू नाम का चरित्र गढ़ा गया। कैरा देश के राजा का बाण लगने से सेमू की मृत्यु हो जाती है। उसके अंधे माता-पिता इंद्र से प्रार्थना करते हैं कि यदि उनका पुत्र बुद्ध, धम्म और संघ के अनुसार आचरण करता रहा हो तो वह पुनर्जीवित हो जाए! इंद्र उसे जीवित कर देते हैं, माता पिता की आंखें भी ठीक हो जाती हैं। वे कैरा देश के राजा को सीख देते हैं कि भविष्य में शिकार के रूप में वे कभी हिंसा न करें!

जैनों द्वारा रची गई रामकथाएं कम दिलचस्प नहीं हैं। श्वेतांबर विमलसूरि के 'पद्मचरित' और दिगंबर गुणभद्र के 'उत्तर पुराण' में राम, लक्ष्मण, यहां तक कि रावण भी जैन धर्मानुयायी हैं। जैनियों ने राम का नाम 'पद्म' रखा है। राम (पद्म) चूँकि अहिंसक हैं, रावण को मारने का दायित्व लक्ष्मण उठाते हैं जिसके फलस्वरूप उन्हें नर्क जाना पड़ता है।

उड़िया रामायण के लेखक बलरामदास तो राम, लक्ष्मण, सीता को वनवास के दौरान जगन्नाथ-सुभद्रा-बलराम के सामने ला खड़ा करते हैं। कथा में राम-सीता वगैरह की लंका से वापसी के समय पुष्पक विमान से उड़िया तीर्थों का भी दर्शन करा देते हैं। इस रामायण में यह भी उल्लेख है कि राम की वानरी सेना में कोणार्क के भी बंदर गए थे। उड़िया रामायण के सोलहवीं शती के आरम्भ में, रामचरितमानस की रचना (1574-76) से पहले लिखे जाने का संकेत मिलता है।

कृत्तिवास-कृत बंगला रामायण के अनुसार राम के बाणों से विक्षुब्ध होकर रावण ने दुर्गा का स्मरण किया। देवी रावण को गोद में लेकर बैठ गईं। यह देखकर राम ने युद्ध बंद कर दिया और बिल्व वृक्ष के नीचे बैठकर देवी की आराधना में लग गए। पूजा हेतु हनुमान द्वारा लाए गये 108 नीलकमलों में से देवी ने एक कमल चुरा लिया। राम उस कमल के स्थान पर अपने कमल-रूपी नेत्र को बाण से निकाल कर चढ़ाने चले। इस पर देवी ने प्रसन्न होकर उन्हें विजय का वरदान दिया।

सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की प्रसिद्ध लंबी कविता 'राम की शक्तिपूजा' का कथ्य कृत्तिवास रामायण के उपरोक्त प्रसंग पर ही आधारित है। सर्वविदित है कि निराला के रचनात्मक जीवन का शुरुआती दौर बंगाल में बीता था।

बौद्धों और जैनियों द्वारा रामकथा के मूल स्वरूप में बदलाव का तो निहित उद्देश्य था, किंतु कालिदास के समय (भारतीय मत-पहली शताब्दी ई.पू. तथा पाश्चात्य मत चौथी-पांचवी शताब्दी) के पहले से सक्रिय नारी और शूद्र-विरोधी प्रक्षेपकों ने वाल्मीकीय रामायण में सातवां काण्ड (उत्तरकांड) जोड़ दिया था। ऐसा प्रतीत होता है, श्रीराम के चरित्र को लांक्षित करने के उद्देश्य से ही उत्तरकांड में सीता-निर्वासन और शंबूक वध के प्रसंग जोड़े गए। इन प्रसंगो को इतनी स्वीकृति मिली कि ये भारत के समुद्री व्यापारियों के माध्यम से कंबोडिया पहुंच गए और वहां की रामकथा 'रामकेर्ति' में सम्मिलित हो गये।

तुलसी के रामचरितमानस में श्रीराम द्वारा निषादराज गुह को गले लगाने, शबरी के जूठे बेर खाने, वन्यजातियों के प्रति सद्भाव रखने तथा वानर-भालुओं की मित्रता एवं सहयोग से दक्षिण और मध्य भारत में अन्यायी एवं निरंकुश रावण के वर्चस्व को समाप्त करते हैं। किंतु तुलसीदास का युगांतरकारी योगदान वाल्मीकीय रामायण के अपने गहन अध्ययन से उत्तरकांड (और बालकांड के भी) आधारहीन प्रक्षिप्त को प्रक्षिप्त के रूप में पहचानने और अपने रामचरितमानस को इससे मुक्त करने में निहित है। उन्होंने वाल्मीकीय रामायण के (प्रक्षिप्त) उत्तरकाण्ड से कोई प्रसंग नहीं लिया और उसका अधिकांश ज्ञान-भक्ति निरूपण को समर्पित कर दिया। इस तरह उन्होंने युगानुरूप ज्ञान (दर्शन) द्वारा मोक्षप्राप्ति के विचार के ऊपर सर्वसुलभ भक्ति मार्ग को प्रतिष्ठित किया और पराजय बोध के अंधकार में डूबे हिंदू-समाज को आध्यात्मिक समानता एवं रामभक्ति का सुलभ साधन प्रदानकर उसमें नवीन आशा का संचार किया।

भारतीय इतिहास, संस्कृति और समाज को तुलसीदास का सर्वाधिक महत्वपूर्ण योगदान इसमें निहित था कि उन्होंने वाल्मीकि रामायण की रचना के बाद से अनेकानेक कवियों द्वारा रामकथा के साथ किए गए अनर्गल प्रयोगों और निहित स्वार्थ वश उसमें किए गए प्रक्षेपों को दरकिनार कर अपनी वस्तुपरक संत-दृष्टि, असाधारण विद्वत्ता तथा अपूर्व काव्यमेधा से श्रीरामचरितमानस-जैसा अद्भुत महाकाव्य दिया जो अवधी की क्षेत्रीय बोली में होने के बावजूद उत्तर भारत का सर्वाधिक लोकप्रिय ग्रंथ साबित हुआ। आज हमारे बीच राम की लोकनायक और महामानव की जो छवि विद्यमान है वह मुख्यतः तुलसी की और उसमें भी उनके हर दृष्टि से उत्कृष्ट प्रबंध काव्य रामचरितमानस की देन है।

यह सर्वविदित तथ्य है कि फ़िजी, ब्रिटिश गायना, ट्रिनिडाड और टोबैगो तथा मारिशस जैसे ब्रिटिश उपनिवेशों में भारत से 'गिरिमिटिया' मज़दूर बनकर जानेवाले अपने साथ रामचरितमानस की प्रतियां ज़रूर ले गए थे। फलस्वरूप इन देशों में रामचरितमानस तथा उसकी भाषा अवधी का प्रभूत प्रचार-प्रसार हुआ। रामचरितमानस में निहित धार्मिक-सांस्कृतिक परिदृश्य ने इन मज़दूरों की भावी पीढ़ियों को भारत और भारतीयता में दीक्षित किया। आज वे कई अर्थों में भारत-निवासियों से अधिक भारतीय हैं।

## प्रसंगवश

# भ्रष्टाचार तेरे रूप अनेक



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

मैं किसी बड़े राजनेता के भ्रष्टाचार की नहीं अपितु निचले स्तर के राजकीय कर्मचारियों के नैतिक पतन की एक कहानी सुना रहा हूं। 25 जनवरी को बलिया जनपद के मनियर इंटर कालेज में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत हुए सामूहिक विवाह में 568 जोड़ों का विवाह हुआ था।

सामाजिक समरसता एवं सर्वधर्म समभाव बढ़ाने हेतु गरीब कन्याओं, विधवाओं, तलाकशुदा, परित्यक्ताओं के विवाह हेतु उप्र में यह योजना लागू की गई है जिसमें राज्य सरकार प्रत्येक जोड़े के विवाह पर 51000 रुपए खर्च करती है जिसमें से 35000 रुपए जीवनयापन हेतु उस कन्या के खाते में 10000 रुपए उसको उपहार आदि देने में तथा 6000 रुपए उसके विवाह के आयोजन पर खर्च किए जाने का प्रावधान है।

इस सामूहिक विवाह के आयोजन में हुए भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने पर जांच के आदेश दिए गए। जांच में पहले केवल दो गांव के 25 लाभार्थियों का सत्यापन किया गया है जिसमें से 8 लाभार्थी अपात्र पाए गए। अपात्रों में कुछ की शादी पहले ही हो चुकी थी तथा कुछ अभी भी अविवाहित हैं। नवीनतम जानकारी के अनुसार कुल 245 जोड़े अपात्र पाए गए और एक करोड़ पचीस लाख रुपए का गबन हुआ। इस प्रकरण में एडीओ समाज कल्याण व अन्य के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर एडीओ को निलंबित कर दिया गया है।

यह उस योजना का हाल है जिसे गरीबों के हित में लागू किए जाने की बात जोर-शोर से कही जाती है। यह एक योजना के एक आयोजन का किस्सा है, समाज के हित में चल रही न जाने कितनी योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहीं हैं और करदाताओं का धन बर्बाद हो रहा है। पुनः इतने बड़े आयोजन का धन मात्र एक एडीओ हजम कर गया, यह स्वीकार्य नहीं है। इसमें और भी मगरमच्छ शामिल रहे होंगे जिनका भी चेहरा बेनकाब होना चाहिए। इस समारोह के पर्यवेक्षण अधिकारियों पर भी शिथिल पर्यवेक्षण के लिए दंडात्मक कार्यवाही अपेक्षित है। प्रदेश सरकार धार्मिक पुनरुद्धार के साथ-साथ यदि अपने सेवकों के ऐसे कृत्यों पर भी ध्यान दे तो ऐसे घोटालों में अवश्य कमी आएगी एवं गरीब पात्रों को उनका वाजिब धन मिला करेगा।

# दो नोबेल विजेताओं की दास्तां



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

अब गौर करें भारतीय बंगभाषी नोबेल विजेता बंगभाषी प्रो. अमृत सेन पर। उन पर विश्वभारती विश्वविद्यालय में सवा एक एकड़ जमीन हथियाने का आरोप है।

दो बांग्लाभाषी हैं। दोनों नोबेल विजेता। महान अर्थशास्त्री हैं। एक पड़ोसी गणराज्य बांग्लादेशी। दूसरे पश्चिम बंगाल के। ढाका और कोलकाता के ये दोनों अपनी सरकारों से सताए हुए हैं, मगर अमर्त्य सेन कांग्रेसी सरकार के बहुत बड़े लाभार्थी रहे। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के चहेते भी। आजकल उनके दिन बिगड़े हैं। उधर प्रो. मोहम्मद यूनुस राजनीतिक कारणों से प्रधानमंत्री बेगम शेख हसीना से पीड़ित किए गए।

पहले इस बांग्लादेशी की चर्चा कर लें। पश्चिम देशों में 85 वर्षीय प्रो. यूनुस को ग्रामीण बैंकों की श्रृंखला बनाने के कारण "गरीबों का बैंक" कहते हैं, मगर आवामी लीग की प्रधानमंत्री हसीना उन्हें "निर्धनों का रक्त-पिपासु" बताती हैं। उन्हें दुश्मन मानती हैं। शेख हसीना को इस नवउदारवादी अर्थनीति से घृणा थी। शेख हसीना की सरकार ने ग्रामीण बैंक और यूनुस के खिलाफ अभियान चलाया। न्यूयॉर्क टाइम्स ने रिपोर्ट किया : "उनकी हरकतें 2007 में श्री यूनुस की उस घोषणा का प्रतिशोध प्रतीत होती हैं जिसमें उन्होंने कहा था कि वह सार्वजनिक पद की तलाश करेंगे, भले ही वह अपनी योजनाओं पर कभी अमल नहीं कर सके"। टाइम्स ऑफ इंडिया के अनुसार यूनुस के खिलाफ उनके फैसले में एक अन्य कारक ने योगदान दिया : नोबेल शांति पुरस्कार। हसीना ने सोचा था कि नॉर्वेजियन नोबेल शांति पुरस्कार समिति उन्हें 1997 में शांति संधि, चटगांव हिल ट्रैक्ट्स (सीएचटी) पर हस्ताक्षर करने के लिए पुरस्कार में देगी। अटॉर्नी जनरल महबूबे आलम ने 9 मार्च को सरकार का रुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा : "प्रधानमंत्री शेख हसीना को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया जाना चाहिए था।" उन्होंने नोबेल समिति के विवेक को चुनौती दी।

प्रो. यूनुस की ईमानदारी साबित हो गई जब 11 जनवरी 2007 को सेना जनरल मोईन यू अहमद ने तख्तापलट किया। इस बीच खालिदा जिया का कार्यकाल समाप्त होने के बाद देश का चौथा मुख्य सलाहकार बनने का उनका अनुरोध प्रो. यूनुस ने ठुकरा दिया था। हालांकि यूनुस ने इस पद के लिए जनरल फखरुद्दीन अहमद को चुनने का सुझाव दिया। फखरुद्दीन ने 11 जनवरी 2007 को पदभार संभाला और अपने पहले ही दिन यह स्पष्ट कर दिया कि उनका इरादा न केवल स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की व्यवस्था करना है, बल्कि भ्रष्टाचार को साफ करना भी है। खालिदा और हसीना ने जहां फखरुद्दीन की आलोचना की और दावा किया कि भ्रष्टाचार को साफ करना उनका काम नहीं है। वहीं यूनुस ने संतोष व्यक्त किया। इस वैश्विक स्तर के अर्थशास्त्री को तंग करने में प्रधानमंत्री हसीना ने ग्रामीण बैंक के पद से उन्हें हटा दिया। हालांकि बैंक के नौ निदेशकों ने लाखों कर्जदारों और बाइस हजार कार्मिकों ने प्रो. यूनुस का समर्थन किया था। नब्बे लाख उधारकर्ताओं ने भी उनका साथ दिया था। फिर भी गरीबों के मसीहा कहलाने वाले प्रो. यूनुस पर सत्तालोलुप प्रधानमंत्री के अवांछनीय हमले होते रहे। अब गौर करें भारतीय बंगभाषी नोबेल विजेता बंगभाषी प्रो. अमृत सेन पर। मामला बड़ा मामूली है। उन पर रविंद्रनाथ टैगोर द्वारा स्थापित विश्वभारती विश्वविद्यालय में सवा एक एकड़ जमीन हथियाने का आरोप है। सेन इसे अपनी जमीन बताते हैं, जो उन्हें उपहार में मिली थी। इसी बीच प्रो. सेन ने ऐलान कर डाला कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भारत के श्रेष्ठतम प्रधानमंत्री बनने लायक हैं। बस ममता दीदी ने जवाब में कहा यदि विश्वविद्यालय ने जमीन वापस ली तो मुख्यमंत्री वीरभूम जिले के शांति निकेतन में धरने पर बैठ जाएंगी। अर्थात् इस केंद्र सरकार द्वारा संचालित शिक्षा केंद्र में राज्य पुलिस को तैनात कर देंगी। भारतीय सेना बनाम बंगाल पुलिस का मुठभेड़ तय है। अमर्त्य सेन अकूत संपत्ति के स्वामी हैं। फिर भी सवा एकड़ जमीन के मालिकाना हक से सटे हुए हैं। वे भारत रत्न भी पा चुके हैं। उन्हें कांग्रेसी प्रधानमंत्री सरदार मनमोहन सिंह ने ऐतिहासिक नालंदा विश्वविद्यालय का प्रथम चांसलर नामित किया था तो प्रो. सेन ने ऐवज में सरदार मनमोहन सिंह की दोनों बेटी डॉ. उपिंदर कौर तथा उनकी सहेली डॉ. नवजोत लहरी को नालंदा विश्वविद्यालय में नियुक्त कर डाला था।

भूतपूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने नालंदा विश्वविद्यालय को पुनर्जीवित करने का सपना देखा और बिहार सरकार को दिखाया। राज्य सरकार ने हामी भरी तो वे पहले विजिटर भी बने। अमर्त्य सेन को भी विश्वविद्यालय के साथ जोड़ा गया। हालांकि सेन के कुछ विवादास्पद निर्णय के विरोध में तत्कालीन राष्ट्रपति कलाम ने उस विश्वविद्यालय से खुद को अलग कर लिया था।

## सोशल फोरम

# डिग्रीधारी हैं पर शिक्षित नहीं



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

एक अन्य तथ्य है, कठोर धार्मिक वातावरण विज्ञान को स्वतंत्र ढंग से पनपने नहीं देता। आज वैज्ञानिक तरीके से बड़े पैमाने पर अज्ञानता का निर्माण एक उद्योग बन चुका है।

विज्ञान में कट्टरता के लिए जगह नहीं होती। हर वैज्ञानिक अपनी यात्रा यहां से शुरू करता है कि वह सर्वज्ञ नहीं है। ऐसा नहीं कि विज्ञान के गुण सिर्फ विज्ञान की दुनिया के लोगों के लिए हैं, आम लोगों के लिए नहीं। किसी भी शिक्षा का अर्थ है कि विज्ञान को साथ लेकर चलना, क्योंकि जो सचमुच शिक्षित हैं, वह जानता है कि वह सर्वज्ञ नहीं है और जो मालूम नहीं है उसे जानना है। दुर्भाग्यवश आज के अधिकांश शिक्षितों में अहंकार और स्वार्थ ज्यादा है। इसलिए कूपमंडूकता भी ज्यादा है। वे वस्तुतः डिग्रीधारी और हुनरमंद हैं, शिक्षित नहीं।

एक अन्य तथ्य है, कठोर धार्मिक वातावरण विज्ञान को स्वतंत्र ढंग से पनपने नहीं देता। आज वैज्ञानिक तरीके से बड़े पैमाने पर अज्ञानता का निर्माण एक उद्योग बन चुका है। लोग मोबाइल चलाने में, तकनीकी बुद्धिवाद में आगे हैं, लेकिन जीवन में बुद्धिपरकता का न्यूनतम उपयोग करते हैं। क्योंकि वे वस्तुतः डिग्रीधारी अशिक्षित हैं। देखा जा सकता है कि विज्ञान ने एक समय कई रहस्यों से पर्दा हटाया था। उदाहरण के तौर पर सांप के काटने या किसी बीमारी पर अब आदमी झाड़-फूंक की जगह डॉक्टर के पास जाना चाहता है। वह सूर्यग्रहण को राहु का ग्रास न मानकर एक प्राकृतिक लीला के रूप में देखता है और भयभीत होने की जगह आनंद उठाता है।

कई अपशकुनों और वर्जनाओं की अब परवाह नहीं की जाती। सेक्स के मामलों में पकड़े जाने के कारण बाबाओं से इधर कुछ मोहभंग हुआ है। कई चमत्कारों से पर्दा उठा है। फिर भी समाज में अंधविश्वास, तंत्र-मंत्र, ग्रह-शांति, धर्मवेशधारी भविष्य वक्ताओं पर विश्वास और दबंग बाबाओं-महंतों का आज पहले से ज्यादा प्रभाव है।

-फेसबुक वॉल से

# द्वंद्व और समायोजन की निरंतर प्रक्रिया



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

बाजारवाद आया तो उसने वैश्वीकरण का नारा दिया। वैश्वीकरण किसका? सेठों का, व्यापारियों का। अब इस आवरण में संगठित व्यक्ति स्वार्थ अपार शक्ति से संपन्न है। इतना शक्तिशाली कि किसी भी राज्य की संप्रभुता उसका मुकाबला नहीं कर सकती। यह राज्य के मुकाबले में बाजार की सत्ता प्रतिष्ठित हो चुकी है। रांगेय राघव ने अपनी महायात्रा में ऐसे राज्यों का भी चित्रण किया है, जहां राजा उन धनिकों के प्रति कुछ शर्तों से जुडे हुए हैं। उनके बिना कोई निर्णय नहीं कर सकते। संगठित व्यक्ति स्वार्थ इतना शक्तिशाली बन सकता है।

द्वंद्व का रूप किसी भी प्रकार का हो। अंतर्द्वंद्व हो, वर्ग संघर्ष हो, जाति संघर्ष हो अथवा दो सेनाओं के बीच युद्ध हो। वे सुर और असुर हों या मालिक-मजदूर हों अथवा शासित और शासक के बीच का द्वंद्व हो। ये समस्त द्वंद्व अपने मूल रूप में स्वार्थ के द्वंद्व हैं। अहंता और ममता के द्वंद्व हैं। व्यक्ति और वर्ग स्वार्थ के द्वंद्व हैं। समष्टि हित उनका समायोजन करता है। इसीलिए संघर्ष जीवन का पूरा सच नहीं है। संघर्ष पूरा सच होता तो समाज बनता ही नहीं। जंगल ही रह जाता। जैसे मूल से शाखा-प्रशाखा फैलती हैं, वैसे ही व्यक्ति स्वार्थ और समष्टि हित का द्वंद्व, समायोजन विभिन्न देश काल में विभिन्न रूप ले लेता है।

एक व्यक्ति स्वार्थ का दूसरे व्यक्ति स्वार्थ से द्वंद्व होता है और यह एक परिवार में भी होता है और मोहल्ले में भी हो जाता है। समष्टि हित उसका समायोजन करता है। समायोजन न हो तो परिवार परिवार नहीं रह सकता, मोहल्ला मोहल्ला नहीं रह सकता। इसी प्रकार राष्ट्र संघर्ष और समायोजन की निरंतर प्रक्रिया का परिणाम है। एक व्यक्ति स्वार्थ का एक समूह से भी द्वंद्व होता है फिर एक समूह का दूसरे समूह से भी हित टकराता है, तब दो समूहों का भी द्वंद्व होता है। यहां भी व्यक्ति स्वार्थ एक समूह में संगठित है। इसलिए हम संगठित स्वार्थ को हित कह देते हैं, हालांकि वह किसी न किसी के विरुद्ध है। संगठन की ताकत आंतरिक समायोजन में है। इसी बात को हम दो राजनैतिक दलों के बीच संघर्ष में देख सकते हैं। वहां भी संगठित व्यक्ति स्वार्थ हैं, भले ही वे उसे समष्टि हित का आवरण देते हैं। समष्टि हित का भाव और विचार होगा तो संघर्ष हो ही नहीं सकता। कल नूरवाला में एक दल का नारा लिखा हुआ था-हम सत्ता के लिए नहीं सेवा के लिए हैं। अब यह सरासर झूठ है, सेवा में भला संघर्ष क्यों होगा? यहां सेवा को सत्ता के आवरण के रूप में बतलाया गया था कि हम तो अच्छे हैं।

बाजारवाद आया तो उसने वैश्वीकरण का नारा दिया। वैश्वीकरण किसका? सेठों का व्यापारियों का। अब इस आवरण में संगठित व्यक्ति स्वार्थ अपार शक्ति से संपन्न है। इतना शक्तिशाली कि किसी भी राज्य की संप्रभुता उसका मुकाबला नहीं कर सकती। यह राज्य के मुकाबले में बाजार की सत्ता प्रतिष्ठित हो चुकी है। रांगेय राघव ने अपनी महायात्रा में ऐसे राज्यों का भी चित्रण किया है, जहां राजा उन धनिकों के प्रति कुछ शर्तों से जुडे हुए हैं। उनके बिना कोई निर्णय नहीं कर सकते। संगठित व्यक्ति स्वार्थ इतना शक्तिशाली बन सकता है। यूएनओ समष्टि हित का प्रतीक है, लेकिन अब वह प्रतीक मात्र ही है। ऐसा न होता तो रूस और यूक्रेन तथा इजरायल और गाजा का युद्ध इतने समय तक चल ही नहीं सकता था। समष्टि हित व्यापक होता है, मनुष्य मात्र के हित का साधक। मनुष्य का हित समस्त प्राणियों के हित से जुड़ा है, समस्त प्राणियों का हित पर्यावरण से जुड़ा हुआ है। संघर्ष है तो वह किसी न किसी के विरोध में है, जबकि समष्टि का अभीष्ट सर्वहित है। यह वह भाव है, जिसे करुणा कहते हैं। विश्व के व्यापक दर्शन या विचार परंपरा उसी भाव का विस्तार है। उसी भाव का चिंतन है। बुद्ध, महावीर, ईसा और गांधी उसी भाव और विचार के प्रतीक हैं।

# राष्ट्रीय सुरक्षा में मृदुल कूटनीति की भूमिका



डॉ. सुधाकर मिश्र
दिल्ली

मृदुल कूटनीति (सॉफ्ट कूटनीति) ऐसी विधा है जिससे राष्ट्र अपने नीतियों, कार्यक्रमों, कार्यों, प्रभाव और प्रकृति के आधार पर वैश्विक अनुसमर्थन और वैश्विक विधिक शक्ति अर्जित करते है। अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के विज्ञान में सॉफ्ट कूटनीति इतनी उपादेयता है कि इसके द्वारा शक्ति संतुलन (तराजू की स्थिति बराबर हो) को स्थापित किया जाता है। यह किसी राष्ट्र को सैनिक शक्ति, धमकी, राजनीतिक दबाव एवं व्यापारिक प्रतिबंध का प्रयोग किए बिना उसके राष्ट्रीय सुरक्षा को सुनिश्चित करती है एवं राष्ट्रीय हितों को प्राप्त करने में प्रबल सहयोगी की भूमिका में होती है।

राजनीतिक शब्दावली में कहा जा सकता है कि राष्ट्र की मृदुल कूटनीति राष्ट्रीय हितों के पूर्ति करने में सहयोगी होती है। मृदुल कूटनीति में वे सभी उपाय और गतिविधियां संयोजित हैं, जो देश की सीमाओं और असैनिक समाज/नागरिक समाज को सुरक्षित करता है। अंतर्राष्ट्रीय राजनीति और संबंधों में मृदुल कूटनीति की लोकप्रियता बढ़ी है। मृदुल कूटनीति का आशय किसी देश द्वारा बाध्यता या भुगतान के स्थान पर अपने प्रति आकर्षण/ सम्मोहन के द्वारा इच्छित वस्तु को प्राप्त करने के राजनीतिक कौशल से है। मृदुल कूटनीति की केंद्रीय भूमिका अपने प्रति दूसरे राष्ट्र आकर्षण है जिससे दूसरे राष्ट्र प्रभावित होकर राष्ट्र (देश) का अनुसरण करते हैं और राजनीतिक नेतृत्व की बातों का सम्मान और गंभीरता से उसकी राय को की कद्र करते हैं। मृदुल कूटनीति संसाधनों के समुचित अनुप्रयोग करने की राजनयिक कला और शासकीय व्यवहार है। भारत एक प्राचीन संस्कृति है जिसकी गहरी जड़ें इतिहास में हैं। भारत की ऐतिहासिक प्राचीन सभ्यता मानवीय सभ्यता के विकास में गंभीर भूमिका प्रदान करती है। भारत में एक लंबी सांस्कृतिक परंपरा है, जो शांति, अहिंसा, सहनशीलता, सौहार्द, धैर्य, विभिन्न संस्कृतियों के बीच सद्भावना, भौतिक और आध्यात्मिक समृद्धि में संतुलित आयाम, व्यक्ति और प्रकृति के बीच संतुलन के आदर्शों, मूल्यों और परंपराओं पर जोर देती है। अहिंसा भारत के स्वतंत्रता संघर्ष/संग्राम का मुख्य साधन रहा है। गांधीजी स्वतंत्रता जैसे साध्य को प्राप्त करने में अहिंसा रूपी साधन का प्रबल प्रयुक्तधर्मी थे। गांधीजी वैश्विक इतिहास में प्रतिष्ठित जन नेताओं में से एक है।

लोकतंत्र, लोकतांत्रिक संस्कृति और लोकतांत्रिक मूल्य के सफलता में भारत की मृदुल कूटनीति की उपादेयता महत्वपूर्ण है। भारत वैश्विक स्तर का सबसे बृहद लोकतंत्र है और वैश्विक स्तर पर लोकतंत्र की मातृका/जननी है। भारत विकासशील देशों को लोकतांत्रिक तरीके से सत्ता परिवर्तन के लिए प्रोत्साहित करता है और कई देशों के लिए एक आदर्श प्रतिरूप प्रस्तुत किया है और कर रहा है। निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि भारत की मृदुल कूटनीति के द्वारा एक विकसित राष्ट्र बनाना है तथा भारत में सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं पर्यावरण समस्या का निवारण और सुशासन को बढ़ावा देना है। इसलिए मृदुल कूटनीति की अभूतपूर्व प्रासंगिकता है।

# सक्रिय कार्यकर्ताओं को मिले तरजीह : कनिष्क

## कांग्रेस ने कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम का किया आयोजन,महिला संगठन से महिलाओं को जोड़ने को कहा

राजनीति

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस ने कार्यकर्ताओं में जोश भरने की कवायद शुरू की है। पार्टी की ओर से कार्यकर्ता संवाद का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश महासचिव कनिष्क पांडे ने कहा संगठन में जिला, ब्लॉक, न्याय पंचायत, वार्ड स्तर तक सक्रिय कार्यकर्ताओं को कमेटियों में जगह दी जाए। जिलाध्यक्ष इसका प्रस्ताव भेजकर पीसीसी भेजने का काम करें अप्रूवल दिलाया जाएगा।

उन्होंने कहा सभी कार्यकर्ता अपनी हैसियत के अनुसार क्राउड फंडिंग देकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को मजबूत करने का काम करें। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में इटावा से लोग पहुंचकर उनकी यात्रा को सफल बनाएं। कांग्रेस कार्यालय पर एक दिवसीय कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश सचिव प्रभारी अशोक निषाद ने जिला कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकर्ताओं के सुझाव व शिकायतों पर गौर किया।

वरिष्ठ जनों ने कांग्रेस के बड़े पदाधिकारियों को ब्लॉक एवं न्याय पंचायत के पदाधिकारी के घर जाकर संपर्क करने का सुझाव दिया। महिला संगठन से महिलाओं को जोड़ने के प्रयास में तेजी लाने को कहा। जिला अध्यक्ष मलखान सिंह यादव, शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष अनिल यादव, मो. राशिद, आशुतोष दीक्षित, कुसुललता उपाध्याय, आलोक यादव आदि मौजूद रहे।



कार्यकर्ता संवाद में मंचासीन कनिष्क पांडेय, मलखान सिंह यादव व अन्य।



सपा महिला सम्मेलन में मौजूद महिला प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव व अन्य।

### जुमलेबाज सरकार को चुनाव में सबक सिखाएंगी महिलाएं

**भरथना, इटावा।** समाजवादी पार्टी की महिला प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव ने कहा कि देश और प्रदेश की भाजपा सरकार जुमलेबाज सरकार है। महिलाओं के सम्मान में समाजवादी पार्टी सदैव अग्रणी रही है।नारी सशक्तीकरण का नारा देने वाली वर्तमान सरकार में सबसे ज्यादा महिलाओं का ही उत्पीड़न हो रहा है। सपा महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव समाजवादी महिला सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थीं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पास किया गया बजट किसानों, छात्रों सहित आम आदमी को ज्यादा लाभान्वित करने वाला नहीं है। यह सरकार पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने पर ज्यादा विश्वास रखती है।इसलिए सभी महिला पदाधिकारी व कार्यकर्ता पूरी एकजुटता के साथ समाजवादी पार्टी के संगठन को मजबूती प्रदान करें।उन्होंने कहा कि नारी वंदन अभिनन्दन,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ,नारी सशक्तीकरण का नारा देने वाली सरकार में महिलायें अत्याचार सहन करने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं भी यह जान चुकी हैं कि समाजवादी पार्टी की सरकार आने पर ही उन्हें सम्मान, रोजगार, सुरक्षा उपलब्ध हो सकेगी। पूर्व चैयरमैन रंजना यादव ने माल्यार्पण व अंगवस्त्र भेंटकर उनका स्वागत सम्मान किया। महिला सम्मेलन को महिला सभा की प्रदेश महासचिव अनीता यादव, प्रदेश सचिव नेहा चौहान, लीलावती राजपूत, जिलाध्यक्ष सीमा यादव, ऊषा प्रजापति, श्रीदेवी शर्मा, मीना यादव, रामबेटी गोयल, सैवीदा बेगम,ज्ञानवती राठौर आदि ने भी संबोधित किया।इस दौरान पूर्व मंत्री अशोक यादव,चैयरमैन अजय कुमार यादव , नीरज यादव के अलावा सैकड़ों महिला पदाधिकारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# 'जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी'

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

- जन अधिकार यात्रा लेकर जसवंतनगर पहुंचे बाबू सिंह कुशवाहा
- कार्यकर्ताओं ने जन अधिकार यात्रा का जगह -जगह पर किया स्वागत

**अमृत विचार।** जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा जन अधिकार यात्रा लेकर जसवंतनगर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी। शुक्रवार लगभग 12 बजे नगर के हाईवे ओवरब्रिज के नीचे बस स्टैंड से होते हुए उनकी जन भागीदारी यात्रा गुजरी।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने यात्रा का स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा जन भागीदारी यात्रा का मुख्य मुद्दा देश प्रदेश में जाति जनगणना का है। हर गरीब मजदूर किसान को हर विभाग में हिस्सेदारी मिलना बहुत जरूरी है। कम संख्या वाले लोग आज देश में राज कर रहे हैं। हम लोग वोट देते समय इस बात का ध्यान नहीं रखते हैं। कोई दारू में बिक जाता है तो कोई राशन में बिक जाता है। भारतीय जनता पार्टी पर जमकर प्रहार करते हुए बोले कि गरीब मजदूर किसानों का जो हिस्सा है वह नहीं मिल रहा है । क्योंकि मौजूदा सरकार विभिन्न योजनाओं का लालच देकर नागरिकों का वोट खरीद रही है। जबकि वोट वह ताकत होती है जिससे अपना राजा बनाया जाता है। इस दौरान रमेश सिंह फौजी, युवा प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप शाक्य,मधु कुशवाहा, देवेंद्र शाक्य, महेन्द्र प्रताप सिंह, मनोज सिंह पार्टी समर्थक आदि लोग मौजूद रहे।



सभा को संबोधित करते जन अधिकार पार्टी के अध्यक्ष बाबू सिंह कुशवाहा । अमृत विचार

# भाभी की कुल्हाड़ी से हत्या करने वाला देवर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद

**अमृत विचार।** ऊसराहार थाना क्षेत्र के गांव कुइता सरैया में गुरुवार को भाभी की कुल्हाड़ी मारकर मौत के घाट उतारने वाले देवर को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने एक खंडहर से हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी बरामद कर लिया। पूछताछ में उसने हत्या की बात स्वीकार की है। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि गुरुवार को सरैया कुइता निवासी प्रदीप कुमार की पत्नी मोहिनी की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी गई थी। पति प्रदीप कुमार की तहरीर पर भाई रवि उर्फ रिंकू के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। जिसमे आरोप लगाया गया था कि घरेलू विवाद के चलते उसके भाई रवि ने उसकी पत्नी मोहिनी को कुल्हाड़ी मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद वह भाग निकला। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पुलिस ने ममाला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। एसओ ऊसराहार अपनी टीम के साथ उसकी तलाश में जुटे थे। मुखबिर ने सूचना दी कि आरोपी रवि रुद्रपुर से नगला भगे को जाने वाले मार्ग पर एक मंदिर के पास मौजूद है। इस सूचना पर उन्होंने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी को बरामद कर लिया और आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया।

## टेंपो स्टैंड का ठेका निरस्त करने की मांग

**इटावा।** बिना मूलभूत सुविधाओं के टैक्सी टेंपो स्टैंड के नाम पर पालिका द्वारा की जा रही वसूली को लेकर इटावा टैक्सी ऑटो ई रिक्शा यूनियन ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर इस पर रोक लगाने की मांग की है। यूनियन के जिलाध्यक्ष मुख्तार अहमद ने बताया कि नगर पालिका इटावा द्वारा बिना अवस्थाना सुविधाओं के नगर में ऑटो, ई रिक्शा व विभिन्न प्राइवेट वाहनों से ठेकेदारों के माध्यम से वसूली की जा रही। जहां वसूली की जा रही है वहां न तो पर शुद्ध पेयजल है और न ही शौचालय और टीनसेड आदि की व्यवस्था भी नहीं है। शहर में विभिन्न जगह ठेकेदार व उनके कर्मचारी वसूली करते देखे जा सकते हैं जिससे अराजकता का माहौल बनता है तथा ऑटो में बैठी सवारियां भी भयभीत हो जाती है। नगर पालिका द्वारा शहर में कहीं भी पार्किंग शुल्क के बोर्ड नहीं लगाए गए हैं।

# प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद को दी गई विदाई

संवाददाता जसवंतनगर,इटावा

**अमृत विचार।** हिंदू विद्यालय इंटर कॉलेज के छात्र- छात्राओं और शिक्षकों के लिए बुधवार का दिन भाव विह्वल करने वाला रहा। राष्ट्रपति से पुरस्कृत प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद यादव के सेवानिवृत होने पर कालेज के स्टॉफ ने उन्हें भावभीनी विदाई दी।

प्रबंधक राहुल गुप्ता, नगर पालिकाध्यक्ष सत्यनारायण शंखवार, भारत विकास परिषद मुख्य शाखा के संरक्षक डॉ. पुष्पेंद्र पुरवार, डॉ स्वराज प्रकाश श्रीवास्तव व पत्रकार बंधुओं ने फूल माला पहनाकर उन्हें विदाई दी। साथ ही उनके आगे के सुखमय जीवन के लिये शुभकामनाएं प्रदान की। प्रबंधक राहुल गुप्ता ने कहा कि हिंदू विद्यालय कॉलेज को प्रधानाचार्य ने अपनी मेहनत और कर्तव्य परायणता से जो प्रसिद्धि दिलाई है उसको कभी भुलाया नहीं जा सकता। बैंडबाजे के साथ उनको उनके घर तक छोड़ा गया। एक जुलाई 2006 को उन्होंने इस कॉलेज के प्रधानाचार्य के रूप में अपना पदभार ग्रहण किया था। वे इससे पहले मुरादगंज और जिला पंचायत इंटर कॉलेज हेंवरा में प्रधानाचार्य पद पर रह चुके थे। हिंदू विद्यालय को प्रधानाचार्य के रूप में उंचाइयों तक पहुंचाया। वे इस कालेज के ऐसे पहले शिक्षक व प्रधानाचार्य थे, जिन्हे राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रपति सम्मान से नवाजा गया।

विदाई दौरान भारी संख्या में उपस्थित लोगों के अलावा प्रवक्ता संजीव कुमार, डॉ अनिल पोरवाल,अर्चना श्रीवास्तव ,कौशलेंद्र यादव, राजेश यादव, संदीप यादव ,विवेक प्रकाश मिश्रा, कुंवर नाहर सिंह, राधा कृष्ण कठेरिया, अमर बहादुर यादव, नेहा यादव मौजूद रहे।

- बैंडबाजे के साथ उनको घर तक छोड़ने गये उनके तमाम साथी व सभ्रांतजन



बैंड बाजों के साथ प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद को विदाई देते उनके सहयोगी । अमृत विचार



वैज्ञानिक माडलों के बारे में जानकारी लेते डीआईओएस मनोज कुमार एवं सनी यादव ।

### बच्चों ने बनाये स्मार्ट अम्ब्रेला व वाटर टैंक अलार्म

**जसवंतनगर, इटावा।** कचौरा रोड स्थित मां नारायणी इंटर कालेज में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार ने किया। बाल वैज्ञानिकों द्वारा बनाए गए आकर्षक मॉडलों को सभी ने सराहा।कहा कि इस विद्यालय के बच्चों में शैक्षिक,वैज्ञानिक और नैतिक गुणों का समागम शैक्षिक उत्थान और उसकी गुणवत्ता को दर्शाता है। उन्होंने विद्यालय के प्रबंधक एडवोकेट भुजवीर सिंह यादव और एमडी मोहित यादव सनी के इस प्रयास की सराहना की। बाल वैज्ञानिकों ने कई तरह के आकर्षक मॉडल प्रदर्शित किये। जैसे ऑटोमैटिक सेफ्टी कार, चेयर फार डिसएबल्ड, स्मार्ट एरीगेशन सिस्टम, स्मार्ट अम्ब्रेला, वाटर टैंक अलार्म, ऑटोमेटिक ट्रैफिक सिस्टम, वैक्यूम क्लीनर समेत सौ से अधिक मॉडल प्रदर्शित किए। जिला समन्वयक विज्ञान क्लब मुकेश यादव एवं परीक्षा प्रभारी दुर्गेश अग्रवाल, प्रधानाचार्य अभिलेख सिंह ने सराहना की।

# एसडीएम बने विशाल को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** पीसीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर एसडीएम के पद पर नियुक्ति पाने वाले विशाल वर्मा ने अर्चना मेमोरियल सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कालेज का नाम गौरवान्वित किया है।

विद्यालय की प्रधानाचार्य असरा अहमद ने विशाल वर्मा को सम्मानित किया। विशाल ने विद्यालय के छात्र/छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा विद्यालय की विभिन्न प्रतियोगिताओं में जैसे सामान्य ज्ञान की भारत जानो प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता एवं निबन्ध प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करता था। उन्होंने बताया कि आगामी बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए उत्तर पुस्तिका में लेखन एवं शीर्षक को स्पष्ट लिखें । विद्यालय के चेयरमैन विवेक यादव एवं प्रधानाचार्य असरा अहमद ने सभी शिक्षकों को उनकी मेहनत के लिए बधाई दी। विशाल ने सत्र 2011 में इण्टरमीडिएट परीक्षा इसी विद्यालय से उत्तीर्ण की थी। इस अवसर पर विद्यालय में प्रमोद कुमार, विवेक गुप्ता, कुशल पाठक, राहुल प्रताप आदि रहे।



विशाल वर्मा को सम्मानित करतीं प्रधानाचार्य असरा अहमद।

### डिप्टी एसपी बनीं गायत्री यादव का हुआ स्वागत

**बकेवर, इटावा।** यूपीपीसीएस की परीक्षा पास कर डिप्टी एसपी बनीं गायत्री यादव का घर पहुंचने पर सपा नेताओं और ग्रामीणों ने स्वागत किया। बकेवर क्षेत्र के ग्राम अठलकड़ा सुंदरपुर निवासी किसान विनोद यादव की पुत्री गायत्री यादव ने यूपीपीसीएस वर्ष 2023 की परीक्षा पास की है। उन्हें डिप्टी एसपी रैंक मिली है। परीक्षा परिणाम आने के बाद पहली बार वह प्रयागराज से अपने घर ग्राम सुंदरपुर अठलकड़ा आयीं तो ग्राम बिजौली में ग्रामीणों ने गायत्री के स्वागत के कार्यक्रम का आयोजन कर उनका सम्मान किया। जिसमें सपा जिलाध्यक्ष बबलू शाक्य, पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, जितेंद्र दोहरे, राकेश यादव, वीरू भदौरिया रहे।

# अंधेरों को कभी नूर न समझा जाए प्यासी हूं मगर मजबूर न समझा जाए

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** शहीदे आजम इमाम हुसैन की चहेती बेटी जनाबे सकीना की पैदायश के खुशनुमा मौके पर मस्जिद पंजतनी इटावा में अख्तर अब्बास की ओर से एवं मौलाना अनवारुल हसन जैदी इमामे जुमा इटावा की अध्यक्षता में महफ़िल का आयोजन किया गया।

महफ़िल में कलाम पेश करते हुये सलीम रज़ा ने कहा मासूमों के होते हुए तुम कहलाईं मासूम, कोई न मिली तेरी भी तसकीन सकीना। तनवीर हसन ने कलाम पेश करते हुये कहा इस वास्ते परचम में तेरी मश्क बंधी है, होता रहे सबको तेरा दीदार सकीना, जब जिक्र वफाओं का कहीं होता है बढ़कर, लिखता है मेरा कलम अलमदार सकीना। अख्तर अब्बास मोंटू ने कलाम पेश करते हुये कहा, अंधेरों को कभी नूर न समझा जाए, हो के प्यासी हूं मगर मजबूर न समझा जाये, ऐ मुसीबत के गिरफ्तार परेशान न हो, मेरे बाबा के अजादार परेशान न हो।आबिद रज़ा ने कलाम पेश करते हुये कहा नाम है मेरा सकीना मैं हूं बिन्ते शब्बीर, सब्र ए सरवर की अंगूठी का नगीना मैं हूं। महफ़िल की अध्यक्षता करते हुये मौलाना अनवारुल हसन जैदी ने इमाम हुसैन की बेटी और मौला अब्बास की भतीजी जनाबे सकीना की पैदाइश पर मुबारकबाद पेश करते हुये कहा सकीना का मतलब सुकून के हैं।



छात्र-छात्राओं को पक्षियों के बारे में जानकारी देते वन विभाग के कर्मी । अमृत विचार

### इच्छा मृत्यु को लेकर सौंपा ज्ञापन

**इटावा।** यातायात प्रभारी पर फर्जी समन शुल्क से लाखों के गबन को उजागर करने के बाद भी कार्यवाही न होने पर पत्रकार प्रमोद दीक्षित ने राष्ट्रपति से इच्छा मृत्यु की मांग को लेकर जिला अधिकारी को ज्ञापन दिया है।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता विद्युत निर्माण खण्ड, केस्को, आर0 पी0 एच0, कानपुर**

अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

1. ई0 निविदा सं0– 40/कान्श0/2023–24, विवरण– Shifting of existing 33 KV GB-1 & GB-2 and 33 KV NRI City Line and conversion of overhead 33 KV line into 33 KV U/G Cable at some places, for road widening work by by PWD from Ganga Bairaj to Mandhana under EUDD- Vikas Nagar Division, Kesco, Kanpur. धरोहर धनराशि–74,500/– (NEFT/ RTGS) के रूप में। निविदा धनराशि– 3540/– (NEFT/ RTGS) के रूप में। ई0 निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय – 15.02.2024 समय 12:00 बजे तक। ई–निविदा के प्रथम भाग खुलने की तिथि व समय– 15.02.2024 समय 03:00 बजे से। कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)– रू0 74.12 (कर अतिरिक्त)। उपरोक्त ई0 निविदा की पूर्ण प्रक्रिया एवं समस्त शर्तें उ0प्र0 सरकार की ई0 टेन्डरिंग वेब साईट https://etender.up.nic.in के माध्यम से की जायेगी एवं भविष्य में यदि कोई संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई–टेण्डर वेब साईट पर ही उपलब्ध होंगी। ई–निविदाओं में निर्धारित ई–निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि केस्को के बैंक खाता सं0– 628805018266 आई0एफ0एस0सी0–ICIC0006288 में जमा करायी जायेगी। केस्को प्रबन्धन के पास बिना कोई कारण बताये किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने के सर्वाधिकार सुरक्षित हैं।

**अधिशासी अभियन्ता (निर्माण खण्ड)**
पत्रांक 163/वि0नि0ख0(के0) का0/टी0–2
दिनांक 02.02.2024
''राष्ट्र हित मे ऊर्जा बचाए''

# बच्चों को पक्षियों के बारे में दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- वन क्षेत्राधिकारी ने पचास व्यक्तियों एवं छात्र-छात्राओं को वेटलैंड मित्र बनाया

**अमृत विचार।** वन विभाग व जिला गंगा सुरक्षा समिति के तत्वावधान में स्कूली बच्चो व ग्रामीणों के बीच विश्व आद्र भूमि दिवस पर जागरुकता गोष्ठी तथा वर्डवाचिंग का आयोजन पक्षी व्याख्यान केंद्र सरसईनावर में किया गया। यहां बच्चों को न सिर्फ पक्षी दिखाए गए बल्कि उनके बारे में जानकारी भी दी गई।

प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी अतुल कान्त शुक्ला ने सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 1971 में पहली बार रामसर कंजर्वेशन में प्राकृतिक जल स्रोतों जैसे नदी ,तालाब, तलैया, पोखर को बचाने की कवायद शुरू की गई। वर्ष 1997 में पहली बार सरकारी तौर पर भारत में इनके प्रति जागरुकता लाने के उद्देश्य से नमभूमि दिवस मनाया जाता है। पर्यावरण विद् महासचिव स्कॉन डॉ राजीव चौहान ने पृथ्वी पर पाए जाने वाले झील तालाब पृथ्वी की किडनी की तरह काम करती हैं यह हमारे भूगर्भ जल के सबसे बड़े स्रोत हैं। जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे संजीव चौहान ने बताय कि वर्ड वेटलैंड डे-2024 का विषय 'वेटलैंड्स एंड ह्यूमन वेलबीइंग' है जो हमारे जीवन को बेहतर बनाने में वेटलैंड्स की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। वन क्षेत्राधिकारी भरथना अमित कुमार सिंह ने वेटलैंड के प्रति समर्पित पचास व्यक्तियों एवं छात्र छात्राओं को वेटलैंड मित्र बनाया।

ग्राम प्रधान सरसई नावर गंगाराम, हजारी महादेव मंदिर के महंत सियाराम दास ,समाजसेवी तिलक सिंह ,प्रधानाचार्य नेम सिंह यादव ने अपने विचार रखे। संचालन किला वन क्षेत्राधिकारी विनोद कुमार ने किया लखना वन क्षेत्रधिकारी प्रदीप कुमार, वन क्षेत्र अधिकारी चकरनगर सत्यनारायण यादव,पीपी सिंह, सूर्यकांत शुक्ला, शिव प्रसाद ,संदीप यादव ,ताबिश अहमद मौजूद रहे।

समस्या

भारी भरकम बजट के बाद भी लापरवाही की वजह से गोवंशों का है बुरा हाल

# छुट्टा गोवंश से किसानों को नहीं मिल रही निजात

संवाददाता बकेवर, इटावा

- गोवंशों से फसल को बचाने के लिये रात भर जाग रहे किसान

**अमृत विचार।** नगर पंचायत बकेवर में हर गली चौराहों पर बेसहारा गोवंश टहलते रहते हैं। गोवंशों के रखरखाव के लिए भारी भरकम बजट भी दिया जाता है। स्थानीय स्तर के अधिकारियों और कर्मचारियों की उदासीनता व लापरवाही की वजह से बेसहारा गोवंशों का बुरा हाल है। नगर पंचायत बकेवर में गोशाला होने के बावजूद खेत खलिहान हो या गली बाजार हर जगह बेसहारा गोवंश विचरण करते हुए मिल जाएंगे।

सड़कों में टहलते हुए गोवंशों की वजह से दुर्घटना होना एक आम बात हो गई है। कभी-कभी गोवंशों को बचाने के चक्कर में लोगों को जान तक गंवानी पड़ जाती है। जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी से भागते हुए नजर आते हैं। मेहनत से तैयार हुई किसानों की फसल को भी अन्ना मवेशी उजाड़ रहे हैं। प्रशासन कागजों पर गोवंश पकड़ कर गोशाला में बंद करने का दावा कर रहा है। वास्तविकता कुछ और ही है। किसानों को रात-रात भर फसल को बचाने के लिए जागना पड़ रहा है। फिर भी अन्ना गोवंश से फसल बचाना मुश्किल हो रहा है। आवारा गोवंश नगर सहित नेशनल हाईवे पर भी घूमते देखे जा सकते हैं।



### शीघ्र अवमुक्त करें गौशालाओं की धनराशि

**महेवा, इटावा।** स्थानीय ब्लॉक सभागार में खंड विकास अधिकारी महेवा सूरज सिंह ने साप्ताहिक बैठक आयोजित की। जिसमें अधीनस्थों को सख्त निर्देश देते हुए समय से विकास कार्य कराने ,फैमिली आईडी को जल्द पूर्ण करने ,गोशालाओं की धनराशि शीघ्र ही ट्रांसफर करने आदि के निर्देश दिये । खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने अवगत कराया कि फरवरी माह में प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों में वार्षिकोत्सव आयोजित होंगे। जिसमें प्रधान व सचिवों से सहयोग लिया जाएगा। बैठक में अशोक परिहार ,बब्बू राजा , यशवीर सिंह ,विजय रतन ,सुशील कुमार ,शैलेन्द्र कुमार ,नागेंद्र प्रकाश , अनुष्का दुबे , सूबी दुबे ,नेहा दीक्षित ,बृजभान सिंह तकनीकी सहायक गिरजेश मिश्रा ,सुरेंद्र तिवारी ,अशोक पांडेय ,रंजन पोरवाल , सतीश कटियार सहित रोजगार सेवक रविन्द्र सिंह , नरेंद्र तिवारी ,उत्तम सिंह ,सतीश नागर ,काजल राय ,नंदिनी ठाकुर ,वर्तिका उपाध्याय सहित समस्त पंचायत सहायक मौजूद रहे।

## छह जागल प्लेट समेत शातिर चोर गिरफ्तार

**इटावा।** रेलवे लाइन से जागल प्लेट चोरी करने वाले शातिर चोर को आरपीएफ ने गिरफ्तार किया है।

रेलवे लाइन को आपस में जोड़ने के लिए बैल्डिंग के स्थान पर मजबूती के लिये लोहे की जागल प्लेट लगाई जाती हैं। सैफई रोड पर वैदपुरा से होकर गुजरी डीएफसीसीआईएल की रेलवे लाइन से वैदपुरा के पास 31 जनवरी को 6 जागल प्लेट चोरी होने की सूचना डीएफसीसीआईएल के पीडब्लूआई मनोज कुमार ने आरपीएफ को दी । इसके बाद आरपीएफ थाने पर 3 आरपी(यूपी) एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरपीएफ के एसआई सत्यदेव यादव चोरों की तलाश में जुटे थे। इटावा मैनपुरी ब्रांच लाइन के अंडरपास के निकट से शातिर चोर विपिन कुमार निवासी बिला खेड़ा को गिरफ्तार किया ।

# ब्रेक शू जाम होने से 20 मिनट खड़ी रही मालगाड़ी

## रेलवे क्रॉसिंग पर मालगाड़ी के खड़े होने से लगा एक घंटे जाम, तकनीकी परीक्षण के बाद हुई रवाना

संवाददाता कंचौसी, औरैया

**अमृत विचार।** शुक्रवार को इटावा से कानपुर आ रही मालगाड़ी के दो वैगन के ब्रेक-शू जाम होने की जानकारी होते ही लोको पायलट ने मालगाड़ी को कंचौसी स्टेशन व रेलवे क्रासिंग के बीच रोक दिया। मालगाड़ी खड़ी होने के बाद लगभग 20 मिनट तक चले मरम्मत कार्य के बाद मालगाड़ी को रवाना किया गया। दिल्ली-हावड़ा रेल रूट पर मालगाड़ियों के लिए डेडिकेटेड फ्रेट कारिडोर डीएफसी बना है।

शुक्रवार को इटावा से कानपुर सेंट्रल जा रही मालगाड़ी के दो वैगन के पहियों के ब्रेक-शू जाम होने से दिक्कत महसूस होने पर लोको पायलट ने मालगाड़ी को रेलवे फाटक और मेन लाइन के बीचो बीच रोक दिया। साथ ही सतर्कता दिखाते हुए स्टेशन मास्टर को सूचना दी। जानकारी होते ही न्यू कंचौसी से पहुंचे कैरिज एंड वैगन के कर्मचारियों ने एक दूसरे से सटे ब्रेक-शू को अलग करते हुए तकनीकी परीक्षण किया। इसके बाद गंतव्य को मालगाड़ी रवाना हो सकी। रेलवे क्रासिंग पर मालगाड़ी के खड़े होने से वाहन सवार एक घंटे से ऊपर जाम में फंसे रहे।



स्टेशन पर खड़ी मालगाड़ी फंसे रहे राहगीर। अमृत विचार



स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते समाजसेवी। अमृत विचार

# ट्रेन ठहराव के लिए स्टेशन अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- हर दो तारीख को ठहराव न होने तक दिया जायेगा ज्ञापन

**अमृत विचार।** गांधी जयंती से शुरू हुआ ज्ञापन देने का सिलसिला फरवरी माह में भी दो फरवरी को स्टेशन अधीक्षक को सौंपा गया। दिबियापुर में समाजसेवी धीरज शुक्ला ने गांधी जी के सिद्धांतों पर चलकर अपने सहयोगी मित्रों के साथ कोरोना के समय बंद फफूंद स्टेशन पर ट्रेन लिंक एक्सप्रेस 14113/14 तथा मुरी एक्सप्रेस 18101/18102 के ठहराव के लिए रेल मंत्री के नाम पांचवा ज्ञापन स्टेशन अधीक्षक को सौंपा। समाजसेवी धीरज शुक्ला ने कहा कि जब तक स्टेशन पर बंद हुई ट्रेनों का ठहराव पुनः शुरू नहीं हो जाता तब तक प्रत्येक माह की 2 तारीख को शाम चार बजे ज्ञापन लगातार स्टेशन अधीक्षक को दिया जाएगा। कोरोना से पहले इन ट्रेनों का फफूंद स्टेशन पर ठहराव था। माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए लोग यहां से हजारों की तादाद में जाते थे। अब उन्हें बड़ी परेशानी उठानी पड़ रही है। माता रानी के दर्शन के लिए दिबियापुर वासियों को ट्रेन दूसरे स्टेशन पर मिलती है। इसलिए ट्रेन ठहराव की मांग पर तत्काल विचार विमर्श किया जाए। अन्यथा हम लोग गांधी की विचारधारा से दिल्ली जाकर रेल मंत्री से मुलाकात कर ट्रेन ठहराव की मांग करेंगे। आज धीरज शुक्ला समाजसेवी के समर्थन में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने भी फफूंद स्टेशन पर पुनः मुरी और लिंक के स्टापेज को लेकर ज्ञापन दिया। इसके साथ ही ट्रेन स्टापेज न मिलने तक प्रतिमाह आगे भी ज्ञापन देने की घोषणा की।

ज्ञापन देने में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष अजय गुप्ता पैराडाइज, नगर महामंत्री धीरज शुक्ला,कोषाध्यक्ष प्रशांत गुप्ता शक्ती, युवा नगर अध्यक्ष सौरभ दुबे, संजीव गुप्ता, संगठन मंत्री रामपाल सिंह सेंगर, ऋषि मिश्रा, दिलीप गुप्ता, रियाज अहमद, रामलखन यादव, अंकित गुप्ता, मनू पांडेय, संतोष दुबे आदि शामिल हुए।

# कंचौसी स्टेशन पर है समस्याओं की भरमार

संवाददाता, कंचौसी औरैया

**अमृत विचार।** तमाम घोषणाओं के बाद भी कंचौसी रेलवे स्टेशन की सूरत में कोई बदलाव नहीं आया। बदहाल रेलवे स्टेशन के बीच यात्री भारी परेशानियों के बीच सफर करने को मजबूर हैं। कंचौसी रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक की हालत भी बहुत खराब है रोजाना यात्री गिरकर घायल हो रहे हैं। रात होते ही आधा स्टेशन अंधेरे में डूब जाता है।

कंचौसी रेलवे स्टेशन से रोजाना तकरीबन 900 से 1000 यात्री सफर करते हैं, जबकि स्टेशन चार जोड़ी मेमू ट्रेनों के साथ एक एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन होता है। स्टेशन पर यात्रियों का दबाव तो बढ़ा, लेकिन सुविधाएं नहीं। स्टेशन पर जहां यात्रियों के बैठने के लिए कुर्सियों का अभाव है, वहीं प्लेटफार्म संख्या 1 व 2 पर लगे टोटी से पानी नहीं आता। शाम होते ही स्टेशन परिसर अंधेरे में डूब जाता है, जिससे यात्रियों को ट्रेनों में सवार होने के लिए भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

वहीं रेलवे स्टेशन पर लगे 6 हैडपंपों में से 4 खराब हो चूके हैं। यात्रियों को बोतल पानी पीने के लिए मजबूर होना पड़ता है। कई बार शिकायत करने के बावजूद भी कोई समाधान नहीं किया गया है। स्टेशन अधीक्षक शैलेंद्र कुमार ने बताया कि उच्चाधिकारियों से शिकायत की गई है जल्द ही समस्याओं का समाधान किया जायेगा।



खराब पड़ा हैंडपंप।



बंद पड़ी नल की टोंटी। अमृत विचार

# विद्युत उपकेंद्र बदलने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश

**बिधूना, औरैया।** बिधूना तहसील क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति को नजरअंदाज करते हुए विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा बीते वर्ष मनमाने तरीके से विद्युत उपखंड बिधूना को विघटित कर विद्युत उपकेंद्र सौहनी व विद्युत उपकेंद्र रूपपुर सहार को लगभग 25 से 30 किलोमीटर दूरी पर स्थित बेला उपखंड से संबद्ध कर दिया गया है जिससे उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। इन दोनों विद्युत उपकेंद्रों से संबंधित उपभोक्ताओं को विद्युत संबंधी कार्यों के लिए 25-30 किलोमीटर दूर बेला उपखंड तक जाने को मजबूर होना पड़ रहा है।

पीड़ित उपभोक्ताओं की शिकायत पर बीते वर्ष जेवर गौतम बुद्ध नगर के विधायक धीरेन्द्र सिंह द्वारा भी इस मामले में प्रदेश के ऊर्जा मंत्री से शिकायत कर समस्या के निराकरण की मांग की जा चुकी है किंतु अभी तक समस्या का कोई समाधान नहीं हो सका। उपभोक्ताओं एवं किसान नेताओं ने अतिशीघ्र समस्या का निराकरण न किये जाने पर धरना प्रदर्शन आंदोलन की चेतावनी दी है। उपभोक्ताओं एवं क्षेत्रीय लोगों ने दोनों विद्युत उपकेंद्रों को पुनः बिधूना उपखंड से संबद्ध किए जाने की मांग की है।

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

संवाददाता, अजीतमल, औरैया

**अमृत विचार।** उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट बीसलपुर दयानगर में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी अजीतमल दीपक कुमार ने मां सरस्वती की पूजा अर्चन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में छुपी प्रतिभा को जागृत करना, शासन द्वारा दी जाने वाली सुविधाएं जैसे डीवीडी ड्रेस का पैसा सीधा अभिभाविको के खाते में भेजा गया के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान दौड़ प्रतियोगिता, सुलेख प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, चार्ट प्रतियोगिता, सांस्कृति कार्यकम, नाटक, और देश भक्ति आदि कार्यकम आयोजित हुए। प्रतिदिन आने वाले बच्चों के अभिभावकों को माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया। मंच का संचालन अजय दीक्षित ने किया। कार्यक्रम का समापन ग्राम प्रधान राजकुमार नायक द्वारा किया गया। इस मौके पर प्राथमिक विद्यालय के ब्लॉक अध्यक्ष दीपक दुबे, ब्लॉक महामंत्री विक्रमदत, सहायक अध्यापक अमित भदौरिया, इंचार्ज प्रधानाध्यापक अजय पाल सिंह ,एआरपी अमित पोरवाल ,संकुल प्रभारी राघवेंद्र सिंह आदि रहे।



बच्चों को सम्मानित करते खंड शिक्षा अधिकारी।

# चोरों ने पार किये लाखों के जेवरात

**कुदरकोट, औरैया।** थाना क्षेत्र के एक घर से चोरों ने अलमारी में रखे लाखों रुपये के जेवरात पार कर दिये। खास बात यह है कि थाना से करीब 800 मीटर दूरी पर चोरों ने घटना को अंजाम दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की।

कुदरकोट निवासी विनोद शाक्य गुरुवार की रात खाना खाने के बाद परिवार समेत घर में सो गये। तभी मौका पाकर चोरों ने अलमारी व बक्शे में रखे जेवरात पार कर दिये।

घटना की जानकारी होने पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। पीड़ित ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल करते हुए जल्द ही घटना का खुलासा किये जाने का आश्वासन दिया है। पीड़ित ने बताया कि चोरों ने उसके घर से करीब तीन लाख रुपये के जेवरात पार कर दिये हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। और चोरों को भी जल्द से जल्द पकड़ लिया जायेगा।

# गांव-गांव पहुंचेगा भाजपा किसान मोर्चा

कार्यालय, संवाददाता औरैया

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में 60 फीसदी वोट हासिल करने के लिए भाजपा किसान मोर्चा की ओर से सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम परिक्रमा यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा के जरिये किसान मोर्चा के कार्यकर्ता गांव-गांव चौपाल लगाकर मोदी सरकार के कार्यकाल में खेती किसानी के विकास और किसानों के उत्थान के काम गिनाएंगे। भाजपा जिला कार्यालय तुर्कीपुर के सभागार में शुक्रवार को आयोजित किसान मोर्चा की जिला कार्यशाला में यात्रा की तैयारी पर मंथन किया गया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री राम बाबू द्विवेदी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में किसान इस देश के स्वाभिमान का प्रतीक बन गया है। सरकार ने किसानों के हित में निर्णय लेकर यह सिद्ध किया है कि वह किसानों की आय दोगुनी करने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि यूपी की सभी 80 सीटें जीतने के लिए यात्रा निकाली जा रही है। यात्रा में किसानों के बीच जाकर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना,कृषक दुर्घटना योजना, किसान क्रेडिट कार्ड और गन्ना मूल्य में वृद्धि जैसी उपलब्धियां किसानों को बताया जाएगा।

- 60% वोट हासिल करने का लक्ष्य, पांच मार्च तक निकलेगी यात्रा



कार्यशाला में उपस्थित भाजपा पदाधिकारी। अमृत विचार

उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी के सभी अभियानों से जुड़कर 80 सीटें जीतने के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहयोग का आह्वान किया। प्रदेश महामंत्री ने किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष को निर्देश दिए की 4-5 फरवरी को सभी मंडलों पर कार्यशालाएं आयोजित करें और 10 फरवरी को सभी जिलों में एक साथ ग्राम परिक्रमा यात्रा शुरू होगी। पूर्व कृषि राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत ,जिला प्रभारी आनंद सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता चुनाव में सक्रिय भूमिका निभाएं ताकि नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के संकल्प को पूर्ण किया जा सके। कार्यशाला को अभय सिंह ,विकास भदौरिया,अवधेश शुक्ला ,भूरे चौबे ,आशाराम राजपूत,जीत कुमारी दुबे,आशीष चतुर्वेदी ने संबोधित किया । इस अवसर पर विशाल दुबे, शैलेंद्र भदौरिया, नलिनी पांडे,प्रतिमा ,शोभित दुबे,विवेक शुक्ला, अतुल शुक्ला, प्रभाकर तिवारी,अंकुर रहे।



बैठक में उपस्थित बूथ अध्यक्ष। अमृत विचार

### शक्ति केंद्र पर बैठक कर बताई सरकार की योजनाएं

**औरैया।** दिबियापुर विधानसभा के अंतर्गत शुक्रवार को शक्ति केंद्र शेखूपुर में सभी बूथ अध्यक्ष,शक्ति केंद्र के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की गई। बैठक में उपस्थित भाजपा के कार्यकर्ताओं ने शेखूपुर सेक्टर के 6 बूथ के लोगों को सरकार की संचालित योजनाओं की जानकारी दी एवं पुन: भाजपा की सरकार बनाने के लिए निवेदन किया एवं भाजपा द्वारा संचालित सोशल मीडिया नमो एप एवं सरल एप की जानकारी देकर ग्रामीणों के फोन में डाउनलोड कराएं जिससे सोशल मीडिया के माध्यम से कोई भी ग्राम सरकार की योजनाओं से वंचित न रह सके । मुख्य रूप से दिबियापुर विधानसभा विस्तारक शिव प्रताप परमार, जिला संयोजक सोशल मीडिया विभाग सौरभ राजपूत, जिला महामंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा उत्तम राजपूत, मंडल महामंत्री राम नरेश दीक्षित ,मंडल उपाध्यक्ष श्याम महेश मिश्रा, वीरपाल आदि रहे।

# बार का सदस्यता अभियान 11 तक

**बार चुनाव**

कार्यालय, संवाददाता औरैया

**अमृत विचार।** जिला बार एसोसिएशन, औरैया के वर्ष 2024-25 की कार्यकारिणी के गठन को लेकर कार्यवाही शुरू हो गई है। अध्यक्ष सुनील दुबे एवं महामंत्री अरुण त्रिवेदी द्वारा संयुक्त रूप से हस्ताक्षरित प्रेस नोट में सम्पूर्ण कार्यवाही का ब्यौरा दिया गया है।

दोनों पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से बताया कि 11 फरवरी 2024 तक अंतिम रूप से सदस्यता प्राप्त की जाएगी इसके उपरांत 12 फरवरी से 15 फरवरी 2024 तक सूची तैयार की जाएगी और 15 फरवरी को ही नोटिस बोर्ड पर सूची चस्पा कर दी जाएगी। 16 फरवरी से 19 फरवरी 2024 तक सूची में शामिल सदस्यों के नामों पर आपत्ति आमंत्रित की जाएगी तथा 20 और 21 फरवरी को प्राप्त आपत्तियों पर विचार किया जाएगा। इसके बाद 23 फरवरी 2024 को सूची अंतिम रूप से नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी जाएगी।



प्रेसवार्ता करते अध्यक्ष और महामंत्री। अमृत विचार

# मेडिकल स्टोरों का किया निरीक्षण

**अछल्दा, औरैया।** कस्बा में संचालित मेडिकल स्टोरों का ड्रग इंस्पेक्टर ने आबकारी विभाग के पुलिस कर्मियों के साथ शुक्रवार को औचक निरीक्षण किया। ड्रग इंस्पेक्टर डॉ ज्योत्सना ने कस्बे में सराय बाजार के फाटक के पास संचालित गुप्ता मेडिकल स्टोर व हरीगंज बाजार में न्यू शिव मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया। इस दौरान मेडिकल स्टोर संचालको से दवा के क्रय-विक्रय के बिल मांगें तो दिखा न सके। डीआई ने बताया कि दो मेडिकल स्टोर से 2-2 दवाओं के नमूने लिए गए।

# अखिलेश के हाथों को मजबूत करने की अपील

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** पार्टी हाई कमान के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के पदाधिकारीयों द्वारा ग्रामीण अंचलों में पीडीए पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है।

विगत दिनों समाजवादी पार्टी द्वारा क्षेत्र के ग्राम हर्राजपुर, आजादपुर जौरा, सोंधेमऊ तथा भरसेन व पाता खांनपुर में कार्यक्रमों का आयोजन हो चुका है। यह कार्यक्रम लगातार जारी है। इसी क्रम में आज सपा जिला अध्यक्ष सर्वेश बाबू गौतम के नेतृत्व में विकासखंड क्षेत्र के ग्राम आनेपुर में पीडीए कार्यक्रम का आयोजन हुआ। पीडीए पखवाड़ा 26 जनवरी से चलाया जा रहा है। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष सर्वेश बाबू गौतम के नेतृत्व में जिले में पखवाड़ा के तहत कार्यक्रमों के आयोजन किये जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला समाजवादी पार्टी द्वारा विधानसभा क्षेत्र औरैया के ग्राम आनेपुर में पीडीए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष सर्वेश बाबू गौतम ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीडीए के तहत सभी वर्गों को जोड़ने का काम किया है । जिलाध्यक्ष ने आगामी लोकसभा चुनाव में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करने की पुरजोर अपील की है। कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से जिला सचिव बड़े सिंह गौर, शोभित यादव हीरू, अमित यादव, वेद प्रकाश यादव, अमर सिंह दोहरे दीपू यादव, सोनू गौतम आदि रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते सपा जिलाध्यक्ष सर्वेश बाबू गौतम। अमृत विचार

- ग्रामीण अंचलों में कार्यक्रमों के दौरान बताईं सपा की नीतियां व किये गये कार्य

**जागरुकता** ग्रामवासियों को दिलाई गई कुष्ठ निवारण और कुष्ठ रोगियों से भेदभाव न करने की शपथ

# कुष्ठ रोग मुक्त जनपद की मुहिम में प्रधान भी आए साथ

कार्यालय, संवाददाता औरैया

**अमृत विचार ।** 15 दिवसीय स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान के क्रम में शुक्रवार को जनपद के समस्त ग्राम प्रधान भी कुष्ठ रोग मुक्त जनपद की मुहिम में शामिल हुए। उन्होंने अपने-अपने क्षेत्र के ग्रामवासियों के साथ 'भेदभाव का अंत करें, सम्मान को गले लगाएं', की थीम को साकार करने का संकल्प लिया । कुष्ठ उन्मूलन की शपथ दोहराते हुए जन जागरुकता की अपील की गई।

जिला कुष्ठ रोग परामर्शदाता डॉ. अजय मिश्रा ने बताया कि कुष्ठ रोग से जुड़े कलंक और भेदभाव की समस्या को दूर करने के लिए 30 जनवरी 2017 से स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान की पूरे देश में शुरुआत की गयी थी । इसके तहत 15 दिनों तक स्कूल, कॉलेज, ग्राम सभा, स्वास्थ्य और पोषण से जुड़े सत्र स्थलों और विभिन्न सामुदायिक प्लेटफार्म के जरिये लोगों को बीमारी के लक्षणों और उपचार के बारे में जानकारी दी जा रही है । उन्हें बताया जा रहा है कि कुष्ठ के लक्षण दिखने पर आशा, एएनएम या बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता की मदद से स्वास्थ्य केंद्र पर जांच कराएं और सम्पूर्ण इलाज पाएं ।

उप जिला कुष्ठ रोग परामर्शदाता डॉ. अशोक कुमार राय ने बताया कि पॉसी बेसिलाई (पीबी) कुष्ठ रोग का इलाज छह माह में और मल्टी बेसिलाई (एमबी) कुष्ठ रोग का इलाज साल भर में पूरा हो जाता है । समय से जांच और इलाज न करवाने पर यह बीमारी दिव्यांगता और विकृति का रूप ले सकती है । कुष्ठ अधिक संक्रामक बीमारी नहीं है और यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक आसानी से नहीं पहुंचता है। एक बार उपचार शुरू होने के बाद संक्रमण की आशंका शून्य हो जाती है।इसका उपचार सभी ब्लॉक स्तरीय अस्पतालों पर उपलब्ध है । कुष्ठ रोगी को परिवार और समुदाय से अलग नहीं करना है। वह सामाजिक कार्यक्रमों में भी हिस्सा ले सकते हैं ।

जिला कुष्ठ रोग परामर्शदाता डॉ विशाल अग्निहोत्री का कहना है कि अगर शरीर पर चमड़ी के रंग से हल्का कोई भी दाग धब्बा हो और उसमें सुन्नपन हो तो कुष्ठ की जांच अवश्य करानी चाहिए ।

हल्के रंग के व्यक्ति की त्वचा में गहरे और लाल रंग के भी धब्बे हो सकते हैं। हाथ या पैरों की अस्थिरता या झुनझुनी, हाथ पैर व पलकों में कमजोरी, नसों में दर्द, चेहरे या कान में सूजन अथवा घाव और हाथ या पैरों में दर्द रहित घाव भी इसके लक्षण हैं।समय पर जांच और इलाज से मरीज ठीक हो जाता है और सामान्य जीवन जी सकता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 89 कुष्ठ रोगी इलाज़ पर है।



ग्रामीणों को जानकारी देते चिकित्सक व ग्राम प्रधान। अमृत विचार

- आमजन को कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक करने को 13 फरवरी तक चलेगा अभियान
- 'भेदभाव का अंत करें, सम्मान को गले लगाएं' की थीम पर किया जा रहा है कुष्ठ उन्मूलन

# बजट : मिठाई बांटकर जताई खुशी

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** केंद्र सरकार में जैसे ही आम बजट पास हुआ वैसे ही आम जनो में हर्ष की लहर दौड़ गयी। खासकर महिलायों ने बजट में की गई रियायतों का स्वागत मिठाइयां बांट कर किया। भाजपा नेत्री और लोकसभा की पूर्व प्रत्यासी कमलेश कठेरिया ने आमजन के साथ पहुंचकर सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए आगामी चुनाव में बीजेपी का साथ देने की अपील की।

सरकार के अंतरिम बजट की उद्घोषणा होते ही लोगों को अपेक्षित बजट से जो उम्मीदें दी उनको लेकर हर्ष की लहर दौड़ गयी। जहां सरकार द्वारा किये गए प्रावधनों और आय करदाता को छूट सहित चालू उज्ज्वला योजना, मुफ़्त राशन योजना, किसान सम्रद्धि योजना, गरीबों के लिए फ्री आवास सहित तमाम योजनाओं के लिए किए गए प्रावधानों की आमजनों ने लोकसभा की पूर्व प्रत्यासी कमलेश कठेरिया के साथ मिठाइयां बांट कर जश्न मनाया। लोकसभा क्षेत्र के अनन्तराम, टड़वा विकू, सेगनपुर सहित आधा दर्जन गांवों में कमलेश कठेरिया का बजट को को लेकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया ।



मिठाई बांटकर खुशी का इजहार करतीं कमलेश कठेरिया। अमृत विचार

### बजट में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नहीं मिली राहत

**बिधूना, औरैया।** एक फरवरी को भारत सरकार की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा पेश किए गए अंतरिम बजट से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, आशा बहूओं को निराशा ही हाथ लगी है। महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ की जिलाध्यक्ष ज्योत्स्ना गुप्ता ने कहा कि प्रदेश सरकार से निराश हो चुकी। केंद्र सरकार के द्वारा आंगनबाड़ी, कार्यकत्रियों, आशा बहुओं, रसोइयों के मानदेय में एक रुपये की भी वृद्धि नहीं की गई है। जनपद की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, आशा बहुओं, रसोइयों ने अंतरिम बजट में कोई राहत न दिए जाने पर भारी आक्रोश प्रकट किया है। कहा कि प्रदेश सरकार के आने वाले बजट से भी उन्हें कोई खास उम्मीदें नहीं हैं।

## एक नजर

### बिना किसी रुकावट व शोर शराबे चली विधान परिषद

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्यपाल के अभिभाषण के बाद शुक्रवार को अपरान्ह 12.30 बजे सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में शुरू हुई विधान परिषद की कार्यवाही पहले दिन बगैर किसी बाधा और शोर-शराबे के संपन्न हुई। पूर्व सदस्य विधान परिषद डॉ. अवधेश प्रसाद सिंह, डॉ. यज्ञ दत्त शर्मा एवं प्रो. राजकुमार त्यागी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद सभापति ने राज्यपाल द्वारा विधान सभा में दिये गये अभिभाषण को सदन में प्रतिवेदित किया गया। तत्पश्चात बजट सत्र के कार्यक्रमों, कार्य-परामर्शदात्री समिति की संस्तुतियों को सदन की मेज पर रखा और कार्य सूची के मदों को निपटाया गया। सभापति ने अपरान्ह 12.52 बजे सदन की कार्यवाही शनिवार 11.00 बजे तक के लिये स्थगित कर दी।

### राज्यपाल का अभिभाषण झूठ का पुलिंदा: अजय राय

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने राज्यपाल के अभिभाषण पर अपनी



तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अभिभाषण झूठ का पुलिंदा है। किसानों के हितों की बात करने वाली योगी सरकार के शासन में आज भी 5000 करोड़ से अधिक रुपये गन्ना किसानों का बकाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसानों को बिजली फ्री में देने का वादा किया गया, पर आज हालात यह हैं कि सख्ती के साथ उनसे पूरा बिल वसूला जा रहा है। इन्वेस्टर समिट तमाशे के अलावा कुछ नहीं रह गया है। लंबे-लंबे समझौता ज्ञापन हुए, पर निवेश 10 प्रतिशत से भी कम आया है। राज्यपाल अपने अभिभाषण में महिला सुरक्षा के मामले में सरकार की पीठ थपथपा रही हैं, जबकि सच ये है कि एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2022 में प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 65,743 मामले दर्ज हुए। यह देश के किसी भी राज्य की तुलना में सबसे अधिक है।

## राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बजट सत्र के पहले दिन विधानमंडल के दोनों सदनों को किया संबोधित

# श्रीराम मंदिर के रूप में हुई है राष्ट्र मंदिर की स्थापना : राज्यपाल

**अभिभाषण**

- ईमानदार, पारदर्शी, जवाबदेह और संवेदनशील प्रशासन देना सरकार का संकल्प : राज्यपाल
- प्रयागराज महाकुंभ-2025 वैश्विक स्तर पर नवीन कीर्तिमान गढ़ने वाला होगा
- बिना भेदभाव गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के उन्नयन के लिए सरकार प्रतिबद्ध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



विधान सभा में बजट सत्र के दौरान अभिभाषण पढ़तीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, साथ में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व अन्य।



बजट सत्र से पूर्व राष्ट्रगान के दौरान मुख्यमंत्री योगी, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना व अन्य मंत्रीगण। अमृत विचार

**अमृत विचार :** राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश विधान मंडल के दोनों सदनों को संबोधित करते हुए कहा कि पारदर्शी व जवाबदेह शासन के साथ ईमानदार व संवेदनशील प्रशासन उपलब्ध कराने के लिए सरकार संकल्पबद्ध है। उन्होंने हाल ही में संपन्न हुए राममंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की विशेष तौर पर चर्चा करते हुए कहा कि भारत के इतिहास में वर्ष 2024 अविस्मरणीय स्मृति के रूप में दर्ज हो गया है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के रूप में राष्ट्र मंदिर की स्थापना भारत के सांस्कृतिक गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा है।

राज्यपाल ने अपने अभिभाषण की शुरुआत में विधानमंडल के सभी सदस्यों और प्रदेशवासियों के लिए सुख, शांति, समृद्धि और संपन्नता की कामना की। उन्होंने किसान हितों के प्रति सरकार की संकल्पबद्धता व्यक्त करते हुए हाल ही में गन्ना मूल्यों में की गई वृद्धि पर भी चर्चा की। राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर का आकार देने के लिए प्रदेश सरकार ने वित्तीय अवस्थापना तथा सामाजिक अवस्थापना सहित अर्थव्यवस्था के प्रत्येक पहलू को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, ईज ऑफ डुइंग बिजनेस, निवेश अनुकूल नीतियों तथा सुशासन के परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश आज देश में निवेश के ड्रीम डेस्टिनेशन के तौर पर उभरा है। बेहतर राजकोषीय प्रबन्धन से प्रदेश रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में स्थापित हुआ है।

राज्यपाल ने अयोध्या में रामभक्तों की सुविधा और सुगम दर्शन के लिए प्रदेश सरकार की ओर से किये जा रहे प्रयासों की चर्चा करते हुए कहा कि अवस्थापना विकास के अनेक उपयोगी कार्य सम्पन्न कराए गये हैं। आज अयोध्या जल-थल-नभ की बेहतरीन कनेक्टिविटी से संपन्न हो रही है। लगभग 31 हजार करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं यहां गतिमान हैं।

### एक करोड़ 10 लाख लोगों को मिलेगा रोजगार

राज्यपाल ने फरवरी 2023 में आयोजित यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की चर्चा करते हुए बताया कि अबतक देश-विदेश के निवेशकों द्वारा 40 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इन निवेश प्रस्तावों से लगभग एक करोड़ 10 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारकर रोजगार के व्यापक अवसर सृजित किए जाएंगे।

### गरीबी रेखा से बाहर आए छह करोड़ लोग

राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश सरकार की कुशल एवं प्रभावी नीतियों के साथ प्रदेश में लगभग 6 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से ऊपर उठाया गया है। 3 करोड़ 60 लाख अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रतिमाह नि:शुल्क खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से अब तक 17 लाख 82 हजार बालिकाओं को लाभान्वित किया जा चुका है।

### महाकुंभ में सुविधा के लिए किए जा रहे उत्तम प्रबंध

राज्यपाल ने प्रयागराज महाकुम्भ-2025 के संबंध में सदन को अवगत कराते हुए कहा कि सरकार द्वारा सभी संतगणों, स्नानार्थियों, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों और विश्व भर से आने वाले पर्यटकों, शोधार्थियों, जिज्ञासुओं की सुरक्षा, सेवा और सुविधा के लिए उत्तम प्रबन्ध किए जा रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रयागराज महाकुंभ-2025 वैश्विक स्तर पर नवीन कीर्तिमान गढ़ने वाला होगा।

### मुख्यमंत्री ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए सभी सदस्यों को दी बधाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को विधानमंडल के सत्र की शुरूआत के अवसर पर अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए सभी को बधाई दी। कहा कि राज्यपाल का अभिभाषण सरकार की उपलब्धियों और भावी योजनाओं का महत्वपूर्ण दस्तावेज है। इस पर चर्चा होगी और विपक्ष के सवालों का सरकार की तरफ से जवाब दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बजट पर चर्चा के दौरान सदस्यों को महत्वपूर्ण मुद्दों और अनुदान मांगों पर अपनी राय रखने का अवसर भी प्राप्त होगा। इसके अलावा अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र से जुड़े हुए या प्रदेश के विकास से जुड़ी हुई महत्वपूर्ण बातों को सदन के समक्ष रखने का भी अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि देश और दुनिया में प्रदेश के बारे में जो सकारात्मक माहौल बना है, विरोधी दल भी उसका लाभ लेकर सकारात्मक चर्चा में अपना योगदान देंगे।

उन्होंने कहा कि हमने दलीय नेताओं की बैठक में इस बारे में बहुत ही स्पष्ट रूप से कहा है कि सरकार विधानमंडल की कार्रवाई का हिस्सा बनने वाले हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है और उससे संबंधित जो तथ्यपरक और सही जानकारी होगी, उसको सदन के समक्ष रखने और सदस्यों को अवगत कराने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानमंडल की कार्रवाई को सुचारू और नियमसंगत तरीके से आगे बढ़ाने के लिए सभी का आह्वान करता हूं। लोकतंत्र के उन मूल्यों और आदर्शों के अनुरूप सत्र की कार्रवाई को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने में उनके सकारात्मक योगदान की भी अपेक्षा रखता हूं।

## मंत्रियों ने सदन में रखे दो अध्यादेश समेत स्पष्टीकरण

**अमृत विचार :** सदन में शुक्रवार को विधायी कार्यवाही के तहत दोनों सदनों में पिछले सत्र में पास किए गए 17वें अधिनियम से लेकर 25वें अधिनियम की राज्यपाल से स्वीकृति को सदन से अवगत कराते हुए पहले दिन दो अध्यादेश रखे गए। साथ की मंत्रियों ने कई वार्षिक रिपोर्ट रखते हुए विलंब के कारणों का स्पष्टीकरण भी पटल पर रखा।

स्टांप, न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल ने भारतीय स्टांप (उत्तर-प्रदेश संशोधन) अध्यादेश और उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (सातवां संशोधन) अध्यादेश को सदन पटल पर रखा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री, आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग दो द्वारा सदन पटल पर मेट्रो रेल कार्पोरेशन लि. की पिछले और वर्तमान सत्र की वार्षिक रिपोर्ट और विलंब के कारणों को रखा गया गया। मुख्यमंत्री, राज्य कर अनुभाग दो की 17 नवंबर, 2023 की अधिसूचना संख्या 1165 और 1468 समेत 29 नवंबर, 2023 की अधिसूचना संख्या 1501 को उप्र, माल और सेवा कर अधिनियम 2017 की धारा-166 के अधीन विलंब के कारणों सहित रिपोर्ट रखी गई।

समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरूण ने उप्र लोक आयुक्त व उप लोक आयुक्त अधिनियम 1975 की धारा 12 (7) के अधीन स्पष्टीकरण ज्ञापन को पटल रखा। कृषि विपणन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने कृषि विपणन एवं विदेश व्यापार अनुभाग एक की 1 जनवरी, 2024 को जारी अधिसूचना को उप्र कृषि उत्पादन मंडी अधिनियम, 1964 की धारा-40 की उपधारा (3) के अधीन सदन पटल पर रखा।

## सपा विधायकों ने किया विरोध-प्रदर्शन



विधान भवन परिसर स्थित पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के सामने प्रदर्शन करते सपा विधायक। अमृत विचार

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा के विधान सभा और विधान परिषद सदस्यों ने शुक्रवार को विधान मण्डल सत्र शुरू होने से पहले विधानसभा भवन परिसर स्थित पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के सामने प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। सपा विधायकों ने अपने हाथ में सरकार विरोधी नारों के पोस्टर और बैनर लेकर जन समस्याओं को लेकर भाजपा सरकार की उदासीनता पर आक्रोश जताया।

सपा विधायकों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए महंगाई, बेरोजगारी, बढ़ते भ्रष्टाचार, बिगड़ी कानून व्यवस्था, किसानों की समस्याओं और भर्तियों में धांधली को लेकर नारेबाजी की और सभी को सामाजिक न्याय दिलाने के लिए जातीय जनगणना कराने की मांग की।

## गन्ने की घटतौली पर होगी सख्त कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रमुख सचिव ने दोषियों पर दिए कार्रवाई के निर्देश
- कहा, घटतौली पर दर्ज कराएं टोल फ्री नंबर पर शिकायत

**अमृत विचार :** चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी के निर्देश के बाद प्रमुख सचिव गन्ना विकास वीना कुमारी ने गन्ने की घटतौली करने वाले दोषी कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। प्रमुख सचिव ने गन्ना किसानों को बकाये के त्वरित भुगतान के भी निर्देश दिये हैं। प्रमुख सचिव शुक्रवार को गन्ना किसान संस्थान में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने कहा कि गन्ने की खेती में आर्टीफीशियल इंटेलीजेंस के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए, विभिन्न कार्यों में तकनीकी सहायता से गन्ना किसानों को बेहतर परिणाम प्राप्त हो सकें। उन्होंने कहा कि गन्ना विभाग के अधिकारियों की ओर से चीनी मिल गेटों व गन्ना क्रय केंद्रों पर सघन निरीक्षण अभियान चलाया जाए। इस मौके पर गन्ना आयुक्त प्रभु एन. सिंह ने गन्ना मूल्य भुगतान पर प्रमुख सचिव को जानकारी देते हुए कहा कि बीते साढ़े छह वर्षों में 2,35,073 करोड़ का रिकार्ड गन्ना मूल्य का भुगतान प्रदेश के किसानों का कराया गया है। वर्तमान पेराई सत्र 2023-24 में अब तक 14,200 करोड़ का गन्ना मूल्य भुगतान किया गया है, जो कुल देय का लगभग 82 प्रतिशत है।

### वक्फ की जमीन पर दुकानें बनाकर वसूली मामले में जांच के आदेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** अयोध्या की वक्फ मस्जिद खजूर वाली में मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष और सचिव ने शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड की अनुमति लिए बगैर वक्फ सम्पत्ति पर दुकानों का निर्माण कराया और उन्हें धन उगाही कर आवंटित कर दिया। मामले की शिकायत मिलने पर बोर्ड के अध्यक्ष अली जैदी ने जांच के आदेश दिए हैं।जानकारी के अनुसार, मस्जिद खजूर वाली के अध्यक्ष और सचिव ने अपने सगे-संबंधियों के नाम पर दुकानें एलाट कर दीं और मिलने वाला पैसा अपने बैंक खातों में जमा करवा लिया। बोर्ड अध्यक्ष के मुताबिक, यह वक्फ एक्ट के खिलाफ किया गया कार्य है। उन्होंने बताया कि बोर्ड की टीम स्थलीय जांच के लिए अयोध्या (फैजाबाद) जायेगी। जांच रिपोर्ट में अगर शिकायत सही पाई जाती है तो दोषियों के खिलाफ वक्फ एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज करवाकर मस्जिद को हुए नुक्सान की वसूली की जायेगी।

## मुलायम के निजी सचिव रहे बाबू जगजीवन प्रसाद का निधन



**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी के संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव के निजी सचिव रहे पूर्व एमएलसी जगजीवन प्रसाद का शुक्रवार को निधन हो गया। शाम को उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके बड़े बेटे कृष्ण मुरारी ने उन्हें मुखाग्नि दी। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

सपा प्रमुख ने जगजीवन के आवास पर जाकर उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोकाकुल परिजनों को भी ढांढ़स बंधाया। बैकुंठ धाम जाकर उनकी अंत्येष्टि में शामिल हुए। सपा प्रमुख ने कहा कि बाबू जगजीवन प्रसाद आजीवन नेताजी मुलायम सिंह यादव के पारिवारिक सदस्य की तरह रहे।

### वर्ग पहेली-331

**बाएं से दाएं**

2. जिसे तोड़ा-फोड़ा न जा सके, अखंड, अटूट।
6. 1. (पुराण) वाजश्रवा ऋषि का पुत्र जिसने मृत्युदेव से ब्रह्मज्ञान प्राप्त किया था 2. आग, अग्नि।
8. कोई चीज़ दांत से खींच-खींचकर या लगभग नोंचकर खाना, चिचोड़ना

**ऊपर से नीचे**

1. 1. हलका स्पर्श, संपर्क 2. कोमल अनुभूति।
3. पिता, बाप।
4. पुश्तैनी, पैतृक, अच्छे कुल या वंश का।
5. 1. बार-बार पलक गिराना 2. आंखों को खोलना और बंद करना, पलकें उठाना और गिराना।
7. 1. एक प्रकार की बेल जिसमें सेम जैसी फलियां लगती हैं, कौंछ 2. उक्त बेल का फली जिसको छूने से खुजली होती है।



**वर्ग पहेली - 330 का हल**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ल | ह | ल | हा | | 2 रो |
| भ | | | | | ज़ा |
| नी | | 3 जो | | 4 जा | |
| | 5 म | हा | भा | ग | |
| 6 ग | ग | री | | र | |
| | रि | | | ण | |
| | 7 बी | ए | ड | | |

### सुडोकू -48

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | 9 | | 1 | | | |
| 9 | | 3 | | 2 | | | 5 | |
| | | | | 7 | | 3 | | |
| 5 | | | 8 | | | 7 | | |
| | | 4 | | | | | | 1 |
| | | 2 | | | 6 | | | 5 |
| | | | | 6 | | | | 9 |
| | 1 | | | 8 | | 4 | 7 | |
| | | | 4 | | 7 | | 1 | |

**सुडोकू - 47 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 1 | 9 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 |
| 2 | 3 | 9 | 6 | 1 | 8 | 5 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 8 | 3 | 2 | 7 | 1 | 9 | 6 |
| 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 6 | 3 | 2 | 8 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 3 | 2 | 4 | 5 | 9 |
| 3 | 4 | 2 | 8 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 |
| 9 | 7 | 5 | 4 | 6 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 8 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 7 | 4 | 1 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 फरवरी, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ,पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-अष्टमी 17.20 तक तत्पश्चात नवमी।

**आज का पंचांग**




मुहूर्त-अभिजित-11.58-12.42 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-06.51-07.35, 07.35-08.19 तक।

दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-शिशिर।

चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-विशाखा पूर्ण रात्रि तक।



**मेष** — आज घर वालों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। जीवनसाथी के व्यवहार से बहुत ज्यादा प्रसन्न रहेंगे। सुख और विलासिता का भरपूर लाभ उठाने वाले हैं। कार्यक्षेत्र में मनोनुकूल परिणाम मिलने के योग बन रहे हैं।



**वृष** — आज आपको पुरानी गलतियों से सीखने का अवसर मिलेगा। व्यवसाय में आप अतिरिक्त निवेश करने का विचार बनाएंगे। नए कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं। ई-कॉमर्स से जुड़े लोगों की अत्यधिक व्यस्तता रहने वाली है।



**मिथुन** — आज कारोबार की बिगड़ती स्थितियों को अपनी बुद्धिमत्ता से संभाल लेंगे। दोस्तों के साथ किसी योजना पर चर्चा करेंगे। संतान को लेकर आपको गर्व का अनुभव होगा। आपका चित्त काफी प्रसन्न रहेगा। प्रेम संबंधों में नवीनता और ताजगी का एहसास होगा।



**कर्क** — आज नवीन परियोजना पर त्वरित कार्यान्वयन कर सकते हैं। पुराना ऋण आपके लिए परेशानी खड़ी कर सकता है। घर में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। आपको आलस्य से आपको बचना चाहिए। कारोबार में व्यस्तता बढ़ने वाली है।



**सिंह** — आज का दिन भोग विलास में बीतेगा। सोशल मीडिया पर आप काफी सक्रिय रहेंगे। लाभदायक सौदे मिलने के योग बन रहे हैं। सरकारी कार्यों की बाधा दूर होगी। नए संपर्क विकसित होने के योग बन रहे हैं।



**कन्या** — आज व्यापार में आप काफी ध्यान देंगे। घरेलू काम-काज में आप काफी रुचि लेंगे। निवेश लाभकारी सिद्ध होंगे। अपने हितों को लेकर काफी जागरूक रहेंगे। स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। आपको अपनी माता का ध्यान रखना चाहिए।



**तुला** — आज कामकाज की स्थितियों को दोबारा संवारने का प्रयास करेंगे। इंटरव्यू आदि में सम्मिलित हो रहे हैं तो सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। आयात-निर्यात से जुड़े कारोबार में लाभ मिलेगा। करियर में वृद्धि देखने को मिलेगी।



**वृश्चिक** — आज दान-धर्म के कार्यों से पीछे न हटें। किसी को धन उधार न दें। जॉब को लेकर कुछ चिंता बढ़ेगी। मानसिक रूप से आपको मजबूत रहना चाहिए। जमा पूंजी को लेकर अनिश्चितता बढ़ेगी। आपको बॉस से उलझने से बचना चाहिए।



**धनु** — आज प्रेमी जन आपके बहुत निकट आ सकता है। भावुक होकर निर्णय न लें। आप धार्मिक गतिविधियों में सम्मिलित हो सकते हैं। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। किसी पर भी सीधे-सीधे विश्वास करना ठीक नहीं होगा।



**मकर** — आज जॉब को लेकर तनाव दूर होने की संभावना है। नया व्यापार शुरू करने के दिन काफी अच्छा है। मैनेजमेंट से जुड़े कार्यों में काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। विवाह योग्य जातकों का विवाह तय हो सकता है। स्वादिष्ट पकवानों का भरपूर आनंद लेंगे।



**कुंभ** — आज धार्मिक यात्राओं में जाने के योग बन रहे हैं। वैवाहिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। अधिकारियों के साथ आपको व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। माता-पिता की सेहत का विशेष ख्याल रखना होगा। जॉब में अतिरिक्त कार्य का दबाव हो सकता है।



**मीन** — आज आपको स्वाध्याय करने में अपना समय व्यतीत करना चाहिए। प्रेमी के प्रति अत्यधिक भावुक होना दुख का कारण बन सकता है। परिवार के लोगों के व्यवहार से निराश हो सकते हैं। आप धन को लेकर परेशान हो सकते हैं।

### आज की फिल्में

**B4U Movies**
- जागृति — सुबह : 10.00
- सीता और गीता — रात : 07.00

**Sony Max**
- अतरंगी रे — सुबह : 10.22
- अफवाह — रात : 07.00

**Sony Pix**
- कैप्टन फिलिप्स — सुबह : 09.42
- एस्केप रूम — रात : 09.00

**Zee Cinema**
- एनेमी — सुबह : 10.30
- जीरो — रात : 07.30

**Colors Cineplex**
- गहराइयां — दोपहर : 01.04
- धनवान — रात : 07.32

**आज की सुपरहिट फिल्म**




जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

पत्नी रात को आसमान की तरफ देखते हुए बोली वो कौन सी चीज है, जिसे तुम हर दिन देख तो सकते हो, लेकि न तोड़ नहीं सकते?
पति- छोड़ो न में नहीं बताऊंगा।
पत्नी- बताओ न प्लीज...
पति- रहने दे
पत्नी-बताओ न !
पति- तेरा मुंह।

पप्पू ने एक राह चलती लड़की से कहा आपने पहचाना मुझे?
लड़की- नहीं, आप कौन हैं?
पप्पू- मैं वही हूं, जिसे आपने कल भी नहीं पहचाना था।

# सड़क निर्माण के कारण रजबहा का डौला क्षतिग्रस्त

## बिना सिंचाई विभाग की अनुमति के शुरू किया सड़क निर्माण

संवाददाता, फफूंद औरैया



सड़क निर्माण के चलते क्षतिग्रस्त हुआ डौला। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्षेत्र में फफूंद राजवाह पर सिम्हारा पुलिया से तुर्कीपुर पुलिया तक बिना सिंचाई विभाग की अनुमति से मंडी समिति द्वारा सड़क निर्माण कराया जा रहा है जिससे रजबहा का डौला क्षतिग्रस्त हो गया जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त हो गया। किसानों की सूचना पर मौके पर पहुंचे रजबहा अध्यक्ष ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की।

फफूंद थाने में तहरीर देते हुए रजबहा अध्यक्ष गिरधर भक्त मिश्रा ने पुलिस को बताया कि क्षेत्र से निकले रजबहा फफूंद की सिम्हारा पुलिया से तुर्कीपुर पुलिया तक रजबहा किनारे सटकर मंडी समिति औरैया द्वारा बिना सिंचाई विभाग से अनुमति लिए सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है। निर्माण कार्य के दौरान कार्यदायी संस्था ने रजबहा की कटान रोकने को उसके किनारे बनाया गया।

डौला बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर सरकारी संपत्ति का नुकसान किया है ,वहीं डौला खराब होने से मिट्टी कटान की भी आशंका बन गई है जिससे किसानों को गेहूं फसल सिंचाई के लिए पानी मिलने में परेशानी होगी। रजबहा अध्यक्ष ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग की है।

# कंकाल की डीएनए रिपोर्ट पक्ष में आई तो फिर शुरू हुई जांच

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- साढ़े तीन साल पूर्व मिला था युवती का कंकाल, रिपोर्ट के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई
- मृतका की मां बोली हत्यारोपियों को मिले कड़ी सजा



युवती की फोटो के साथ उसकी मां भगवान देवी एवं अन्य परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले के जसवंतनगर इलाके के चक सलेमपुर गांव की एक युवती का कंकाल करीब साढ़े तीन साल पूर्व गांव के पास एक खेत से बरामद हुआ था। परिजनों ने उसकी शिनाख्त के बाद कुछ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। सही शिनाख्त न होने के बाद उसे डीएनए टेस्ट के लिए लखनऊ भेजा गया। वहां से निगेटिव रिपोर्ट आ गई तो मामला ठंडे बस्ते में चला गया लेकिन परिजनों ने हार नही मानी उन्होंने फिर से जांच कराने को कहा। बाद में डीएनए जांच के लिए हैदराबाद भेजा गया। जहां से रिपोर्ट पॉजिटिव आई। रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद कंकाल परिजनों को सौंप कर उसका अंतिम संस्कार कराया गया। रिपोर्ट आने के बाद से पुलिस ने फिर से जांच शुरू कर दी है।

जसवंतनगर के चक सलेमपुर गांव निवासी रीता (22) वर्ष 19 सितंबर 2020 को लापता हो गई थी। सात दिन बाद 26 सितंबर को युवती के घर से 300 मीटर दूर बाजरे के खेत में एक शव के हाथ-पैर और पसलियां लोगों को मिलीं। सिर का हिस्सा गायब था। आशंका जताई गई थी कि कोई केमिकल डालकर शव को जलाया गया है। कंकाल मिलने की जानकारी पर गांव के लोगों के साथ रीता के परिवार वाले भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने अस्थि पंजर के पास से बरामद हुई चप्पल, दुपट्टा, हेयर क्लिप समेत अन्य सामानों के जरिए कंकाल को अपनी बेटी रीता का बताया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद अस्थि पंजर को पुलिस ने रीता के परिजनों के सुपुर्द नहीं किया और डीएनए की जांच के लिए भेज दिया गया। इसी बीच परिजनों ने कई लोगों पर हत्या का शक जाहिर करते हुए गांव के ही एक परिवार के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया। लेकिन शव की पहचान न होने की बात कहते हुए पुलिस ने 29 महीने तक कोई कार्रवाई नहीं की न ही शव परिजनों के सुपुर्द किया। रीता की मां भगवान देवी ने बेटी के हत्यारोपियों और कंकाल की मांग के लिए कोर्ट की शरण ली, मुकदमा चला। घटना के करीब 29 माह बाद हाईकोर्ट ने मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए।

इसी बीच 26 मार्च 2022 को लखनऊ से डीएनए की रिपोर्ट भी आ गई। जिसमें स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी। इसके बाद अक्तूबर 2023 को हैदराबाद जांच के लिए भेजा गया था, वहां से जांच रिपोर्ट पॉजीटिव आई। इसके लिए डीएम के निर्देश पर चार सदस्यीय टीम गठित की गई थी। इसमें एसडीएम दीपशिखा, तहसीलदार भूपेंद्र सिंह, थाना प्रभारी कपिल दुबे, क्राइम इंस्पेक्टर रमेश सिंह शामिल थे।

### गांव के एक परिवार पर लगाया था हत्या का आरोप

रीता की मां भगवान देवी ने गांव के ही रामकुमार नाम के एक शख्स और कुछ अन्य लोगों पर इस बात का शक जाहिर किया था। आखिरी कॉल डिटेल के आधार पर आरोपी रामकुमार, रामकुमार के बेटे मोहित रामकुमार की पत्नी मिथिलेश और एक अन्य शख्स सत्येंद्र कुमार के खिलाफ अपनी बेटी की हत्या करने का आरोप लगाया था। चर्चा थी कि रामकुमार की पत्नी मिथलेश ने सुनियोजित ढंग से अंजाम दे करके शव को नष्ट करवा दिया।

### एसएसपी बोले जांच में लगाई गई तीन टीमें

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद कंकाल को परिजनों की देखरेख में दफना दिया गया। इस मामले की जांच नए सिरे से शुरू की गई है। जांच के लिए सर्विलांस सहित तीन टीमों को लगाया गया है। जल्द ही हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का पर्दाफाश किया जाएगा।



पैदल मार्च निकालते एसडीएम व सीओ। अमृत विचार

# एसडीएम और सीओ ने पैदल मार्च कर दिया संदेश

संवाददाता, बिधूना, औरैया

- साम्प्रदायिक सौहार्द बनाने की अपील

**अमृत विचार।** ज्ञानवापी मस्जिद के तहखाने में न्यायालय के आदेश पर शुरू हुई पूजा अर्चना के मद्देनजर समाज में साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए स्थानीय उच्च अधिकारियों की मौजूदगी में पुलिस प्रशासन ने पैदल मार्च निकाला। उप जिलाधिकारी हरिश्चंद्र, सीओ अशोक कुमार सिंह ने लोगों से उनकी समस्याएं भी जानी।

उन्होंने दुकानदारों से सड़क नाली फुटपाथों पर अतिक्रमण न किये जाने को भी आगाह किया। नगर के फीडर रोड, लोहा मंडी, बाईपास मार्ग, किशनी रोड, भरथना रोड आदि प्रमुख मार्गो पर पैदल मार्च निकालकर सद्भाव बनाए रखने की अपील की गयी। इस मौके पर तहसीलदार रनवीर सिंह, नायब तहसीलदार पीयूष साहू, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक श्रीकेश भारती, इंस्पेक्टर क्राइम भूपेंद्र सिंह चौहान, कस्बा प्रभारी विनोद कुमार सिंह कठेरिया, उप निरीक्षक सुघर सिंह आदि मौजूद रहे।

# विचित्र पहल ने नगर पालिका अध्यक्ष से बताई यमुना तट की समस्याएं

कार्यालय संवाददाता औरैया



पालिका अध्यक्ष से वार्ता करते समिति के सदस्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** एक विचित्र पहल सेवा समिति के सदस्यों ने यमुना तट से संबंधित समस्याओं के निराकरण तथा यमुना तट के सौंदर्यीकरण हेतु नगर पालिका अध्यक्ष अनूप गुप्ता के आवास पर भेंट की।

समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र यमुना नदी में शहर व ग्रामीण क्षेत्र के कई गंदे नाले अनवरत् गिर रहे हैं, सैकड़ों श्रद्धालु अपनी आस्था के चलते धार्मिक पर्वों पर यमुना नदी में डुबकी लगाने आते हैं, जबकि यमुना जल आचमन करने योग्य भी नहीं है, जल प्रदूषण के कारण जलीय प्रजातियां धीरे-धीरे विलुप्त हो रही हैं।

यमुना नदी में गिरने वाले गंदे नालों की रोकथाम तथा यमुना तट के सौंदर्यीकरण तथा जेसीबी द्वारा समतलीकरण आदि जन समस्याओं पर विचार विमर्श कर उनके निराकरण हेतु आग्रह किया, नगर पालिका अध्यक्ष ने समस्याओं के शीघ्र निस्तारण हेतु आश्वासन दिया, समिति के संस्थापक ने बताया यमुना तट व अंत्येष्टि स्थलों की अन्य समस्याओं के समाधान हेतु समिति का प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही ग्राम पंचायत कस्बा खानपुर के प्रधान से भेंट करेगा। आयोजन में प्रमुख रूप से बैंक से सेवानिवृत शेखर गुप्ता, योगेश गुप्ता, सुनील अवस्थी, अखिलेश पोरवाल, संतोष कुशवाहा, अखिलेश पोरवाल, हिमांशु दुबे, सतीश पोरवाल आदि सदस्य मौजूद रहे।

## अजगर को जंगल नहीं पहुंचा रहे वनकर्मी

**सैफई, इटावा।** सैफई क्षेत्र में हैंवरा बिजली सब स्टेशन परिसर में एक अजगर कई दिनों से देखा जा रहा है। चार दिन पहले अजगर की चपेट में आने से एक विद्युत कर्मी बच गया था। इसके बाद अजगर के होने की चर्चा पूरे क्षेत्र में फैल गई। वन कर्मियों को सूचना दिए जाने पर वन दरोगा श्रीनिवास पांडेय ने अजगर को पकड़वाकर जंगल में छुड़वाए जाने की बात कही थी। इसके बाद कोई ध्यान नहीं दिया गया। चार दिन से अजगर को देखने के लिए लोगों की भीड़ जुट रही है। भीड़ में शामिल लोग अजगर को चलता हुआ देखने के लिए ढेले भी मारते हैं, इससे अजगर घायल होकर मर सकता है, लेकिन वनकर्मी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

विद्युत सब स्टेशन के लाइनमैन, जितेंद्र कुमार, रामप्रयोजन, गुड्डू, सचिन यादव, आदि ने अजगर को जंगल में छुड़वाने की मांग की है।

# संचालक का पर्चा निरस्त करने से सपाइयों में रोष

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** जसवंतनगर विधानसभा में बी पैक्स जगसोरा के वार्ड संख्या पांच भतौरा के संचालक के चुनाव में सपा समर्थक भानुप्रताप सिंह का नाम निर्देशन पत्र अवैधानिक तरीके से निरस्त कर दिया गया । भानुप्रताप सिंह राशन डीलर का पुत्र है। सपा नेताओं ने इस पर रोष व्यक्त करते हुए कहा कि नाम निर्देशन पत्र में कोई कमी नहीं थी। तानाशाही तरीके से पर्चा खारिज किया गया है। वह अलोकतांत्रिक एवं अव्यवहारिक है।

समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य, महामंत्री वीरू भदौरिया , उदयभान सिंह यादव ने बताया कि समाजवादी पार्टी ने इस अन्यायपूर्ण कृत्य के लिए संचालक मंडल की नियमावली देकर मुख्य निर्वाचन आयुक्त,कार्यालय उत्तर प्रदेश सहकारी समिति निर्वाचन आयोग,लखनऊ को अवगत कराया है। नाम निर्देशन पत्र को वैद्य मानने की गुजारिश की है।

## ज्ञान जहां से भी मिले उसे ले लेना चाहिए

**इटावा।** ग्राम खडकौली में चल रही दिव्य श्रीमद्भागवत कथा के सप्तम दिवस आचार्य साकेत बिहारी दीक्षित ने सुदामा चरित्र सुना कर भक्तों को मंत्र मुग्ध कर दिया। गरीबी में भी धर्म निष्ठा कर्तव्य धैर्य को नही छोड़ना चाहिए। सुदामा ने कभी भीख नही मांगी । भगवत कृपा से जो भी प्राप्त होता है उसको ही पर्याप्त समझ कर ग्रहण करते रहें। परिस्थितियों से हारें नहीं कृष्ण की याद करते रहे।

आचार्य ने बताया कि सुदामा जी चार मुट्ठी चावल लेकर भाव से द्वारकाधीश के पास गए। चार प्रकार के पुरुषार्थ समर्पित किए धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष। भगवान कहते है पत्र, पुष्प फल जल भी प्रेम से भेंट करता है तो स्वीकार करता हूं। कृष्ण सुदामा की मनमोहक झांकी ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। विराम दिवस की कथा में दीक्षित ने बताया दत्तात्रेय ने चौबीस गुरुओं से शिक्षा प्राप्त की।

# दो साल से सेंटरों को सफाई का पैसा नहीं

संवाददाता ताखा, इटावा

- सुनवाई नहीं हुई तो करेंगे कार्य बहिष्कार
- अधीक्षक डॉ उदय प्रताप सिंह ने कहा, आरोप गलत हैं



सीएमओ कार्यालय शिकायत करने पहुंचे ताखा क्षेत्र के सीएचओ। अमृत विचार

**अमृत विचार।** स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के चलते परेशान सीएचओ ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से शिकायत की है। साथ ही कहा है कि अगर सुनवाई नहीं हुई तो कार्य बहिष्कार कर दिया जायेगा, जिससे उत्पन्न होने वाली समस्याओं के लिये विभाग स्वंय जिम्मेदार होगा।

ताखा क्षेत्र के सभी सीएचओ ने बृहस्पतिवार को सीएमओ कार्यालय पर दिये प्रार्थनापत्र में कहा कि उन्हें पिछले तीन साल से फोन व यात्रा का पैसा नहीं मिला है। वहीं सेंटरों की साफ सफाई के लिए प्रति माह 500 रुपये दिये जाते हैं। तीन वर्ष से उसका भी भुगतान नहीं किया गया है। यह राशि फर्म व निजी खातों में डालकर निकाली जा रही है। सेंटरों की सफाई हम अपने निजी पैसे से करवा रहे हैं।

पीबीआई का भुगतान नहीं करने की शिकायत की गई। बताते चलें ब्लाक क्षेत्र के 21 सेंटरों पर 16 सीएचओ की तैनाती हो रखी है। जिन्हें फोन, यात्रा व सफाई का पैसा नहीं मिला है और वह पैसा सीएचसी सरसईनावर से फर्मों व निजी खातों में डालकर निकाला गया है। जिसकी शिकायत के बाद भी आलाधिकारियों कोई सुनवाई नहीं की है।

इस संबंध में अधीक्षक डा उदय प्रताप सिंह ने बताया कि उन पर लगाये आरोप गलत है कोई पैसा नहीं निकाला गया है। हमारे ऊपर लगाये गये सारे के सारे आरोप निराधार हैं। किसी का भी पैसा खाते में डालकर निकाला नहीं गया है। सारे आरोप बिल्कुल बेबुनियाद हैं।

## सार-संक्षेप

### नगर पंचायत में आई छोटी जेसीबी

**अछल्दा, औरैया।** आदर्श नगर पंचायत में नाली की खुदाई व साफ-सफाई के लिए शुक्रवार को ट्राली छोटी जेसीबी मशीन का चेयरमैन अरुण दुबे और अधिशासी अधिकारी ने खरीद ली है। वहीं आदर्श नगर पंचायत के 10 वार्ड की साफ-सफाई के लिए ये मशीन से आराम रहेगा। चेयरमैन अरुण दुबे ने कहा कि इस ट्राली छोटी जेसीबी मशीन से नगर पंचायत के सभी वार्डों की नालियों की साफ सफाई आसानी से होने लगेगी। जिससे चोक होती नालियों अथवा सड़क पर गंदे पानी के ओवरफ्लो होने की समस्या से निजात मिल सकेगी। इसी बीच अधिशाषी अधिकारी विकास कुमार ने बताया सफाई कर्मचारियों को दिक्कत होती थी ।वो परेशानी भी दूर हो जायेगी। क्योंकि स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर को साफ सुथरा रखने के लिए काम करेंगे।



नगर पंचायत में खड़ी खरीदी गई जेसीबी।



किशोरी को कुएं से निकालकर अस्पताल ले जाते सदर कोतवाल पंकज मिश्रा।

### अर्द्धविक्षिप्त किशोरी कुएं में गिरी, गंभीर घायल

**औरैया।** कोतवाली क्षेत्र के देवकली मंदिर के पास एक कुएं में अर्द्ध विक्षिप्त किशोरी गिर गई। जब आसपास के लोगों ने उसे कुएं में गिरता देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों को बुलाकर उसे बाहर निकाला और जिला अस्पताल भर्ती कराया। जहां पर उसका इलाज चल रहा है। खानपुर के मदारन मोहल्ला निवासी 16 वर्षीय अनामता पुत्री रफी अहमद अर्द्धविक्षिप्त है। वह किसी तरह देवकली यमुना घाट के पास बने कुएं में गिर गई। आसपास के लोगों ने उसे कुएं में गिरता देखा तो उसे कुएं से निकालने का प्रयास किया। जब वह नहीं निकाल सके तो पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे सदर कोतवाल पंकज मिश्रा ने गोताखोरों को बुलाकर किशोरी को कुएं से बाहर निकालकर जिला अस्पताल भर्ती कराया। पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है।

### ग्रामसभा की बैठक में किया गया सोशल ऑडिट

**अजीतमल, औरैया।** विकासखंड अजीतमल की ग्राम पंचायत गोहानी खुर्द में ग्राम सभा की खुली बैठक में सोशल ऑडिट किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विद्या सेंगर ने ग्राम पंचायत में हुए कार्यों को खुली बैठक में जनता से पूछा तो जनता ने हुए कार्यों को ठीक बताया। कुछ छोटी-मोटी कमियां मिली, जिसमें सुधार करने के लिए प्रधान और रोजगार सेवक को कहा गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विमल कुमार, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक तथा ग्राम वासी मौजूद रहे।

बजट 2024-25

बजट पर लोगों ने दी अपनी -अपनी प्रतिक्रियाएं, विपक्षी दलों के नेताओं और व्यापारियों ने की आलोचना

# भाजपा समर्थकों को भाया, बाकी को कुछ खास नजर नहीं आया

इटावा। केंद्र सरकार के आम बजट की सरकार समर्थक तारीफ करते नहीं थक रहे वहीं विपक्षी दलों के नेता और व्यापारी इस बजट से खुश नहीं दिख रहे है। व्यापारियों के लिए बजट में कोई घोषणा न होने से व्यापारी जगत में मायूसी देखी जा रही है। एक तरह से देखा जाए तो यह बजट भाजपा समर्थकों को ही भा रहा है। बाकी सबको कुछ खास नजर नहीं आ रहा।

### बजट स्वागत योग्य

केंद्र सरकार गरीबों के हित में अगले पांच वर्षों में दो करोड़ परिवारों को आवास मुहैया कराएगी। बड़ी इच्छा शक्ति के साथ पेश किया बजट स्वागत के योग्य है।



-डॉ. संजय दीक्षित

### व्यापारियों को मिलेगा प्रोत्साहन

**बकेवर।** बजट सराहनीय है। आयकर में सात लाख तक पूर्ण रूप से छूट तथा एक लाख करोड़ रुपये का ब्याज मुक्त ऋण फंड बनाए जाने से लघु उद्यमियों सहित आम व्यापारियों को प्रोत्साहन मिलेगा।



-सौरभ उपाध्याय

### मध्यम वर्ग को नहीं मिला लाभ

**बकेवर।** बजट में मध्यम वर्ग के लोगों को कोई खास लाभ नहीं मिला है। कारपोरेट का ब्याज प्रतिशत घटा दिया गया है। इनकम टैक्स स्लैब में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। उम्मीद थी कि इनकम टैक्स के स्लैब में परिवर्तन आएगा।



-पुरुषोत्तम मिश्र

### बजट बहुत ही संतुलित है

केंद्र सरकार का अंतरिम बजट बहुत ही संतुलित और भविष्य की नीतियों को आगे बढ़ने वाला है। इससे दूरदर्शी योजनाओं का पता चलता है



-भगवान दास प्रशांत

### महिलाओं के हित में है बजट

सरकार ने बजट में महिलाओं के उत्थान में विभिन्न लाभकारी योजनाओं के संचालन की घोषणा की है। निश्चित तौर पर बजट महिलाओं के हित में है।



-डॉ ज्योति दीक्षित

### युवाओं को मिली निराशा

**बकेवर।** बजट ने पूरी तरह से निराश किया है। इस बजट ने किसानों और नौजवानों को पूरी तरह से निराश किया है। युवाओं के लिये रोजगार की कोई व्यवस्था नहीं की गई है।



-गौरव शर्मा व्यापार मंडल अध्यक्ष

### व्यापारियों की मांगों को किया अनदेखा

**महेवा।** बजट में व्यापारी समाज की मांगों को अनदेखा कर दिया गया है । कुटीर घरेलू लघु उद्योग व रिटेल के छोटे मझौले दुकानदारों की जरूरतों को अनदेखा किया गया है। सभी को सिरे से नकार दिया गया।



-अखिलेश वर्मा व्यापारी नेता महेवा

### झांसा देने वाला बजट है

यह बजट झांसा देने वाला है। जिसमें मोदी सरकार के पिछले दस वर्षो के कामों को बढ़ा-चढ़ाकर आंकड़े पेश किया है। - **मुकुट सिंह किसान सभा के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री**



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

मैं सर्वसाधारण को सूचित करती हूं कि मेरा व मेरी पुत्री गार्गी सिंह का मेरे पति निशेष वर्मा पुत्र स्व0 कालीचरण निवासी इटावा से 6 सितंबर 2021 से किसी प्रकार का कोई संबंध नहीं है । हमे निशेष वर्मा और उसके परिवारजनों से जान का खतरा होने का अंदेशा है। **आकांक्षा सिंह पुत्री श्री विरेंद्र कुमार सिंह**

**NOTICE**

I SHAHWEZ Son of Shareef Ahmad R/O Shahwez Shareef R/O makbara,Bijnor,Najibabad 24673.Local adress-296/49,hata sangi beg, chowk, Lucknow. That I changed my name from SHAHWEZ TO SHAHWEZ SHAREEF .In future I will be called SHAHWEZ SHAREEF.

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **वीरेन्द्र कुमार पुत्र गौरी शंकर, नि0 कपसेठी तह-कर्वी, जि0-चित्रकूट,** मेरी एचडीएफसी लाइफ इ0 की पॉलिसी सं0-12547419 में मेरा नाम त्रुटिवश वीरेन्द्र सिंह अंकित हो गया है। जबकि मेरे अन्य अभिलेखों में (आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक खाता) वीरेन्द्र कुमार अंकित है। वीरेन्द्र सिंह व वीरेन्द्र कुमार दोनों नाम एक ही व्यक्ति के अर्थात मेरे है।

**NOTICE**

I TARANNUM AIJAZ Wife of Sri AIJAZ MOHD KHAN BUNGASH R /O of 296/49 Hata sangi beg chowk Lucknow That I changed my name from TARANNUM to TARANNUM AIJAZ.In future I will be called TARANNUM AIJAZ.

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **राम प्रकाश पुत्र स्व0 राम औतार, निवासी-5/178, सेक्टर-एच0, जानकीपुरम नियर सहारा स्टेट लखनऊ** मेरा पुत्र हरिओम शर्मा का व्यवहार माता-पिता व परिवार के साथ अच्छा नहीं है तथा परिवार के साथ गाली गलौज- मारपीट करता है तथा आवारा प्रवृत्ति का व्यक्ति है, उसके इन कृत्यों से तंग आकर उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उससे सारे सम्बन्ध समाप्त करता हूँ आज के बाद उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा परिवार से किसी प्रकार का कोई लेना देना या मतलब नहीं होगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी पत्नी सुनीता के बीमा पॉलिसी संख्या- 205804333 में नामिनी में मेरा नाम राम किशुन अंकित है। जो कि मेरा बचपन का पुकारने वाला नाम है। मेरे सभी अभिलेखों में मेरा नाम बालकिशन है। बालकिशन व रामकिशुन दोनों मेरे ही नाम हैं। **-बाल किशन पुत्र बाबूलाल, निवासी- सुदीन का पुरवा देवर पट्टी,बिहार,कुंडा प्रतापगढ़।**

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 डीएमओ 825 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1130 बोल्ड 1115 डीएमओ 905।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2525-2550 |
| आरआर 21 | 2700-2750 |
| गेहूंफारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2600-4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000-2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5400-5500 |
| अरहर | 7500-8000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 4400-4500 |
| उड़दहरा | 10000-10200 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 15000-15200 |
| अरहरस्पेशल1 | 12500-12700 |
| चनादाल | 6700-6800 |
| मटरदाल | 5400-5500 |
| मसूरमलका | 7050-7100 |
| मसूरदाल | 7050-7100 |
| उड़ददाल | 8500- 12000 |
| उड़द धोवा | 10000- 12500 |
| मूँगदाल | 9000-10500 |
| मूँग धोवा | 9500-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000 - 2300 |
| बासमती नं.1 | 9100 - 11000 |
| सेला | 2500 - 3000 |
| बासमती नं.2 | 7000 - 8000 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1490-1550 |
| मैदा | 1475-1520 |
| सूजी | 1500-1550 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1430-1475 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 5000-5050 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# भारत बनेगा तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

## नरेंद्र मोदी ने भारत मोबिलिटी वैश्विक प्रदर्शनी को किया संबोधित, कहा-देश तेजी से आगे बढ़ रहा

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि देश तेजी से आगे बढ़ रहा है और उनकी सरकार के तीसरे कार्यकाल में यह निश्चित रूप से दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। इस साल अप्रैल-मई में आम चुनाव होने वाले हैं।

प्रधानमंत्री ने यहां 'भारत मोबिलिटी' वैश्विक प्रदर्शनी को संबोधित करते हुए ट्रक और टैक्सी चालकों के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे पहले चरण में 1,000 आधुनिक विश्राम गृह बनाये जाने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा-हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत का दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनना निश्चित है। मोदी ने कहा कि वर्ष 2014 के पहले करीब 10 साल में 12 करोड़ वाहन बिके थे। लेकिन 2014 के बाद से देश में 21 करोड़ से अधिक वाहन बेचे जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले करीब 2,000 इलेक्ट्रिक वाहन बेचे जा रहे थे जबकि अब 12 लाख इलेक्ट्रिक वाहन बेचे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में यात्री वाहनों के मामले में लगभग 60 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में भारत की प्रगति का भी जिक्र किया।

उन्होंने कहा-हम समुद्र और पहाड़ों को चुनौती देते हुए रिकॉर्ड समय में 'इंजीनियरिंग करिश्मा' तैयार कर रहे हैं। अटल सुरंग से लेकर अटल सेतु तक, भारत का ढांचागत विकास नए रिकॉर्ड बना रहा है। पिछले 10 साल में, 75 नये हवाई अड्डे बनाये गये हैं। लगभग चार लाख ग्रामीण सड़कें बनाई गई हैं। उन्होंने उद्योग जगत से स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कच्चे माल का उपयोग करके बैटरी बनाने के लिए अनुसंधान और विकास को आगे बढ़ाने को भी कहा।

### अगले वित्त वर्ष में 7 प्रतिशत की वृद्धि दर काफी हद तक संभवः अजय सेठ



आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने शुक्रवार को कहा कि अंतरिम बजट में गैर-मुद्रास्फीतिकारी प्रस्तावों से अगले वित्त वर्ष में लगातार चौथे साल 7 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर हासिल करने में मदद मिलेगी। हालांकि सेठ ने बातचीत में भू-राजनीतिक तनाव से बाहरी जोखिम पैदा होने की बात स्वीकार करते हुए कहा कि अगले साल करीब सात प्रतिशत की वृद्धि दर काफी हद तक संभव है। भारतीय अर्थव्यवस्था महामारी-प्रभावित 2020-21 में 5.8 प्रतिशत सिकुड़ने के बाद अगले वर्ष 9.1 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। वर्ष 2022-23 में यह 7.2 प्रतिशत रही और चालू वित्त वर्ष में इसके 7.3 प्रतिशत होने का अनुमान है।

### अब एफिल टॉवर के लिए कीजिए यूपीआई के जरिए भुगतान

**मुंबई।** पेरिस के एफिल टॉवर को देखने आने वाले पर्यटक अब भारत के एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) के जरिए इस प्रतिष्ठित स्मारक की अपनी यात्रा बुक कर सकेंगे। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एनपीसीआई ने कहा कि उसकी शाखा एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स (एनआईपीएल) ने फ्रांस की ई-कॉमर्स और भुगतान कंपनी लायरा के साथ गठजोड़ किया है। इसके तहत फ्रांस में यूपीआई भुगतान व्यवस्था को स्वीकार किया जाएगा और इसकी शुरुआत एफिल टॉवर से हो रही है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, भारतीय पर्यटक अब यूपीआई का उपयोग करके ऑनलाइन टिकट खरीदकर एफिल टॉवर की अपनी यात्रा बुक कर सकते हैं।

# पेटीएम ऐप 29 फरवरी के बाद भी हमेशा की तरह काम करता रहेगा: विजय शेखर

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ पेटीएम के फाउंडर और सीईओ ने दी जानकारी



वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय शेखर शर्मा ने शुक्रवार को कहा डिजिटल भुगतान एवं सेवा ऐप पेटीएम काम कर रहा है और 29 फरवरी के बाद भी यह हमेशा की तरह काम करता रहेगा। वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) के संस्थापक एवं सीईओ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि कंपनी पूर्ण अनुपालन के साथ देश की सेवा करने को प्रतिबद्ध है।

शर्मा ने कहा-पेटीएम इस्तेमाल करने वाले सभी लोगों के लिए... आपका पसंदीदा ऐप काम कर रहा है और 29 फरवरी के बाद भी इसी तरह काम करता रहेगा। वन97 कम्युनिकेशंस के पास पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है लेकिन वह इसे अपनी सहयोगी के रूप में वर्गीकृत करता है, अनुषंगी कंपनी के रूप में नहीं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड साधन, वॉलेट एवं फास्टैग में 29 फरवरी 2024 के बाद जमा या टॉप-अप स्वीकार न करने का बुधवार को निर्देश दिया था। इसके बाद से कंपनी के शेयर में लगातार गिरावट आ रही है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 74,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,850 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 48,300-48,500 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,400 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,250 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90, 500 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,300 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,300 |
| चांदी पक्की | 728 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,500 |
| चांदी आभूषण | 73,900। |

# केवाईसी के लिए अज्ञात इकाइयों के साथ दस्तावेज साझा न करें

मुंबई, एजेंसी

▸▸ आरबीआई ने धोखाधड़ी के प्रति किया आगाह

भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को जनता को केवाईसी अद्यतनीकरण के नाम पर धोखाधड़ी के प्रति आगाह किया और अज्ञात इकाइयों के साथ दस्तावेज साझा नहीं करने की सलाह दी।

अपने ग्राहक को जानो (केवाईसी) अद्यतनीकरण के नाम पर ग्राहकों के धोखाधड़ी का शिकार होने की लगातार घटनाओं और रिपोर्टों के मद्देनजर आरबीआई ने जनता से नुकसान को रोकने और ऐसी दुर्भावनापूर्ण प्रथाओं से खुद को सुरक्षित रखने के लिए सावधानी बरतने और उचित देखभाल करने का आग्रह किया। केंद्रीय बैंक पहले भी इस तरह की धोखाधड़ी को लेकर जनता को आगाह कर चुका है। आरबीआई ने कहा, "केवाईसी दस्तावेज या उनकी प्रतियां अज्ञात या गैर-सत्यापित व्यक्तियों या संगठनों के साथ साझा न करें।" बैंक ने कहा कि खाता लॉगिन क्रेडेंशियल, कार्ड की जानकारी, पिन, पासवर्ड, ओटीपी भी किसी के साथ साझा न करें।

### ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों से मासिक जीएसटी संग्रह 400% बढ़ा

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों से मासिक जीएसटी संग्रह एक अक्टूबर से 400 प्रतिशत से अधिक बढ़कर लगभग 1,200 करोड़ रुपये हो गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि एक अक्टूबर से ऑनलाइन गेमिंग मंच पर 28 प्रतिशत कर लगाया गया था। जीएसटी परिषद ने पिछले साल अगस्त में साफ किया था कि ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को अपने मंच पर लगाए गए दांव के पूरे अंकित मूल्य पर 28 प्रतिशत वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) देना होगा।

# शेयरों में लौटी तेजी, निफ्टी ने नया शिखर छुआ

मुंबई, एजेंसी

▸▸ सेंसेक्स 440 अंक और निफ्टी भी 21 हजार के पार



वैश्विक बाजारों में मजबूती के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंफोसिस और टीसीएस में लिवाली आने से शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी लौट आई। सेंसेक्स 440 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी कारोबार के दौरान अपने नए शिखर को छूने में सफल रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 440.33 अंक यानी 0.61 प्रतिशत चढ़कर 72,085.63 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,444.1 अंक यानी दो प्रतिशत तक उछल गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 156.35 अंक यानी 0.72 प्रतिशत बढ़कर 21,853.80 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान निफ्टी एक समय 429.35 अंक तक चढ़कर 22,126.80 अंक के नये शिखर पर पहुंच गया था। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से पावर ग्रिड, एनटीपीसी, टाटा स्टील, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, जेएसडब्ल्यू स्टील, विप्रो, इंफोसिस, टेक महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और बजाज फाइनेंस प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।

### निवेशकों की पूंजी 3.34 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण शुक्रवार को अबतक के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गया। शेयर बाजार में तेजी के साथ निवेशकों की संपत्ति 3.34 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 3,34,413.44 करोड़ रुपये चढ़कर 3,82,76,857.79 करोड़ रुपये के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया।

## राष्ट्रीय

# अलग राष्ट्र की टिप्पणी को लेकर रास में हंगामा

## राज्यसभा में कांग्रेस सांसद डीके सुरेश के वक्तव्य पर सत्तारूढ़ भाजपा ने की माफी की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस के एक सांसद की ओर से कथित तौर पर दक्षिणी राज्यों के लिए 'एक अलग राष्ट्र' की मांग उठाए जाने के मुद्दे पर राज्यसभा में शुक्रवार को हंगामा हुआ और सत्ताधारी पक्ष ने इस बयान को देश की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता पर हमला करार देते हुए कांग्रेस से स्पष्टीकरण और माफी की मांग की। कांग्रेस ने साफ किया कि कांग्रेस देश की अखंडता के प्रति समर्पित है और इस तरह के किसी भी आह्वान को बर्दाश्त नहीं करेगी। सदन के नेता पीयूष गोयल ने शून्यकाल आरंभ होते ही इस मुद्दे को उठाया जिस पर विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि अगर कोई भी देश को तोड़ने की बात करेगा तो कांग्रेस पार्टी उसे कभी बर्दाश्त नहीं करेगी।

सभापति जगदीप धनखड़ ने उच्च सदन की कार्यवाही आरंभ होने पर आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए और उसके बाद गोयल को बोलने का मौका दिया। गोयल ने कहा कि प्रमुख विपक्षी पार्टी के एक वरिष्ठ नेता और कांग्रेस शासित राज्य के एक उपमुख्यमंत्री के भाई ने बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण और आपत्तिजनक वक्तव्य दिया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का वक्तव्य देने वाला कांग्रेस का सांसद भी है। कांग्रेस सांसद डीके सुरेश ने कथित तौर पर कहा कि अगर विभिन्न करों से एकत्रित धनराशि के वितरण के मामले में दक्षिणी राज्यों के साथ हो रहे अन्याय को दूर नहीं किया गया तो दक्षिणी राज्य एक अलग राष्ट्र की मांग करने को मजबूर होंगे।

### हर मोर्चे पर केंद्र की असफल सरकार पूर्ववर्तियों पर दोष मढ़ती है : खरगे



केंद्र सरकार पर हर मोर्चे पर असफल रहने तथा पूर्ववर्ती सरकारों पर दोष मढ़ने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि न केवल युवाओं, किसानों से किए गए वादे अब तक अधूरे हैं बल्कि विपक्षी नेताओं के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों का भी दुरुपयोग किया जा रहा है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कई बार यह कह चुके हैं कि पिछली सरकारों ने कई काम नहीं किए।

### कांग्रेस नेता डीके सुरेश को सांसद बने रहने का कोई हक नहीं: रविशंकर



भाजपा ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस नेता डीके सुरेश को एक मिनट भी सांसद बने रहने का अधिकार नहीं है और साथ ही उसने आरोप लगाया कि वह खुलेआम भारत को तोड़ने की बात कर रहे हैं, जो कि देश की एकता व संप्रभुता की रक्षा करने की उनकी शपथ का उल्लंघन है। भाजपा नेता और पूर्व कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा-क्या राजनीतिक लाभ के लिए देश की एकता और संप्रभुता की धज्जियां उड़ाई जाएंगी। उन्होंने खरगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी तथा उनके सहयोगी दलों चुप्पी साधे रखने के लिए निशाना साधा।

### ऑल इंडिया रेडियो के 3 पूर्व कर्मचारी भ्रष्टाचार मामले में दोषी करार

**एजल।** मिजोरम की राजधानी एजील स्थित एक भ्रष्टाचार निरोधक अदालत ने ऑल इंडिया रेडियो, आइजोल स्टेशन के तीन पूर्व कर्मचारियों को भ्रष्टाचार के एक मामले में शुक्रवार को दोषी ठहराया। विशेष अदालत (भ्रष्टाचार निवारण) के विशेष न्यायाधीश एच टी सी लालरिंचना ने तत्कालीन सहायक निदेशक जोसांगजुआला, तत्कालीन कार्यक्रम कार्यकारी लालनुन्जिरी और तत्कालीन ऑल इंडिया रेडियो आइजोल स्टेशन के लोअर डिविजनल क्लर्क जूडी एच. लालमुआनपुई को आपराधिक साजिश से निपटने के लिए भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं आपराधिक विश्वासघात, जालसाजी, प्रतिरूपण द्वारा धोखाधड़ी और धोखाधड़ी के अलावा, कई धाराओं के तहत दोषी ठहराया।

# तमिल अभिनेता विजय की राजनीति में एंट्री

चेन्नई, एजेंसी

▸▸ फिल्मों के शीर्ष सितारे ने बनाया राजनीतिक दल

▸▸ प्रदेश में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव पर नजर



तमिल फिल्मों के शीर्ष सितारे थलपति विजय ने फिल्म उद्योग की कई हस्तियों के राजनीति में आने के क्रम को बरकरार रखते हुए शुक्रवार को राज्य में अपने राजनीतिक दल का ऐलान किया। वर्ष 2026 के विधानसभा चुनाव में जीत को दृष्टिगत रखते हुए उन्होंने यह कदम उठाया है। यहां एक बयान में, विजय (49) ने अपनी पार्टी 'तमिझगा वेत्रि कषगम' का ऐलान करते हुए वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर चिंता जताई जो कि 'प्रशासनिक ह्रास, भ्रष्टाचार और विभाजनकारी राजनीति से भरी हुई है' और एकता में बाधा उत्पन्न करती है।

राज्य में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनावों में सफलता का अपना लक्ष्य निर्धारित करते हुए, अभिनेता से नेता बने विजय ने दावा किया कि तमिलनाडु के लोग बदलाव के लिए 'लालायित' हैं। उन्होंने कहा-मेरे नेतृत्व में, राजनीतिक पार्टी तमिझगा वेत्रि कषगम (टीवीके) की शुरूआत की गयी है। इसे पंजीकृत करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के पास आवेदन भी किया गया है।'' विजय ने कहा कि जब मौजूदा द्रमुक सरकार का कार्यकाल 2026 में समाप्त होगा तो उनकी पार्टी विधानसभा चुनावों में मैदान में उतरेगी। उन्होंने कहा कि उनका संगठन आगामी आम चुनाव में किसी भी राजनीतिक दल का समर्थन करने की पेशकश करेगी। विजय पार्टी के अध्यक्ष होंगे।

सत्तारूढ़ द्रमुक एवं विपक्षी भाजपा ने अभिनेता को इस नयी शुरूआत के लिये शुभकामनाएं दी हैं। विजय के नाम से जाने जाने वाले 'थलापति' के उत्साही प्रशंसकों ने राजनीतिक दल की शुरूआत के उनके कदम का स्वागत किया और सड़कों के साथ-साथ सोशल मीडिया पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए जश्न मनाया। थलापति का अर्थ है जनरल या कमांडर, जबकि 'तमिझगा वेत्रि कषगम' का मोटे तौर पर अनुवाद ''तमिलनाडु विजय पार्टी'' है। पिछले कुछ समय से ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि विजय उस प्रदेश (तमिलनाडु) की राजनीति में प्रवेश करने के इच्छुक हैं।

## एक नजर

### हिरासत में मौत मामले में दो निलंबित

**जम्मू।** जम्मू में हिरासत में एक संदिग्ध की मौत के बाद एक पुलिस थाने के प्रभारी को हटा दिया गया है, जबकि दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि जम्मू के जिला मजिस्ट्रेट से भी घटना की मजिस्ट्रेट जांच शुरू करने का अनुरोध किया गया है। कठुआ जिले के नगरी इलाके के निवासी साहिल सैनी को 30 जनवरी को चोरी से जुड़े एक मामले में गिरफ्तार किया गया था और चार दिन की पुलिस हिरासत के दौरान अगले ही दिन गांधीनगर पुलिस थाने में संदिग्ध परिस्थितियों में उसे मृत पाया गया था।

### मुंबई के चेंबूर में लगी आग, नौ लोग झुलसे

**मुंबई।** महाराष्ट्र में मुंबई उपनगर के चेंबूर इलाके में सिद्धार्थ कॉलोनी के पास गैस सिलिंडर रिसाव के कारण आग लगने से नौ लोग झुलस गये हैं। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि अग्निशमन विभाग के सूत्रों के मुताबिक, आग गुरुवार रात 10:48 बजे लगी। हादसे में झुलसे छह लोगों को राजावाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहीं सायन अस्पताल, मानेक अस्पताल और शताब्दी अस्पताल में एक-एक व्यक्ति को भर्ती कराया गया।

# माता-पिता की असहमति के बाद शादी के वादे से मुकरना बलात्कार का अपराध नहीं

मुंबई, एजेंसी

**बंबई उच्च न्यायालय ने की टिप्पणी**

बंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने कहा है कि यदि कोई पुरुष अपने परिवार के सहमत नहीं होने के कारण किसी महिला से शादी करने के अपने वादे से मुकर जाता है तो इसमें बलात्कार का अपराध नहीं बनता है। उच्च न्यायालय ने 31 वर्षीय एक व्यक्ति को उसके खिलाफ दर्ज मामले में बरी करते हुए यह टिप्पणी की। इस व्यक्ति के खिलाफ शादी के बहाने एक महिला से कथित तौर पर बलात्कार करने का मामला दर्ज कराया गया था।

न्यायमूर्ति एम डब्ल्यू चंदवानी की एकल पीठ ने 30 जनवरी को दिए एक आदेश में कहा कि एक व्यक्ति ने केवल शादी के अपने वादे को तोड़ा है और महिला को उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने के लिए शादी का झांसा नहीं दिया था। अदालत ने कहा, ''वादा तोड़ने और झूठा वादा पूरा न करने के बीच अंतर है।'' वर्ष 2019 में 33 वर्षीय महिला ने नागपुर पुलिस के समक्ष दर्ज कराई गई प्राथमिकी में दावा किया था कि वह 2016 से उस व्यक्ति के साथ रिश्ते में थी और उसने शादी का वादा करने के बाद उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए थे। जब महिला को पता चला कि उस व्यक्ति की किसी और से सगाई हो गई है तो उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। मामले में आरोपमुक्त करने के अनुरोध संबंधी याचिका में व्यक्ति ने कहा कि उसका महिला से शादी करने का पूरा इरादा था, लेकिन उसने प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया और उससे कहा कि वह किसी और से शादी करेगी।

याचिका में कहा गया कि इस व्यक्ति के परिवार वालों ने भी इस रिश्ते को स्वीकार करने से मना कर दिया था, जिसके बाद वह दूसरी महिला से सगाई करने को तैयार हो गया। इसमें कहा गया है कि शिकायतकर्ता ने 2021 में किसी अन्य पुरुष से शादी कर ली थी। अदालत ने कहा कि महिला एक परिपक्व वयस्क हैं और कहा कि उसके द्वारा लगाए गए आरोप इस बात का संकेत नहीं देते कि उस व्यक्ति का उससे शादी करने का वादा झूठा था। अदालत ने कहा कि यह साबित करने के लिए कोई तथ्य नहीं है कि रिश्ते की शुरुआत के बाद से, इस व्यक्ति का महिला से शादी करने का कोई इरादा नहीं था और उसने केवल शारीरिक संबंध बनाने के लिए झूठा वादा किया था।

# सामाजिक कार्यकर्ता मंदर के ठिकानों पर सीबीआई का छापा

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम के उल्लंघन का मामला

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मानवाधिकार कार्यकर्ता हर्ष मंदर और उसके गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) के खिलाफ विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) के कथित उल्लंघन का मामला दर्ज किया और शुक्रवार को इसके परिसरों की तलाशी ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा था कि एफसीआरए की धारा तीन किसी पंजीकृत समाचार पत्र के संवाददाताओं, स्तंभकारों, कार्टूनिस्टों, संपादक, मालिक, मुद्रक, प्रकाशक द्वारा विदेशी अंशदान स्वीकार करने पर रोक लगाती है लेकिन मंदर समाचार पत्रों तथा वेब पोर्टलों में स्तंभ और लेख लिख रहे हैं। सीबीआई ने एफसीआरए के विभिन्न प्रावधानों के उल्लंघन के लिए मंदर और 'सेंटर फॉर इक्विटी स्टडीज' (सीईएस) के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। मंदर पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान राष्ट्रीय सलाहकार परिषद के पूर्व सदस्य थे।

### महुआ को बंगले से बेदखली के खिलाफ याचिका वापस लेने की मिली अनुमति

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता महुआ मोइत्रा को संपदा निदेशालय द्वारा जारी बेदखली नोटिस को चुनौती देने वाली अपनी याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी, जिसमें उन्हें आवंटित सरकारी आवास खाली करने के लिए कहा गया था। मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था। उनके वकील ने कहा कि याचिका निरर्थक हो गई है क्योंकि वह पहले ही बंगला खाली कर चुकी हैं। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने कहा-याचिकाकर्ता ने पहले ही कहा है कि उसने संबंधित आवास खाली कर दिया है। याचिका वापस ली गई मानकर खारिज की जाती है।

### प्रो. विवेकानंद तिवारी ने एक साथ 61 पुस्तक प्रकाशित कर स्थापित किया विश्व कीर्तिमान



**नई दिल्ली।** सनातन धर्म एवं भारतीय संस्कृति की आधार स्तंभ गाय की विविध पक्षों पर इस वर्ष एक साथ 61 पुस्तक प्रकाशित हुई हैं, जो एक विश्व रिकॉर्ड है। इसके चलते इसे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भेजा गया है। बता दें कि विश्व के इतिहास में आजतक एक साथ 61 किताबें कभी भी प्रकाशित नहीं हुई है। गौरतलब है कि प्रो. विवेकानंद तिवारी की 150 से ज्यादा पुस्तकें और 250 से ज्यादा शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि रामराज्य की परिकल्पना का आधार गाय है। वहीं अनेक संस्थाओं से डॉ. तिवारी को प्राप्त सम्मानों में भारत भारती सम्मान, मालवीय शिक्षा सम्मान विशेष है।

# भाजपा और आरएसएस के लोग देश में फैला रहे नफरत

रांची, एजेंसी

▸▸ भारत जोड़ो-न्याय यात्रा के दौरान राहुल ने साधा निशाना



राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही न्याय यात्रा आज बंगाल से निकलकर नसीपुर मोड होते हुए झारखंड में प्रवेश कर गई। नसीपुर मोड पर पश्चिम बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी द्वारा झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर को ध्वज हस्तांतरण कर झारखंड में यात्रा का शुभारंभ कराया गया। इसके बाद झारखंड में 13 जिलों से गुजर कर 804 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली न्याय यात्रा की औपचारिक शुरुआत झारखंड में हो गई। नासीपुर मोड़ में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने निशाना साधते हुए कहा कि कहा कि भाजपा और आरएसएस के लोग देश में नफरत और हिंसा फैला रहे हैं। जबकि 1 साल पूर्व हमने भारत जोड़ो यात्रा की थी उसे दौरान हम जिन राज्यों में नहीं पहुंच सके थे वहां के लोगों से मिलने और उनसे बात करने के लिए हमने यह भारत जोड़ो-न्याय यात्रा शुरू की है।

उन्होंने कहा कि आज भाजपा और आरएसएस के खिलाफ खड़ा होना हमारा कर्तव्य है। आज देश में करोड़ों लोगों के साथ अन्याय हो रहा है क्योंकि नरेंद्र मोदी ने नोटबंदी, गलत जीएसटी, छोटे व्यापारियों, उद्योगो के खिलाफ निर्णय लेकर उन्हें बर्बाद कर दिया।, इस देश में जो रोजगार की रीढ़ की हड्डी है उसे बीजेपी ने तोड़ दिया उसका नतीजा यह है कि आज इस देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी दर है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी चाहते हैं की हिंदुस्तान के युवाओं को रोजगार न मिले और इस देश का पैसा चंद अरबपतियों के हाथों में हो। इस यात्रा के माध्यम से हम किसानों के खिलाफ अन्याय, युवाओं के खिलाफ अन्याय, आदिवासियों के खिलाफ अन्याय, महिलाओं के खिलाफ अन्याय को देश की जनता के सामने रखना चाहते हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा और आरएसएस के लोग जहां भी नफरत का बाजार खोलते हैं। वहां कांग्रेस पार्टी और उनके गठबंधन दल के लोग मोहब्बत की दुकान खोलते हैं। इस यात्रा में हम किसानों के मन की बात युवाओं के मन की बात महिलाओं के मन की बात आदिवासियों के मन की बात और आम जनों के मन की बात सुनना चाहते हैं हम अपने मन की बात नहीं करना चाहते और आपकी बातों को समझ कर सुनकर उसे पूरे देश के सामने लाना चाहते हैं।

# महिलाओं को डरा रहा सर्वाइकल कैंसर



सर्वाइकल कैंसर ऐसी बीमारी जो आधुनिक महिलाओं में भय का कारण बनी हुई है। अच्छा खानपान, बेहतर दिनचर्या और व्यायाम से कोसों दूर भागदौड़ भरी जिंदगी जी रहीं ज्यादातर भारतीय महिलाएं इस बीमारी की चपेट में हैं। अनियमित दिनचर्या की वजह से महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर की संभावनाएं बढ़ती जा रही हैं। आइए जानते हैं कैसे कर सकते हैं सर्वाइकल कैंसर से बचाव।

## क्या होता है सर्वाइकल कैंसर

डब्ल्यूएचओ के अनुसार, सर्वाइकल कैंसर वह कैंसर है जो गर्भाशय ग्रीवा की कोशिकाओं में शुरू होता है। गर्भाशय ग्रीवा गर्भाशय को योनि से जोड़ती है। सर्वाइकल कैंसर आमतौर पर समय के साथ धीरे-धीरे विकसित होता है। गर्भाशय ग्रीवा में कैंसर होने से पहले, गर्भाशय ग्रीवा की कोशिकाएं 'डिसप्लेसिया' नामक परिवर्तनों से गुजरती हैं, जिसमें गर्भाशय ग्रीवा के ऊतकों में असामान्य कोशिकाएं दिखाई देने लगती हैं। ऐसे में समय के साथ यदि इसका इलाज नहीं किया गया तो असामान्य कोशिकाएं कैंसर कोशिकाएं बन सकती हैं और बढ़ने लगती हैं। साथ ही गर्भाशय ग्रीवा और आसपास के क्षेत्रों में अधिक गहराई तक फैल जाती हैं।

- 2020 में अनुमानित 604,000 नए मामलों और 342,000 मौतों के साथ सर्वाइकल वैश्विक स्तर पर महिलाओं में चौथा सबसे आम कैंसर है।
- सर्वाइकल कैंसर की सर्वाधिक घटनाएं और मृत्यु दर की उच्चतम दर निम्न और मध्यम आय वाले देशों में है, जोकि चिंताजनक है।
- यदि प्रारंभिक चरण में निदान किया जाए और तुरंत इलाज किया जाए तो सर्वाइकल कैंसर को ठीक किया जा सकता है।
- दुनिया भर के देश सर्वाइकल कैंसर के उन्मूलन में तेजी लाने के लिए काम कर रहे हैं, बावजूद इसके यह एक बड़ी समस्या बनी हुई है।

## सर्वाइकल कैंसर के लक्षण

- पानी जैसा या खूनी योनि स्राव
- योनि स्राव में दुर्गंध आना
- यौन संबंध के बाद योनि से रक्तस्राव
- मासिक धर्म के बीच में रक्तस्राव
- लंबे समय और भारी मासिक धर्म
- पैरों में सूजन
- पेल्विक हिस्से, लेग्स और बेक पेन



## बचाव और रोकथाम

- रेगुलर स्क्रीनिंग
- सेफ सेक्स
- वजन कंट्रोल करें
- तनाव कम करें
- हेल्दी डाइट
- नो स्मोकिंग
- सीमित अल्कोहल

प्रस्तुति : विनय सैनी/प्रदीप यादव

# पूछ समान बीटा पिक्टोरिस तारे की हुई खोज

**वैज्ञानिकों ने खोजा पूछ वाले तारे का रहस्य, ग्रह के साथ पिंडों को जन्म दे रहा बीटा पिक्टोरिस तारा**

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार:** वैज्ञानिकों ने तारों की दुनिया में एक ऐसे तारे की असलियत का पता लगाया है, जिसकी बिल्ली की तरह पूछ निकल आई थी। इसका रहस्य समझने के लिए स्पेन के वैज्ञानिकों ने पूछ की वास्तविकता का खुलासा किया है। इस तारे नाम बीटा पिक्टोरिस है, ग्रहों के साथ पिंडों को जन्म दे रहा है।

किसी तारे का आकार लंबवत कैसे हो सकता है , वह भी इस तरह का, जिसका पिछला हिस्सा किसी बिल्ली के पूछ के समान हो। जिस कारण यह तारा वैज्ञानिकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। वैज्ञानिकों ने इसका रहस्य जानने के लिए अध्ययन शुरू किया। जमीन स्थित अनेक दूरबीनों से इसे देखा गया और अंत मे अंतरीक्ष में स्थित दूरबीन जेम्स वेब स्पेस टेलेस्कोप से इसकी वास्तविकता को समझना चाहा तो चौकाने वाली जानकारी निकलकर सामने आई। खोजकर्ता स्पेन स्थित एस्ट्रोबायोलॉजी सेंटर के वैज्ञानिक इसाबेल रेबोलिडो के मुताबिक यह रहस्यमय तारा खगोलविदों को रोमांचित करते आया है। यह पृथ्वी का नजदीकी तारा है। अध्ययन के बाद पता चला कि इस तारे में ग्रह बनाने वाले मलबे की एक घेरने वाली डिस्क है और इसकी घुमावदार पूंछ धूल का बड़ा हिस्सा है। जिसकी लंबाई लगभग 16 अरब किमी तक फैली हुई है। इस पूंछ का निर्माण किसी धूमकेतु, क्षुद्रग्रह या ग्रह की टक्कर के कारण बनी होगी। गहन अध्ययन के बाद यह समझ आया कि वास्तव में बीटा पिक्टोरिस एक आश्चर्यजनक तारा प्रणाली है। 1984 में यह धूल और मलबे की चमकदार डिस्क से घिरा खोजा गया पहला तारा बन गया। खास बात यह है कि तारे की मलबे वाली डिस्क में नए ग्रह बन रहे हैं।



बीटा पिक्टोरिस तारा प्रणाली का चित्र।

## असामान्य विशेषता का हुआ खुलासा: नासा

इस खोज को लेकर नासा ने कहा है कि वेब स्पेस टेलीस्कोप ने बीटा पिक्टोरिस मलबे डिस्क की एक असामान्य और अप्रत्याशित विशेषता का खुलासा किया है। एस्ट्रोनॉमिकल जर्नल फरवरी 2024 अंक में प्रकाशन के लिए इस नई खोज को स्वीकार किया है। उम्मीद है कि वेब भविष्य में भी इस तरह की खोज से वैज्ञानिकों को सहयोग करता रहेगा।

## एक नजर

### केन्या की राजधानी में गैस लीकेज के बाद भीषण विस्फोट, 2 की मौत

**नैरोबी।** केन्या की राजधानी नैरोबी में गैस लीकेज के कारण लगी आग से बड़ा हादसा हुआ है। आग लगने के बाद हुए विस्फोट से दो लोगों की मौके पर मौत हो गई और 165 लोग घायल बताए जा रहे हैं। नैरोबी स्थित एक गैस रीफिलिंग कंपनी की इमारत में आग आधी रात को लगी थी। सरकार के प्रवक्ता इसहाक मावौरा ने कहा कि यह बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है।

### बेल्जियम में किसानों का प्रदर्शन जर्मनी में एयरपोर्ट पर हड़ताल



**ब्रुसेल्स/बर्लिन।** बेल्जियम में किसानों ने यूरोपियन यूनियन के मुख्यालय का मार्ग ट्रैक्टरों से अवरुद्ध कर दिया। इसी दौरान सुरक्षाकर्मियों के साथ झड़प होने के कारण हालात बेकाबू हो गए। वहीं, जर्मनी में वेतन से जुड़े विवाद के कारण सभी बड़े एयरपोर्ट के सुरक्षा कर्मचारी एक दिन की हड़ताल पर गए। इससे बड़े पैमाने पर उड़ानें रद करनी पड़ीं और सैकड़ों। यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा।

### अमेरिका में भारतवंशी छात्र श्रेयस रेड्डी की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक और भारतीय छात्र की मौत हो गई है। एक सप्ताह के भीतर इस तरह का तीसरा मामला सामने आया है। हालांकि, छात्र की मृत्यु की वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, छात्र की पहचान श्रेयस रेड्डी के रूप में हुई है और वह लिंडर स्कूल ऑफ बिजनेस में पढ़ाई कर रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस बीच न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने गुरुवार को कहा कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। फिलहाल घटना में किसी भी तरह का संदेह की संभावना नहीं दिखाई दे रही है।

### अमेरिका में विमान हादसा, घरों में लगी आग, कई लोगों की मौत

**क्लियरवॉटर।** फ्लोरिडा मोबाइल होम पार्क में एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अग्निशमन अधिकारियों ने कहा कि गुरुवार को इस विमान हादसे में एक सवार शख्स और एक घर में कई लोगों की मौत हो गई। सिंगल-इंजन बीचक्राफ्ट बोनान्जा वी35 के पायलट ने शाम लगभग 7 बजे विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से कुछ देर पहले समस्या की सूचना दी। अधिकारियों ने कहा, क्लियरवॉटर फायर चीफ स्कॉट एहलर्स ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि विमान एक घर के ऊपर जा गिरा, जिससे तीन घरों में आग लग गई। हालांकि, आग पर तुरंत काबू पा लिया गया है। एहलर ने कहा, मारे गए लोगों की संख्या का पता नहीं है, लेकिन विमान में सवार एक शख्स और एक घर में कई लोग मारे गए।

## पाकिस्तान में आम चुनाव से पहले कई शहरों में हुए बम विस्फोट

# बम धमाकों से दहला बलूचिस्तान

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में आम चुनाव से पहले हुई हिंसा के कारण चिंता का माहौल है। चुनाव की तैयारियों में लगे अधिकारी बलूचिस्तान प्रांत में 10 बम धमाकों और ग्रेनेड हमलों से एक व्यक्ति की मौत हुई है। मीडिया के अनुसार, आम चुनावों से पहले बलूचिस्तान में बम विस्फोट और गोलीबारी सहित कई हमले हुए हैं, जिससे कई लोग हताहत हुए हैं और संपत्ति को नुकसान हुआ है।

पुलिस के मुताबिक, बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा में बम विस्फोट की घटना सामने आई है, जिसमें सब्जाल रोड पर पुलिस चौकी के पास एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

धमाका करने वाले असामाजिक तत्वों ने कई पुलिस स्टेशनों और उपायुक्त कार्यालयों को निशाना बनाया। इसमें एक पुलिस अधिकारी, जेल वार्डन सहित छह लोगों के घायल होने की सूचना है। गुरुवार को हुए धमाकों में एक शख्स की मौत होने की भी सूचना है। मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक प्रांतीय राजधानी क्वेटा समेत पूरे बलूचिस्तान प्रांत में कम से कम 10 बम और ग्रेनेड हमले हुए हैं। क्वेटा के सीनियर पुलिस अधीक्षक (एसएसपी ऑपरेशंस) जवाद तारिक ने बताया कि क्वेटा के स्पिनी इलाके में चीन-पाकिस्तान आर्थिक सहयोग (सीपीईसी) सड़क पर धमाका हुआ। अधिकारियों के मुताबिक, प्रांतीय राजधानी के कई इलाकों में धमाकों की आवाज सुनी गई। एसएसपी जवाद तारिक ने बताया कि अज्ञात हमलावरों ने बलूचिस्तान के अलग-अलग जगहों पर धमाके किए। धमाकों की चपेट में आने से एक सहायक सब इंस्पेक्टर गुलाम रजा समेत कई लोग घायल हो गए। हमलावरों ने शालकोट पुलिस स्टेशन पर हथगोला फेंका। कैंपस में बम फटने के बाद थाने की इमारत और पार्किंग में खड़े कुछ वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। घायल पुलिस अधिकारी को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। क्वेटा, खुजदार और तुरबत में हुए हमलों में पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएल-एन) और नेशनल पार्टी के कार्यालय और बलूचिस्तान नेशनल पार्टी मेंगल (बीएनपी-एम) और जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम फजल (जेयूआई -एफ) का संयुक्त कार्यालय को निशाना बनाया गया। राजनीतिक दलों को ग्रेनेड से निशाना बनाया गया। हालांकि, जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है।

### पाकिस्तान में 90 हजार से अधिक पोलिंग स्टेशन पर होगा मतदान



पाकिस्तान में आठ फरवरी को मतदान के दौरान संसद और प्रांतीय विधानसभाओं के लिए जनप्रतिनिधियों का चुनाव होगा। देशभर में स्थानीय लोग अपने प्रतिनिधियों को चुनने के लिए 90,600 से अधिक पोलिंग बूछ पर वोट डालेंगे। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) के मुताबिक देश के लगभग 128 मिलियन मतदाताओं के लिए 90675 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। इन स्टेशनों पर 2,76,402 मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। अगर आयोग कानून का पालन करने में सफल होता, तो देशभर में लगभग 1,07,000 और मतदान केंद्रों की स्थापना होती। प्रत्येक में चार मतदान केंद्र भी होते। हालांकि, अब आठ फरवरी को मतदान 4.28 लाख मतदान केंद्रों की बजाय 2.76 लाख केंद्रों पर ही होंगे।

## आतंकी यासीन को इलाज के लिए दिल्ली हाई कोर्ट ने दी अनुमति



**नई दिल्ली।** आतंकी यासीन मलिक ने हृदय और गुर्दे की बीमारियों के लिए उचित चिकित्सा उपचार के लिए एम्स ले जाने की मांग वाली याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने अनुमति दे दी है।

सुनवाई के दौरान केन्द्र सरकार ने याचिका का विरोध किया। केंद्र सरकार ने कहा कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एम्स के चिकित्सकों ने जब मलिक को डायग्नोस करने की कोशिश की तो उसने इससे इनकार कर दिया। केंद्र ने कहा कि मलिक एक बेहद खतरनाक कैदी है और उसे इलाज जेल के अंदर ही मिलना चाहिए। केंद्र का पक्ष सुनने के बाद अदालत ने मामले की सुनवाई 14 फरवरी तक के लिए स्थगित की। साथ ही मलिक की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता से कहा कि वे अपने मुवक्किल से निर्देश लें कि वह अपनी पसंद के डॉक्टर से इलाज चाहता है या एम्स के डाक्टरों से।

## चीनी सैनिकों से अकेले निपटने को मजबूर चरवाहे: जयराम

नई दिल्ली, एजेंसी



**उन्होंने कहा लद्दाख में चीनी सैनिको से हुई तीखी कहासुनी**

हाल ही में लद्दाख के चुशुल सेक्टर में भारतीय चरवाहों और चीनी सैनिकों के बीच हुई तीखी कहासुनी का एक वीडियो वायरल हो गया था। उसके बाद इस मामले में तूल पकड़ लिया। सोशल मीडिया में भारतीय चरवाहों की खूब वाहवाही हुई।

वहीं अब भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव (संचार) एवं संसद सदस्य जयराम रमेश ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से कई सवाल पूछे हैं। क्या लद्दाख में भारत की जमीन पर हमारे चरवाहे, चीनी सैनिकों से अकेले निपटने को मजबूर हैं। जयराम रमेश ने पूछा, क्या उन्हें (भारतीय चरवाहे), चीनी उत्पीड़न से बचाने के लिए कोई प्रयास किया गया है या वे आईटीबीपी के समर्थन के बिना खुद ही अपना बचाव करने को मजबूर हैं, जैसा कि वायरल वीडियो में दिख रहा है।

संसद सदस्य जयराम रमेश के मुताबिक, चुशुल सेक्टर में भारतीय चरवाहों को चरागाहों तक जाने से रोकने और उन्हें परेशान करते हुए चीन के सैनिक 'पीएलए' का एक वीडियो सामने आया था। इसे लेकर विदेश मंत्रालय ने बेहद हल्की प्रतिक्रिया दी है। यह बिल्कुल भी उचित नहीं है, लेकिन मोदी सरकार से यही उम्मीद की जा सकती है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कथित तौर पर कहा है कि दोनों पक्ष पारंपरिक चरागाह क्षेत्रों से अवगत हैं और गतिरोध की किसी भी घटना से मौजूदा तंत्र के तहत निपटा जाता है। बतौर रमेश, यदि हम मौजूदा तंत्र की बात करें, तो हमने देखा है कि कैसे मोदी सरकार 18 दौर की सैन्य वार्ता के बावजूद, पिछले चार वर्षों से पूर्वी लद्दाख में हमारे सैनिकों और चरवाहों को 2,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र तक जाने में रुकावट डाल रहे चीनियों को रोकने में विफल रही है। यह मामला सिर्फ विदेश मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय के ही अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है। सीमा प्रबंधन, केंद्रीय गृह मंत्रालय के अंतर्गत आता है।

## चंडीगढ़ महापौर: पार्षद की याचिका पर तत्काल सुनवाई करेगा शीर्ष कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चंडीगढ़ महापौर चुनाव से जुड़े मामले पर तत्काल सुनवाई की मांग वाली आम आदमी पार्टी के पार्षद की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट गौर करने को सहमत हो गया।



याचिका में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई है। कोर्ट ने चंडीगढ़ के महापौर चुनाव फिर से कराने के पार्टी के आग्रह पर कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया था। महापौर पद के उम्मीदवार पार्षद कुलदीप कुमार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने इस मामले का जिक्र प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ के सामने किया। पीठ ने कहा कि हम इसे सूचीबद्ध करेंगे और इस पर गौर करेंगे।

## खालिस्तानी आतंकी निज्जर के दोस्त के घर हुई फायरिंग

ओटावा, एजेंसी

**कनाडा पुलिस ने कहा-घर में रात भर हुई गोलीबारी, मामले की जांच में जुटी है टीम**

कनाडा में खालिस्तानी आतंकी हरदीप निज्जर की हत्या के मामले में पुलिस जांच में जुटी है। वहीं अब कनाडा में निज्जर के दोस्त के घर पर गोलीबारी हुई है। पुलिस ने कहा है कि दक्षिण सरे के एक घर में रात भर फायरिंग हुई है।

पुलिस के अनुसार, गोलीबारी को लेकर जांच जारी है। वहीं, स्थानीय समुदाय के सदस्यों का कहना है कि यह घर हाल ही में मारे गए खालिस्तान आतंकी हरदीप सिंह निज्जर के दोस्त सिमरनजीत सिंह का है। ब्रिटिश कोलंबिया गुरुद्वारा परिषद के एक प्रवक्ता ने कहा कि यह घर सिमरनजीत सिंह का है, जो निज्जर का दोस्त था, जिसकी जून में सरे में हत्या हो गई थी। इस हत्या के बाद भारत और कनाडा के बीच राजनयिक विवाद पैदा हो गया था। पुलिस ने कहा कि अधिकारी इलाके के पड़ोसियों और गवाहों से बात कर रहे हैं और गोलीबारी के बारे में और अधिक जानने के लिए सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा कर रहे हैं। हालांकि, इस गोलीबारी में कोई घायल नहीं हुआ है।

स्थानीय मीडिया ने कहा इलाके में गोलियों से भारी मात्रा में क्षतिग्रस्त हुई एक कार मिली है, साथ ही घर में गोली लगने के कई निशान भी मिले हैं। बी.सी. गुरुद्वारा परिषद के प्रवक्ता मोनिंदर सिंह ने कहा कि समुदाय के सदस्यों का मानना है कि निज्जर के साथ संबंध होने के चलते वहां गोलीबारी हुई है। सितंबर में निज्जर की हत्या के बाद काफी बवाल हुआ था।

## वाहनों ने ओढ़ी बर्फ की चादर...






**शिमला :** मनाली और लाहुल स्पीति में बर्फबारी होते ही सोलंग नाला की प्रसिद्ध स्की ढलानों पर रौनक लौट आई है। हिमपात का दौर शुरू है, वहीं शिमला में वाहनों ने बर्फ की चादर ओढ़ ली। सोलंग नाला में शुक्रवार सुबह तक लगभग दो फुट बर्फ जम गई। पर्यटक भी सकी का आनंद उठाने के लिए सोलन नाला पहुंचे रहे हैं। लाहौल स्पीति में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के कर्मियों ने मार्ग पर जमी बर्फ को हटाकर यातायात के लिए खोल दिया है। बता दें, पहाड़ी हिस्सों में लंबे समय के बाद बर्फबारी का दौर शुरू हुआ है। ● एजेंसी

## जॉर्डन हमले से भड़का अमेरिका, अब बर्दाश्त नहीं करेंगे: रक्षा मंत्री

**वाशिंगटन।** बीते दिनों जॉर्डन में अमेरिका के सैन्य ठिकाने पर हुए ड्रोन हमले में तीन अमेरिकी सैनिकों की मौत हो गई थी। इस हमले का आरोप ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों पर लगा था। अब अमेरिका हूती विद्रोहियों के खिलाफ बड़े हमले की तैयारी कर रहा है।

अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने कहा कि 'ऐसी कार्रवाई को बर्दाश्त नहीं करेंगे।' बीते दिनों भी अमेरिका ने ब्रिटेन के साथ मिलकर हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की थी। उस एयर स्ट्राइक में भी हूती विद्रोहियों को काफी नुकसान की आशंका है। जॉर्डन में अमेरिका के सैन्य ठिकाने पर हुआ हमला, इस बात का सबूत है कि पश्चिम एशिया में तनाव लगातार बढ़ रहा है। गाजा में लड़ाई छिड़ने के बाद यह पहली बार है कि पश्चिम एशिया में हो रहे हमलों में अमेरिकी सैनिक मारे गए हैं।

## तंगी से जूझ रहा पाकिस्तान करेगा मालदीव की मदद

माले, एजेंसी

**मुइज्जू सरकार ने कहा अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर पाकिस्तान से हुई चर्चा**



पाकिस्तान जो खुद अनाज की कमी और आर्थिक तंगी से जूझ रहा है उसने अब मालदीव से वादा किया है कि वह उसका समर्थन करेगा। बताया जा रहा है कि गुरुवार को हिंद महासागर स्थित इस द्वीप राष्ट्र से विकास से जुड़ी जरूरतों को पूरा करने का पाक ने आश्वासन दिया है।

राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर-उल हक काकर ने राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। इस दौरान, दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा हुई। इसके साथ ही मुइज्जू को द्वीप राष्ट्र की तत्काल विकास जरूरतों को पूरा करने के लिए पाकिस्तान सरकार के समर्थन का भी आश्वासन मिला है। इसके अलावा दोनों नेताओं ने दोनों देशों की शीर्ष प्राथमिकताओं पर चर्चा की और अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर बात की। बयानों के अनुसार में कहा गया है कि काकर ने जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के मालदीव के प्रयासों को अपना समर्थन और सहायता भी दी। बता दें कि मालदीव ने 26 जुलाई, 1966 को पाकिस्तान के साथ राजनयिक संबंध स्थापित किए थे, जबकि पाकिस्तान चीन का करीबी सहयोगी है, राष्ट्रपति मुइजू को भी बीजिंग समर्थक माना जाता है।

**सुनवाई** | मेटा के सीईओ जुकरबर्ग ने सांसदों से कहा- हम अपने प्लेटफॉर्म को ज्यादा सुरक्षित बनाने की कर रहे कोशिश

# शोषित बच्चों के अभिभावकों से मार्क ने मांगी माफी

वाशिंगटन, एजेंसी

मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने उन अभिभावकों से माफी मांगी है, जिन्होंने दावा किया था कि इंस्टाग्राम और फेसबुक ने उनके बच्चों को आत्महत्या के लिए उकसाया या फिर मानसिक या शारीरिक शोषण का जरिया बनी।

अमेरिकी संसद में इस मुद्दे पर हो रही सुनवाई में सांसदों ने जुकरबर्ग और अन्य सोशल मीडिया सीईओ से उनके प्लेटफॉर्म की सुरक्षा के बारे में सवाल पूछे थे। जुकरबर्ग ने कहा, 'आप सभी जिन चीजों से गुजरे हैं, उसके लिए मुझे खेद है। यह भयानक है। वास्तव में किसी को इस हालात से नहीं गुजरना चाहिए जो आपके परिवारों ने झेली है।' सुनवाई के दौरान माता-पिता अपने बच्चों की तस्वीरें लेकर मौजूद थे। इस सुनवाई में मेटा के जुकरबर्ग के अलावा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स की लिंडा याकारिनो, टिकटॉक के शाऊ जी चीयू, स्नैप के इवान स्पेजेल और डिस्कोर्ड के जैशन सिट्रोन मौजूद थे। सुनवाई के दौरान जुकरबर्ग ने सांसदों से कहा- हम अपने प्लेटफॉर्म को ज्यादा सुरक्षित बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इसके लिए 40 हजार पेशेवरों की नियुक्ति की है, जो फेसबुक और इंस्टाग्राम को ज्यादा सुरक्षित प्लेटफॉर्म बनाने में लगे हुए हैं। अमेरिका के 40 राज्यों ने मेटा को कठघरे में खड़ा किया था।



### 13 साल से कम उम्र के बच्चों को करना होगा बैन



सांसद कानून के जरिए सोशल मीडिया पर लगाम लगाना चाहते हैं। उनमें से एक कोसा (किड्स ऑनलाइन सेफ्टी एक्ट) है। इसमें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के ऐसे एलगोरिद्म पर लगाम लगाना है, जो बच्चों को एंग्जाइटी और डिप्रेशन में ला देता हो। दूसरा इन कंपनियों को 13 साल से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया से पूरी तरह बैन करना होगा। अमेरिकी सांसद रिचर्ड ब्लूमेंथाल ने कहा- मार्क पाखंड कर रहे हैं।

### नहीं दिखेंगे आत्महत्या और इटिंग डिस्ऑर्डर जैसे पोस्ट

फेसबुक और इंस्टाग्राम पर अब अजनबी किशोरों को सीधे मैसेज नहीं कर सकेंगे। 16 साल से कम उम्र के किशोर जिस ग्रुप में जुड़े हुए हैं या फॉलो करते हैं, उसी में मैसेज किए जा सकेंगे या ग्रुप चैट कर सकेंगे। जो पोस्ट आत्महत्या, खुद को नुकसान पहुंचाने या इटिंग डिस्ऑर्डर पर होंगे, नहीं दिखेंगे।

## चुनाव में पिछड़ीं निक्की हेली बाइडन-ट्रंप को बताया खड़ूस

वाशिंगटन, एजेंसी

**निक्की हेली ने अपने प्रचार अभियान में कहा- डोनाल्ड ट्रंप और जो बाइडन गुस्सैल बुजुर्ग**



अमेरिका में राष्ट्रपति पद की दावेदार भारतीय मूल की निक्की हेली ने रिपब्लिकन पार्टी में अपने प्रतिद्वंदी डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेट पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद के दावेदार मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन की बढ़ती उम्र पर निशाना साधा है। निक्की हेली साउथ कैरोलिना में प्रचार में जुटी हैं, जहां 24 फरवरी को प्राइमरी चुनाव होंगे।

साउथ कैरोलिना, निक्की हेली का गढ़ है और वहीं से वे गवर्नर रही हैं। यही वजह है कि वह साउथ कैरोलिना में जोर-शोर से अपना चुनाव अभियान चला रही हैं।

निक्की हेली ने अपने प्रचार अभियान में डोनाल्ड ट्रंप और जो बाइडन को गुस्सैल बुजुर्ग बताया है। हेली ने सोशल मीडिया पर भी एक तस्वीर साझा कर दोनों नेताओं की बढ़ती उम्र को निशाना बनाया है। जो बाइडन 81 साल के हैं और डोनाल्ड ट्रंप 77 साल के। हेली की प्रचार अभियान टीम ने बयान जारी कहा है कि ट्रंप कहते हैं कि वह 20 साल पहले जितने तेज थे, उससे ज्यादा अब दिमागी तौर पर तेज हैं, लेकिन अगर ऐसा है तो वे हेली से डिबेट क्यों नहीं कर रहे? इसकी वजह साफ है कि बुजुर्ग नेता मुश्किल सवालों के जवाब नहीं देना चाहते। निक्की हेली, साउथ कैरोलिना में ट्रंप से 26 पॉइंट पीछे चल रही हैं। राष्ट्रीय स्तर पर भी हेली, ट्रंप से 54 पॉइंट पीछे हैं।